समसामयिकी
arihant अप्रैल 2021 ₹45

महासागर

9789325298064

MP PSC विशेष
राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक संवैधानिक/सांविधिक संस्थाओं पर पूछे गए प्रश्न

ऑस्ट्रेलियन ओपन 2021
नोवाक जोकोविच व नाओमी ओसाका बने विजेता

UP बजट 2020-21
₹550270 करोड़ का राज्य का सबसे बड़ा बजट

नोजी ओकोन्जो-इवेला
WTO की पहली अफ्रीकी व पहली महिला महानिदेशक



म्यांमार में सैन्य शासन

भारत नवाचार सूचकांक 2020

केन्द्रीय बजट
2021-22

उत्तराखण्ड में ग्लेशियर के फटने से तबाही

1G इथेनॉल के उत्पादन के लिए संशोधित योजना





प्रैक्टिस पेपर्स
- SSC CGL प्रा. परीक्षा
- UP PSC राज्य सेवा प्रा. परीक्षा

सॉल्वड पेपर्स
- CDS परीक्षा 2021 (I)
- CG PSC 2021 (पेपर-1)
- CTET 2021 (पेपर-1)

वर्ष 12 **अंक 06**

प्रकाशक : पायल जैन
चेयरमैन : वाई.सी.जैन
पब्लिशिंग मैनेजर : *अमित वर्मा*
प्रोजेक्ट मैनेजर : *अमित त्यागी*
न्यूज एडिटर : *राकेश कुमार रोशन*
प्रूफ रीडर : *जगदीश नेगी, अरुण किमोठी, राजमोहन भट्ट*
कवर एवं लेआउट : *बिलाल हाशमी*
मुख्य पेज डिजाइनर : *प्रदीप कुमार*
टाइप सैटिंग : *नितिन कुमार, हारून खान*

वितरण एवं विज्ञापन
जनरल मैनेजर : *अनिल कुमार गुप्ता (9258074262)*
ई-मेल : *arihantmedia.ad@gmail.com*
सेल्स एग्जीक्यूटिव : *9258332426*
(उ.प्र., उत्तराखण्ड, हरियाणा, मध्य प्रदेश एवं राजस्थान)
खालिद अंजुम 9258076307 (बिहार, झारखण्ड एवं छत्तीसगढ़)

कार्यालय
प्रधान कार्यालय : *अरिहन्त मीडिया प्रोमोटर्स*
कालिन्दी, टीपी नगर, मेरठ
फैक्स : *0121-2401648*
ई-मेल : *samsamaikimahasagar@gmail.com*
वेबसाइट : *www.arihantbooks.com*
वितरण/व्यावसायिक कार्यालय
अरिहन्त मीडिया प्रोमोटर्स 4577/15, अग्रवाल रोड, दरियागंज, नई दिल्ली-2 **फोन** *011-23272342*

सब्सक्रिप्शन
+91-9219641347
subscription@arihantbooks.com

एग्जाम डेट्स

13 से 26 फरवरी	UPPSC ACF/RFO मुख्य परीक्षा
22 व 27 फरवरी	CMAT 2021
6 मार्च से प्रारम्भ	मध्य प्रदेश पुलिस आरक्षक परीक्षा
27-28 मार्च	हरियाणा पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा
4 अप्रैल	UPBSSC वन रक्षक परीक्षा
18 से 22 अप्रैल	भारतीय वायु सेना X व Y परीक्षा
11 अप्रैल	मध्य प्रदेश PSC प्रा. परीक्षा
18 अप्रैल	NDA/NA परीक्षा (I)
12 से 27 अप्रैल	SSC 10+2 परीक्षा
9 मई	REET परीक्षा

अनुक्रमांक

अप्रैल 2021

करेण्ट अफेयर्स

SPOT लाइट


सॉल्वड पेपर्स

मॉडल पेपर्स

MP PSC परीक्षा विशेष

करेण्ट अफेयर्स

राष्ट्रीय परिदृश्य • विश्व परिदृश्य • भारत एवं विश्व • अर्थव्यवस्था एवं बैंकिंग
राज्य परिदृश्य • विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी • खेल-खिलाड़ी • खबरों में • पुरस्कार एवं सम्मान



राष्ट्रीय परिदृश्य

नीति आयोग गवर्निंग काउन्सिल की छठी बैठक आयोजित

नीति आयोग गवर्निंग काउन्सिल की छठी बैठक 21 फरवरी, 2021 को वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से माननीय प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें केन्द्रीय मन्त्रियों के अलावा 26 मुख्यमन्त्रियों, 3 लेफ्टिनेण्ट गवर्नरों और 2 प्रशासकों ने भाग लिया, जो पदेन सदस्य और विशेष आमन्त्रित सदस्य हैं।

नीति आयोग के उपाध्यक्ष, सदस्य और CEO, प्रधानमन्त्री के प्रधान सचिव और PMO के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कैबिनेट सचिव और राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिव भी बैठक में शामिल हुए। बैठक का संचालन रक्षा मन्त्री राजनाथ सिंह ने किया।

परिषद की छठी बैठक के एजेण्डा में निम्न विषय शामिल थे

- मेकिंग इण्डिया को मैन्युफैक्चरिंग पॉवरहाउस बनाना
- कृषि को फिर से जीवन्त करना
- फिजिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार
- मानव संसाधन विकास में तेजी लाना
- जमीनी स्तर पर सेवा देने में सुधार
- स्वास्थ्य और पोषण

नीति आयोग की गवर्निंग काउन्सिल में भारत के प्रधानमन्त्री सभी राज्यों के मुख्यमन्त्री और केन्द्रशासित प्रदेशों के उप-राज्यपाल, पदेन सदस्य और विशेष आमन्त्रित सदस्य शामिल होते हैं।

यह देश की एक प्रमुख संस्था है, जिसकी जवाबदेही विकास को आकार देने में राज्यों की सक्रिय हिस्सेदारी के साथ राष्ट्रीय विकास वरीयताओं, क्षेत्रों और रणनीतियों के एक साझे दृष्टिकोण को विकसित करना है।

गो इलेक्ट्रिक अभियान की शुरुआत

केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मन्त्री नितिन गडकरी ने 19 फरवरी, 2021 को 'गो इलेक्ट्रिक अभियान' लॉन्च किया। इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर के लाभों के सम्बन्ध में जागरुकता फैलाने के लिए यह अभियान शुरू किया गया था। इस अभियान से पूरे भारत में ई-मोबिलिटी और इलेक्ट्रिक कुकिंग के बारे में जागरुकता बढ़ेगी।

आगामी वर्षों में भारत के जीवाश्म ईंधन आयात निर्भरता को कम करने में भारत की मदद करने के उद्देश्य से 'गो इलेक्ट्रिक' अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान एक हरित और स्वच्छ भविष्य की दिशा में एक कदम है। इस अभियान का उद्देश्य राष्ट्रीय स्तर पर जागरुकता पैदा करना है। गो इलेक्ट्रिक अभियान के लॉन्च में 'गो इलेक्ट्रिक' के लोगो को भी लॉन्च किया

गया। इस अभियान के लिए लोगो में ई-गतिशीलता पारिस्थितिकी तन्त्र के विकास को दर्शाया गया है। गो इलेक्ट्रिक अभियान देश में पर्यावरण के अनुकूल, लागत प्रभावी और स्वदेशी इलेक्ट्रिक उत्पादों को बढ़ावा देने में मदद करेगा।

पासपोर्ट बनवाने हेतु डिजीलॉकर प्लेटफॉर्म की शुरुआत

भारत के विदेश मन्त्रालय ने 19 फरवरी, 2021 को पासपोर्ट सेवा को डिजिलॉकर प्लेटफॉर्म से जोड़ दिया। इससे पासपोर्ट के लिए आवेदन करने वाले नागरिक अब डिजिलॉकर के माध्यम से अपने दस्तावेज जमा करा सकेंगे। इस सुविधा के शुरू होने से पासपोर्ट बनवाने वालों को आवेदन के समय सारे मूल कागजात दिखाने की जरूरत नहीं होगी।

विदेश राज्यमन्त्री वी. मुरलीधरन ने डिजिलॉकर प्लेटफार्म का उद्घाटन किया। डिजिटल इण्डिया मुहिम में एक कदम आगे बढ़ते हुए विदेश मन्त्रालय ने पासपोर्ट बनाने के इच्छुक लोगों को पेपरलेस सुविधा दे दी है। इसके साथ ही सरकार अब पासपोर्ट को डिजिलॉकर में एक दस्तावेज के तौर पर शामिल करने पर विचार कर रही है।

क्या है डिजिलॉकर?

डिजिलॉकर डिजिटल लॉकर का छोटा रूप है। यह एक प्रकार का वर्चुअल लॉकर है, जहाँ लोग अपने शिक्षा प्रमाण-पत्र, ड्राइविंग लाइसेन्स, जनम प्रमाण-पत्र, पासपोर्ट, लाइफ इन्श्योरेन्स पॉलिसी, पैन कार्ड, वोटर ID जैसे जरूरी दस्तावेज डिजिटली स्टोर कर सकते हैं। यूजर को इसमें 1 GB का डाटा मिलता है, जिसमें डॉक्यूमेण्ट्स सुरक्षित स्टोर किए जा सकता हैं। इसके द्वारा लोग इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अपने डॉक्यूमेण्ट्स सुरक्षित तरीके से किसी के साथ शेयर कर सकते हैं।

ISL शब्दकोश का तीसरा संस्करण जारी


केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मन्त्री थावरचन्द गहलोत ने 17 फरवरी, 2021 को 10000 शब्दों के साथ भारतीय सांकेतिक भाषा (ISL) के शब्दकोश का तीसरा संस्करण जारी किया। इसमें 6000 शब्द पहले से मौजूद थे। इसे गहलोत ने वर्चुअल कार्यक्रम के द्वारा लॉन्च किया।

शब्दकोश को भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र (ISLRTC) द्वारा तैयार किया गया है। ISLRTC सामाजिक न्याय और अधिकारिता मन्त्रालय के दिव्यांग व्यक्तियों के विभाग (दिव्यांगजन सशक्तिकरण) के तहत एक स्वायत्त संस्थान है। इस शब्दकोश का पहला संस्करण 23 मार्च, 2018 को 3000 शब्दों के साथ और दूसरा 27 फरवरी, 2019 को 6000 शब्दों के साथ लॉन्च किया गया था। इस नए संस्करण में रोजमर्रा के उपयोग के शब्द, अकादमिक शब्द, कानूनी और प्रशासनिक शब्द, चिकित्सा शब्द, तकनीकी शब्द और कृषि से सम्बन्धित 10 हराज शब्द शामिल हो गए हैं।

'आत्मनिर्भरता' बना ऑक्सफोर्ड वर्ड ऑफ द ईयर

ऑक्सफोर्ड लैंग्वेजेज ने 'आत्मनिर्भरता' शब्द को वर्ष 2020 का हिन्दी वर्ड ऑफ द ईयर चुना है। इससे पहले वर्ष 2017 में 'आधार', 2018 में 'नारी शक्ति' और वर्ष 2019 में 'संविधान' को ऑक्सफोर्ड में चुना जा चुका है।

'आत्मनिर्भरता' शब्द के चुनाव के लिए बने पैनल में भाषा एक्सपर्ट कृतिका अग्रवाल, पूनम निगम, इमोजन फॉक्सेल शामिल थे। ऑक्सफोर्ड वर्ष का हिन्दी शब्द वह होता है, जो बीते वर्ष के स्वभाव, स्थिति को बताता है और उसका सांस्कृतिक महत्व होता है। कोरोना महामारी के शुरुआती दौर में जब लोगों की नौकरियाँ जा रही थीं और काम बन्द हो रहे थे, तब प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने देश को आत्मनिर्भर बनने का संकल्प दिया था। आत्मनिर्भरता शब्द करोड़ों भारतीयों को प्रतिदिन के संघर्ष और महामारी के विरुद्ध उनकी जंग को दर्शाता है।



जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन संशोधन विधेयक 2021 पारित

लोकसभा ने 12 फरवरी, 2021 को जम्मू-कश्मीर (संशोधन) विधेयक, 2021 पारित कर दिया। विधेयक के प्रावधानों के अनुसार मौजूदा जम्मू-कश्मीर कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा और भारतीय वन सेवा के अधिकारी अब अरुणाचल प्रदेश, गोवा, मिजोरम और केन्द्रशासित प्रदेशों के कैडर का हिस्सा होंगे। इसके बाद अधिकरण सुधार (सुव्यवस्थीकरण और सेवा शर्तें) विधेयक 2021 पेश किया गया। वित्त राज्य मन्त्री अनुराग ठाकुर ने निचले सदन में उक्त विधेयक पेश किया।

केन्द्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लिए भविष्य के सभी अधिकारियों के आवण्टन अरुणाचल प्रदेश, गोवा, मिजोरम और केन्द्रशासित प्रदेशों के कैडर से होंगे। विधेयक के अनुसार अरुणाचल प्रदेश, गोवा, मिजोरम और केन्द्रशासित प्रदेशों के कैडर के अधिकारी केन्द्र सरकार द्वारा तय किए गए नियमों के अनुसार कार्य करेंगे। यह विधेयक जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) अध्यादेश का स्थान लेगा, जो पिछले महीने जारी किया गया था। यह विधेयक राज्यसभा में पारित हो चुका है।

विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन 2021 का आयोजन

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 10 फरवरी, 2021 को विश्व सतत विकास शिखर सम्मेलन, 2021 का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया। इस शिखर सम्मेलन की थीम 'अपने साझा भविष्य को पुनर्परिभाषित करना : सभी के लिए संरक्षित और सुरक्षित वातावरण' थी।

प्रधानमन्त्री ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ संघर्ष के लिए जलवायु न्याय पर जोर दिया। जलवायु न्याय, ट्रस्टीशिप के दृष्टिकोण से प्रेरित है, जिसमें विकास सबसे गरीब व्यक्ति के साथ सहानुभूति के साथ आता है। जलवायु न्याय का अर्थ विकासशील देशों को विकसित होने के लिए पर्याप्त जगह देना भी है।

मार्च 2019 में, भारत ने लगभग सौ प्रतिशत विद्युतीकरण हासिल कर लिया था। यह सतत तकनीकी और नवाचार मॉडलों के जरिए हुआ। प्रधानमन्त्री ने रेखांकित किया कि उजाला कार्यक्रम के माध्यम से 36.7 करोड़ LED बल्ब लोगों के जीवन का हिस्सा बन गए हैं। इसने वार्षिकी 80 लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन घटाया है। नवीकरणीय ऊर्जा, पर्यावरण अनुकूल तकनीक और अन्य मुद्दों पर कई स्टार्ट-अप्स काम कर रहे हैं। प्रधानमन्त्री ने आपदा प्रबन्धन क्षमताओं का विशेष रूप से उल्लेख किया।

मनाया गया 72वाँ गणतन्त्र दिवस

भारत में 26 जनवरी, 2021 को देश का 72वाँ गणतन्त्र दिवस मनाया गया। मुख्य समारोह दिल्ली के राजपथ पर हुआ जहाँ राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द ने झण्डारोहण किया। COVID-19 के चलते इस बार समारोहों का रूप थोड़ा बदला हुआ था।

इस वर्ष गणतन्त्र दिवस पर मुख्य अतिथि नहीं थे। गणतन्त्र दिवस समारोह से पहले प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी इण्डिया गेट के पास बने 'वॉर मेमोरियल' गए। वॉर मेमोरियल आजादी के बाद शहीद हुए सैनिकों की याद में बनाया गया है।

मुख्य समारोह में राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द ने परेड की सलामी ली। इस बार परेड प्रत्येक वर्ष की तरह विजय चौक से शुरू हुआ, लेकिन लाल किला के बजाय इण्डिया गेट के पास नेशनल स्टेडियम में समाप्त हो गया। केवल झाँकियाँ ही लाल किले तक गईं। परेड कमाण्डर लेफ्टिनेण्ट जनरल विजय कुमार मिश्रा की अगुवाई में निकलनी शुरू हुई थी। राजपथ में परेड में बांग्लादेश के सशस्त्र बलों की टुकड़ी ने भी हिस्सा लिया।

इस टुकड़ी में बांग्लादेश के 122 जवान शामिल थे। दोनों देशों के बीच राजनयिक सम्बन्धों के पचास वर्ष पूरे होने पर बांग्लादेश के सशस्त्र बलों की टुकड़ी परेड में शामिल हुई। यह तीसरा मौका था जब किसी अन्य देश की सैन्य टुकड़ी ने भारत के गणतन्त्र दिवस समारोह में हिस्सा लिया। इससे पहले वर्ष 2016 में फ्रांस और वर्ष 2017 में संयुक्त अरब अमीरात की सैन्य टुकड़ी ने हिस्सा लिया था। *इस वर्ष के गणतन्त्र दिवस परेड के कुछ महत्वपूर्ण बिन्दु इस प्रकार हैं*

- देश की पहली तीन महिला पायलट्स में से एक, फ्लाइट लेफ्टिनेण्ट भावना कान्त इस बार गणतन्त्र दिवस परेड में शामिल थीं।
- 140 एयर डिफेन्स रेजीमेण्ट (सेल्फ प्रॅपिल्ड) की कैप्टन प्रीति चौधरी भी परेड का हिस्सा बनीं। वे सेना की ओर से परेड में शामिल इकलौती महिला दल कमाण्डर थीं।
- ब्रह्मोस मिसाइल सिस्टम के मोबाइल ऑटोनॉमस लॉन्चर का नेतृत्व कैप्टन मोहम्मद कमरूल जमन (सीतामढ़ी, बिहार) ने किया।
- पिनाका मल्टी लॉन्चर रॉकेट सिस्टम का नेतृत्व कैप्टन विभोर गुलाटी ने किया। राजपथ पर इस बार परेड का हिस्सा आर्मी के वेटरन्स, मोटरसाइकिल स्टण्ट नहीं था।
- पहली बार 100 मेधावी छात्रों ने प्रधानमन्त्री के बॉक्स से गणतन्त्र दिवस परेड देखा।
- गणतन्त्र दिवस समारोह में इस बार कुल 32 झाँकियाँ थीं, जिनमें से 17 विभिन्न राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों की ओर से थीं।
- राजपथ पर नौसेना की झाँकी की थीम 'स्वर्णिम विजय वर्ष' रही। इसमें वर्ष 1971 के युद्ध में नौसेना की भूमिका दिखाई गई।
- उत्तर प्रदेश की झाँकी में अयोध्या में बन रहे भव्य मन्दिर के मॉडल को भी दिखाया गया।
- झाँकी में केन्द्रीय जैव प्रौद्योगिकी विभाग (DBT) की स्वदेशी रूप में COVID-19 वैक्सीन निर्माण को भी दिखाया गया।
- केन्द्रशासित प्रदेश लद्दाख को पहली बार मौका मिला राजपथ पर अपनी झाँकी दिखाने का।
- राजपथ परेड में पहली बार राफेल विमानों ने भी उड़ान भरी।

भारत पर्व 2021 का आयोजन

पर्यटन मन्त्रालय द्वारा बनाए गए आभासी मंच पर 26 से 31 जनवरी, 2021 तक वार्षिक कार्यक्रम भारत पर्व 2021 मनाया गया।

इस विशाल आयोजन का उद्देश्य आम नागरिकों में देशभक्ति की भावना उत्पन्न करना है और देश की समृद्धि एवं सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करना था। इस वार्षिक कार्यक्रम के दौरान पर्यटन मन्त्रालय द्वारा तीन आभासी मण्डप समर्पित किए हैं जिनमें-'देखो अपना देश', 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' और 'अतुल्य भारत' शामिल हैं। भारत पर्व का आयोजन 'आत्मनिर्भर भारत' तथा 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की थीम पर किया गया।

इसका उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला द्वारा किया गया था। पर्यटन मन्त्रालय द्वारा प्रत्येक वर्ष भारत पर्व का आयोजन किया जाता है। इसे वर्ष 2016 में शुरू किया गया था। इसमें कला एवं संस्कृति, इतिहास और विरासत, आधुनिक भारत के निर्माताओं पर लिखी गई पुस्तकों की प्रदर्शनी के साथ 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' श्रृंखला की पुस्तकों का भी प्रदर्शन किया गया।



इण्डिया जस्टिस रिपोर्ट 2020 जारी

भारत में कानून व्यवस्था, न्यायपालिका, पुलिसिंग और जेलों की स्थितियों का विश्लेषण करती हुई रिपोर्ट इण्डिया जस्टिस 2020 को 28 जनवरी, 2021 को जारी किया गया।

टाटा ट्रस्ट के सेण्टर फॉर सोशल जस्टिस सहित पाँच सामाजिक संस्थानों ने मिलकर यह रिपोर्ट तैयार की है। इस रिपोर्ट में पुलिस विभाग और न्यायपालिका में खाली पड़े पदों, महिला अधिकारियों और कर्मचारियों के अनुपात का भी उल्लेख किया गया है। सर्वेक्षण में 25 राज्यों को शामिल किया गया है।

न्यायपालिका पर रिपोर्ट

- वर्ष 2020 में लोगों को न्याय दिलाने के मामले में **महाराष्ट्र** पहले स्थान पर रहा। इसके बाद क्रमशः तमिलनाडु, तेलंगाना, पंजाब व केरल का नम्बर आता है।
- पाँच राज्य कर्नाटक, उत्तराखण्ड, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश न्याय देने के मामले में देश भर में सबसे पीछे रहे।
- नेशनल ज्यूडिशियल डाटा ग्रिड के अनुसार देश भर की निचली अदालतों में 3.53 करोड़ से अधिक मामले लम्बित हैं। इसके अतिरिक्त 47 लाख से अधिक मामले सर्वोच्च न्यायालय में लम्बित हैं।
- रिपोर्ट के अनुसार, तेलंगाना में सबसे अधिक 46.2% महिला जज हैं; जबकि झारखण्ड में सबसे कम 12.1% ही महिला जज हैं।
- गोवा की निचली अदालतों में 72% महिला जज हैं और मेघालय में 50% महिला जज हैं।
- सर्वोच्च न्यायालय में लैंगिक विविधता की दृष्टि से सबसे बड़ा सुधार जम्मू-कश्मीर में (15%), छत्तीसगढ़ में (14%) और हिमाचल प्रदेश (11%) में देखने को मिला है।
- महिला जजों की तैनाती के मामले में बिहार में सबसे अधिक 6.3% गिरावट आई है।
- मणिपुर, मेघालय, त्रिपुरा व उत्तराखण्ड सर्वोच्च न्यायालय में वर्ष 2018 से कोई महिला जज नहीं है।

कानून व्यवस्था और पुलिस प्रशासन पर रिपोर्ट

- बिहार ने पुलिस बल में सबसे अधिक महिलाओं (25.3%) को जगह दी है। इसके बाद हिमाचल प्रदेश (19.2%) और तमिलनाडु (18.5%) का नम्बर आता है।

- 24.8% महिला पुलिस अधिकारी तमिलनाडु में है। यह देश में सबसे अधिक है। इसके बाद मिजोरम में 20.1% है।
- कर्नाटक एकमात्र ऐसा राज्य है, जहाँ पुलिस विभाग में ऑफिसर कैडर और कॉन्स्टेबल दोनों ही स्तर पर में SC, ST और OBC तीनों ही वर्ग का कोटा पूरा किया है।
- देशभर की जेलों में निरुद्ध बन्दियों व कैदियों पर होने वाले व्यय में आन्ध्र प्रदेश में प्रत्येक बन्दी पर सबसे अधिक ₹ 200871 खर्च किए गए, वहीं मेघालय में सबसे कम ₹ 11046 प्रति बन्दी खर्च हुए।
- कैदियों में 2/3 कैदी विचाराधीन हैं, जो जेल में बन्द हैं।

विविध सहायता पर रिपोर्ट

- रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 25 वर्षों में महज 1.5 करोड़ लोगों को विविध सहायता मिल पाई है। केन्द्र सरकार ने वर्ष 2019-20 में इस मद में प्रति व्यक्ति केवल ₹ 1.05 खर्च किए हैं।
- विविध सहायता उपलब्ध कराने वाले राज्यों में महाराष्ट्र पाँचवें से पहले स्थान पर पहुँच गया, जबकि बिहार 16वें से दूसरे स्थान पर पंजाब तीसरे स्थान पर ही है।
- विविध सहायता के मामले में उत्तर प्रदेश अन्तिम स्थान पर ही है।
- छोटे राज्यों में गोवा प्रथम व अरुणाचल प्रदेश अन्तिम स्थान पर रहा।

इस रिपोर्ट को टाटा ट्रस्ट्स के सेण्टर फॉर सोशल जस्टिस के साथ-साथ कॉमन कॉज, राष्ट्रमण्डल मानवाधिकार पहल (CHRI), TAKSH और TISS-प्रेयर्स और विधि सेण्टर फॉर लीगल पॉलिसी की सहायता तैयार किया गया है। इस रिपोर्ट के लिए 1 करोड़ से अधिक 18 बड़े और मध्यम आकार के राज्यों सहित 8 छोटे राज्यों की स्थिति का आंकलन किया गया है। राज्यों के रैंकिंग को बजट आकार, मानव संसाधन बुनियादी ढाँचा, कार्यभार तथा पुलिस, न्यायपालिका, कारागार व विविध सहायता को आधार बनाकर तैयार किया गया है।

कारगिल में खुला भारतीय स्की एवं पर्वतारोहण संस्थान

केन्द्रशासित प्रदेश लद्दाख के कारगिल में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारतीय स्की एवं पर्वतारोहण संस्थान (IISM) की शाखा खुल गई है। केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मन्त्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने 24 जनवरी, 2021 को कारगिल में राष्ट्रीय पर्यटन दिवस पर साहसिक पर्यटन के राष्ट्रीय कार्यक्रम (NEAT) 2021 का उद्घाटन करने के अवसर पर IIMS खोलने की घोषणा की।

इस घोषणा से युवाओं को बहुत अधिक प्रोत्साहन मिलेगा, क्योंकि वे उपकरण और कोच के लिए सरकार का समर्थन प्राप्त करना चाह रहे थे।

नया भारतीय स्की एवं पर्वतारोहण संस्थान कारगिल को न केवल राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाएगा बल्कि स्थानीय प्रतिभाओं को प्रशिक्षित करने एवं उन्हें देश-विदेश में अवसर प्रदान करने में अहम भूमिका अदा करेगा।


केन्द्रीय मन्त्री पटेल ने कारगिल के निकट नकतल में लिंकीपाल स्की स्लोप में स्की प्रतियोगिता का उद्घाटन किया और बाद में कस्बे में आइस हॉकी और आइस स्केटिंग की प्रतियोगिताओं का अवलोकन किया।

सभी राष्ट्रीय राजमार्गों पर फास्टैग अनिवार्य

सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर 16 फरवरी, 2021 से फास्टैग अनिवार्य कर दिया है। राजमार्गों के टोल प्लाजा पर सभी लेन फास्टैग लेने घोषित हो गया।

राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क अधिनियम, 2008 के अनुसार बिना समुचित फास्टैग के किसी टोल प्लाजा के फास्टैग लेन में प्रवेश करने पर वाहन को निर्धारित शुल्क से दोगुना भुगतान करना होगा।

फास्टैग एक RFID टैग है, जिसे भुगतान माध्यम से जोड़ा गया है और इसे किसी वाहन के विण्डस्क्रीन पर आसानी से चिपकाया जा सकता है, जब कोई वाहन टोल प्लाजा से गुजरता है तो टोल प्लाजा पर लगाया गया RFID रीडर वाहन के फास्टैग को पढ़ लेता है और टोल शुल्क फास्टैग से जुड़े खाते अथवा प्रीपेड वॉलेट से अपने आप ही कट जाता है।



88 रेलवे परियोजनाएँ राष्ट्र को समर्पित

रेल, वाणिज्य एवं उद्योग और उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मन्त्री पीयूष गोयल ने 21 फरवरी, 2021 को वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से केरल, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश और कर्नाटक में विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर बुनियादी सुविधा परियोजनाओं, यात्री सुविधाओं और अन्य सुविधाओं से सम्बन्धित परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण किया।

₹ 1000 करोड़ से अधिक लागत की 88 रेलवे परियोजनाएँ आज राष्ट्र को समर्पित की गई, जिससे भारतीय रेलवे भविष्य के लिए तैयार हो सके। परियोजना में फुटओवर ब्रिज, स्व-चालित लिफ्ट, अत्याधुनिक वीडियो निगरानी प्रणाली, LED प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग लाइनों का दोहरीकरण, प्लेटफॉर्म, आश्रय, उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म, यात्री सुविधा केन्द्र, यात्री आरक्षण केन्द्र और स्टेशन भवन का निर्माण आदि सम्मिलित हैं।

प्रधानमन्त्री मोदी ने NTFL को सम्बोधित किया

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 17 फरवरी, 2021 को वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से नास्कॉम टेक्नोलॉजी एण्ड लीडरशिप फोरम (NTLF) को सम्बोधित किया। NTLF के 29वें सम्मेलन का आयोजन 17-19 फरवरी, 2021 तक किया गया। इस वर्ष आयोजन का विषय शेविंग द फ्यूचर टूआर्ड्स ए बेटल नॉर्मल था। इसमें 30 से अधिक देशों के 1600 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और तीन दिन के आयोजन के दौरान 30 उत्पाद दिखाए गए।

प्रधानमन्त्री ने अपने सम्बोधन में बताया कि भारतीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र ने दुनिया में अपनी छाप छोड़ी है और इस क्षेत्र में लीडर बनने के लिए इनोवेशन पर जोर, प्रतिस्पर्धी के साथ उत्कृष्ट संस्थान निर्माण पर ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रधानमन्त्री के अनुसार, भू-स्थानिक क्षेत्र से प्रौद्योगिकी क्षेत्र के स्टार्टअप को मदद मिलेगी और आत्मनिर्भर भारत अभियान सशक्त होगा। डिजिटल प्रौद्योगिकी के लाभ का जिक्र करते हुए प्रधानमन्त्री ने बताया इससे काले धन की समस्या में कमी आई है। प्रौद्योगिकी मदद से न्यूनतम सरकार, कारगर शासन व्यवस्था के वादे को पूरा करने में मदद मिल रही है।

प्रधानमन्त्री ने रखी महाराजा सुहेलदेव स्मारक की आधारशिला

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 16 फरवरी, 2021 को वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के द्वारा उत्तर प्रदेश में महाराजा सुहेलदेव स्मारक और चित्तौरा झील के विकास कार्य की आधारशिला रखी। इसके अलावा प्रधानमन्त्री मोदी ने महाराजा सुहेलदेव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बहराइच का भी लोकार्पण किया।

महाराजा सुहेलदेव की जयन्ती पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। परियोजना में महाराजा सुहेलदेव की घोड़े पर सवार मूर्ति का निर्माण के अलावा कैफिटेरिया, गेस्ट हाउस और बच्चों के पार्क का भी निर्माण किया जाएगा।

कौन थे महाराजा सुहेलदेव?

महाराजा सुहेलदेव श्रावस्ती के राजा थे, जिन्होंने आक्रमणकारी गाजी सैय्यद सालार मसूद को बहराइच में हराया था। सत्ता में आने के बाद मोदी सरकार ने महाराजा सुहेलदेव को लेकर कई कदम उठाए हैं। केन्द्र सरकार ने महाराजा सुहेलदेव की याद में एक विशेष टिकट जारी किया था और एक सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन 'सुहेलदेव एक्सप्रेस' भी चलाई थी। यह ट्रेन पूर्वांचल के गाजीपुर से लेकर दिल्ली के आनन्द विहार तक चलाई गई थी।

लोकसभा में मध्यस्थता व सुलह संशोधन विधेयक पारित

लोकसभा ने 12 फरवरी, 2021 को मध्यस्थता और सुलह संशोधन विधेयक, 2021 को मंजूरी प्रदान कर दी। इसमें भारत को अन्तर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक मध्यस्थता के केन्द्र के रूप में बढ़ावा देने की बात कही गई है। यह विधेयक 4 नवम्बर, 2020 को घोषित समान प्रावधानों वाले अध्यादेश की जगह लेगा।

इस विधेयक में भारत को अन्तर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक मध्यस्थता के केन्द्र के रूप में बढ़ावा देने की बात कही गई है। इस विधेयक में एक सीमित संशोधन किया गया है कि अगर अदालत प्रथम दृष्टया सन्तुष्ट है कि धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार द्वारा समझौता किया जाता है, तो अदालत इसे कार्यवाही खत्म होने तक रोक सकती है। इस विधेयक के माध्यम से दो उपबन्धों और पाँच बिन्दुओं पर संशोधन किया गया है।

भारत का पहला ऑनलाइन खिलौना मेला

केन्द्र सरकार ने 17 फरवरी, 2021 को पहला भारत खिलौना मेला 27 फरवरी से 2 मार्च, 2021 तक ऑनलाइन आयोजित किए जाने का ऐलान किया। इस अवसर पर भारत खिलौना मेला (इण्डिया टॉय फेयर) 2021 के लिए वेबसाइट को केन्द्रीय मन्त्री स्मृति ईरानी, रमेश पोखरियाल 'निशंक' और पीयूष गोयल ने संयुक्त रूप से लॉन्च किया।

भारतीय खिलौना मेला 2021 के लिए वेबसाइट पर मेले में भाग लेने के लिए बच्चे, अभिभावक, शिक्षक, प्रदर्शक आदि खुद को रजिस्टर्ड कर सकेंगे। केन्द्र सरकार देश के पहले खिलौना मेले का आयोजन करेगी।

इस आयोजन के लिए बच्चों और अध्यापकों से खिलौने बनवाए जाएँगे। उनकी ओर से बनाए गए खिलौने DEO कार्यालय में जमा होंगे। जहाँ से उन्हें SCERT गुरुग्राम भेजा जाएगा। वहाँ नेशनल स्तर की टीम प्रदेश भर से आए खिलौने देखने के बाद उनका चयन करेगी। बच्चों और अध्यापकों को खिलौना बनाने के बाद करीब तीन मिनट का एक वीडियो भी बनाना होगा।

वीडियो में उन्हें खिलौना बनाने में कितना समय लगा, उसका उद्देश्य, कितना पैसा खर्च हुआ और खिलौने की क्या विधि और लाभ की जानकारी भी देनी होगी। साथ ही खिलौने की अलग-अलग एंगल से फोटो भी खींचनी होगी।



अधिकरण सुधार (सुव्यवस्थीकरण और सेवा शर्तें) विधेयक, 2021 प्रस्तुत

वित्त राज्य मन्त्री अनुराग ठाकुर ने निचले सदन (लोकसभा) अधिकरण सुधार (सुव्यवस्थीकरण और सेवा शर्तें) विधेयक, 2021 पेश किया। इसके माध्यम से सिनेमेटोग्राफी अधिनियम, 1952 सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकार अधिनियम, 1994 ट्रेड मार्क अधिनियम, 1999, पौधों की किस्मों एवं किसानों के अधिकारों के संरक्षण सम्बन्धित अधिनियम, 2013 आदि के कुछ प्रावधानों में संशोधन करने का उपबन्ध किया गया है। विधेयक के उद्देश्यों एवं कारणों में कहा गया है कि इसका मकसद अधिकरणों को सरल एवं व्यावहारिक बनाना है।

रेलवे का पहला 'AC-3 टियर इकोनॉमी क्लास कोच'

भारतीय रेलवे ने 12 फरवरी, 2021 को पहला वातानुकूलित (AC) थ्री-टियर किफायती श्रेणी (इकोनॉमी क्लास) लेकर आया है, जिसे रेल मन्त्रालय ने 'दुनिया का सबसे सस्ता और सबसे बेहतरीन AC यात्रा' करार दिया है।

ये डिब्बे 'किफायती' होंगे और ये मौजूदा AC-3-टियर और गैर एसी शयनयान वर्ग के डिब्बों के बीच की श्रेणी में रखे जाएँगे। अर्थात् ये कोच मौजूदा थर्ड AC और स्लीपर क्लास के डिब्बों के बीच की चीज होंगे। इनका डिजाइन भी काफी कुछ बदला गया है।

कपूरथला की रेल कोच फैक्टरी ने AC-3 टियर ट्रेन के लिए इकोनॉमी क्लास के नए कोच बनाए हैं। इसमें पैसेंजर को फ्लाइट जैसी सुविधा मिलेगी। इस AC कोच का प्रोटोटाइप दुनिया में सबसे सस्ता AC कोच के नाम से प्रचारित किया जा रहा है।

यह जर्मन लिंक होफमैन बुश प्लेटफॉर्म पर बनाया गया है। AC-3 टियर के इस कोच में 83 बर्थ हैं। यह वास्तव में नॉर्मल AC 3 टियर कोच से 11 सीट ज्यादा है। प्रत्येक कोच में दिव्यांग लोगों की सुगमता के हिसाब से शौचालय का दरवाजा तैयार किया गया है। वहीं इन कोचों में प्रत्येक बर्थ पर 'निजी' लाइट लगाई गई है, जिससे यात्री अब आराम से पढ़ सकते हैं और मोबाइल चार्जिंग प्वॉइण्ट भी हर बर्थ पर दिया गया है।

8वाँ भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय रेशम मेला आयोजित

भारत की कपड़ा मन्त्री स्मृति ईरानी ने 1 फरवरी, 2021 वर्चुअल पोर्टल पर 8वें भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय रेशम मेले का उद्घाटन किया। यह मेला भारत का सबसे बड़ा रेशम मेला माना जाता है। इसे भारतीय रेशम निर्यात संवर्द्धन परिषद के वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर 31 जनवरी से 4 फरवरी, 2021 तक आयोजित किया गया। COVID-19 महामारी के चलते इस बार इस कार्यक्रम का आयोजन वर्चुअली

किया गया। 5 दिनों के इस मेले के लिए 200 से अधिक विदेशी खरीदारों ने पंजीकरण किया है। चीन के बाद भारत रेशम का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है।

भारत विश्व में रेशम का सबसे बड़ा उपभोक्ता है। विश्व में भारत एकमात्र ऐसा देश है, जो रेशम, शहतूत, एरी, तसर और मुगा की सभी चार प्रमुख किस्मों का उत्पादन करता है। कच्चे शहतूत रेशम का लगभग 97% पाँच राज्यों अर्थात् तमिलनाडु, कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और गुजरात में उत्पादित होता है।

भारत में पोचमपल्ली इकत, चन्द्रपॉल सिल्क, मैसूर सिल्क, काँचीपुरम सिल्क, मुगा सिल्क, कलेम सिल्क, अरनी सिल्क, चम्पा सिल्क, भागलपुर सिल्क, बनारस ब्रोकेड और साड़ी आदि जैसे लगभग 11 ज्योग्राफ्किल इण्डिकेटर्स (GI) उपलब्ध हैं।

प्रमुख बन्दरगाह प्राधिकरण विधेयक, 2020 पारित

संसद ने 10 फरवरी, 2021 को ऐतिहासिक प्रमुख बन्दरगाह प्राधिकरण विधेयक 2020 को पारित कर दिया। यह विधेयक सफल वैश्विक प्रथाओं के अनुरूप केन्द्रीय बन्दरगाहों में प्रशासन के मॉडल के पुनर्विन्यास पर केन्द्रित है।

प्रमुख बन्दरगाह प्राधिकरण विधेयक 2020 का लक्ष्य निर्णय लेने की प्रक्रिया का विकेन्द्रीकरण और प्रमुख बन्दरगाहों के प्रशासन में पेशेवर रवैये का समावेश करना है। यह विधेयक तेज और पारदर्शी निर्णय प्रक्रिया को सुनिश्चित करते हुए सभी हितधारकों एवं और परियोजना को बेहतर तरीके से लागू करने की क्षमता को लाभान्वित करता है।

इस विधेयक का उद्देश्य सफल वैश्विक प्रथाओं के अनुरूप केन्द्रीय बन्दरगाहों में प्रशासन के मॉडल का पुनर्विन्यास लैण्डलॉर्ड पोर्ट मॉडल के रूप में करना है। इस विधेयक से प्रमुख बन्दरगाहों कें संचालन में पारदर्शिता लाने में भी सहायता मिलेगी। यह विधेयक निर्णय लेने की प्रक्रिया में पूर्ण स्वायत्तता लाकर और मुख्य बन्दरगाहों के संस्थागत ढाँचे का आधुनिकीकरण करके प्रमुख बन्दरगाहों को अधिक दक्षता के साथ काम करने के लिए सशक्त बनाएगा।

क्या है नया?

इस विधेयक में अनुच्छेदों की संख्या 134 से घटाकर मात्र 76 कर दी गई है। नए विधेयक में बन्दरगाह प्राधिकरण बोर्ड में 17 से 19 सदस्यों के स्थान पर 11 से 13 सदस्य कर दिए गए हैं।

अब सार्वजनिक-निजी साझेदारी (PPP) ऑपरेटर बाजार की स्थितियों के आधार पर टटकर तय करने के लिए स्वतन्त्र होंगे। एक न्यायिक निर्णय करने वाला (एडजुडीकेटरी) बोर्ड बनाने का भी प्रस्ताव इस विधेयक में है। इस विधेयक में प्रमुख बन्दरगाहों के कर्मचारियों के पेन्शन से जुड़े लाभ समेत वेतन एवं भत्ते और सेवा शर्तों को सुरक्षित करने के प्रावधान किए गए हैं।

जनरल थिमैया स्मृति संग्रहालय का उद्घाटन

कर्नाटक के मदिकेरी में 6 फरवरी, 2021 को राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द ने जनरल केएस. थिमैया स्मृति संग्रहालय का उद्घाटन किया। वर्ष 1957 से 1961 तक सेना प्रमुख रहे जनरल थिमैया के पैतृक घर 'सनी साइड' को संग्रहालय में परिवर्तित किया गया है। इससे पूर्व राष्ट्रपति ने मदिकेरी जिले में कावेरी नदी के उद्गम स्थल तलकावेरी गए और विशेष पूजा की।

इस युद्ध स्मारक के मुख्य आकर्षण पुराने हथियार और युद्ध में प्रयोग हुई निशानियाँ होंगी, जिसमें एक युद्ध टैंक भी शामिल है, जिसे भारतीय सेना ने वर्ष 1971 में पाकिस्तान के साथ युद्ध के दौरान प्रयोग किया था। संग्रहालय में दशकों पुराने हथियार और गोलियाँ, सेना की बन्दूकें और राइफल, सेवा से हट चुके एक मिग-21 युद्धक बिमान के अतिरिक्त कला, पुस्तकों का संग्रह तथा लेख रखे गए हैं। इस अवसर पर रक्षा प्रमुख जनरल बिपिन रावत भी मौजूद थे।



NCR दिल्ली कानून विशेष प्रावधान संशोधन विधेयक 2021

राजधानी दिल्ली की अवैध कॉलोनियों को नियमित करने को लेकर राज्यसभा में एक अहम विधेयक राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र विशेष प्रावधान संशोधन विधेयक 2021 राज्यसभा में 9 फरवरी, 2021 को पारित कर दिया गया। यह 30 दिसम्बर, 2020 को लागू अध्यादेश का स्थान लेगा। इसके अन्तर्गत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली कानून विशेष प्रावधान द्वितीय संशोधन अधिनियम 2011 में संशोधन किया गया है।

केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मन्त्री हरदीप सिंह पुरी के अनुसार, कोविड महामारी के मद्देनजर संसद निलम्बित थी और वर्ष 2011 का अधिनियम पिछले वर्ष 31 दिसम्बर तक वैध था। इसके मद्देनजर दिसम्बर में अध्यादेश लाना आवश्यक था। अब दूसरे संशोधन के बाद इसकी समय-सीमा वर्ष 2023 तक बढ़ गई है। इस संशोधन के बाद वर्ष 2002 तक बनी सभी अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित किया जा सकेगा।

पल्स पोलियो कार्यक्रम 2021 का शुभारम्भ

राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द और प्रथम महिला सविता कोविन्द ने 30 जनवरी, 2021 को राष्ट्रपति भवन में 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाकर 2021 के लिए पल्स पोलियो कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

पोलियो राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस 31 जनवरी को मनाया जाता है और इसे 'पोलियो रविवार' के नाम से भी जाना जाता है। देश को पोलियो मुक्त बनाए रखने के लिए भारत सरकार ने यह अभियान 5 वर्ष से कम आयु के लगभग 17 करोड़ बच्चों के लिए शुरू किया था। इस देशव्यापी अभियान में करीब 24 लाख स्वंयसेवक, 1.5 लाख सुपरवाइजर और कई नागरिक संगठन, WHO, UNICEF और रोटरी आदि ने सहयोग किया।

72वें गणतन्त्र दिवस पर राष्ट्रपति का सम्बोधन

राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द ने 25 जनवरी, 2021 को देश के 72वें गणतन्त्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को सम्बोधित किया। इस सम्बोधन के दौरान उन्होंने कोरोनावायरस महामारी और किसानों के मुद्दों पर भी बात की। तीनों सेना के कमाण्डर की भूमिका निभाने वाले राष्ट्रपति ने सीमा पर बार-बार घुसपैठ का प्रयास कर रहे चीन की

विस्तारवादी नीतियों का भी पूरी ताकत से मुकाबला करने का साफ सन्देश दिया।

कोरोना महामारी से मुकाबले में भारत की अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति का वर्णन करते हुए कम समय में ही कोरोना का टीका विकसित करने के लिए वैज्ञानिकों और डॉक्टरों को भी राष्ट्रपति ने बधाई दी। लोगों को संजीवनी के रूप में आई वैक्सीन लगवाने के लिए आगे आने का निवेदन भी किया। राष्ट्रपति ने अपने सन्देश में संवैधानिक नैतिकता की राह पर चलने के बाबा साहब के आदर्शों पर बल दिया।

जनजातीय महोत्सव 'आदि महोत्सव' का आयोजन

उप-राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने दिल्ली के INA के दिल्ली हाट में 1 फरवरी, 2021 को 15-दिवसीय जनजातीय महोत्सव 'आदि महोत्सव' का उद्घाटन किया। इस महोत्सव में लगभग 1000 कलाकार और रसोइयों ने भाग लिया जो लोगों को जनजातीय लोक कलाओं, हस्तशिल्प, परम्परागत खान-पान से अवगत कराएँगे। इस बार के महोत्सव की थीम 'संस्कृति, शिल्प एवं वाणिज्य की भावना' का उत्सव था। आदि महोत्सव-आदिवासी संस्कृति की भावना, शिल्प, भोजन और व्यापार का उत्सव है। ट्राइफेड, जनजातीय मामलों के मन्त्रालय द्वारा वर्ष 2017 से आयोजित की जा रही यह एक वार्षिक पहल है।

वित्त पोषित आवासीय विद्यालयों/छात्रावासों का पुनर्नामकरण

शिक्षा मन्त्रालय द्वारा 5 फरवरी, 2021 को नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के सम्मान में MOE के समग्र शिक्षा के अन्तर्गत वित्त पोषित आवासीय विद्यालयों और छात्रावासों का नाम 'सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय/छात्रावास' के रूप में रखने का फैसला किया गया। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के साथ इन विद्यालयों का जुड़ाव बच्चों के लिए प्रेरणा का काम करेगा।

इसके अतिरिक्त शिक्षकों, कर्मचारियों और प्रशासन को भी उत्कृष्टता के उच्च मानकों को प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा। वहीं इससे दुर्गम क्षेत्रों में स्थित इन आवासीय विद्यालयों और छात्रावासों की सुविधा के बारे में जागरुकता पैदा करने को लेकर सहायता मिलेगी। इसके अतिरिक्त इन विद्यालयों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के उच्च मानकों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगा।

वीरता पुरस्कार विजेताओं के सम्मान में नया वीरता पुरस्कार पोर्टल

रक्षा मन्त्री राजनाथ सिंह ने गणतन्त्र दिवस 2021 की पूर्व संध्या पर 25 जनवरी, 2021 को वीरता पुरस्कार पोर्टल का नया संस्करण लॉन्च किया। यह पोर्टल भारत के साहसी वीरता पुरस्कार विजेताओं के अमर योगदान को सम्मानित करने के लिए एक वन-स्टॉप वर्चुअल प्लेटफॉर्म के रूप में काम करेगा। पोर्टल पर राष्ट्रव्यापी प्रश्नोत्तरी और सेल्फी फॉर ब्रेवहार्ट्स पहल भी शुरू की गई।

पोर्टल के शुभारम्भ कार्यक्रम के दौरान रक्षा मन्त्री ने भारत के वीरता पुरस्कार विजेताओं द्वारा न केवल राष्ट्र की सुरक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका का स्वागत किया, बल्कि देश की भावी पीढ़ियों को भी देश के मातृभूमि की रक्षा के लिए योगदान देने के लिए प्रेरित किया। पोर्टल पर राष्ट्रव्यापी प्रश्नोत्तरी का उद्देश्य देश भर की उज्ज्वल प्रतिभाओं को भारत के वीरता पुरस्कार विजेताओं के बारे में अपने ज्ञान को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना है।

यह कार्यक्रम 26 जनवरी से 26 फरवरी, 2021 तक आयोजित किया जाएगा। एक अन्य पहल सेल्फी फॉर ब्रेवहार्ट्स भी शुरू की गई जो देश भर में युद्ध स्मारकों और स्मारकों के समक्ष अपनी सेल्फियों पर क्लिक करने और राष्ट्र के वीरता पुरस्कार विजेताओं के प्रति अपना साथ दिखाने के लिए नागरिकों को प्रोत्साहित और आमन्त्रित करती है।



मतदाता पहचान-पत्र का इलेक्ट्रॉनिक वर्जन लॉन्च

भारतीय निर्वाचन आयोग (BCI) द्वारा 25 जनवरी, 2021 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक इलेक्टोरल फोटो पहचान-पत्र (E-EPIC) कार्यक्रम लॉन्च किया। इसे इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मन्त्री रविशंकर प्रसाद द्वारा लॉन्च किया गया। मतदाता इस इलेक्ट्रॉनिक्स पहचान-पत्र को अपने मोबाइल फोन या निजी कम्प्यूटर पर डाउनलोड कर सकेंगे। इस ई-मतदाता पहचान-पत्र को डिजिटल लॉकर में सुरक्षित रखा जा सकेगा या उसे PDF फॉर्मेट में प्रिण्ट भी किया जा सकेगा। ई-मतदाता पहचान-पत्र एक सुरक्षित पोर्टेबल दस्तावेज प्रारूप (PDF) संस्करण है।

इसमें सीरियल नम्बर और भाग संख्या सहित फोटो और जनसांख्यिकीय के साथ एक सुरक्षित QR कोड भी शामिल है। इस नई सुविधा से मतदाता आसानी से अपना पहचान-पत्र प्राप्त कर पाएँगे। चुनाव आयोग ने वर्ष 1993 में मतदाता पहचान-पत्र की शुरुआत की थी, जो पहचान और पता के लिए एक स्वीकार्य सबूत है।

चुनाव आयोग के बारे में

भारत के गणतन्त्र बनने के एक दिन पहले ही (25 जनवरी, 1950 को) चुनाव आयोग की स्थापना हुई थी। आयोग वर्ष 2011 से अपने स्थापना दिवस पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस भी बनाया जाता है। इस वर्ष इसका मुख्य विषय-वस्तु मतदाताओं को सशक्त, सतर्क, सुरक्षित और संसूचित बनाना है।

AMU में दफनाया गया 100 वर्ष का इतिहास

अलीगढ़ मुस्लिम युनिवर्सिटी (AMU) ने टाइम कैप्सूल में गणतन्त्र दिवस के मौके पर 26 जनवरी, 2021 को विश्वविद्यालय के 100 वर्ष के इतिहास को टाइम कैप्सूल के द्वारा जमीन में दफन कर दिया गया। इसी के साथ टाइम कैप्सूल दफन कर ऐसा करने का पहला खिताब भी AMU के साथ जुड़ गया है। अलीगढ़ मुस्लिम युनिवर्सिटी के ऐतिहासिक विक्टोरिया गेट के ठीक सामने बने पार्क में टाइम कैप्सूल को दफनाने के लिए जमीन में 30 फीट गहरा गढ्डा खोदा गया था।

करीब डेढ़ टन से अधिक वजन का यह कैप्सूल तैयार किया गया था। इस कैप्सूल को टाइटेनियम मिश्रित धातु से तैयार किया गया है, जो पाँच शताब्दियों तक खराब नहीं होगा। इसमें अलीगढ़ मुस्लिम युनिवर्सिटी के 100 वर्ष के प्रत्येक सफर की गतिविधि को प्रिण्ट फॉर्मेट में संजोकर रखा गया है। इस टाइम कैप्सूल में विश्वविद्यालय की सभी विभागों के वर्तमान शिक्षा प्रणाली और अब तक के प्राप्त किए गए ज्ञान को भी रखा गया है, जिससे आने वाली पीढ़ी यह जान सकेगी कि पाँच शताब्दी पहले किस प्रकार छात्रों को अध्ययन कराया जाता था।

AMU के बारे में

यह विश्वविद्यालय वर्ष 1875 में मदरसा के रूप में शुरू हुआ था। 24 मई, 1875 में सर सैय्यद अहमद खान ने 7 छात्रों से मदरसा तुल उमूल के रूप में युनिवर्सिटी की नींव रखी गई थी। जहाँ 8 जनवरी, 1977 को 74 एकड़ फौजी छावनी में मोहम्मडन एंग्लो ओरिएण्टल कॉलेज भी स्थापित किया गया।

इस कॉलेज को AMU में अपग्रेड के लिए उस दौर के शिक्षा सदस्य सर मोहम्मद शफी द्वारा 27 अगस्त, 1920 को इम्पीरियल लेजिस्लेटिव काउन्सिल में बिल पेश किया गया था। गवर्नर-जनरल की सहमति मिली। 1 दिसम्बर, 2020 को अधिसूचना जारी हुई और विश्वविद्यालय अपने अस्तित्व में आया। उस दिन राजा महमूदाबाद को AMU का कुलपति नियुक्त किया गया।

प्रधानमन्त्री मोदी ने 1.6 लाख लोगों की जमीन के पट्टे बाँटे

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 23 जनवरी, 2021 को असम के शिवसागर जिले में 1.6 लाख लोगों को जमीन के पट्टे बाँटे। जमीन के मालिकाना हक वाला यह पट्टा स्वाभिमान, स्वाधीनता और सुरक्षा की गारण्टी देगा। प्रधानमन्त्री मोदी ने शिवसागर जिले में स्थित ऐतिहासिक जेरेंगा पोथार मैदान में जनसभा को सम्बोधित भी किया।

यह असम में स्वतन्त्रता के बाद अब तक का सबसे बड़ा भूमि अंशदान अभियान है। इस दौरान प्रत्येक व्यक्ति को 7 बीघा तक की भूमि के स्वामित्व के साथ-साथ घर के लिए छोटी जमीन भी दी जा रही है। असम में अप्रैल, 2021 में विधानसभा चुनाव होने हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक लाभार्थी को 1.08 लाख वर्ग फीट खेती की जमीन सौंपी गई। असम में एक बीघा में 14400 वर्ग फीट आता है। इसके अतिरिक्त एक बीघा घर बनाने के लिए भी दिए गए। वहीं शहरी लाभार्थियों को 1.1 कट्ठा जमीन दी गई।

1 कट्ठा वहाँ 2880 वर्ग फीट होता है। वहीं गुवाहाटी के लाभार्थियों को 1.5 कट्ठा भूमि मिली। प्रधानमन्त्री मोदी ने शिवसागर को देश के 5 सबसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थलों में शामिल किए जाने की बात बताई। प्रधानमन्त्री मोदी के अनुसार, असम में तेल और गैस से जुड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर पर बीते वर्षों में ₹ 40 हजार करोड़ से अधिक का निवेश किया गया है। गुवाहाटी-बरौनी गैस पाइपलाइन से नॉर्थ ईस्ट और पूर्वी भारत की गैस-कनेक्टिविटी मजबूत होने वाली है।

थलतेर-शीलज-राचरडा रेलवे ओवरब्रिज का लोकार्पण

केन्द्रीय गृह मन्त्री अमित शाह ने 21 जनवरी, 2021 को नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से गुजरात के अहमदाबाद शहर में ₹ 55 करोड़ की लागत से नवनिर्मित थलतेर-शीलज-राचरडा रेलवे ओवरब्रिज का लोकार्पण किया। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी का निर्णय और रेल मन्त्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में एक बड़ा अभियान शुरू किया गया, जिसमें लगभग 1 लाख रेलवे क्रॉसिंग को ओवरब्रिज या अण्डरब्रिज के माध्यम से फाटक रहित बनाने का कार्य शुरू हुआ।

उसी योजना के अन्तर्गत थलतेर-शीलज-राचरडा रेलवे ओवरब्रिज का लोकार्पण हुआ है। रेलवे अब सभी मानव रहित फाटक समाप्त करने का काम कर रहा है, जिसके अन्तर्गत वर्ष 2022 तक देश के अन्दर लगभग एक भी मानव रहित फाटक नहीं होगा जिससे दुर्घटनाएँ कम हो जाएँगी।

सबसे लम्बी मालगाड़ी वासुकी ने बनाया रिकॉर्ड

भारतीय रेलवे के दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन ने 24 जनवरी, 2021 को भारतीय रेलवे नेटवर्क पर सबसे लम्बी मालगाड़ी का संचालन करके एक नया रिकॉर्ड बनाया। रेलवे ने देश की सबसे लम्बी 3.5 किमी लम्बी वासुकी ट्रेन सफलतापूर्वक चलाई, जिसमें 5 इंजन लगाए गए थे। पाँचों इंजन को इलेक्ट्रॉनिक सिग्नल से जोड़ा गया, ताकि उनमें सामंजस्य बना रहे।

इस मालगाड़ी के साथ कुल 295 डिब्बे थे। यह रायपुर रेलमण्डल के भिलाई से विलासपुर रेलमण्डल के कोरबा के लिए चली। इससे पहले भारत में सबसे लम्बी ट्रेन 'शेषनाग' के नाम पर चलाई गई थी।

चार ट्रेनों को जोड़कर इसे चलाया गया था। शेषनाग से पहले तीन ट्रेनों को जोड़कर 'अनाकोण्डा' ट्रेन चलाई गई थी। अब वासुकी के नाम से ट्रेनें चलीं।

इस तरह के मालगाड़ी के परिचालन समय को कम करने, स्टाफ की बचत और ग्राहकों को तत्काल डिलीवरी देने के लिए बड़ी-बड़ी मालगाड़ियाँ चलाई जा रही हैं।

श्रम शक्ति पोर्टल की लॉन्चिंग

जनजातीय मामलों के मन्त्री अर्जुन मुण्डा ने 23 जनवरी, 2021 को एक राष्ट्रीय प्रवासन सहायता पोर्टल 'श्रमशक्ति' को लॉन्च किया। वर्चुअली इस पोर्टल को पहले गोवा में लॉन्च किया गया था। इसके अतिरिक्त श्रमिकों के लिए एक प्रशिक्षण पुस्तिका श्रमसाथी का भी शुभारम्भ किया गया।

श्रमशक्ति पोर्टल के माध्यम से एकत्रित किए जाने वाले विभिन्न प्रकार के डाटा में जनसांख्यिकीय रूपरेखा, आजीविका विकल्प, कौशल सम्बन्धी सूचना और प्रवासन के रुझान से जुड़े विवरण आदि शामिल होंगे।



यह उन प्रवासी श्रमिकों को सशक्त बनाने में सहायता करेगा, जो रोजगार और आय की तलाश में पलायन करते हैं। यह पोर्टल प्रवासी श्रमिकों को आत्मनिर्भर भारत के अन्तर्गत मौजूदा कल्याण योजनाओं से जुड़ने का अवसर प्रदान करेगा।

श्रम साथी प्रवासी श्रमिकों को उनके अधिकारों से अवगत करवाएगा और उन्हें सेवाओं और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का उपयोग करने के तरीके के बारे में भी शिक्षित करेगा।

नेताजी की जयन्ती पर डाक टिकट जारी

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी कोलकाता में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की 125वीं जयन्ती के अवसर पर 23 जनवरी, 2021 को हुए कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कोलकाता में विक्टोरिया मेमोरियल में 'पराक्रम दिवस' के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता की।

इस अवसर पर नेताजी पर एक स्थायी प्रदर्शनी और एक प्रोजेक्शन मैपिंग शो का उद्घाटन किया गया। प्रधानमन्त्री मोदी द्वारा एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी किया गया। इसके साथ ही नेताजी पर आधारित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम 'आमरा नूतोन तोउबोनेरी दूत' का भी आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम से पहले प्रधानमन्त्री ने नेताजी के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने के लिए नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के घर नेताजी भवन का भ्रमण किया। बाद में वह नेशनल लाइब्रेरी, कोलकाता के लिए रवाना हो गए जहाँ पर अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार '21वीं सदी में नेताजी सुभाष की विरासत की समीक्षा' और एक कलाकार शिविर का आयोजन किया गया।

प्रधानमन्त्री ने विक्टोरिया मेमोरियल पर पराक्रम दिवस समारोह में भाग लेने से पहले कलाकारों और सेमिनार के प्रतिभागियों के साथ संवाद भी किया। नेताजी की 125वीं जयन्ती बनाने के लिए सरकार ने प्रधानमन्त्री की अध्यक्षता में 85 सदस्यीय एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है, जो वर्ष भर के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करेगी।

नेताजी पर किताब और डाक टिकट

विक्टोरिया मेमोरियल में पराक्रम दिवस समारोह में प्रधानमन्त्री मोदी ने नेताजी के पत्रों से जुड़ी किताब 'लेटर्स ऑफ नेताजी' का विमोचन किया। इसके साथ ही उन्होंने नेताजी पर स्मारक डाक टिकट एवं ₹ 125 का सिक्का भी जारी किया। उन्होंने नेताजी द्वारा गठित इण्डियन नेशनल आर्मी (INA) के दिग्गजों को भी सम्मानित किया। नेताजी पर प्रोजेक्शन मैपिंग शो का भी मोदी ने उद्घाटन किया।

आयुष्मान CAPF योजना का शुभारम्भ

केन्द्रीय गृह मन्त्री अमित शाह ने 23 जनवरी, 2021 को गुवाहाटी में करीब 28 लाख केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (CAPF कर्मियों) और उनके आश्रितों की चिकित्सा उपचार के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के साथ मिलकर गृह मन्त्रालय द्वारा बनाई गई विशेष योजना आयुष्मान CAPF की शुरुआत की। यह योजना उन राज्यों में शुरू की गई है, जहाँ आयुष्मान भारत प्रधानमन्त्री जन आरोग्य योजना लागू है।

प्रथम चरण में असम में तैनात और असम में रहने वाले सभी CAPF कर्मी कवर होंगे। बाद में यह योजना चरणबद्ध तरीके से पूरे देश में लागू होगी। यह योजना सेवारत CAPF कर्मियों और उनके परिवार के सदस्यों को कैशलेस स्वास्थ्य सेवा प्रदान करेगी।

इस योजना के अन्तर्गत CAPF, असम राइफल्स और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG), सीमा सुरक्षा बल (BSF), केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP), सशस्त्र सीमा बल को शामिल किया जाएगा। ये कागज रहित स्वास्थ्य सेवा होगी, जिसमें हेल्प कार्ड का उपयोग होगा। इसके अतिरिक्त एक चौबीसों घण्टे के कॉल सेण्टर, ऑनलाइन शिकायत प्रबन्धन प्रणाली, धोखाधड़ी और दुरुपयोग नियन्त्रण प्रणाली और वास्तविक समय की निगरानी डैशबोर्ड योजना की अन्य प्रमुख विशेषताएँ हैं।



UPSC उम्मीदवारों को मिलेगा एक और मौका

संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) की सिविल सेवा परीक्षा, 2021 में एक और मौका देने के लिए केन्द्र सरकार राजी है, लेकिन सभी उम्मीदवारों को इसका फायदा देने से इनकार किया है। जस्टिस एएम खाविलकर की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष 6 फरवरी, 2021 को सुनवाई हुई। पहले सरकार अतिरिक्त मौका देने के लिए भी तैयार नहीं थी, लेकिन बेंच की सलाह पर एक और मौका देने की सहमति बनी।

यह याचिका एक सिविल सेवा उम्मीदवार रचना सिंह ने दायर की थी। अपनी याचिका में, उन्होंने उन उम्मीदवारों के लिए एक अतिरिक्त मौका माँगा था, जिनके पास आखिरी UPSC प्रयास था, लेकिन पिछले वर्ष महामारी के कारण वह प्रयास नहीं कर सके। इस छूट के अनुसार, जिन उम्मीदवारों के मौकों की संख्या समाप्त नहीं हुई है उन्हें अतिरिक्त प्रयास नहीं दिया जाएगा।

यह एक बार की छूट है और यह केवल UPSC सिविल सेवा परीक्षा 2021 पर ही लागू होगी। वर्ष 2020 में कोरोना काल, कई राज्यों में बाढ़ के बीच UPSC की परीक्षा अक्टूबर में हुई, जब सर्वोच्च न्यायालय ने परीक्षा स्थगित करने से इनकार कर दिया था।


चालक प्रशिक्षण केन्द्रों को मान्यता

सड़क परिवहन और राजमार्ग मन्त्रालय ने चालक प्रशिक्षण केन्द्रों को मान्यता दिए जाने के सन्दर्भ में 5 फरवरी, 2021 को अधिसूचना का मसौदा जारी किया है।

नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण चालक प्रशिक्षण मुहैया कराने के लिए मन्त्रालय ने इन केन्द्रों के लिए अनिवार्य आवश्यकताओं और तौर-तरीका लागू करने का विस्तृत प्रस्ताव जारी किया है।

इसके साथ ही मन्त्रालय ने यह भी प्रावधान किया है कि कोई भी व्यक्ति, जो इन केन्द्रों में सफलतापूर्वक प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा करेगा, उसे ड्राइविंग लाइसेन्स के लिए आवेदन करते समय ड्राइविंग टेस्ट देने में छूट मिल जाएगी।

इस कदम से परिवहन उद्योग को भी सहायता मिलेगी, क्योंकि उसे विशेष रूप से प्रशिक्षित चालक मिल जाएँगे, जिससे ड्राइविंग कुशलता बढ़ेगी और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। अधिसूचना का मसौदा मन्त्रालय के वेबसाइट पर जन परामर्श के लिए अपलोड किया गया है। इसके बाद उसे औपचारिक रूप से जारी किया जाएगा।



विश्व परिदृश्य

अमेरिका आधिकारिक रूप से पेरिस समझौते में शामिल

अमेरिका पेरिस समझौते में आधिकारिक रूप से 20 फरवरी, 2021 को एक बार फिर शामिल हो गया है।

संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन के 26वें सम्मेलन के अध्यक्ष आलोक शर्मा ने पेरिस समझौते में अमेरिका के दोबारा शामिल होने का स्वागत किया है।

जो बाइडेन ने अमेरिकी राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के कुछ ही घण्टे के बाद पेरिस समझौते में दोबारा शामिल होने की प्रक्रिया से जुड़े कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे।

पिछले वर्ष पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आदेश के बाद अमेरिका आधिकारिक रूप से समझौते से अलग हो गया था। पेरिस समझौते के अन्तर्गत प्रत्येक पाँच वर्षों में सभी सदस्य देशों को ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन नियन्त्रित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धताएँ व्यक्त करनी होती हैं।

इस समझौते का लक्ष्य वैश्विक तापमान वृद्धि को 2°C से नीचे सीमित करना है। साथ ही इसे और भी कम करके 1.5 5°C तक लाने का प्रयास करना है।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन इस वर्ष 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस के अवसर पर जलवायु परिवर्तन सम्मेलन को आयोजित करने की योजना बना रहे हैं। इस सम्मेलन में विश्व के कई नेता शामिल होंगे। सम्मेलन में बाइडेन वर्ष 2030 तक कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के अमेरिका के लक्ष्यों को जारी करेंगे।

भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक 2020 जारी

'ट्रांसपरेन्सी इण्टरनेशनल (TI)' द्वारा 28 जनवरी, 2021 को भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक (CPI) 2020 जारी किया गया। वर्ष 2020 के भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक (CPI) में 180 देशों में भारत का स्थान 6 पायदान नीचे 86वें स्थान पर आ गया है। भारत इस सूचकांक में 40 अंक लाया। इस वर्ष का CPI स्कोर पिछले वर्ष के स्कोर के बराबर है।

इस वर्ष, न्यूजीलैण्ड और डेनमार्क 88 के स्कोर के साथ पहले स्थान पर रहे। सोमालिया और दक्षिण सूडान 12 स्कोर के साथ सबसे नीचे 179वें स्थान पर रहे। इस सूचकांक में 180 देशों में सार्वजनिक क्षेत्र में भ्रष्टाचार के स्तर का रैंक जारी किया जाता है, जिसमें शून्य (0) से लेकर 100 तक के पैमाने का उपयोग किया जाता है, जहाँ शून्य स्कोर वाले देश को सबसे अधिक भ्रष्ट माना जाता है और वहीं 100 स्कोर वाले देश को सबसे साफ माना जाता है। CPI किसी भी देश में भ्रष्टाचार के वास्तविक स्तर को नहीं दर्शाता है। यह समग्र स्कोर किसी देश की भ्रष्टाचार की स्थिति का आकलन करता है।

काजा कालास बनी एस्टोनिया की पहली महिला प्रधानमन्त्री

एस्टोनिया की नई दो-पक्षीय गठबन्धन सरकार में पहली महिला प्रधानमन्त्री के रूप में काजा कलेस ने 26 जनवरी, 2021 को शपथ ली। 43 वर्षीय वकील और पूर्व यूरोपीय सांसद काजा के साथ 15 सदस्यीय मन्त्रिमण्डल ने भी शपथ ली।

इस प्रकार एस्टोनिया विश्व का एकमात्र देश बन गया, जहाँ 'निर्वाचित महिलाओं' (राष्ट्रपति एवं प्रधानमन्त्री) द्वारा देश का नेतृत्व किया जा रहा है। वर्ष 1991 में स्वतन्त्रता पाने के बाद एस्टोनिया देश में पहली बार किसी महिला को प्रधानमन्त्री बनाया गया है। एस्टोनिया की राष्ट्रपति केर्स्टी कलजुलैद भी एक महिला हैं।

एस्टोनिया की नई गठबन्धन सरकार का गठन पूर्व प्रधानमन्त्री जूरी रतास के मन्त्रिमण्डल द्वारा 13 जनवरी, 2021 को त्याग-पत्र दिए जाने के बाद किया गया।

जूरी रतास पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। नई सरकार में 15 सदस्यीय मन्त्रिमण्डल में 7 महिलाओं को मन्त्री बनाया गया है। इनमें वित्त मन्त्री के रूप में रीट केट पेण्ट्स-रोजिमेनस और विदेश मन्त्री के रूप में चेक गणराज्य के इवा-मारिया लिइमेट्स प्रमुख हैं।

एस्टोनिया के बारे में

एस्टोनिया को यूरोप की सिलिकन वैली कहा जाता है। बाल्टिक सागर के तट पर बसा छोटा सा यह देश वर्ष 1991 में सोवियत संघ से अलग हुआ। इस देश की सीमाएँ उत्तर में फिनलैण्ड खाड़ी, पश्चिम में बाल्टिक सागर, दक्षिण में लातविया और पूर्व में रूस से मिलती हैं।

एस्टोनिया को क्रिसमस पेड़ का पहला जन्मस्थान माना जाता है। इस देश में महिलाओं की संख्या सबसे ज्यादा है। एस्टोनिया महत्वपूर्ण तेल उत्पादक क्षेत्र है। यह देश खनिज और ऊर्जा संसाधनों का बड़ा हिस्सा आयात करता है।

वैश्विक जलवायु जोखिम सूचकांक 2021 जारी

जर्मनी के बान में स्थित एक गैर-सरकारी संगठन जर्मनवॉच ने वैश्विक जलवायु जोखिम सूचकांक (ग्लोबल क्लाइमेट रिस्क इण्डेक्स) 2021 को 27 जनवरी, 2021 को प्रकाशित किया। जर्मनवॉच एक 'पर्यावरण थिंक टैंक' है जो वार्षिक रूप से यह सूचकांक प्रकाशित करता है। 16वें संस्करण में वर्ष 2000 से 2019 तक उपलब्ध आँकड़ों को ध्यान में रखा गया है।

इस सूचकांक के आधार पर वर्ष 2019 में सबसे अधिक प्रभावित देश/क्षेत्र मोजाम्बिक, जिम्बाब्वे और बहामास रहे, जबकि वर्ष 2000 से वर्ष 2019 के दशक में सर्वाधिक जोखिम का सामना प्यूर्टो रिको, म्यांमार और हैती ने किया है। वैश्विक जलवायु जोखिम सूचकांक 2021 में भारत 7वें स्थान पर है, जबकि वैश्विक जलवायु जोखिम सूचकांक 2020 में भारत 5वें स्थान पर था।

इस रिपोर्ट के अनुसार, अधिक वर्षा के कारण आने वाली बाढ़ के कारण लगभग 1800 लोगों की मृत्यु भारत में हुई और लगभग 1.8 मिलियन लोगों को पलायन करना पड़ा। इस दौरान भारत में 8 उष्णकटिबन्धीय चक्रवात आए, जिसमें से 6 बहुत गम्भीर प्रकृति के थे।

सम्बन्धित तथ्य

वैश्विक जलवायु जोखिम सूचकांक 2021 के अनुसार, वर्ष 2019 में प्रभावित प्रथम 10 देश क्रमशः *इस प्रकार हैं*

1. मोजाम्बिक, 2. जिम्बाब्वे, 3. बहामास, 4. जापान, 5. मलावी, 6. अफगानिस्तान, 7. भारत, 8. दक्षिणी सूडान, 9. नाइजर तथा 10. बोलीविया।

उसी प्रकार वर्ष 2000 से 2019 के दशक में दस सबसे अधिक प्रभावित देश—प्यूर्टो रिको, म्यांमार, हैती, फिलिपीन्स, मोजाम्बिक, बहामास, बांग्लादेश, पाकिस्तान, थाईलैण्ड और नेपाल थे।

वार्षिक रूप से प्रकाशित होने वाले इस सूचकांक में मौसम सम्बन्धी घटनाओं; जैसे—तूफान, बाढ़, ताप लहरें आदि के प्रभाव को कम करने में विभिन्न देशों की क्षमताओं का विश्लेषण किया जाता है। इसके अन्तर्गत घातक मानवीय प्रभावों और प्रत्यक्ष आर्थिक नुकसान का आकलन कर विश्लेषण किया जाता है। यह सूचकांक भयानक जलवायु घटनाओं के लिए जोखिम और भेद्यता के स्तर को इंगित करता है, जिन्हें देशों को भविष्य में अधिक लगातार और/या अधिक गम्भीर घटनाओं के लिए तैयार रहने के लिए चेतावनी के रूप में समझना चाहिए।

अल्जीरिया की संसद भंग

अल्जीरिया के राष्ट्रपति अब्देलमदजीद तेब्बाउने ने 18 फरवरी, 2021 को देश के निचले सदन को भंग करने का ऐलान। उन्होंने जल्द ही विधायी चुनावों का ऐलान भी किया। उन्होंने घोषणा की कि वे देश की जेलों में बन्द हिरक आन्दोलन के कई एक्टिविस्ट और सदस्यों को क्षमा करेंगे।

पहले से विधायी चुनाव वर्ष 2022 में होना निर्धारित था। अल्जीरिया वर्तमान में राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक समस्याओं से जूझ रहा है। इसकी अर्थव्यवस्था चरमरा गई है जिसके चलते देश में खासकर युवाओं में बड़े पैमाने पर गरीबी और बेरोजगारी बढ़ गई है।



डेनमार्क बनाएगा विश्व का पहला ऊर्जा द्वीप

डेनमार्क ने 4 फरवरी, 2021 को विश्व के पहले ऊर्जा क्षेत्र द्वीप के निर्माण की योजना के लिए अपनी मंजूरी दे दी है। इस ऊर्जा द्वीप का निर्माण उत्तरी सागर में किया जाएगा।

इस ऊर्जा द्वीप का उपयोग लगभग 3 मिलियन यूरोपीय घरों की बिजली की माँगों को पूरा करने के लिए पर्याप्त हरी ऊर्जा का उत्पादन और भण्डारण करने के लिए किया जाएगा।

इस परियोजना पर लगभग 210 बिलियन डेनिश क्राउन का निवेश किया जाएगा। डेनमार्क ने वर्ष 2033 तक ऊर्जा द्वीप को चालू करने की योजना बनाई है।

यह कृत्रिम द्वीप 18 फुटबॉल मैदानों के आकार के बराबर होगा। इस ऊर्जा द्वीप को सैकड़ों अपतटीय पवन टरबाइनों से जोड़ा जाएगा, ताकि घरों में बिजली की आपूर्ति की जा सके। इसका निर्माण डेनमार्क के पश्चिमी तट से 80 किमी दूर किया जाएगा।

फेसबुक ने ऑस्ट्रेलिया में लगाई रोक

खबरों के भुगतान को लेकर फेसबुक और ऑस्ट्रेलिया के बीच टकराव बढ़ गया है और दिग्गज इण्टरनेट मीडिया ने इस देश में 18 फरवरी, 2021 से कई रोक लगा दिए हैं इस अमेरिकी कम्पनी ने एलान किया कि उसने अपने प्लेटफॉर्म पर ऑस्ट्रेलियाई लोगों के न्यूज देखने और साझा करने पर रोक लगा दी है।

फेसबुक ने यह कदम ऑस्ट्रेलियाई सरकार के उस प्रस्तावित कानून के विरोध में उठाया है, जिसमें खबरों के प्रयोग पर ऑस्ट्रेलियाई कम्पनियों को भुगतान करने की व्याख्या की गई है। यह कानून खासतौर पर फेसबुक और गूगल को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है।

फेसबुक ने एक बयान में बताया कि उसके प्लेटफॉर्म पर ऑस्ट्रेलियाई प्रकाशक समाचार सामग्री प्रकाशित कर सकते हैं, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई यूजर्स उसे देख या साझा नहीं कर सकते हैं।

ऑस्ट्रेलियाई लोग अपने देश या अन्तर्राष्ट्रीय खबरों को भी साझा नहीं कर सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के बाहर रहने वाले लोग भी इस देश की खबरों को शेयर नहीं कर सकते हैं। वर्ष 2020 में केनबरा यूनिवर्सिटी की ओर से

किए गए एक अध्ययन के अनुसार, 2.5 करोड़ की आबादी वाले ऑस्ट्रेलिया में 21% लोग प्राथमिक समाचार स्रोत के तौर पर इण्टरनेट मीडिया का इस्तेमाल करते हैं, जबकि समाचार के लिए 37% आबादी फेसबुक का उपयोग करती है। गूगल भी काफी लोकप्रिय है।

चीन ने किशोर अपराध के मामले में आयु 12 वर्ष की

चीन ने किशोर अपराध कानून में संशोधन किया है। चीन की संसद नेशनल पीपुल्स काँग्रेस की स्थायी समिति ने यह संशोधन 19 फरवरी, 2021 को पारित किया।

इसके तहत कुछ गम्भीर अपराधों में अपराधियों की आयु 4 वर्ष से घटाकर 12 वर्ष कर दी गई है। नया कानून 1 मार्च, 2021 से लागू होगा।

संशोधित कानून के तहत 12 से 14 वर्ष का किशोर इरादतन हत्या या इरादतन घायल करने के कारण होने वाली मौत या गम्भीर रूप से अशक्तता के लिए जिम्मेदार माना जाएगा।

नए कानून में उल्लेखित अपराधों के अलावा अन्य अपराध करने वाले 14 वर्ष से कम आयु के किशोर को आपराधिक दण्ड से छूट होगी, लेकिन उन्हें सुधारात्मक शिक्षा दी जाएगी।

चीन में अभी आपराधिक जवाबदेही की आयु 16 वर्ष है। दुष्कर्म, डकैती और इरादतन हत्या जैसे गम्भीर अपराधों के लिए 14 से 16 वर्ष के किशोरों पर आपराधिक मुकदमा चलाया जाता है।

बांग्लादेश सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सॉफ्टवेयर 'अमार वाशा' लॉन्च

बांग्लादेश सुप्रीम कोर्ट ने 19 फरवरी, 2021 को आर्टिफिशियल इण्टेलिजेन्स आधारित अनुवाद सॉफ्टवेयर अमर वशा को एक आभासी कार्यक्रम के माध्यम से लॉन्च किया।

सॉफ्टवेयर, सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों और निर्णयों का अंग्रेजी से बांग्ला में अनुवाद करेगा। सॉफ्टवेयर को भारत के एकस्टेप फाउण्डेशन के साथ विकसित किया गया है।

एकस्टेप फाउण्डेशन का अनुवाद सॉफ्टवेयर का उपयोग भारत में अंग्रेजी भाषा के बांग्ला सहित अन्य भारतीय भाषाओं में अनुवाद के लिए किया जाता है। नवम्बर, 2019 से भारत को सर्वोच्च न्यायालय में 'सुवास' अनुवाद सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जा रहा है।

दूसरी बार महाभियोग में बरी हुए पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को उनके दूसरे महाभियोग के मुकदमें में 13 फरवरी, 2021 को बरी कर दिया गया। 6 जनवरी, 2021 को कैपिटल हिल में हुए दंगे को लेकर महाभियोग की प्रक्रिया में सीनेट में वोटिंग हुई, जिसमें 57 सीनेटरों ने उन्हें दोषी पाया, जबकि 43 सीनेटरों ने उन्हें दोषी नहीं पाया है।

ऐसे में ट्रम्प को दोषी करार देने के लिए सीनेट को दो-तिहाई बहुमत नहीं मिल सका है। इससे पहले सीनेट ने 13 फरवरी, 2021 को ट्रम्प के खिलाफ दूसरी बार लाए गए महाभियोग प्रस्ताव पर सुनवाई पूरी करके वोटिंग की थी। 100 सदस्यीय सीनेट में डेमोक्रेटिव पार्टी और रिपब्लिकन पार्टी दोनों के 50-50 सांसद है, लेकिन महाभियोग में ट्रम्प को दोषी ठहराने के लिए दो-तिहाई वोट अर्थात् 67 वोट की जरूरत थी। यह पहली बार था, जब किसी पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाया गया। साथ ही यह भी पहली बार हुआ था, जब एक पूर्व राष्ट्रपति को दो महाभियोग का सामना करना पड़ा।



अमेरिका में नागरिकता बिल पेश

जो बाइडेन प्रशासन द्वारा 18 फरवरी, 2021 को संसद में अमेरिकी नागरिकता विधेयक 2021 पेश किया गया। अगर यह बिल कानून की शक्ल लेता है तो रोजगार आधारित ग्रीन कार्ड के लिए किसी देश के अनिवासियों की संख्या सीमित करने पर पूर्व में लगाई गई रोक खत्म हो जाएगी। कानून बनने के बाद H-1 B वीजा धारकों के आश्रितों को भी यहाँ काम करने की अनुमति मिलेगी।

इस विधेयक के पारित होने के बाद यहाँ प्रौद्योगिकी क्षेत्र में काम करने वाले लाखों भारतीयों को भी इसका लाभ होगा। यह कानून बनने से बिना दस्तावेज के रह रहे। 1.1 करोड़ लोगों और वैध तरीके से देश आए लाखों लोगों को नागरिकता मिलने का मार्ग प्रशस्त होगा।

इस बिल में आव्रजन सुधार का प्रावधान किया गया है। इस महत्वपूर्ण कदम के तहत ग्रीन कार्ड के लिए 10 वर्ष से ज्यादा समय से इंतजार कर रहे पेशेवरों को वैध रूप से स्थायी तौर पर रहने की मंजूरी मिल जाएगी। इसके तहत रोजगार आधारित लम्बित वीजा को मंजूरी दी जाएगी। प्रत्येक देश पर वीजा के लिए लगाई गई सीमा भी खत्म की जाएगी। प्रतीक्षा समय को घटाया जाएगा।

बहरीन द्वारा डिजिटल कोरोनावायरस टीकाकरण पासपोर्ट लॉन्च

बहरीन डिजिटल COVID-19 टीकाकरण पासपोर्ट लॉन्च करने वाले देशों में से एक बन गया। बहरीन ने डिजिटल पासपोर्ट 18 फरवरी, 2021 को लॉन्च किया। बहरीन ने 'BeAwere' ऐप्प लॉन्च किया है, जिसके द्वारा स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र पाया जा सकता है।

इस ऐप्प में किसी भी व्यक्ति के विवरण और उस वैक्सीन का उल्लेख होता है, जिसे व्यक्ति को दिया गया था। QR कोड द्वारा स्कैन से इस पासपोर्ट की वैधता की पुष्टि की जा सकती है। जनवरी, 2021 में भारत ने कोविशिल्ड के टीके बहरीन और श्रीलंका को भेजे थे।

फ्रांस में कट्टरपन्थ-विरोधी विधेयक को मंजूरी

फ्रांस की संसद के निचले सदन ने 17 फरवरी, 2021 को इस्लामी अलगाववाद के खिलाफ लड़ाई के लिए पेश किए गए एक बिल को पारित कर दिया। यह बिल धार्मिक समूहों को नियन्त्रित करने के लिए अधिक अधिकार प्रदान करता है।

राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन की मध्यमार्गी पार्टी को इस कानून के लिए नेशनल असेम्बली के 347 सांसदों ने पक्ष में वोट दिया, जबकि 151 ने विरोध किया और 65 सांसदों ने वोटिंग नहीं की थी।

इस बिल में मस्जिदों और धार्मिक स्कूलों की सरकारी निगरानी और इस्लामिक कट्टरपन्थ को जड़ से खत्म करने के उद्देश्य से बहुविवाह और जबरन विवाह पर प्रतिबन्ध लगाने का प्रावधान है। यह व्यापक फ्रांसीसी प्रयासों का एक हिस्सा है, जो उसने चरमपन्थ से लड़ने के उद्देश्य से शुरू किए था।

ईरान व उत्तर कोरिया पर मिसाइल सहयोग का आरोप

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर कोरिया और ईरान ने वर्ष 2020 में लम्बी दूरी की मिसाइलों के विकास पर सहयोग फिर से शुरू किया। संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों के एक स्वतन्त्र पैनल द्वारा निर्मित वार्षिक रिपोर्ट को सुरक्षा परिषद में 9 फरवरी, 2021 को प्रस्तुत की गई।

उत्तर कोरिया पर लागए गए संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबन्धों पर निगरानी रखने वाले विशेषज्ञों के एक दल ने सुरक्षा परिषद को सौंपी गई रिपोर्ट में किम जोंग पर ऐसी सामग्री के निर्माण का आरोप लगाया है, जिससे परमाणु हथियार बन सकते हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर कोरिया ने प्रतिबन्धों को दरकिनार कर अपने एटमी हथियारों और बैलिस्टिक मिसाइलों का आधुनिकीकरण किया है।

उत्तर कोरिया ने 2006 में पहली बार नाभिकीय परीक्षण किया था, जिसके बाद संयुक्त राष्ट्र ने उस पर कड़े प्रतिबन्ध लगा दिए थे। संयुक्त राष्ट्र की गोपनीय रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने वर्ष 2020 में लम्बी दूरी की मिसाइलों को बनाने में उत्तर कोरिया की मदद की थी। हालाँकि ईरान ने इन आरोपों से इनकार किया है।

पाकिस्तानी बासमती को मिला GI टैग

पाकिस्तान ने अपने 31 जनवरी, 2021 को बासमती चावल के लिए भौगोलिक संकेतक (GI) टैग प्राप्त किया है। यह चावल के विशेष किस्म के लिए एक स्थानीय पंजीकरण तैयार करने और अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में स्थिति मजबूत करने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

पाकिस्तान ने भौगोलिक संकेत अधिनियम 2020 के तहत बासमती चावल को अपने भौगोलिक संकेतक (GI) के रूप में पंजीकृत किया है। पाकिस्तान के बासमती चावल को GI टैग दिए जाने से यूरोपीय संघ में पाकिस्तान के दावे को मजबूती मिलेगी।

पाकिस्तान द्वारा विश्व के विभिन्न हिस्सों में प्रतिवर्ष 5 लाख से 7 लाख टन बासमती चावल का निर्यात किया जाता है, जिसमें से 2 लाख टन से 2.5 लाख टन यूरोपीय संघ के देशों को भेजा जाता है।

पाकिस्तान, यूरोपीय संघ से बासमती चावल को अपने उत्पाद के रूप में मान्यता प्राप्त करने के लिए भारत के खिलाफ मुकदमा लड़ रहा है। भारत का दावा है कि बासमती चावल का उत्पादन करने वाला क्षेत्र हिमालय की तलहटी वाला गंगा का मैदान उत्तरी भारत का एक हिस्सा है। इस दावे को दिसम्बर, 2019 में पाकिस्तान द्वारा यूरोपीय संघ में चुनौती दी गई थी। पाकिस्तान का तर्क था कि बासमती चावल भारत और पाकिस्तान का संयुक्त उत्पाद है।

बासमती को लम्बा और सुगन्धित चावल के रूप में जाना जाता है। GI टैग उन उत्पादों पर उपयोग किया जाने वाला एक संकेतक है, जिसकी एक विशिष्ट भौगोलिक उत्पत्ति केन्द्र है और इसी क्षेत्र के विशेष गुण और खासियत से युक्त होता है। वर्ष 2004 में 'दार्जिलिंग टी' GI टैग प्राप्त करने वाला पहला भारतीय उत्पाद है। भौगोलिक संकेतक का पंजीकरण 10 वर्ष के लिए मान्य होता है।

चीन ने BBC पर लगाया प्रतिबन्ध

चीन ने ब्रिटिश टेलीविजन चैनल BBC वर्ल्ड न्यूज को 12 फरवरी, 2021 को प्रतिबन्धित कर दिया है। चीन के राष्ट्रीय रेडियो और टेलीविजन प्रशासन (NRTA) ने प्रतिबन्ध का ऐलान करते हुए बताया कि BBC ने कोरोना वायरस और शिनजियांग को लेकर गलत रिपोर्टिंग की है। चीन के अनुसार BBC ने समाचार के सत्य और निष्पक्ष होने की आवश्यक शर्त का भी उल्लंघन किया है।

चीन की NRTA ने आरोप लगाया कि BBC की रिपोर्टों से चीन के राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुँचा है और उसकी राष्ट्रीय एकता भी कमजोर हुई है। इसलिए BBC चीन में प्रसारण करने वाले विदेशी चैनलों के आवश्यक शर्तों को पूरा नहीं करता है। चीन ने BBC पर अगले वर्ष भी प्रसारण के लिए आवेदन करने पर प्रतिबन्ध लगा दिया है। 4 फरवरी, 2021 को ब्रिटेन ने चीन के सरकारी मीडिया CGTN को अपने देश में प्रतिबन्धित किया।



2030 तक भारत बनेगा तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता देश

अन्तर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेन्सी (IEA) ने 9 फरवरी, 2021 को बताया कि भारत वर्ष 2030 तक यूरोपीय संघ को पीछे छोड़कर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता देश बन जाएगा।

IEA की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2040 तक भारत की GDP में होने वाली वृद्धि जापान की अर्थव्यवस्था के बराबर होगी और भारत इस लिहाज से वर्ष 2030 तक यूरोपीय संघ को पीछे छोड़कर तीसरे पर आ जाएगा।

रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2019 से 2040 तक वैश्विक ऊर्जा माँग में बढ़ोतरी का लगभग एक-चौथाई हिस्सा भारत से आयोग, जो किसी भी दूसरे देश के मुकाबले अधिक है।

IEA ने भारत ऊर्जा परिदृश्य 2021 में बताया कि वर्ष 2040 तक प्राथमिक ऊर्जा खपत बढ़कर लगभग 112.3 करोड़ टन तेल के बराबर हो जाएगी, जो मौजूदा स्तर के मुकाबले दोगुना है। इस समय तक GDP के $ 8600 अरब होने का अनुमान है।

इससे पहले वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की एक रिपोर्ट में बताया गया था कि भारत वर्ष 2030 तक संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार बनने के लिए तैयार है।

EIU द्वारा लोकतन्त्र सूचकांक 2020 जारी

इकोनॉमिस्ट इण्टेलिजेन्स यूनिट (EIU) ने 3 फरवरी, 2021 को 167 देशों का लोकतन्त्र सूचकांक 2020 जारी किया। 'डेमोक्रेसी इन सिकनेस एण्ड इन हेल्थ' शीर्षक वाले EIU के ताजा लोकतन्त्र सूचकांक में नॉर्वे को शीर्ष स्थान मिला। दूसरे, तीसरे, चौथे और पाँचवें रैंक पर क्रमश: सूचकांक में आइसलैण्ड, स्वीडन, न्यूजीलैण्ड और कनाडा है।

भारत इन वैश्विक रैंकिंग में 2 स्थान फिसलकर 53वें स्थान पर आ गया है। EIU के अनुसार, प्राधिकारियों के लोकतान्त्रिक मूल्यों से पीछा हटने और नागरिकों की स्वतन्त्रता पर कार्यवाही के कारण देश वर्ष 2019 की तुलना में वर्ष 2020 में दो स्थान नीचे चला गया। भारत को इस वर्ष के सूचकांक में 6.61 अंक मिले।

लोकतन्त्र सूचकांक में 167 देशों में से 23 देशों को पूर्ण लोकतन्त्र, 52 देशों को त्रुटिपूर्ण लोकतन्त्र, 35 देशों को मिश्रित शासन और 57 देशों को सत्तावादी शासन के रूप में वर्गीकृत किया गया। भारत को अमेरिका, फ्रांस, बेल्जियम और ब्राजील के साथ 'त्रुटिपूर्ण लोकतन्त्र' के तौर पर वर्गीकृत किया गया है।

भारत के पड़ोसी देशों की रैंकिंग

भारत के पड़ोसियों में से श्रीलंका को इस सूचकांक में 68वाँ स्थान मिला है। इसे एक त्रुटिपूर्ण लोकतन्त्र के रूप में वर्गीकृत किया गया। पाकिस्तान 105वें स्थान पर रहा। इस हाइब्रिड शासन वाले देशों में बांग्लादेश शामिल है, जिसे 76वें स्थान पर और भूटान को 84वें स्थान पर रखा गया है।

अफगानिस्तान को 139वें स्थान पर रखा गया है और इसे एक 'सत्तावादी शासन' के रूप में वर्गीकृत किया गया है। EIU की वार्षिक लोकतन्त्र सूचकांक रिपोर्ट के सम्पादक जोआन होए हैं। इस सूचकांक में उत्तर कोरिया अन्तिम 167वें स्थान पर बरकरार है।

अमेरिकी सेना में ट्रांसजेण्डर पर लगे प्रतिबन्ध समाप्त

अमेरिका के जो बाइडेन ने 26 जनवरी, 2021 को अपने नए कार्यकारी आदेश के माध्यम से अमेरिकी सेना में ट्रांसजेण्डरों के शामिल होने पर लगे प्रतिबन्ध को हटा दिया है। डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने कार्यकाल के पहले वर्ष में ही ट्रांसजेण्डरों के सेना में शामिल होने पर प्रतिबन्ध लगा दिया था।

बाइडेन का मानना है कि इस आदेश के बाद सभी योग्य अमेरिकियों को वर्दी में अपने देश की सेवा करने में सक्षम बनाएगा। इसके समावेशन से सेना को कोई आपत्ति नहीं है।

यह आदेश रक्षा और होमलैण्ड सिक्योरिटी के विभागों को निर्देश देता है कि वे सैन्य और तटरक्षक बल में आदेश को लागू करने के लिए कदम उठाएँ। इस आदेश में कहा गया है कि उन्हें ऐसे लोगों के रिकॉर्ड को फिर से जाँचना होगा, जिन्हें पिछली नीति के तहत अस्वीकृत कर दिया गया था।

इसके लिए विभागों को 60 दिनों के भीतर राष्ट्रपति को अपने प्रगति पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। सेवानिवृत्त जनरल लॉयड ऑस्टिन ने राष्ट्रपति के इस कदम का समर्थन किया है।

गुयेन फु ट्रोंग फिर से बने वियतनाम के प्रमुख

सत्तारूढ़ वियतनाम कम्युनिस्ट पार्टी ने अपने 76 वर्षीय महासचिव गुयेन फु ट्रोंग को 3 फरवरी, 2021 को तीसरे पाँच वर्षीय कार्यकाल के लिए फिर से चयन किया। वह वर्ष 2011 से इस पद पर सेवारत है। ट्रोंग वर्ष 2018 से वियतनाम के राष्ट्रपति का पद भी सम्भाल रहे हैं। महासचिव का पद वियतनाम के कम्युनिस्ट पार्टी का सर्वोच्च पद होता है। वियतनाम एकदलीय समाजवादी गणराज्य है। इसका कोई सर्वोच्च शासक नहीं है। वियतनाम आधिकारिक तौर पर चार स्तम्भों-कम्युनिस्ट पार्टी के प्रमुख (सबसे शक्तिशाली पद), एक राष्ट्रपति, एक प्रधानमन्त्री और नेशनल असेम्बली चेयर का नेतृत्व करता है।



UN WTO ने 2020 को घोषित किया 'वर्स्ट ईयर ऑन रिकॉर्ड'

'विश्व पर्यटन बैरोमीटर' के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन ने वर्ष 2020 को 'वर्स्ट ईयर ऑन रिकॉर्ड' घोषित किया है। वर्ष 2020 में COVID-19 के प्रकोप को रोकने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन प्रतिबन्धों के कारण वैश्विक पर्यटन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।

अन्तर्राष्ट्रीय आवक में 74% की कमी आई और विश्व भर के गन्तव्यों ने वर्ष 2019 की तुलना में 1 बिलियन कम अन्तर्राष्ट्रीय आगमन का स्वागत किया। यात्रा में यह गिरावट निर्यात राजस्व में $ 1.3 ट्रिलियन की अनुमानित हानि को दर्शाता है, जो वर्ष 2009 के संकट के दौरान 11 गुना कम है। क्षेत्रीय मोर्चे पर एशिया और प्रशान्त क्षेत्र में 84% कमी पर्यटन में देखने को मिली।

मिस्र और कतर कूटनीतिक सम्बन्धों को फिर से शुरु करने पर सहमत

अरब गणराज्य मिस्र और कतर राज्य ने 20 जनवरी, 2021 को आधिकारिक नोटों का आदान-प्रदान किया, जिसके अनुसार दोनों देश राजनयिक सम्बन्धों को फिर से शुरू करने के लिए सहमत हुए। यह सहमति खाड़ी सहयोग परिषद शिखर सम्मेलन के दौरान बनी।

खाड़ी देशों ने 41वें खाड़ी सहयोग परिषद शिखर सम्मेलन के दौरान 'एकजुटता और स्थिरता' समझौते पर हस्ताक्षर किए। एकजुटता दिखाते हुए मिस्र ने भी कतर के साथ अपने सम्बन्धों को फिर से बहाल कर दिया।

बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और UAE खाड़ी सहयोग परिषद के सदस्य हैं। मिस्र ने कतर के साथ यह समझौता इसलिए भी किया है ताकि ईरान सरकार के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के खतरों के खिलाफ खाड़ी क्षेत्र को मजबूत किया जा सके।

शिखर सम्मेलन में खाड़ी सहयोग परिषद सदस्यों ने कतर पर लगे सभी प्रतिबन्धों को हटा दिया है और कतर के लिए अपनी भूमि, समुद्री और हवाई सीमा को पुन: खोल दिया है। कतर विश्व में प्राकृतिक गैस का सबसे बड़ा उत्पादक देश होने के साथ ही विश्व में सबसे अधिक प्रति व्यक्ति आय वाले देशों में से एक है।

लागू हुई परमाणु हथियार निषेध सन्धि

विश्वभर में परमाणु हथियारों की दौड़ पर रोक लगाने वाली अब तक की पहली सन्धि 22 जनवरी, 2021 से प्रभावी हो गई है। परमाणु हथियारों से लैस अमेरिका, चीन, भारत सहित विश्वभर के कई देशों ने इसका सख्त विरोध किया है। इसके बावजूद यह परमाणु हथियार निषेध सन्धि अब अन्तर्राष्ट्रीय कानून का हिस्सा बन गया है।

सन्धि को 24 अक्टूबर, 2020 को 50वाँ अनुमोदन प्राप्त हुआ था और यह 22 जनवरी, 2021 से प्रभावी हो गई है। इस सन्धि का मुख्य उद्देश्य परमाणु हथियारों के उपयोग पर रोक लगाना है। यह सन्धि सभी पीड़ितों को पुनर्वास, चिकित्सा देखभाल और मनोवैज्ञानिक सहायता की व्यवस्था का वचन देती है। यह सन्धि परमाणु उपयोग या परीक्षण से दूषित होने वाले क्षेत्रों की सफाई को भी अनिवार्य बनाती है। इस सन्धि को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने जुलाई, 2017 में मंजूरी दी थी और 120 से अधिक देशों ने इसे स्वीकृति प्रदान की थी।

लेकिन परमाणु हथियारों से लैस या जिनके पास इसके होने की सम्भावना है उन 9 देशों-अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, चीन, फ्रांस, भारत, पाकिस्तान, उत्तर कोरिया और इजरायल ने इस सन्धि का कभी समर्थन नहीं किया और न ही 30 राष्ट्रों के नाटो गठबन्धन ने इसका समर्थन किया।

पुर्तगाल के राष्ट्रपति घोषित हुए मार्सेलो रेबेलो डी सोसा

पुर्तगाल के मध्यमार्गीय-दक्षिणपन्थी उदारवादी राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी सोसा 25 जनवरी, 2021 को चुनाव जीत गए। एक बार फिर वे देश के राष्ट्रपति घोषित हुए। मार्सेलो को 61.5% मत मिले थे। चुनाव जीतने के लिए उम्मीदवार को 50% से अधिक वोट हासिल करने होते हैं।

मशहूर टेलीविजन हस्ती रहे 72 वर्षीय सोसा लगातार 60% या उससे अधिक लोगों की पसन्द बने हुए हैं। सोसा प्रोफेसर होने के साथ-साथ संविधान व प्रशासनिक कानून के भी विशेषज्ञ हैं। सोसा मार्च, 2016 में राष्ट्रपति चुने गए थे।

इस बार पहले से ही उनकी जीत तय मानी जा रही थी। पुर्तगाल में राष्ट्र प्रमुख के पास विधायी शक्तियाँ नहीं होने के बाद भी देश को चलाने में उनकी प्रभावशाली भूमिका होती है।

ईरान सहित 6 देश नहीं कर सकेंगे UN में मतदान

संयुक्त राष्ट्र (UN) में ईरान सहित 6 देशों ने साधारण सभा में वोट करने का अधिकार 20 जनवरी, 2021 को खो दिया। उन्हें बकाया फीस न चुकाने के कारण वोटिंग के अधिकार से वंचित किया गया है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एण्टोनियो गुटरेस के अनुसार, इस सूची में ईरान के साथ नाइजर, द सेण्ट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक, कांगो, ब्रेजाविले, सूडान और जिम्बाब्वे हैं।

तीन देश ऐसे हैं, जिनका बकाया भुगतान न होने के बाद भी वोटिंग अधिकार जारी रखा गया है। तीनों देश कोमरोस, साओ टोम, सोमालिया के अनुसार, वे भुगतान करने की स्थिति में नहीं हैं। UN महासचिव के अनुसार, कोई देश लगातार 2 वर्ष तक संयुक्त राष्ट्र की बकाया फीस का भुगतान नहीं करता है, तो उसको वोटिंग के अधिकार से वंचित कर दिया जाता है।

ईरान पर $ 1 करोड़ 20 लाख फीस बकाया है। ईरान ने इस फीस का भुगतान न किए जाने के लिए अमेरिका को दोषी ठहराया है। ईरान के अनुसार, अमेरिका की पाबन्दी के कारण ऐसा हुआ है।

मारियो ड्रॉगी बने इटली के प्रधानमन्त्री

अर्थशास्त्री मारियो ड्रॉगी ने इटली के नए प्रधानमन्त्री के रूप में 13 फरवरी, 2021 को शपथ ली। पूर्व यूरोपीय सेण्ट्रल बैंक के प्रमुख मारियो को सुपर मारियो के रूप में जाना जाता है। वह 73 वर्ष के हैं। मारियो के मन्त्रिमण्डल में सीनियर नेता लुइंगी डि मियो विदेश मन्त्री के रूप में रहेंगे। इसके अलावा जियानकार्लो जियोर्टेट्टी उद्योग मन्त्री होंगे।

सेण्टर वाम डेमोक्रेटिक पार्टी से एण्ड्रिया ऑरलैण्डो श्रम मन्त्री होंगे। यूरोपीय संघ के कोरोनावायरस रिकवरी फण्डों को खर्च के मामले को लेकर देश की पिछली सरकार ने त्याग-पत्र दे दिया था।

बाइडेन द्वारा 15 कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने 21 जनवरी, 2021 को 15 कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए। इन कार्यकारी आदेशों में पेरिस जलवायु परिवर्तन समझौते में पुनः शामिल होने, विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) से अमेरिका को अलग होने से रोकने, मुस्लिम देशों से लोगों की यात्रा पर प्रतिबन्ध को हटाने और मैक्सिको सीमा पर दीवार निर्माण को तत्काल रोकना आदि शामिल हैं।

बाइडेन का पहला कार्यकारी आदेश 100 दिन मास्क लगाने वाला था, जिसमें देश की जनता से 100 दिन तक मास्क लगाने की अपील की गई है। बाइडेन ने जैफरी जीण्ट को COVID-19 प्रतिक्रिया समन्वयक बनाया है।

पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा भंग राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा व बायोडिफेन्स निदेशालय को भी फिर शुरू किया जाएगा। मैक्सिको सीमा पर दीवार बनाने का काम तत्काल प्रभाव से रोका गया। इसकी फण्डिंग भी रोकी गई। सात मुस्लिम देशों-इराक, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान, सीरिया और यमन पर लगा यात्रा प्रतिबन्ध हटाया गया।

2020 में पेरिस डील से हुआ था अलग

पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा नवम्बर, 2020 में अमेरिका को औपचारिक रूप से पेरिस जलवायु समझौते से अलग कर दिया था। हालाँकि, इस फैसले की घोषणा तीन वर्ष पहले ही कर दी गई थी।

ट्रम्प ने समझौते को अमेरिका के लिए बिना फायदे वाला और चीन, रूस तथा भारत जैसे देशों को लाभ पहुँचाने वाला बताया था। उनका मानना था कि इस समझौते में रहने से वर्ष 2025 तक 2.5 करोड़ अमेरिकियों की नौकरी जा सकती है। अमेरिका विश्व में सबसे ज्यादा ग्रीनहाउस गैस फैलाने वाले देशों में से एक है।


WHO में अब होगा अमेरिका

बाइडेन ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव को पत्र द्वारा विश्व स्वास्थ्य संगठन का हिस्सा बने रहने की जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र ने इस बात का स्वागत किया। अमेरिका का COVID-19 से निपटने के लिए स्वास्थ्य संगठन का समर्थन करना बेहद महत्वपूर्ण है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने WHO पर कोरोना से निपटने में सक्षम होने और चीन के प्रभाव में आने का आरोप लगाते हुए अमेरिका को वर्ष 2020 में उससे अलग करने की घोषणा की थी। उन्होंने अमेरिका को इस संगठन से अलग करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी थी। फैसले को इस वर्ष (2021) जुलाई से प्रभाव में आना था। लेकिन बाइडेन के इस कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करने से अब पहले का आदेश रद्द हो जाएगा।

दक्षिण कोरिया में विश्व का सबसे बड़ा पवन ऊर्जा संयन्त्र

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जे-इन ने वर्ष 2030 तक देश में विश्व का सबसे बड़ा पवन ऊर्जा संयन्त्र का निर्माण करने से सम्बन्धित योजना को 5 फरवरी, 2021 को मंजूरी प्रदान करने की घोषणा की। इस पवन ऊर्जा संयन्त्र की स्थापना दक्षिण-पश्चिमी तटीय शहर सिनान में की जाएगी।

इसकी अधिकतम क्षमता 8.2 मेगावाट होगी। इस परियोजना की अनुमानित लागत राशि लगभग 48 ट्रिलियन वोन (लगभग $ 43 बिलियन) होगी। वर्तमान में विश्व का सबसे बड़ा अपतटीय पवन फॉर्म ब्रिटेन में हॉर्नसी-1 है। इसकी क्षमता 1.12 गीगावाट (1218 मेगावाट) है।



भारत एवं विश्व

भारत-फ्रांस पर्यावरण वर्ष की शुरुआत

पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मन्त्री प्रकाश जावड़ेकर और फ्रांस की पारिस्थितिकीय परिवर्तन मन्त्री बारबरा पोम्पिली ने 28 जनवरी, 2021 को भारत-फ्रांस पर्यावरण वर्ष की शुरुआत की।

इसका लक्ष्य सतत् विकास में भारत-फ्रांस सहयोग को सुदृढ़ करना, वैश्विक पर्यावरण संरक्षण के लिए काम कर दुनिया के सामने उत्कृष्ट पर्यावरण सुधारों की छवि पेश करना है।

भारत-फ्रांस वर्ष 2021-22 की अवधि में पर्यावरण के लिहाज से 5 प्रमुख विषयों पर अधिक जोर दिया गया है। इसमें पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, जैव-विविधता संरक्षण, पर्यावरणीय जरूरतों के हिसाब से शहरी विकास और नवीकरणीय ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता का विकास शामिल किया गया है।

यह पर्यावरण और सम्बद्ध क्षेत्रों से सम्बन्धित सहयोग के महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर विचार-विमर्श करने के लिए भी एक मंच प्रदान करेगा।

यहाँ पर तकनीकों और दोनों देशों द्वारा अपनाई गई गुड प्रैक्टिस के अनुभवों को भी साझा किया जाएगा। भारत ने जलवायु परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है और तय समय से काफी पहले ही कार्बन उत्सर्जन तीव्रता में कमी का 26% लक्ष्य हासिल कर लिया है। फ्रांस की मन्त्री पोम्पिली पहली बार भारत यात्रा पर आई हैं। इसी क्रम में भारत-फ्रांस पर्यावरण वर्ष की शुरुआत की गई।

भारत का संयुक्त राष्ट्र PBF को $ 1.5 लाख का अनुदान

भारत ने वर्ष 2021 के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव के पीसबिल्डिंग फण्ड (PBF) की गतिविधियों में $ 1.5 बिलियन का अनुदान देने का वादा किया है।

यह अनुदान विशेषकर कोविड महामारी के परिप्रेक्ष्य में शान्ति स्थापना की प्रक्रिया पर और ज्यादा ध्यान केन्द्रित करने का अवसर प्रदान करेगा।

इसकी घोषणा संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि टीएस तिरुमूर्ति ने की। संयुक्त राष्ट्र शान्ति स्थापना कोष को अपनी 5 वर्ष की रणनीति के लिए वर्ष 2020-24 के दौरान शान्तिनिर्माण कोष के लिए डेढ़ अरब ($ 1.5 बिलियन) डॉलर की आवश्यकता होगी।

संयुक्त राष्ट्र के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु महासभा के संकल्प पत्र तथा सुरक्षा परिषद के संकल्प पत्र के माध्यम से शान्ति निर्माण कोष की स्थापना वर्ष 2006 में की गई। इस कोष का उद्देश्य ऐसे देशों को धन की पूर्ति करना है, जो आपसी संघर्ष के कारण विकास लक्ष्यों को पूरा कर पाने में असमर्थ रहे हों। इस कोष की स्थापना शान्ति निर्माण आयोग के अन्तर्गत की गई है। इस कोष में पाँच बड़े योगदान देने वाले देशों में स्वीडन, नीदरलैण्ड्स, जर्मनी, नॉर्वे और जापान हैं।

भारत-इथोपिया द्वारा वीजा समझौते पर हस्ताक्षर

भारत और इथोपिया ने 19 फरवरी, 2021 को वीजा सुविधा और चमड़ा प्रौद्योगिकी से सम्बन्धित दो समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

इथोपिया के उप-प्रधानमन्त्री और विदेश मन्त्री डेमेके मेकोन्नेन हासेन और विदेश मन्त्री एस. जयशंकर की उपस्थिति में इन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। डेमेके मेकोन्नेन हासेन 16 जनवरी, 2021 से भारत की चार-दिवसीय यात्रा पर आए थे।

दोनों नेता भारत और इथोपिया के बीच द्विपक्षीय सहयोग और विस्तारित करने पर सहमत हो गए जिसमें विशेष तौर पर रक्षा, आर्थिक क्षेत्र, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, डिजिटल और सांस्कृतिक सहयोग शामिल हैं।

दोनों देशों के बीच लगभग दो हजार वर्षों से सम्बन्ध हैं। वर्ष 1952 से दोनों देशों के बीच राजदूतों के स्तर पर राजनयिक सम्बन्ध स्थापित हुए हैं।

अफगानिस्तान में शहतूत बाँध निर्माण हेतु समझौता

अफगानिस्तान में 9 फरवरी, 2021 को लालन्दर 'शहतूत' बाँध के निर्माण के लिए भारत और अफगानिस्तान के बीच समझौता ज्ञापन पर एक वर्चुअल समारोह में हस्ताक्षर किए गए।

इस समझौता ज्ञापन में प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी और अफगानिस्तान के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद अशरफ गनी की उपस्थिति में विदेश मन्त्री डॉ. जयशंकर और अफगानिस्तान के विदेश मन्त्री हनीफ अतमान ने हस्ताक्षर किए।

लालन्दर 'शहतूत' बाँध काबुल शहर की सुरक्षित पेयजल सम्बन्धी जरूरतों को पूरा करेगा, आसपास के इलाकों को सिंचाई सुविधा प्रदान करेगा, सिंचाई और जल निकासी के मौजूदा नेटवर्क को पुनर्जीवित करेगा।

इस इलाके में बाढ़ सुरक्षा और प्रबन्धन प्रयासों में सहायता करेगा और इस क्षेत्र को बिजली भी प्रदान करेगा।

यह परियोजना भारत और अफगानिस्तान के बीच नई विकास साझेदारी का एक हिस्सा है। भारत-अफगानिस्तान मैत्री बाँध या सलमा बाँध, जिसका उद्घाटन जून, 2016 में किया गया था, के बाद यह भारत द्वारा अफगानिस्तान में बनाया जा रहा दूसरा बड़ा बाँध है।

पहला ASEAN-भारत हैकाथॉन, 2021 आयोजित

पहला ASEAN-भारत हैकाथॉन 2021 का आयोजन 5 फरवरी, 2021 को आयोजित हुआ। भारत के साथ-साथ इसमें 10 ASEAN देशों के छात्रों ने भाग लिया।

इन टीमों में 330 छात्र और 90 संरक्षक शामिल थे। छात्रों को 54 टीमों में विभाजित किया गया था, जिनमें लगभग सभी देशों का प्रतिनिधित्व था। प्रत्येक टीम में 6 छात्र और 2 संरक्षक शामिल थे।

इन विविध टीमों ने विभिन्न प्रतिष्ठित संगठनों और सरकारी निकायों द्वारा प्रदान की गई 11 समस्याओं के लिए सबसे अच्छा समाधान विकसित करने का प्रयास किया।

इस हैकाथॉन का लक्ष्य भारत और ASEAN देशों के बीच विज्ञान, प्रौद्योगिकी और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देना था।

शिक्षा मन्त्रालय के नवाचार प्रकोष्ठ अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (विदेश मन्त्रालय) और आसियान देशों के सहयोग से इस हैकाथॉन का आयोजन किया गया।

COVID-19 प्रतिबन्धों के कारण, हैकॉथान को उस डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करके ऑनलाइन आयोजित किया गया, जिसे स्वदेशी रूप से शिक्षा मन्त्रालय के नवाचार प्रकोष्ठ द्वारा विकसित किया गया था।



अर्थव्यवस्था एवं बैंकिंग

MITRA योजना की घोषणा

भारत के कपड़ा उद्योग को विश्व में प्रतिस्पर्द्धी बनाने के लिए सरकार ने वर्ष 2021-22 के केन्द्रीय बजट में MITRA (मेगा इन्वेस्टमेण्ट टेक्सटाइल्स पार्क) योजना की घोषणा 1 फरवरी, 2021 को की।

इस योजना का उद्देश्य बड़े निवेश को आकर्षित करना, रोजगार के अधिक अवसर उत्पन्न करना तथा निर्यात को बढ़ावा देना है। यह निर्यात में विश्व चैम्पियन बनाने के लिए प्लग और प्ले सुविधा के साथ विश्व स्तरीय अवसंरचना सृजित करेगा।

योजना की विशेषताएँ

- इस योजना को उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (PLI) के अतिरिक्त आरम्भ किया जाएगा।
- आने वाले 3 वर्षों में सात MITRA योजनाओं का निर्माण किया जाना है।
- PLI योजना के साथ MITRA अधिक निवेश और रोजगार के अवसरों में वृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगा।

क्या है PLI?

यह एक उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना है, जिसमें निर्माता/उत्पादक यदि किसी सामान का उत्पादन करता है, तो उसे सरकार की ओर से पहले से निर्धारित प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाता है। इस योजना के अन्तर्गत 5-7 वर्ष के लिए नकद प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इसमें सभी उभरते हुए महत्वपूर्ण क्षेत्रों को शामिल किया जाता है।

कपड़ा उद्योग में भारत

कपड़ा उद्योग कृषि क्षेत्र के बाद भारत का दूसरा सबसे बड़ा रोजगार सृजनकर्ता क्षेत्र है। टेक्सटाइल्स निर्यात के मामले में भारत का विश्व में पाँचवाँ स्थान है। पाँचवाँ बड़ा निर्यातक होने के बावजूद भी भारत अभी तक इस क्षेत्र में अपनी पूरी क्षमता का उपयोग नहीं कर पा रहा है। मित्रा पार्क पहले से ही चीन और वियतनाम जैसे देशों में मौजूद हैं, जो कपड़ा उद्योग क्षेत्र को एक जोर देने में मदद करते हैं।

छोटी कम्पनियों की परिभाषा में संशोधन

कॉर्पोरेट मामलों के मन्त्रालय ने 1 फरवरी, 2021 को कम्पनी नियमों में संशोधन करके छोटी कम्पनियों की परिभाषा में संशोधन किया है। नया संशोधन अनिवासी भारतीयों (NRI) को भारत में एकल व्यक्ति कम्पनियों (OPC) को खोलने की अनुमति देता है। इन बदलावों की घोषणा वित्त मन्त्री निर्मला सीतारमण ने केन्द्रीय बजट के दौरान की। ये बदलाव 1 अप्रैल, 2021 से लागू होंगे।

अधिसूचना में यह भी बताया गया है कि छोटी कम्पनी की पेड-अप कैपिटल और टर्नओवर क्रमशः ₹ 2 और ₹ 20 करोड़ से अधिक नहीं होना चाहिए।

पहले कम्पनी अधिनियम में अधिकतम ₹ 50 लाख की पूँजी और ₹ 2 करोड़ के कारोबार का उल्लेख किया गया था।

वर्ष 2018 में कम्पनी अधिनियम में संशोधन किया गया था। इसमें छोटी कम्पनियों के लिए पेड-अप कैपिटल और टर्नओवर के लिए क्रमशः ₹ 10 करोड़ और ₹ 100 करोड़ का प्रावधान था।

विश्व आर्थिक मंच का दावोस संवाद 2021 आयोजित

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 28 जनवरी, 2021 को वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से विश्व आर्थिक मंच के दावोस संवाद को सम्बोधित किया। प्रधानमन्त्री मोदी ने यहाँ चौथी औद्योगिक क्रान्ति पर अपने विचार रखे।

दावोस एजेण्डा में अपने सम्बोधन के दौरान प्रधानमन्त्री मोदी ने कहा कि आपने अर्थव्यवस्था के इस महत्वपूर्ण मंच को इस मुश्किल समय में भी जीवन्त बनाए रखा है। इसमें प्रधानमन्त्री ने कोरोना काल के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार का खाका रखा तथा तकनीक के बढ़ते प्रयोग पर बात की।

अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने अनुमान लगाया है कि वित्त वर्ष 2021-22 में भारत की आर्थिक विकास दर 11.5% रह सकती है।

वर्ष की शुरुआत में दावोस में विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक में वैश्विक, क्षेत्रीय और उद्योग एजेण्डों को सही दिशा देने के लिए विश्व के शीर्ष नेता शामिल हुए। अन्य वैश्विक नेताओं के अतिरिक्त इस सम्मेलन को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग, जर्मनी की चान्सलर एन्जेला मार्कल और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सम्बोधित किया।

विश्व आर्थिक मंच के इस सत्र में विश्व भर के करीब 400 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। विश्व आर्थिक मंच (WEF) का नियमित वार्षिक सम्मेलन मई, 2021 में स्विट्जरलैण्ड के दावोस के बजाय सिंगापुर में होगा।

मौद्रिक नीति समीक्षा की बैठक आयोजित

भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने 5 फरवरी, 2021 को घोषणा की कि मौद्रिक नीति समिति मौजूदा स्तरों पर प्रमुख नीतिगत दरों को बनाए रखेगी।

आम बजट 2021-22 पेश होने के बाद यह MPC की पहली समीक्षा बैठक थी। RBI ने पिछली तीन मौद्रिक समीक्षा बैठकों में MPC ने ब्याज दरों में बदलाव नहीं किया है। रिजर्व बैंक ने आखिरी बार 22 मई, 2020 में नीतिगत दरों में संशोधन किया था। रेपो दर को 4% और रिवर्स रेपो दर को 3.35% पर अपरिवर्तित रखा गया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने बताया कि वर्ष 2021-22 के दौरान सकल घरेलू उत्पादन (GDP) की दर 10.5% रहने का अनुमान है।

उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति की दर का अनुमान संशोधित करके 5.2% कर दिया गया है।


मौद्रिक नीति समिति की बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णय निम्न हैं

- **रेपो दर** 4.00%
- **रिवर्स रेपो दर** 3.35%
- **सीमान्त स्थायी सुविधा दर** 4.25%
- **बैंक दर** 4.25%
- **CRR** 3%
- **SLR** 18.00%

किसानों हेतु सीड ट्रेसबिलिटी मोबाइल ऐप्प लॉन्च

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण, ग्रामीण विकास, पंचायत राज तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मन्त्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने 28 जनवरी, 2021 को राष्ट्रीय बीज निगम द्वारा लाभांश वितरण के अवसर पर सीड ट्रेसबिलिटी मोबाइल ऐप्प लॉन्च किया। इस ऐप्प के माध्यम से उत्तम बीजों की जानकारी मिलेगी और किसान धोखाधड़ी से बच सकेंगे। साथ ही इस कार्यक्रम में नरेन्द्र सिंह तोमर ने गुण नियन्त्रण तथा DNA प्रयोगशाला का शुभारम्भ भी किया।

पूसा (नई दिल्ली) स्थित राष्ट्रीय बीज निगम (NSC) के मुख्यालय में आयोजित इस समारोह में नरेन्द्र सिंह तोमर ने शंकरन द्वारा सम्पादित पुस्तक 'एनएससी जर्नी इन द सर्विस ऑफ फॉर्मर्स' नामक पुस्तिका का विमोचन भी किया। NSC कम दाम पर गुणवत्तायुक्त बीज किसानों को उपलब्ध करा रहा है, यह देश के लिए बड़ा काम है। खाद्यान्न की आत्मनिर्भरता में किसानों व वैज्ञानिकों के साथ-साथ NSC का भी बड़ा योगदान है।



15वें वित्त आयोग की रिपोर्ट संसद में प्रस्तुत

वित्त मन्त्री निर्मला सीतारमण द्वारा 15वें वित्त आयोग की अन्तिम रिपोर्ट को संसद में 1 फरवरी, 2021 को प्रस्तुत किया गया। इस रिपोर्ट में 'वित्त आयोग-कोविड के दौर में 2021-26 के लिए रिपोर्ट' शीर्षक से जारी की गई है। आयोग द्वारा 2 रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें वर्ष 2021-22 के लिए पहली रिपोर्ट तथा वर्ष 2025-26 तक की विस्तारित अवधि के लिए अन्तिम रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है।

1 अप्रैल, 2021 से प्रारम्भ होकर वर्ष 2021-22 से वर्ष 2025-26 तक के वित्तीय वर्षों को शामिल करते हुए, संविधान के अनुच्छेद-281 के अनुपालन में यह अन्तिम रिपोर्ट सदन के पटल पर रखी गई। *सिफारिशों में कुछ महत्वपूर्ण बिन्दु निम्न प्रकार हैं*

- सरकार द्वारा मंजूरी प्राप्त सिफारिशों में संघ के करों की निवल प्राप्तियों का वर्तमान में 42% की तुलना में 41% की हिस्सेदारी राज्यों को दिया जाना शामिल है।
- यह सिफारिश करने का कारण नए गठित जम्मू-कश्मीर और लद्दाख केन्द्रशासित प्रदेशों की वित्तीय आवश्यकता को पूरा करने हेतु संघ करों की निवल प्राप्तियों का 1% केन्द्र सरकार के पास रखे जाने को बताया गया है।
- आयोग ने संविधान के अनुच्छेद-275 के तहत राजस्व घाटे, स्थानीय निकायों, आपदा प्रबन्धन, क्षेत्र विशेष तथा कुछ राज्य विशेष के लिए राज्यों को राजस्व की अनुदान सहायता देने की सिफारिश की है।
- आयोग ने वर्ष 2021-22 से वर्ष 2025-26 की अवधि के दौरान 17 राज्यों के लिए ₹ 294514 करोड़ के हस्तान्तरण के बाद राजस्व घाटा अनुदान देने की सिफारिश की है।
- आयोग ने वर्ष 2021-26 की अवधि के लिए शहरी व स्थानीय निकायों के लिए कुल अनुदान ₹ 436361 करोड़ की सिफारिश की है।
- स्थानीय सरकारों के माध्यम से ग्रामीण निकायों के लिए ₹ 236805 करोड़, शहरी स्थानीय निकायों के लिए ₹ 121055 करोड़ और स्वास्थ्य अनुदानों हेतु ₹ 70051 करोड़ की धनराशि रखी है।
- नए शहरों की के स्थापना हेतु ₹ 8000 करोड़ व नगरपालिका सेवाओं की हिस्सेदारी हेतु ₹ 450 करोड़ रखे जाने की सिफारिश की गई है।
- आयोग द्वारा सामान्य राज्यों के लिए 75 : 25 और पूर्वोत्तर तथा विशेष श्रेणी के राज्यों हेतु 90 : 10 के केन्द्र और राज्य सरकारों के मध्य मौजूदा लागत हिस्सेदारी अनुपात को जारी रखने की सिफारिश की है।
- 5% की वार्षिक वृद्धि करते हुए वर्ष 2021-26 की अवधि हेतु आयोग द्वारा आपदा प्रबन्धन के लिए राज्यों को कुल ₹ 160153 करोड़ के निधि की सिफारिश की है।
- आयोग ने ₹ 12987 करोड़ का राज्यों को अनुदान 8 विभिन्न क्षेत्रों-स्वास्थ्य, विद्यालयी शिक्षा, उच्चतर शिक्षा, कृषि, PMGSY सड़कों का रख-रखाव, आकांक्षी जिलों व

ब्लॉकों, न्यायिक क्षेत्र तथा सांख्यिकीय मे देने की सिफारिश की है।

- आयोग द्वारा सिफारिश की गई है कि राज्य सरकारों के निवल ऋणों के लिए सामान्य सीमा वर्ष 2021-22 में GSDP का 4% वर्ष 2022-23 में 3.5% निर्धारित की जा सकती है तथा वर्ष 2023-24 से वर्ष 2025-26 तक के लिए इसे 3% कायम रखा जा सकता है।
- सरकार ने राज्यों के लिए उधार की अधिकतम सीमाओं की मात्रा (GSDP प्रतिशत के अनुसार) के सम्बन्ध में सिफारिशों को सैद्धान्तिक रूप से स्वीकार कर लिया गया है। राज्यों के लिए वित्तीय रोडमैप से सम्बन्धित अन्य सिफारिशें और MRBM अधिनियम में संशोधन पर अलग से जाँच की जाएगी।
- वित्त आयोग द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार, क्षैतिज अन्तरण और भारांक का प्रतिशत, जिसकी अनुशंसा की गई है, निम्न प्रकार है

मानदण्ड	भारांक (%)
जनसंख्या	15.0
क्षेत्रफल	15.0
वन एवं पारिस्थितिकी	10.0
आय अन्तर	45.0
कर एवं राजकोषीय प्रयास	2.5
जनसांख्यिकीय निष्पादन	12.5

TCS विश्व का तीसरा सबसे बहुमूल्य IT सेवा प्रदाता ब्रैण्ड

टाटा कन्सलटेन्सी सर्विसेज (TCS) को 28 जनवरी, 2021 को वर्ष 2018-19 में विश्व की सबसे बहुमूल्य तीसरी IT सेवा ब्रैण्ड रैंकिंग दी गई है। इस रैंकिंग में पहले स्थान पर एसेन्चर और दूसरे पर IBM है। यह बात ब्रैण्ड फाइनेन्स की नई रिपोर्ट में कही गई है।

इस वर्ष के ग्लोबल ब्रैण्ड रैंकिंग में शीर्ष दस कम्पनियों में भारत की चार IT सेवा प्रदाता कम्पनियाँ हैं। इसमें TCS के अतिरिक्त इन्फोसिस, HCL और विप्रो क्रमश: चौथे, सातवें और नौवें स्थान पर आते हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, TCS (ब्रैण्ड वैल्यू $ 15 अरब) तेजी से दूसरे नम्बर के ब्रैण्ड IBM (ब्रैण्ड वैल्यू $ 16.1 अरब) के करीब पहुँचती जा रही है। विप्रो शीर्ष दस की सूची में पहली बार शामिल हुई है।

रिलायन्स जियो बनी विश्व की 5वीं मजबूत ब्रैण्ड कम्पनी

रिलायन्स इण्डस्ट्रीज की टेलिकॉम कम्पनी रिलायन्स जियो को अभी 5 वर्ष भी नहीं हुए हैं और वह विश्व की 5वीं सबसे मजबूत ब्रैण्ड बन गई। ब्रैण्ड फाइनेन्स ग्लोबल 500 नाम से वर्ष 2021 के लिए रिपोर्ट जारी हुई, जिसमें जियो को 100 स्कोर में से 91.7 दिया गया है। इसे AAA+ ब्रैण्ड रेटिंग दिया गया है।

इस लिस्ट में चाइनीज मोबाइल ऐप्प 'WeChat' को पहला स्थान, दूसरा स्थान आटो जियाण्ट फेरारी, तीसरा स्थान रशियन ब्राण्ड 'Sber' और चौथा स्थान कोका कोला को दिया गया है। सितम्बर, 2016 में बनी जियो विश्व में तेजी से ग्रोथ कर रही टेलिकॉम कम्पनी है।

इसे विश्व की 5वीं सबसे मजबूत ब्रैण्ड बनने में 5 वर्ष से भी कम का समय लगा है। इसके पास 40 करोड़ से ज्यादा कस्टमर बेस हैं। घरेलू स्तर पर यह सबसे बड़ी मोबाइल नेटवर्क ऑपरेटर है, जबकि विश्व में तीसरी सबसे बड़ी मोबाइल नेटवर्क ऑपरेटर है।



स्टार्स परियोजना की वित्तीय सहायता हेतु करार

राज्यों में शिक्षण, सीखने और परिणामों को बेहतर बनाने की शिक्षा मन्त्रालय की स्टार्स परियोजना के क्रियान्वयन को वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु 29 जनवरी, 2021 को आर्थिक मामलों के विभाग (DEA) और विश्व बैंक के मध्य समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। स्टार्स परियोजना की कुल लागत ₹ 5718 करोड़ है। 5 वर्ष की अवधि में विश्व बैंक इसमें $ 50 करोड़ (लगभग ₹ 3700 करोड़) की वित्तीय सहायता देगा।

शेष राशि योजना में भागीदारी कर रहे राज्यों द्वारा राज्य अंश के रूप में दी जाएगी। स्टार्स परियोजना शिक्षा मन्त्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के अन्तर्गत नई केन्द्रीय सहायता प्राप्त योजना के रूप में क्रियान्वित की जाएगी।

इसके पूर्व केन्द्रीय मन्त्रिपरिषद ने 14 अक्टूबर, 2020 को स्टार्स परियोजना के प्रस्ताव का अनुमोदन किया था।

इस परियोजना में 6 राज्य हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, केरल और ओडिशा शामिल हैं। स्टार्स परियोजना राष्ट्रीय शिक्षा नीति की विभिन्न अनुशंसाओं लागू करने में सहायक बनेगी; जैसे—आरम्भिक बाल्यावस्था, शिक्षा और आधारभूत शिक्षण, शिक्षण आकलन सुधार प्रणाली, शिक्षा में ICT सहायित उपागम, शिक्षक विकास तथा व्यवसाय परक शिक्षा।

सरकारी कम्पनियों की निजीकरण नीति को मंजूरी

केन्द्रीय सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (PSU) के निजीकरण पर नीति को 27 जनवरी, 2021 को मंजूरी दी। इस नीति के आधार पर ही रणनीतिक और गैर रणनीतिक क्षेत्रों में सरकार की मालिकाना या स्वामित्व वाली संस्थानों की उपस्थिति के लिए एक रोड मैप प्रस्तुत करेगी।

यह नीति आत्मनिर्भर भारत पैकेज का हिस्सा है, जिसकी घोषणा वित्त मन्त्री ने मई, 2020 में की थी। इसकी घोषणा एक सुसंगत नीति के रूप में की गई थी। जिसमें सभी क्षेत्रों को निजी क्षेत्र की भागीदारी के लिए खोला जाएगा।

सरकार ने रणनीतिक क्षेत्रों में सार्वजनिक उपक्रमों की उपस्थिति को एक से चार तक सीमित करने की भी घोषणा की थी। सरकार शेष कम्पनियों का निजीकरण, विलय या एक होल्डिंग कम्पनी के तहत लाने का प्रयास कर रही है। वर्ष 1951 तक सार्वजनिक क्षेत्र में केवल 5 उद्यम थे। मार्च, 2019 तक सह संख्या बढ़कर 348 हो गई है।

स्टार्टअप इण्डिया सीड फण्ड योजना के लिए विशेषज्ञ समिति

वाणिज्य और उद्योग मन्त्रालय ने ₹ 1000 करोड़ की स्टार्टअप इण्डिया सीड फण्ड योजना के क्रियान्वयन और निगरानी के लिए एक विशेषज्ञ सलाहकार समिति का गठन किया। इसके लिए सरकार ने 29 जनवरी, 2021 को एक अधिसूचना जारी की। प्रधानमन्त्री मोदी ने इस योजना की घोषणा स्टार्टअप की मदद और नए उद्यमियों को आगे बढ़ाने में सहयोग के लिए की थी।

इस समिति के सदस्यों में उद्योग एवं आन्तरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT), जैव प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मन्त्रालय, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और नीति आयोग के प्रतिनिधि तथा DPIIT सचिव द्वारा नामित कम-से-कम तीन विशेषज्ञ शामिल होंगे।

समिति सीड फण्ड के आवण्टन, प्रगति की निगरानी के स्टार्टअप का चयन करेगी और इस बात के लिए सभी जरूरी उपाय करेगी कि इस धन का सही प्रयोग हो और योजना का मकसद पूरा हो। इस योजना के अनुसार, वर्ष 2021 से 2025 के दौरान पूरे भारत में चयनित इनक्यूबेटरों के माध्यम से ₹ 945 करोड़ की वित्तीय सहायता स्टार्टअप को दी जाएगी।

इस योजना का लाभ उठाने के लिए स्टार्टअप के पास DPIIT की मान्यता होनी चाहिए, आवेदन करते समय उसके गठन को 2 वर्ष से अधिक का समय नहीं होना चाहिए और उसके मूल उत्पाद या सेवाओं में औद्योगिकी का उपयोग होना चाहिए।

स्टैण्डर्ड चार्टर्ड बैंक पर ₹ 2 करोड़ का जुर्माना

भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने 21 जनवरी, 2021 को स्टैण्डर्ड चार्टर्ड बैंक पर ₹ 2 करोड़ का जुर्माना लगाया। बैंक पर यह जुर्माना धोखाधड़ी के बारे में बैंकिंग नियामक को बताने में देरी के लिए लगाया गया है। इसका खुलासा 31 मार्च, 2018 और 31 मार्च, 2019 को बैंक के सांविधिक निरीक्षण के दौरान हुआ था।


केन्द्रीय बैंक की कार्यवाही नियामकीय अनुपालन में खामियों के आधार पर की गई है और इसमें ग्राहकों के साथ लेन-देन में कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। स्टैण्डर्ड चार्टर्ड बैंक पर यह आर्थिक जुर्माना 'भारतीय रिजर्व बैंक (धोखाधड़ी-कमर्शियल बैंकों और चुनिन्दा वित्तीय संस्थानों द्वारा वर्गीकरण और सूचित करना) दिशा-निर्देश 2016' के कुछ निर्देशों का पालन नहीं करने के चलते लगाया गया। जुर्माना से पहले स्टैण्डर्ड चार्टर्ड बैंक को कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा गया कि उन पर जुर्माना क्यों न लगाया जाए उसके बाद यह कार्यवाही की गई।

शिवम सहकारी बैंक का लाइसेन्स रद्द

भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने 29 जनवरी, 2021 को महाराष्ट्र के कोल्हापुर स्थित शिवम सहकारी बैंक का लाइसेन्स रद्द कर दिया। RBI के अनुसार, शिवम सहकारी बैंक के पास न तो पर्याप्त पूँजी है और न ही भविष्य में कमाई की सम्भावना।

इस वजह से बैंक का लाइसेन्स तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया है। शिवम सहकारी बैंक 29 जनवरी, 2021 से किसी तरह का वित्तीय लेन-देन या कोई बैंकिंग कारोबार नहीं कर सकेगा।

RBI के अनुसार, बैंक में पैसा जमा करने वाले 99% से अधिक जमाकर्ता डिपोजिट इन्श्योरेन्स एण्ड क्रेडिट गारण्टी कॉर्पोरेशन से बीमाकृत हैं। बैंक के बन्द होने अर्थात् लिक्विडेशन के बाद इसके सभी जमाकर्ताओं को इन्श्योरेंस का क्लेम मिलेगा, जिन्होंने बैंक में ₹ 5 लाख तक जमा किया है। RBI ने महाराष्ट्र के रजिस्ट्रार ऑफ को-ऑपरेटिव सोसायटी को निर्देश दिया है कि वे बैंक को बन्द करने का निर्देश जारी करें।



PNB द्वारा गैर EMV ATM से पैसे निकालने पर रोक

पंजाब नेशनल बैंक (PNB) ने 1 फरवरी, 2021 से गैर EMV ATM से अपने ग्राहक द्वारा पैसे निकालने पर रोक लगाई। PNB ग्राहक बिना EMV के ATM से वित्तीय या गैर-वित्तीय लेनदेन नहीं कर पाएँगे।

देशभर में बढ़ते ATM धोखाधड़ी को रोकने के लिए PNB ने यह बड़ा बदलाव किया है। PNB अब नकदी निकालने के लिए OTP आधारित प्रणाली शुरू करेगा।

PNB ने पुराने भारतीय वित्त प्रणाली कोड (IFSC) और चुम्बकीय स्याही चरित्र मान्यता प्रौद्योगिकी (MICR) कोड को भी बदलने का निर्णय किया है।

इसका अर्थ है कि पुराने कोड 31 मार्च, 2021 के बाद काम नहीं करेंगे। ग्राहकों को बैंक से नया कोड लेना होगा। यह निर्णय 1 अप्रैल, 2020 को पंजाब नेशनल बैंक, ओरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स और युनाइटेड बैंक ऑफ इण्डिया के विलय के कारण किया गया है।

क्या हैं गैर EMV ATM?

गैर EMV ATM (स्वचालित टेलर मशीन) वे हैं, जो स्वाइपिंग के माध्यम से कार्ड के चुम्बकीय पट्टी पर डाटा पढ़ते हैं और लेन-देन के दौरान कार्ड को पकड़ते नहीं हैं। इसमें चुम्बकीय पट्टी के माध्यम से मशीन ATM कार्ड का डाटा रीड कर लेती है।

इसमें कार्ड को मशीन में डाल कर वापस ले लिया जाता है। जब ट्रांजैक्शन पूरा होने के बाद मशीन से कार्ड निकलता है, तो ऐसी मशीन को EMV वाली ATM मशीन में गिना जाता है।

PNB का पिछला बदलाव

बैंक ने दिसम्बर, 2020 में ATM से नकदी निकालने के नियमों में भी बदलाव किया था। PNB के सभी ग्राहकों को वन टाइम पासवर्ड (OTP) मिलता है, जिसके लिए वह अपने ATM से रात 8 बजे से सुबह 8 बजे के साथ ₹ 10000 या उससे अधिक की राशि निकाल सकता है। इस कदम का उद्देश्य भी सुरक्षा को और बढ़ाना और धोखाधड़ी को रोकना था।

2021-22 में होगी भारतीय अर्थव्यवस्था में 7.3% की वृद्धि

संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग (UNDESA) की ओर से 26 जनवरी, 2021 को विश्व आर्थिक स्थिति और सम्भावनाएँ 2021 नामक रिपोर्ट जारी की गई।

इस रिपोर्ट में भारत की अर्थव्यवस्था वर्ष 2021 में 7.3% की दर से बढ़ने का अनुमान तथा कोरोना महामारी और लॉकडाउन के चलते वर्ष 2020-21 में 9.6% संकुचन (*−ve*) होने का अनुमान पेश किया गया।

रिपोर्ट के अनुसार, भारत की आर्थिक वृद्धि वर्ष 2021-22 में 7.3% रहने का अनुमान है। इसके साथ ही कैलेण्डर वर्ष 2021 में भारत विश्व का सबसे तेजी से वृद्धि हासिल करने वाला देश होगा।

इस दौरान चीन की वृद्धि दर 7.2% रहने का अनुमान जताया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था कैलेण्डर वर्ष 2020 में 9.6% की दर से घटेगी। इस दौरान कोरोना वायरस महामारी को काबू में पाने के लिए लगाए गए लॉकडाउन से घरेलू खपत में कमी आई है। पिछले वर्ष वैश्विक अर्थव्यवस्था में 4.3% की कमी हुई, जो वर्ष 2009 के संकट के मुकाबले ढाई गुना से अधिक गिरावट है।

चार राज्यों ने पूरे किए 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' रिफॉर्म्स

उद्योग और आन्तरिक व्यापार संवर्धन विभाग के 10 फरवरी, 2021 के आँकड़ों के अनुसार, चार अन्य राज्यों ने 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' में सुधारों को पूरा कर लिया है। यह निर्धारण वित्त मन्त्रालय के व्यय विभाग द्वारा निर्धारित किया गया है। ये चार राज्य असम, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और पंजाब हैं।

कोरोना काल में राज्यों को वित्तीय माँग और जरूरतें पूरी करने में काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा, राज्यों को वित्तीय माँगों और उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए केन्द्र की मोदी सरकार ने कई असरदार कदम उठाए। इस वैश्विक महामारी काल में केन्द्र सरकार ने घोषणा की थी कि जो राज्य नागरिकों के हितों में चार मापदण्डों पर सुधार करेगा, उन्हें ओपन मार्केट से अतिरिक्त फण्ड जुटाने की अनुमति दी जाएगी।

इस आधार पर केन्द्र सरकार के वित्त मन्त्रालय के व्यय विभाग ने ऐलान किया है कि चार और राज्यों असम, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और पंजाब को 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस मापदण्डों' में उल्लेखनीय सुधार करने पर ₹ 5034 करोड़ ओपन मार्केट से फण्ड जुटाने की अनुमति दी गई है। इन चार राज्यों के अलावा आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान तमिलनाडु और तेलंगाना ही वे राज्य हैं, जिन्होंने इस उपलब्धि को हासिल किया है।

इन मापदण्डों पर राज्यों को आँका जा रहा

केन्द्र सरकार द्वारा दी गई इस व्यवस्था के तहत राज्यों के लिए कुछ मापदण्ड तय किए गए हैं। राज्यों को सबसे पहले जिला स्तर पर बिजनेस रिफॉर्म एक्शन प्लान को पूरा करना होगा।

विभिन्न ऐक्ट के तहत कारोबार करने के लिए जरूरी लाइसेन्स, मंजूरी, पंजीकरण प्रमाण-पत्र का रिन्यूएबल जैसी व्यवस्था को समाप्त करना होगा। कानून के तहत कम्प्यूटराइज्ड सेण्ट्रल रेण्डम इन्स्पेक्शन सिस्टम लागू करना होगा।

वर्ष में एक ही इंस्पेक्टर को जाँच के लिए बार-बार एसाईन नहीं किया जाएगा। इंस्पेक्टर से पहले कारोबारियों को इंस्पेक्टर नोटिस दिया जाएगा। 48 घण्टों के भीतर इंस्पेक्टर रिपोर्ट्स को अपलोड करना होगा। इन उपरोक्त मापदण्डों पर ही राज्यों को अपने GST का 2% तक कर्ज लेने की अनुमति होगी।

शहरी सहकारी बैंकों पर विशेषज्ञ समिति का गठन

भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने 6 फरवरी, 2021 को शहरी सहकारी बैंकों पर एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्णय लिया है। वह समिति सभी हितधारकों को शामिल करेगी, ताकि एक मध्यम अवधि का रोड मैप प्रदान किया जा सके। मध्यम अवधि के रोडमैप से सेक्टर को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। यह शहरी सहकारी बैंकों के तेजी से पुनर्वास को भी सक्षम करेगा। समिति इन संस्थाओं से सम्बन्धित अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं की भी जाँच करेगी।

यह समिति बैंकिंग नियमन (संशोधन) अधिनियम, 2020 के प्रावधानों के अनुसार, स्थापित की जा रही है। यह अधिनियम 26 जून, 2020 से प्राथमिक या शहरी सहकारी बैंकों (USB) पर लागू हो गया था। इस अधिनियम में संशोधन से शहरी सहकारी बैंकों और वाणिज्यिक बैंकों के बीच समान नियामक और पर्यवेक्षी शक्तियाँ आ गई हैं।



हीरो मोटोकॉर्प 10 करोड़ बाइक बनाने वाली पहली कम्पनी बनी

दोपहिया वाहन निर्माता कम्पनी हीरो मोटोकॉर्प 10 करोड़ बाइक बनाने वाली देश की पहली कम्पनी 22 जनवरी, 2021 को बन गई।

10 करोड़वीं यूनिट एक एक्सट्रीम 160 R बाइक है, जिसे हरिद्वार प्लॉण्ट में तैयार किया गया।

यह लगातार 20वाँ वर्ष है जब हीरो मोटोकॉर्प ने विश्व की सबसे बड़ी दोपहिया वाहन निर्माता कम्पनी का खिताब बरकरार रखा है। कम्पनी ने वर्ष 1994 में 10 लाख गाड़ियों का आँकड़ा पार किया था।

कम्पनी ने पिछली 5 करोड़ बाइक महज सात वर्ष में तैयार की हैं। हीरो मोटोकॉर्प विश्व की सबसे बड़ी मोटरसाइकिल कम्पनी है। इसे भारत की हीरो साइकिल और जापान की हीरो मोटर ने मिल कर वर्ष 1984 में बनाया था। हीरो मोटोकॉर्प के देश भर में कुल 4 प्लॉण्ट हैं। ये प्लॉण्ट गुड़गाँव, धारूहेड़ा, हरिद्वार और राजस्थान के नीमराना में स्थित हैं।

जोखिम-आधारित आन्तरिक लेखा परीक्षा हुई अनिवार्य

भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने एक जोखिम-आधारित आन्तरिक लेखा परीक्षा प्रणाली 4 फरवरी, 2021 को शुरू की है। RBI ने चुनिन्दा गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों और शहरी सहकारी बैंकों (USB) के लिए यह परीक्षा अनिवार्य कर दी है। इस प्रणाली को 31 मार्च, 2022 तक लागू करना होगा।

जोखिम आधारित आन्तरिक लेखा परीक्षा (RBIA) प्रणाली का प्रदर्शन संस्था के बोर्ड या उसकी लेखा परीक्षा समिति द्वारा देखा जाएगा। मानदण्डों के अनुसार, ₹ 5000 करोड़ की सम्पत्ति के आकार वाली सभी गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों (NBFC) को इस प्रणाली को लागू करना होगा। साथ ही ₹ 500 करोड़ की सम्पत्ति के आकार वाले शहरी सहकारी बैंकों को ही इस प्रणाली को लागू करना होगा।

नई व्यवस्था आमतौर पर लेन-देन का परीक्षण करने, लेखांकन रिकॉर्ड की सटीकता, विश्वसनीयता की जाँच करने और वित्तीय रिपोर्ट आदि बनाने के लिए केन्द्रित होगी साथ ही जोखिम आधारित आन्तरिक ऑडिट प्रणाली आन्तरिक ऑडिट सिस्टम, प्रक्रियाओं की प्रभावकारिता को भी बढ़ाएँगी।

RBI एक ऑडिट पद्धति है, जो किसी संगठन के समग्र जोखिम प्रबन्धन ढाँचे को जोड़ती है। RBI ने वर्ष 2002 में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के लिए RBI प्रणाली भी शुरू की थी।



राज्य परिदृश्य

उत्तर प्रदेश राज्य का सबसे बड़ा बजट प्रस्तुत

उत्तर प्रदेश सरकार ने 22 फरवरी, 2021 को लगभग ₹ 550270 लाख करोड़ का राज्य का सबसे बड़ा बजट पेश किया। पहली बार किसी राज्य में कागज रहित बजट पेश किया गया।

वित्त मन्त्री सुरेश खन्ना ने बजट पेश करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य समाज के सभी वर्गों का समग्र विकास और राज्य को आत्मनिर्भर बनाना है। बजट में चार क्षेत्रों-बुनियादी विकास, जनस्वास्थ्य, मानव संसाधन विकास और कृषि पर प्रमुखता से जोर दिया गया। बजट में ₹ 90721 करोड़ वित्तीय घाटे का अनुमान व्यक्त किया गया है।

राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई परियोजनाओं के लिए लगभग ₹ 27598 करोड़ आवण्टित किए गए हैं। किसानों के कल्याण के लिए आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजना का प्रस्ताव किया गया है। राज्य सरकार ने महिला सामर्थ्य योजना के तहत बेसहारा महिलाओं को न्यायालय से भरणपोषण भत्ता मिलने तक वित्तीय सहायता देने की घोषणा की है।

उत्तर प्रदेश बजट 2021 के मुख्य बिन्दु

- मुख्यमन्त्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत ₹ 600 करोड़ का बजट आवण्टित।
- प्रदेश के युवाओं को निःशुल्क कोचिंग के लिए अभ्युदय योजना शुरू की जा रही है। योजना के अन्तर्गत पात्रता के आधार पर छात्र और छात्राओं को टैबलेट उपलब्ध कराए जाएँगे।
- ग्रामीण स्टेडियम और ओपन जिम के निर्माण के लिए ₹ 25 करोड़ की व्यवस्था।
- महिला शक्ति केन्द्रों की स्थापना के लिए ₹ 32 करोड़ की व्यवस्था।
- अमेठी और बलरामपुर में मेडिकल कॉलेज के लिए ₹ 175 करोड़ की व्यवस्था की गई है।
- कोरोना महामारी के कारण लागू लॉकडाउन प्रदेश के श्रमिकों को रोजगार और स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए नई योजना मुख्यमन्त्री प्रवासी श्रमिक उद्यमता विकास योजना लाई जा रही है
- पल्लेदारों, श्रमिक परिवारों और असंगठित क्षेत्र के कामगारों को सामाजिक सुरक्षा के लिए मुख्यमन्त्री दुर्घटना बीमा योजना प्रारम्भ की जा रही है।
- अयोध्या के विकास के लिए ₹ 140 करोड़ का बजट प्रस्तावित। अयोध्या एयरपोर्ट का नाम मर्यादा पुरुषोत्तम राम के नाम पर हुआ।
- पिपराइच और मुण्डेरवा की नई चीनी मिलों में 27 हजार मेगावाट क्षमता का संयन्त्र स्थापित, गन्ने के रस से सीधे इथेनॉल बनाने वाली पिपराइच पहली चीनी मिल होगी।

बिहार में नीतीश सरकार का कैबिनेट विस्तार

बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में बनी NDA सरकार ने मन्त्रिमण्डल का विस्तार 9 फरवरी, 2021 को कर दिया गया। सरकार गठन के 84 दिनों बाद नीतीश सरकार के कुल 17 नए मन्त्रियों को राज्यपाल फागू चौहान ने मन्त्री पद की शपथ दिलाई।

भारतीय जनता पार्टी (BJP) भाजपा कोटे से नौ और जदयू कोटे से आठ लोगों ने मन्त्री पद की शपथ ली। इन नए चेहरों के साथ ही बिहार सरकार की कैबिनेट में अब कुल 31 मन्त्री हो चुके हैं।

भाजपा की ओर से शाहनवाज हुसैन के अलावा सम्राट चौधरी, सुभाष सिंह, आलोक रंजन झा, प्रमोद कुमार, जनक राम, नारायण प्रसाद, नितिन नवीन, नीरज सिंह बबलू को मन्त्री बनाया गया है। जदयू की ओर से पूर्व मन्त्री श्रवण कुमार को एक बार फिर मन्त्री बनाया गया है। इसके अलावा लेसी सिंह, संजय झा, मदन सहनी भी नीतीश के सहयोगी के तौर पर मन्त्रिमण्डल में शामिल हुए।

निर्दलीय सुमित कुमार सिंह, जयन्त राज और सुनील कुमार ने भी मन्त्री पद की शपथ ली है। मन्त्रिमण्डल विस्तार में लेसी सिंह को एक मांत्र महिला मन्त्री को जगह मिली है।

मन्त्रिमण्डल की सूची

- नीतीश कुमार-मुख्यमन्त्री सामान्य प्रशासन, गृह, मन्त्रिमण्डल सचिवालय, निगरानी, निर्वाचन व ऐसे सभी विभाग जो किसी को आवण्टित नहीं हैं।
- तारकिशोर प्रसाद उप-मुख्यमन्त्री-वित्त, वाणिज्य कर, नगर विकास एवं आवास विभाग।
- रेणु देवी-उप-मुख्यमन्त्री-आपदा प्रबन्धन, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण
- विजय कुमार चौधरी-शिक्षा, संसदीय कार्य
- बिजेन्द्र प्रसाद यादव-ऊर्जा, योजना एवं विकास
- अशोक चौधरी-भवन निर्माण
- शीला कुमारी-परिवहन
- सन्तोष कुमार सुमन-लघु जल संसाधन, अनुसूचित जाति, जनजाति कल्याण
- मुकेश सहनी-पशु एवं मत्स्य संसाधन
- मंगल पाण्डे-स्वास्थ्य
- अमरेन्द्र प्रताप सिंह-कृषि
- डॉ रामप्रीत पासवान-लोक स्वास्थ्य अभियन्त्रण
- जीवेश कुमार-श्रम संसाधन, सूचना प्रौद्योगिकी
- रामसूरत कुमार-राजस्व एवं भूमि सुधार
- सैयद शाहनवाज हुसैन-उद्योग
- श्रवण कुमार-ग्रामीण विकास
- मदन सहनी-समाज कल्याण
- प्रमोद कुमार-गन्ना उद्योग, विधि
- संजय कुमार झा-जल संसाधन, सूचना एवं जनसम्पर्क
- लेशी सिंह-खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण
- सम्राट चौधरी-पंचायती राज
- नीरज कुमार सिंह-पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन
- सुभाष सिंह-सहकारिता
- नितिन नवीन-पथ निर्माण
- सुमित कुमार सिंह-विज्ञान एवं प्रावैधिकी
- सुनील कुमार-मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबन्धन
- जयन्त राज-ग्रामीण कार्य
- आलोक रंजन-कला, संस्कृति एवं युवा विभाग
- मोहम्मद जमा खान-अल्पसंख्यक कल्याण
- नारायण प्रसाद-पर्यटन
- जनक राम-खान एवं भूतत्व

पुदुचेरी के मुख्यमन्त्री ने दिया त्याग-पत्र

पुदुचेरी के मुख्यमन्त्री वी. नारायणसामी ने विश्वास मत दाखिल करने में असफल रहने के बाद 22 फरवरी, 2021 को त्याग-पत्र दे दिया। विधानसभा अध्यक्ष शिवकोलुधु ने घोषणा की कि वी. नारायणसामी सदन का विश्वास प्राप्त करने में असफल रहे हैं।

33 सदस्यीय विधानसभा में काँग्रेस-द्रमुक गठबन्धन के विधायकों की संख्या 11 हो गई थी, जबकि विपक्षी दलों के पास 14 विधायक हो गए थे। पिछले 1.5 माह में सरकार के 6 विधायक अपने पद से त्याग-पत्र दे चुके थे। इससे पहले काँग्रेस के विधायक को पार्टी से बाहर कर दिया गया था। इस तरह से सात विधायक दूर हो चुके थे, जिसके बाद सरकार अल्पमत में आ गई थी। मुख्यमन्त्री के साथ ही उनके मन्त्रिमण्डलीय सहयोगियों और अन्य सदस्यों तथा DM के सदस्यों ने भी उप-राज्यपाल को अपने त्याग-पत्र सौंप दिए हैं।



प्रधानमन्त्री मोदी द्वारा केरल में कई परियोजनाओं का उद्घाटन

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 19 फरवरी, 2021 को राज्य में बिजली और शहरी क्षेत्र की कई प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

प्रधानमन्त्री ने वीडियो कान्फ्रेन्स के माध्यम से जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया, उनमें 320 केवी पुगलुर (तमिलनाडु), त्रिशूर (केरल) बिजली संचरण परियोजना, 50 मेगावाट कासरगोड सौर ऊर्जा परियोजना और अरुविकारा में बने 75 MLD (दस लाख लीटर प्रतिदिन) का जल प्रशोधन संयन्त्र शामिल है। इसके साथ ही उन्होंने तिरुवनन्तपुरम में एकीकृत कमान व नियन्त्रण केन्द्र तथा स्मार्ट सड़क परियोजना की आधारशिला भी रखी।

पुगलुर-त्रिशूर पॉवर ट्रांसमिशन परियोजना एवं गलुर-त्रिशूर बिजली संचरण परियोजना एक वोल्टेज सोर्स कन्वर्टर (VSC) आधारित हाई वोल्टेड डायरेक्ट करेण्ट (HVDC) परियोजना है और इसमें भारत का पहला HVDC लिंक है, जिसमें अत्याधुनिक VSC तकनीक का इस्तेमाल किया गया है।

लगभग ₹ 5070 करोड़ की लागत से निर्मित, यह परियोजना पश्चिमी क्षेत्र से 2000 मेगावाट बिजली भेजने की सुविधा प्रदान करेगा और केरल के लोगों के लिए लोड में वृद्धि को पूरा करने में मदद करेगी। कासरगोड सौर ऊर्जा परियोजना को राष्ट्रीय सौर ऊर्जा मिशन के तहत विकसित किया गया है।

कासरगोड जिले के पिवलीक, मींजा और चिप्पर गाँवों में 250 एकड़ से अधिक जमीन पर फैली इस परियोजना का निर्माण केन्द्र सरकार की करीब ₹ 280 करोड़ की मदद से किया गया है।

जम्मू-कश्मीर के औद्योगिक विकास के लिए केन्द्रीय योजना

केन्द्रीय सरकार द्वारा 20 फरवरी, 2021 को जम्मू-कश्मीर के औद्योगिक विकास के लिए केन्द्रीय क्षेत्र की एक नई योजना की घोषणा की गई। इस योजना के लिए ₹ 28400 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इस वर्ष 1 अप्रैल से योजना शुरू हो जाएगी और 31 मार्च, 2037 तक प्रभावी रहेगी।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य रोजगार का सृजन करना है, जिससे जम्मू-कश्मीर के सामाजिक और आर्थिक विकास को सीधे तौर पर लाभ पहुँचेगा। छोटी और बड़ी औद्योगिक ईकाइयों के लिए भी ये योजना आकर्षक है।

जिन छोटी औद्योगिक इकाइयों ने संयन्त्र और मशीनों की खरीददारी पर ₹ 50 करोड़ तक की पूँजी निवेश की है उन्हें ₹ 7.5 करोड़ तक की रियायत दी जाएगी। इस पूँजी पर अधिकतम 7 वर्ष के लिए 6% की दर से ब्याज लगेगा। इस योजना से अभूतपूर्व निवेश की सम्भावना है।

नागालैण्ड के मुख्यमन्त्री द्वारा दो नए अनुदानों की घोषणा

नागालैण्ड के मुख्यमन्त्री नेफियू रियो ने 18 फरवरी, 2021 को पत्रकारिता के लिए मुख्यमन्त्री अनुदान और मुख्यमन्त्री अनुसंधान अनुदान नाम के दो नए अनुदानों की घोषणा की। अनुसंधान अनुदान विज्ञान की उन्नति का

समर्थन करेगा। यह अनुदान विद्वानों को धन देगा। नागालैण्ड विधानसभा में संसदीय अध्ययन और अनुसंधान केन्द्र के लिए संघर्ष समाधान केन्द्र भी स्थापित किया जाएगा।

नागालैण्ड राज्य 1 दिसम्बर, 1963 को अस्तित्व में आया था। जनवरी, 1964 में पहली बार चुनाव के बाद चुनी हुई सरकार अस्तित्व में आई और 11 फरवरी, 1964 को पहली विधानसभा गठित हुई।

तमिलनाडु में अनेक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 15 फरवरी, 2021 को तमिलनाडु में ₹ 8000 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का शुभारम्भ किया। प्रधानमन्त्री ने तमिलनाडु में किसानों को न केवल जल संरक्षण के तरीकों का पालन करने के लिए बल्कि पूरे इतिहास में रिकॉर्ड खाद्य उत्पादन के लिए बधाई दी। *प्रधानमन्त्री मोदी द्वारा किए गए महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन इस प्रकार है*

- प्रधानमन्त्री ने चेन्नई मेट्रो रेल के प्रथम चरण विस्तार का उद्घाटन किया। मेट्रो रेल का यह चरण ₹ 3770 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हुआ।
- प्रधानमन्त्री ने मेट्रो रेल की यात्री सेवाओं को वाशरमैन पेट से विमको नगर के लिए हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।
- चेन्नई और अट्टीपट्टू के बीच 2.2 किमी लम्बी चौथी रेलवे लाइन का भी उद्घाटन किया। यह रेलवे लाइन ₹ 293.40 करोड़ की लागत से तैयार कर रेलवे लाइन तिरुवल्लूर जिलों के लिए अतिरिक्त ट्रेक उपलब्ध कराएगा।
- प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने विल्लुपुरम-कुड्डालोर-मयिलादुथुराई-तंजावुर और मयिलादुथुरई-थिरुवरूर में सिंगल लाइन सेक्शन के रेलवे विद्युतीकरण का भी उद्घाटन किया। यह ₹ 423 करोड़ की लागत से पूरा हुआ।
- प्रधानमन्त्री ने डेल्टा जिलों में सिंचाई के लिए महत्वपूर्ण एनीकट नहर प्रणाली के विस्तार, जीर्णोद्धार और आधुनिकीकरण की आधारशिला रखी। इसमें इस नहर की जलधारण क्षमता बढ़ेगी। इस नहर के आधुनिकीकरण में ₹ 2640 करोड़ की लागत आएगी।
- प्रधानमन्त्री मोदी ने IIT मद्रास में डिस्कवरी परिसर की भी आधारशिला रखी। यह परिसर चेन्नई के पास तय्यूर के पास प्रस्तावित है। करीब दो लाख वर्ग मीटर क्षेत्र के निर्माण के पहले चरण में करीब ₹ 1000 करोड़ की लागत अनुमानित है।
- तमिलनाडु के बाद केरल पहुँचे प्रधानमन्त्री ने कोच्चि में विलिंगडन द्वीप पर भारत पेट्रोलियम के ₹ 6 हजार करोड़ के पेट्रोकेमिकल परिसर और जहाज के लिए रो-रो जलमार्ग को राष्ट्र को समर्पित किया।
- प्रधानमन्त्री ने कोच्चि पोर्ट ट्रस्ट के इण्टरनेशनल क्रूज टर्मिनल और कोच्चि शिपयार्ड के विज्ञान सागर का भी उद्घाटन किया। विज्ञान सागर मैरीन इन्जीनियरिंग प्रशिक्षण संस्थान है।

पश्चिम बंगाल में लॉन्च हुई 'मां' कैण्टीन

पश्चिम बंगाल की मुख्यमन्त्री ममता बनर्जी ने 15 फरवरी, 2021 को कोलकाता में ₹ 5 में खाना देने वाली स्कीम 'मां' कैण्टीन योजना की शुरुआत की। 'मां' कैण्टिन की वर्चुअल लॉन्चिंग की गई। स्कीम के तहत ₹ 5 में दाल, चावल, सब्जी और अण्डे की थाली दी जाएगी। फिलहाल इस योजना के तहत अभी कोलकाता की 16 बोरो ऑफिस में लन्च की व्यवस्था की जा रही है। प्रत्येक जगह लगभग एक हजार लोगों को दोपहर का भोजन कराया जाएगा। धीरे-धीरे इस योजना को कोलकाता से बाहर भी शुरू किया जाएगा।



असम में महाबाहु-ब्रह्मपुत्र प्रोजेक्ट की शुरुआत

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 18 फरवरी, 2021 को वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के जरिए असम में महाबाहु-ब्रह्मपुत्र का शुभारम्भ किया। इसके अलावा उन्होंने धुबरी फूलबाड़ी पुल का शिलान्यास और माजुलीपुल के निर्माण के लिए भूमिपूजन भी किया।

महाबाहु-ब्रह्मपुत्र योजना शुरू होने के बाद असम में कनेक्टविटी को बढ़ावा मिलेगा और इसके अन्तर्गत कई छोटी-बड़ी परियोजनाओं को शामिल किया गया है।

इस योजना की शुरुआत के साथ ही नीमाटी-मजुली द्वीप, उत्तरी गुवाहाटी-दक्षिण गुवाहाटी और धुबरी-हाटसिंगिमारी के बीच रो-पैक्स पोत संचालन का उद्घाटन किया जाएगा।

नेमाटी और मजुली के बीच रो-पैक्स परिचालन से वर्तमान में वाहनों द्वारा तय की जा रही 420 किमी की कुल दूरी कम होकर केवल 12 किमी रह जाएगी। प्रधानमन्त्री मोदी ने धुबरी (उत्तरी तट) और फूलबाड़ी (दक्षिण तट) के ब्रह्मपुत्र पर चार लेन के पुल की आधारशिला भी रखी।

केरल में फाइबर ऑप्टिक नेटवर्क लॉन्च

केरल के मुख्यमन्त्री पिनाराई विजयन ने 15 फरवरी, 2021 को प्रदेश में केरल फाइबर ऑप्टिक नेटवर्क (KFON) को लॉन्च किया। इसके जरिए प्रदेश के हर घर को इण्टरनेट कनेक्टिविटी से जोड़ा जाएगा।

लॉन्चिंग के दौरान आयोजित कार्यक्रम में KNOM द्वारा डिजिटल स्पेस में आन्दोलन लाने की बात बताई गई। KNOF के साथ 20 लाख BPL परिवारों को मुफ्त इण्टरनेट कनेक्टिविटी प्रदान की जाएगी। यह सभी 14 जिलों के गाँवों को भी कवर करेगा। KNOF केरल स्टेट IT इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और केरल इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड का संयुक्त उपक्रम है।

चिनाब घाटी क्षेत्र में मनाया गया प्राचीन कंचोथ उत्सव

जम्मू-कश्मीर के चिनाब घाटी क्षेत्र में प्राचीन नाग संस्कृति का प्रतीक, प्राचीन कंचोथ उत्सव, धार्मिक उत्साह और उल्लास के साथ 14 फरवरी, 2021 को मनाया गया। यह त्यौहार स्थानीय लोगों, मुख्य रूप से नाग अनुयायियों द्वारा मनाया जाता है।

उनका मानना है कि गौरी तृतीया के दिन, भगवान शिव और देवी पार्वती का विवाह हुआ था। अपनी शादी के उपहार के रूप में उन्होंने बर्फ से बना सिंहासन को पाया था। कंचोथ त्यौहार हर वर्ष जनवरी या फरवरी में माघ माह के शुक्ल पक्ष के दौरान मनाया जाता है।

केरल में पहले अन्तर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उद्घाटन

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 14 फरवरी, 2021 को केरल के कोच्चि में ₹ 61 अरब की लागत वाली कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। प्रधानमन्त्री मोदी ने कोचीन बन्दरगाह पर देश के पहले अन्तर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल सागरिका का उद्घाटन किया।

उन्होंने कोच्चि शिपयार्ड लिमिटेड के मेरीन इन्जीनियरिंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का शुभारम्भ किया। इसके अलावा प्रधानमन्त्री ने कोचीन बन्दरगाह पर साउथ कोल बर्थ के पुनर्निर्माण की आधारशिला रखी।

प्रधानमन्त्री मोदी ने भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (BPCL) की प्रोपिलीन डेरिवेटिव पेट्रोकेमिकल परियोजना राष्ट्र, को समर्पित की। इस परियोजना से एक्रिलेट, एक्रिलिक एसिड और ऑक्सो-एल्कोहॉल का उत्पादन होगा। इस समय उनका आयात होता है। इस परियोजना से प्रतिवर्ष लगभग ₹ 37 से 40 अरब की विदेशी मुद्रा की बचत होने की उम्मीद है।

प्रधानमन्त्री मोदी ने कोच्चि में बोल्गाट्टी और विलिंगटन द्वीप के बीच रो-रो पोत सेवा भी राष्ट्र को समर्पित की। इन परियोजनाओं से केरल के विकास को विशेष गति मिलेगी। ये परियोजनाएँ प्रधानमन्त्री के आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को वास्तविकता में परिगत करने में मददगार होंगी।

पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव का आयोजन

राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव के 11वें संस्करण का आयोजन 14 से 28 फरवरी, 2021 के मध्य सम्पन्न हुआ। पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में 14 से 16 फरवरी, दार्जिलिंग में 22 से 24 फरवरी और मुर्शीदाबाद में 27 से 28 फरवरी, 2021 को इस महोत्सव के तहत कार्यक्रम हुए। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में इस महोत्सव का उद्घाटन किया।

राष्ट्रीय संस्कृत महोत्सव संस्कृति मन्त्रालय का एक प्रमुख कार्यक्रम है, जिसे एकता के विचार से मनाने के लिए वर्ष 2015 से 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के तहत आयोजित किया जाता है। यह एक मंच है के प्रदर्शन, लोक व आदिवासी कला, नृत्य, संगीत, व्यंजनों और संस्कृति को प्रदान करता है।

इससे पहले देश के विभिन्न राज्यों और शहरों में इस महोत्सव के अन्तिम संस्करण आयोजित किए गए थे। केन्द्र सरकार के संस्कृति मन्त्रालय की ओर से समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित कराए जाते हैं।

मध्य प्रदेश में राष्ट्र उत्सव व खजुराहो उत्सव

मध्य प्रदेश के मशहूर प्राचीन शहर माण्डू में 13-14 फरवरी, 2021 को माण्डू फेस्टिवल और विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल खजुराहो में 20-26 फरवरी, 2021 तक खजुराहो नृत्य समारोह 2021 का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन मध्य प्रदेश शासन और मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा किया गया।

प्राचीन शहर माण्डू में उत्सव के दौरान ऐतिहासिक शहर के अनेक रोचक पहलुओं से पर्यटकों को अवगत कराया गया। उत्सव के दौरान कैफे और मुक्त म्यूजिक बैण्ड के साथ ही स्थानीय कलाकारों ने भी मनमोहक प्रस्तुति दी। राज्य की उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी, भोपाल के माध्यम से खजुराहो में 20 से 26 फरवरी तक खजुराहो नृत्य समारोह-2021 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान प्रातःकालीन योग सत्र, हेरिटेज वॉक्स, साइकिलिंग टूर, स्टोरी टेलिंग, ट्रेजर हण्ट, फोटो प्रतियोगिता जैसी रोचक गतिविधियों में हिस्सा लेने के साथ-साथ स्थानीय संस्कृति कला और स्थानीय व्यंजनों के स्वाद से पर्यटकों को परिचित कराया गया।



मध्य प्रदेश में जल संरचनाओं का लोकार्पण

मध्य प्रदेश में 12 फरवरी, 2021 को रक्षा मन्त्री राजनाथ सिंह ने ₹ 2000 करोड़ की लागत से बने 57653 जल संरचनाओं का वर्चुअल लोकार्पण किया गया।

इसके साथ ही, मध्य प्रदेश में जलाभिषेकम् कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमन्त्री सिंह चौहान ने बताया कि पूरे मध्य प्रदेश में आने वाले तीन वर्ष में प्रत्येक गाँव में पाइपलाइन बिछा कर नल लगाकर पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। अब तक मध्य प्रदेश में 17694 व्यक्तिगत तालाब, 2365 सामुदायिक खेत तालाब, 1972 परकोलेशन टैंक, 5773 स्टॉप डैम, 19008 कपिल धारा कुएँ, 2518 सामुदायिक कूप और 864 बावड़ियों का उद्धार किया गया है।

कर्नाटक में नई रेत नीति की घोषणा

कर्नाटक के खदान और भू-विज्ञान मन्त्री मुरुगेश निरानी ने 12 फरवरी, 2021 को आम आदमी को रेत की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 10 फरवरी, 2021 को नई रेत नीति की घोषणा की।

जल्द ही पेश किए गए रेत के नए प्रावधानों से आश्रय और सरकार की अन्य आवासीय योजनाओं से जनता को लाभ मिलेगा। राज्य में एक एकल खिड़की एजेन्सी से 183 रेत ब्लॉकों से रेत की निकासी की जाएगी।

नए प्रावधानों में जिला उपायुक्तों की अध्यक्षता वाली एक समिति लाइसेन्स जारी करेगी और एक एकल खिड़की एजेन्सी वन, पर्यावरण, राजस्व और ग्रह विभागों के बीच समन्वय को मंजूरी सुनिश्चित करेगी। सरकार का अगले वित्त वर्ष 2021-22 में राजस्व संग्रह को दोगुना करना है। वर्ष 2020-21 के दौरान राजस्व संग्रह ₹ 3550 करोड़ था। झारखण्ड के धनबाद में राष्ट्रीय खान विश्वविद्यालय की ही तरह कर्नाटक में भी एक खदान विश्वविद्यालय स्थापित किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश में लैण्ड होल्डिंग की पहचान के लिए यूनिकोड

उत्तर प्रदेश सरकार ने 7 फरवरी, 2021 को 16 अंकों का एक यूनिकोड जारी करने की प्रणाली शुरू की। इस यूनिकोड का उपयोग राज्य में सभी प्रकार के लैण्ड होल्डिंग को चिह्नित करने के लिए किया जाएगा। यूनिकोड भूमि विवाद के मामलों का जाँच करने में मदद करेगा। यह लोगों को धोखेबाजों के जाल में फँसने से बचाएगा।

यूनिकोड उत्तर प्रदेश सरकार के राजस्व विभाग द्वारा जारी किया जाएगा। यह सभी प्रकार की कृषि, आवासीय और वाणिज्यिक भूमि के लिए जारी किया जाएगा। 16 अंक के इस कोड में पहले 6 अंक भूमि की जनसंख्या पर आधारित होगा।

अगले 4 अंक भूमि की विशिष्ट पहचान निर्धारित करेंगे। 11 से 14 तक के अंक भूमि के विभाजनों की संख्या होगी। अन्त में, 2 अंकों में श्रेणी के सम्बन्ध में विवरण होगा। अन्तिम 2 अंक में आवासीय, कृषि और वाणिज्यिक जैसी श्रेणी की पहचान की जा सकेगी।

असम में 'असोम माला' कार्यक्रम का शुभारम्भ

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 7 फरवरी, 2021 को असम में दो अस्पतालों की आधारशिला रखी और 'असोम माला' कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रधानमन्त्री मोदी ने सोनितपुर जिले के ढेकियाजुली में एक कार्यक्रम में 'असोम माला' कार्यक्रम की शुरुआत की। इस कार्यक्रम में मुख्यमन्त्री सर्बानन्द सोनोवाल भी मौजूद रहे।

'असोम माला' राज्य के सड़क बुनियादी ढाँचे को बढ़ावा देगा। यह पहल असम की आर्थिक प्रगति और कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने में योगदान करेगी। प्रधानमन्त्री मोदी ने बिश्वनाथ और चराइदेव में मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों की आधारशिला भी रखी।

हिमाचल प्रदेश में अब ई-कैबिनेट प्रणाली

हिमाचल प्रदेश ई-विधानसभा के बाद अब ई-कैबिनेट प्रणाली लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। मुख्यमन्त्री जय राम ठाकुर की अध्यक्षता में 5 फरवरी, 2021 को हुई कैबिनेट मीटिंग में ज्ञापन और कार्यवाही कागज रहित रही। यह प्रदेश की पहली ई-कैबिनेट बैठक थी।

ई-कैबिनेट के लिए सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा IT ऐप्लिकेशन को विकसित किया गया है और यह पूरे देश में इस तरह का पहला ऐसा इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म है। ई-कैबिनेट की बैठक में 32 कैबिनेट ज्ञापनों पर भी चर्चा की गई और इसे ई-कैबिनेट ऐप्लिकेशन के माध्यम से संचालित किया गया।

कैबिनेट ज्ञापन से सम्बन्धित सम्पूर्ण प्रक्रया को ऑनलाइन करने का प्रावधान किया गया है, जिसमें सम्बन्धित सचिव, मुख्य सचिव, सम्बन्धित मन्त्री और अन्त में मुख्यमन्त्री द्वारा ज्ञापन को कैबिनेट में रखने की अनुमति इत्यादि शामिल है।

अनुमोदन के बाद कैबिनेट बैठक की तिथि भी इस प्रणाली के माध्यम से अधिसूचित की जाएगी। ई-कैबिनेट ऐप्लिकेशन में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की गई है। इस ऐप्लिकेशन में केवल अधिकृत कम्प्यूटरों पर अधिकृत उपयोगकर्ता को ही इस्तेमाल की अनुमति है।

उत्तर प्रदेश में 'उद्यम सारथी' ऐप्प लॉन्च

उत्तर प्रदेश सरकार ने 24 जनवरी, 2021 को यूपी दिवस के मौके पर युवाओं को स्वरोजगार और उद्योग के लिए उद्यम सारथी ऐप्प लॉन्च किया। रोजगार और व्यापार की तलाश में युवाओं को अब इधर-उधर नहीं भटकना होगा। एक जिला एक उत्पाद (ODOP) योजना के तहत तैयार इस ऐप्प को युवाओं के लिए महत्त्वपूर्ण मास्टर कुँजी माना जा रहा है।

उद्यम सारथी ऐप के जरिए लोग अलग-अलग विभागों और क्षेत्र में रोजगार और व्यवसाय के उपलब्ध अवसरों की पूरी जानकारी कहीं भी और किसी भी वक्त हासिल कर सकेंगे। किसी भी तरह का व्यवसाय शुरू करने की प्रक्रिया और उससे जुड़ी केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का भी पूरा ब्योरा ऐप में उपलब्ध होगा।

स्वरोजगार शुरू करने के लिए राज्य सरकार की सहायता और विशेषज्ञों की राय लेने की सुविधा भी मौजूद होगी। उद्योग शुरू करने के लिए लोन की उपलब्धता और अप्लाई करने की पूरी प्रक्रिया भी ऐप में ही मौजूद होगी। हर बिजनेस मॉडल की पूरी जानकारी और उसके विकास की गाइडलाइन भी ऐप से मिल सकेगी।



जम्मू एवं कश्मीर में 4G मोबाइल इण्टरनेट सेवा बहाल

पूरे जम्मू कश्मीर में 5 फरवरी, 2021 को 4G मोबाइल इण्टरनेट सेवा दोबारा बहाल कर दी गई है। जम्मू कश्मीर में हाई इण्टरनेट सेवा की बहाली तकरीबन 18 महीने बाद हुई है। इससे पहले अगस्त 2020 में कश्मीर के गंदेरबल और उधमपुर जिले में 4G इण्टरनेट सेवाओं को बहाल किया गया था।

अगस्त 2019 में जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 के हटने के बाद से इण्टरनेट सेवाओं को सस्पेण्ड कर दिया गया था। इसके बाद धीरे-धीरे वहाँ पहले 2G, इसके बाद 3G सेवाओं को बहाल किया गया था। अगस्त 2019 में केन्द्र सरकार ने जम्मू कश्मीर को मिले विशेष राज्य का दर्जा खत्म कर दिया था। इसके साथ-साथ जम्मू कश्मीर और लद्दाख को दो केन्द्रशासित प्रदेशों में बाँट दिया गया था।

राजस्थान में पोटाश का लाभ उठाने के लिए त्रिपक्षीय समझौता

राजस्थान में पोटाश की खास खनन तकनीक यानी सोल्यूशन माइनिंग का व्यावहारिक अध्ययन करने के लिए मिनरल एक्सप्लोरेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (MECL), राजस्थान स्टेट माइंस एण्ड मिनरल्स लिमिटेड (RSMML) और राजस्थान सरकार के खान एवं भू-विज्ञान विभाग (DMG) के बीच 22 जनवरी, 2021 को एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

इस समझौता ज्ञापन पर केन्द्रीय कोयला, खान और संसदीय मामलों के मन्त्री श्री प्रहलाद जोशी, केन्द्रीय संसदीय मामलों और भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम राज्य मन्त्री श्री अर्जुन राम मेघवाल तथा राजस्थान के मुख्यमन्त्री श्री अशोक गहलोत की उपस्थिति में वर्चुअल रूप से हस्ताक्षर किए गए।

इस समझौता ज्ञापन से सोल्यूशन माइनिंग के माध्यम से उप-सतही नमक जमा करने के लिए व्यावहारिक अध्ययन करने का मार्ग प्रशस्त होगा, राजस्थान के समृद्ध खनिज भण्डार का उपयोग होगा, राज्य की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा तथा राज्य देश के पहले पोटाश सोल्यूशन माइनिंग के एक केन्द्र के रूप में स्थापित होगा।

दो एक्सप्रेस-वे पर हवाई पट्टी वाला पहला राज्य बना उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश में राजधानी लखनऊ से लेकर गाजीपुर तक बन रहे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर भी हवाई पट्टी 23 जनवरी, 2021 को बनकर तैयार हो गई है। 3300 मीटर लम्बी हवाई पट्टी के साथ ही यूपी एक्सप्रेस-वे पर दो हवाई पट्टियाँ बनाने वाला देश का पहला प्रदेश हो गया है। इससे पहले लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर हवाई पट्टी पहले से ही तैयार है। दोनों हवाई पट्टियों पर ही आपातकालीन लैंडिंग और टैक ऑफ की व्यवस्था है।

लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे वाली हवाई पट्टी पर भारतीय वायुसेना ने मिराज 2000, जैगुआर, सुखोई 30 और सुपर हरक्यूलीन विमान तक उतारकर परीक्षण किया गया था। इस एक्सप्रेस की मदद से पूरे नॉर्थ यूपी को जोड़ने की कोशिश की गई है। भारतीय वायु सेना के हिण्डन और आगरा एयरबेस जरूरत पड़ने पर इन एक्सप्रेस-वे का हवाई पट्टी के तौर पर इस्तेमाल कर सकेंगे।

ओडिशा में तोशाली राष्ट्रीय शिल्प मेले का आयोजन

ओडिशा के मुख्यमन्त्री नवीन पटनायक ने 21 जनवरी, 2021 को भुवनेश्वर में वार्षिक तोशाली राष्ट्रीय शिल्प मेला का उद्घाटन किया। तोशाली शिल्प मेला पूर्वी भारत में सबसे लोकप्रिय हथकरघा और हस्तशिल्प मेलों में से एक है।

इसके लिए कुल 250 स्टॉल बनाए गए जिसमें 170 स्टॉलों ने ओडिशा वस्त्र और शिल्प का प्रतिनिधित्व किया और 80 स्टॉल अन्य राज्यों के थे। इस कार्यक्रम में तीन कारीगरों को राज्य हस्तशिल्प पुरस्कार 2019 प्रदान किया गया। यह पुरस्कार हथकरघा, कपड़ा और हस्तशिल्प की राज्य मन्त्री पद्मिनी दियान द्वारा दिया गया।

तीन कारीगरों में दिलीप कुमार स्वैन (ताड़ का पत्ता उत्कीर्णन), दिव्यज्योति बेहरा (पत्थर शिल्प) और प्रियंका पात्रा (टेराकोटा) शामिल हैं। सात अन्य कारीगरों को राज्य कलाकृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस पुरस्कार के विजेता क्रमशः रोनीबाला महापात्रा (पटचित्र),.सुशान्त कुमार दास और नित्यानन्द सा (पत्थर शिल्प), सुरेश चन्द्र महापात्रा (अधिरोपण), निर्मल चन्द्र दास (ताड़ का पत्ता उत्कीर्णन) और कुनी पात्रा (कॉयर शिल्प) हैं।

विजयनगर बना कर्नाटक का 31वाँ जिला


कर्नाटक सरकार ने 11 जनवरी, 2021 को अधिसूचित किया कि विजयनगर आधिकारिक तौर पर कर्नाटक का 31वाँ जिला बन गया है। इसका मुख्यालय होसपेट में है। विजयनगर हैदराबाद-कर्नाटक क्षेत्र में स्थित है। यह जिला यूनेस्को की विश्व धरोहरों का स्थान है, जिसमें हम्पी और विरुपाक्ष मन्दिर है। विजयनगर जिले का नाम विजयनगर साम्राज्य की राजधानी के नाम पर रखा गया है। इस जिले में 6 तालुक शामिल होंगे, जैसे होसपेट, कोट्टूरू, कुडलिगी, हागीरबोमनहल्ली, हावपनहल्ली और होविना हदगाली। कर्नाटक के मुख्यमन्त्री बीएस येदियुरप्पा ने सितम्बर, 2019 में एक नया विजयनगर जिला बनाने की अपनी योजना की घोषणा की थी। कर्नाटक मन्त्रिमण्डल ने औपचारिक रूप से 18 नवम्बर, 2020 को एक नए विजयनगर जिले के निर्माण को मंजूरी दी।

दिल्ली में 'स्विच दिल्ली' अभियान की शुरुआत

दिल्ली के मुख्यमन्त्री अरविन्द केजरीवाल ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए 4 फरवरी, 2021 को स्विच दिल्ली अभियान की शुरुआत की। मुख्यमन्त्री ने लोगों से अपील की है कि देश की राजधानी में प्रदूषण से मुकाबले के लिए लोग इलेक्ट्रिक व्हीकल खरीदें।

दिल्ली की ईवी पॉलिसी के तहत दिल्ली में वाहनों से होने वाले वायु प्रदूषण को कम करने और ईवीएम अपनाने में दिल्ली की दुनिया का शीर्ष शहर बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

दिल्ली सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2024 तक दिल्ली में बिकने वाले प्रत्येक 4 वाहनों में से एक इलेक्ट्रिक वाहन होना चाहिए। दिल्ली सरकार की ओर से इस अभियान से जुड़ने के लिए अब सोशल मीडिया हैण्डल भी जारी किए गए हैं। इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने में सब्सिडी या किसी भी अन्य शिकायतों को दूर करने, ईवी खरीदारों की सफलता की कहानियाँ और प्रशंसापत्र को सोशल मीडिया पर साझा कर दिल्ली वासियों को प्रेरित किया जाएगा।



गुजरात उच्च न्यायालय की हीरक जयन्ती

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 6 फरवरी, 2021 को गुजरात उच्च न्यायालय की हीरक जयन्ती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से सम्बोधित किया। उन्होंने उच्च न्यायालय की स्थापना के 60 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक स्मारक डाक टिकट भी जारी किया। इस अवसर पर प्रधानमन्त्री ने 60 वर्ष की अवधि में भारतीय न्यायिक प्रणाली और भारतीय लोकतन्त्र को मजबूत बनाने के लिए गुजरात उच्च न्यायालय की खण्डपीठ और बार द्वारा दिए गए योगदान की प्रशन्सा की।

प्रधानमन्त्री ने इस बात पर भी बल दिया कि न्यायपालिका ने संविधान की जीवन शक्ति के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को पूरा किया है। न्यायपालिका ने सदैव रचनात्मक और सकारात्मक व्याख्या द्वारा संविधान को मजबूत किया है। इसने नागरिकों के अधिकारों और स्वतन्त्रता के क्षेत्रों में अपनी भूमिका निभाते हुए कानून के शासन की सेवा की है।

गुजरात उच्च न्यायालय ने वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग, SMS कॉल-आउट, मामलों की ई-फाइलिंग और ई-मेल माई केस स्टेटस द्वारा सुनवाई जल्दी शुरू करके अपनी अनुकूल क्षमता दर्शाई है। आज 18000 से अधिक न्यायालयों का कम्प्यूटीकरण हो गया है। ई-लोक अदालतों के बारे में वर्णन करते हुए प्रधानमन्त्री ने 30 से 40 वर्ष पूर्व जूनागढ़ में पहली ई-लोक अदालत का उल्लेख किया।

डिब्बों को UV किरणों से सेनीटाइज करने वाली देश में पहली बनी लखनऊ मेट्रो

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल अल्ट्रावायलेट (पराबैंगनी) किरणों से मेट्रो कोच को सेनीटाइज करने वाली भारत की पहली मेट्रो सेवा 28 जनवरी, 2021 को बन गई। यात्रियों को मेट्रो से सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित कराने की दिशा में यह एक नई पहल है।

न्यूयार्क मेट्रो द्वारा इस प्रणाली के सफल परीक्षण के बाद इससे प्रेरणा लेते हुए उत्तर प्रदेश मेट्रो भारत में ऐसा करने वाली पहली मेट्रो सेवा बन गई है।

उत्तर प्रदेश मेट्रो ने मेट्रो यात्रा टोकनों को UV किरणों से सेनीटाइज करने का भी सफल प्रयोग किया था जो कि सफलतापूर्वक जारी है! ये तकनीक यूपी मेट्रो ने खुद विकसित की थीं जो कि कोविड के बाद काफी अहम तकनीक साबित हुई।

इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए अब यूपी MRC ने पूरी ट्रेन को ही अल्ट्रावॉयलेट किरणों से सेनीटाइज करने की प्रक्रिया आरम्भ कर दी है।

सेनीटाइजेशन उपकरण बनाने वाली एक निजी कम्पनी के साथ मिलकर 'यूवी लैम्प' विकसित किया है जो कि पराबैंगनी कीटाणुनाशक विकिरण प्रणाली पर काम करता है।

UV लैम्प कैसे कार्य करता है?

UV लैम्प में 254 नैनो-मीटर तक की शॉर्ट वेवलेंथ वाली अल्ट्रावॉयलेट-सी किरणों के जरिए सूक्ष्म कीटाणुओं को नष्ट किया जाता है। ये किरणें इन सूक्ष्म जीवों के DNA और न्यूक्लिक ऐसिड को नष्ट कर इनका नाश कर देती हैं।

इस उपकरण से लागत काफी कम आती है। UV लैम्प से सेनीटाइजेशन सोडियम हाइपोक्लोराइट की तुलना में बेहद सस्ता भी है। चिकित्सा क्षेत्र में ऑपरेशन थियेटर को सेनीटाइज करने के लिए इसी किस्म के उपकरण का इस्तेमाल किया जाता है।

कानपुर में बनेगा देश का पहला मेगा लेदर पार्क

उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले में पहला मेगा लेदर पार्क रईसपुर गाँव में बनेगा। इस परियोजना हेतु 235 एकड़ भूमि अधिग्रहण की जा चुकी हैं। इस पार्क की स्थापना हेतु ₹ 5850 करोड़ का निवेश होगा, जिससे लगभग 50 हजार रोजगार सृजित होने की सम्भावना है।

कभी पूरब का मैनचेस्टर कहे जाने वाला कानपुर शहर मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ के प्रयास से एक बार फिर विश्व के मानचित्र पर एक औद्योगिक शहर के रूप में मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएगा। कानपुर को लेदर सिटी के नाम से भी जाना जाता है।

एक दौर में कपड़ा उद्योग के चलते कानपुर को पूरब का मैनचेस्टर भी कहा जाता था। अब मेगा लेदर पार्क और मेगा लेदर क्लस्टर की स्थापना से कानपुर को देश में एक नई पहचान मिलेगी। इस लेदर पार्क में उत्पादों को खरीदने के लिए आने वाले दुनियाभर के निवेशकों के रुकने और खाने-पीने की व्यवस्था भी होगी।

पार्क में कैण्टीन से लेकर रेस्टहाउस तक बनेंगे। चमड़े के उत्पाद बनाने के चलते गंगा नदी में प्रदूषण ना हो, इसके लिए ट्रीटमेण्ट प्लाण्ट भी लगाया जाएगा। पार्क में साफ-सफाई का विशेष प्रबन्ध भी रहेगा।

पंजाब में 'हर घर पानी, हर घर सफाई' अभियान की शुरुआत

पंजाब के मुख्यमन्त्री कैप्टन अमरिन्दर सिंह ने मार्च 2022 तक राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के सभी घरों में पाइपलाइन से पीने का साफ पानी मुहैया कराने के लिए 'हर घर पानी, हर घर सफाई' मिशन की वर्चुअल शुरुआत 1 फरवरी, 2021 को की। इसके साथ ही पंजाब यह उपलब्धि हासिल करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है।

इस मिशन के लिए मुख्यमन्त्री ने मेगा नहरी जल सप्लाई स्कीम का उद्घाटन किया। इसके तहत मोगा जिले के 85 गाँवों को कवर करने के साथ-साथ, 172 गाँवों के लिए 144 नई जल सप्लाई योजनाओं में आर्सेनिक (हानिकारक रासायनिक तत्त्व) और आयरन हटाने वाले 121 प्लाण्ट शामिल हैं। इस स्कीम के साथ अमृतसर जिले में आर्सेनिक प्रभावित आबादी के 155 गाँवों के 1.6 लाख से अधिक लोगों को लाभ मिलेगा।

इस स्कीम के लिए फण्ड विश्व बैंक, भारत सरकार के जल जीवन मिशन, NABARD और राज्य के बजट में से प्रदान किया जा रहा है। पंजाब सरकार ने विभिन्न जल सप्लाई और सैनिटेशन स्कीम शुरू करने के लिए सलाना औसतन ₹ 920 करोड़ खर्च किए जा रहे है।



उत्तराखण्ड में शिवालिक रेंज के लिए पहला आर्बरेटम स्थापित

वन विभाग ने ज्योलिकोट में शिवालिक पर्वत श्रृंखला की जैव विविधता को दर्शाते हुए राज्य का पहला आर्बरेटम (वनस्पति संग्रह) 3 फरवरी, 2021 स्थापित किया गया। शिवालिक आर्बरेटम का नैनीताल के ज्योलिकोट में प्रसिद्ध पर्यावरणविद् अजय रावत ने उद्घाटन किया। तीन एकड़ के क्षेत्र में फैले इस आर्बरेटम में 200 से अधिक वनस्पतियों का संग्रह हैं।

अपनी तरह का यह पहला आर्बरेटम है, विशेष रूप से शिवालिक हिल्स की फूलों की विविधता और राज्य के सबसे बड़े आर्बरेटम में से एक है। इस अभ्यारण्य में संरक्षित मुख्य प्रजातियों में कायफल (*Myrica esculenta*), टून (*Toona ciliata*), तेजपाता (*Cinnamomum tamala*), बंज ओक (*Quercus leucotrichophora*), बुरांश (*Rhododendron arborcum*), पदम (*Prunus cerasoides*), पैंगर (*Aesculus indica*), तैमूर (*Zantnoxylum armatum*), मालू (*Bauhinia vahlii*) और भिंगारू (*Pyracantha crenulata*) शामिल हैं।

आबरेटम की खास बात ये हैं कि यहाँ प्रयोगों, प्रत्येक प्रजातियों के पारिस्थितिक, वैज्ञानिक, मेडिकल और सांस्कृतिक पहलुओं के बारे में पूरी जानकारी व्यक्तिगत पेड़ों से जुड़े कहानी-कहने वाले प्रारूप के प्लेकार्ड के रूप में दिखाई गई है। लोगों के लिए जागरूकता पैदा करने और नेचर के बारे में जानने के उद्देश्य से इस आबरेटम को स्थापित किया गया।

कोलकाता में नौका पुस्तकालय की शुरुआत

पश्चिम बंगाल परिवहन निगम ने एक बुक स्टोर के साथ मिलकर बच्चों के लिए नौका पर एक पुस्तकालय की शुरुआत 28 जनवरी, 2021 को की। विदेशों की तर्ज पर हुगली नदी में लाइब्रेरी ऑन बोट का शुभारम्भ किया गया। लाइब्रेरी ऑन बोट न सिर्फ छात्र-छात्राओं बल्कि कोलकाता आने वाले सैलानियों को भी अपनी तरफ आकर्षित करेगी।

18 वर्ष तक की उम्र वालों के लिए बोट पर सवार होकर पुस्तकें पढ़ने का किराया ₹ 50 व 18 वर्ष से अधिक उम्र वालों के लिए ₹ 100 रखा गया है। शैक्षिक यात्रा के लिए पूरे बोट को भी किराए पर लिया जा सकता है, जिसके लिए ₹ 4000 का भुगतान करना होगा।

कोलकाता के मिलेनियम पार्क से बोट दिन में तीन बार छूटेगी। माँग के मुताबिक भविष्य में बोट की संख्या बढ़ाई जाएगी। पुस्तकों में बांग्ला व अंग्रेजी साहित्य की अधिकता होगी। इस वोट का रंग नीला व सफेद रंग का होगा। वोट का आन्तरिक सज्जा बाल साहित्य की थीम पर आधारित होगा। इस पर खाने-पीने की समुचित व्यवस्था भी होगी।

असम के के पहले हेलीपोर्ट का उद्घाटन

असम के मुख्यमन्त्री सर्वानन्द सोनोवाल ने 4 फरवरी, 2021 को मजुली जिले में राज्य के पहले हेलीपोर्ट का उद्घाटन किया। इस हेलीपोर्ट के निर्माण पर ₹ 50 लाख की लागत

आई है और इस पर एक ही समय में तीन हेलीकॉप्टरों के उतरने की व्यवस्था है।

मजुली में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस हेलीपोर्ट का निर्माण किया गया है। मजुली दुनिया का सबसे बड़ा नदी द्वीप है। नये हेलीपोर्ट के बन जाने से मजुली में पर्यटकों को बहुत सुविधा होगी। यह हेलीपोर्ट मजुली जिले के केरेलागाँव में बनाया गया है। इसका राज्य सरकार के अनटाइड फण्ड के तहत निर्माण हुआ है। इस अवसर पर ₹ 50 लाख की लागत से निर्मित होने वाले एक अतिथि गृह का भी उद्घाटन किया गया।

तेलंगाना में आर्थिक रूप से कमजोर तबके को 10% आरक्षण

तेलंगाना के मुख्यमन्त्री के. चन्द्रशेखर राव ने 21 जनवरी, 2021 को राज्य में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (EWS) के लिए 10% आरक्षण लागू करने का निर्णय लिया है। जो पहले से ही लाभ ले रहे हैं उन्हें पुराने नियमों के तहत आरक्षण जारी रहेगा। राज्य में 50% आरक्षण कमजोर वर्गों के लिए लागू किया जा रहा है। EWS में 10% आरक्षण के साथ, आरक्षण प्रतिशत 60% होगा।

केन्द्रीय सरकार ने वर्ष 2019 में ही आर्थिक आधार पर 10% आरक्षण देने का निर्णय किया था। इस फैसले के तहत जिनकी आय ₹ 8 लाख सलाना से कम हो उन्हें इस फैसले का लाभ मिलेगा, इसके अलावा जिसके पास 5 हेक्टेयर से कम की जमीन होगी उन्हें भी 10% आरक्षण का लाभ मिलेगा।

आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों की पात्रता जाँचने और उन्हें लाभ प्रदान करने के लिए EWS प्रमाण पत्र जारी करने की व्यवस्था की गई है। ये प्रमाण पत्र आर्थिक स्थिति को दर्शाता है।

आन्ध्र प्रदेश सरकार ने राशन होम डिलीवरी का शुभारम्भ

आन्ध्र प्रदेश के मुख्यमन्त्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने लोगों के घर तक राशन पहुँचाने का फैसला 21 जनवरी, 2021 को किया है। सीएम रेड्डी ने इस योजना की शुरुआत विजयवाड़ा से की है। इस योजना के तहत लाभार्थियों को 60% सब्सिडी पर राशन दिया जाएगा।

मुख्यमन्त्री ने वियजवाड़ा बेंज सर्कल में कृष्ण, गुंटूर और पश्चिमी गोदावरी जिलों के लिए 2500 राशन डोर डिलीवरी वाहनों को हरी झण्डी दिखाई। राज्य भर में कुल 9260 वाहनों का शुभारम्भ हुआ। लाभार्थियों को गुणवत्ता और बेहतर चावल घर जाकर दिए जाने की इस योजना के लिए हर वर्ष ₹ 830 करोड़ अतिरिक्त आवण्टित किया जाएगा।

आन्ध्र प्रदेश सरकार ने चावल और अन्य आवश्यक वस्तुओं को घर तक पहुँचाने के लिए इन वाहनों को ₹ 539 करोड़ में खरीदा है। सरकार की कोशिश है कि लोगों को राशन के लिए परेशानी न हो और सरकारी वाहन से राशन उनके घर तक पहुँचे।

उत्तर प्रदेश में अभ्युदय योजना की शुरुआत

उत्तर प्रदेश में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए मुफ्त कोचिंग की सुविधा 'अभ्युदय योजना' 16 फरवरी, 2021 (वसन्त पंचमी) को सभी 18 मण्डलों में शुरू हो गई। इस योजना के तहत पंजीकरण प्रक्रिया 10 फरवरी, 2021 से शुरू हो चुकी है। आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए सरकार ने यह योजना आरम्भ की है।

उत्तर प्रदेश के 71वें स्थापना दिवस पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा IAS, IPS, PCS, NDS, CDS, नीट और जेईई जैसी प्रतियोगिताओं की परीक्षा की तैयारी करने के लिए मुख्यमन्त्री अभ्युदय योजना आरम्भ की गई है। इस योजना के अन्तर्गत ऐसे सभी छात्रों को निशुल्क कोचिंग प्रदान की जाएगी जो इन परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं लेकिन अपनी आर्थिक स्थिति के कारण नहीं कर पाते हैं।

इस योजना के अन्तर्गत छात्रों को ऑनलाइन स्टडी मैटेरियल के साथ ऑफलाइन कक्षाएँ भी प्रदान की जाँएगी। यह कोचिंग पूरी तरह से निशुल्क होगी। मुख्यमन्त्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत स्टडी मैटेरियल प्रदान करने की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबन्धन एकेडमी (उपाम) को सौंपी गई है। इस योजना के प्रथम चरण में 18 मण्डल मुख्यालयों को शामिल किया गया है।



उत्तराखण्ड में खुला पहला बाल मित्र पुलिस थाना

उत्तराखण्ड के मुख्यमन्त्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने थाना डालनवाला में राज्य के प्रथम बाल मित्र पुलिस थाने की शुरुआत 21 जनवरी, 2021 को की। इस मौके पर मुख्यमन्त्री ने बच्चों की सुरक्षा के लिए ₹ 1 करोड़ के राहत कोष की व्यवस्था करने की घोषणा भी की। बाल मित्र थाने में बाल आयोग के सदस्य, वकील व बेहतर काउन्सलर उपलब्ध होंगे जो बच्चों की काउन्सिलिंग कर उन्हें अपराधों से दूर रखने की कोशिश करेंगे।

उत्तराखण्ड बाल संरक्षण अधिकार आयोग की अध्यक्ष ऊषा नेगी के अनुसार पुलिस सहयोग से राज्य के सभी 13 जिलों में बाल मित्र पुलिस थाने खोले जाएँगे। इन थानों के जरिए बच्चों के मन से पुलिस के प्रति भय्य दूर होगा। यदि किसी अपराध में कोई बच्चा पकड़ा जाता है तो उसे बाल थाने में रखा जाएगा।

मध्य प्रदेश में 'सांस' अभियान की शुरुआत

मध्य प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग ने सोशल अवेयरनेस एण्ड एक्शन टू न्यूट्रलाइज निमोनिया सक्सेसफुली (सांस) अभियान 5 फरवरी, 2021 से शुरू किया। निमोनिया के कारण शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से यह जागरूकता अभियान चलाया गया है। इस सामाजिक जागरूकता अभियान के तहत एक रणनीति बनाई जा रही है जिसमें चिकित्सा कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

राज्य सरकार ने इस अभियान के तहत् एक प्रशिक्षण मॉड्यूल भी विकसित किया है जिसे PGIMER, चण्डीगढ़ और यूनिसेफ की साझेदारी से विकसित किया गया है। इनका उपयोग स्वास्थ्य कार्यकर्त्ताओं के कौशल को बढ़ाने के लिए किया जाएगा, जिसमें डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ शामिल हैं। अब तक मध्य प्रदेश में कुल 4000 स्वास्थ्य और कल्याण केन्द्र निमोनिया सम्बन्धी जागरूकता और इलाज के लिए स्थापित किया गया है।

दिल्ली मुख्यमन्त्री विज्ञान प्रतिभा परीक्षा योजना को मंजूरी

दिल्ली कैबिनेट ने 'मुख्यमन्त्री विज्ञान प्रतिभा परीक्षा' योजना को मंजूरी 6 फरवरी, 2021 को दे दी। इसके तहत दिल्ली के स्कूलों में कक्षा 9 के 1000 मेधावी छात्रों को विज्ञान छात्रवृत्ति

के रूप में ₹ 5000 प्रदान किए जाएँगें। छत्रवृत्ति स्कूली स्तर पर माध्यमिक कक्षाओं में विज्ञान शिक्षा को बढ़ावा देगी।

इस योजना के अन्तर्गत 8वीं कक्षा में सामान्य वर्ग में 60% व SC, ST, OBC, दिव्यांग वर्ग में 55% अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी भाग ले पाएँगें। दिल्ली सरकार बच्चों के बीच उत्कृष्टता और वैज्ञानिक स्वभाव की खोज को बढ़ावा देना चाहती है।

असम में प्रज्ञान भारती और भाषा गौड़ योजना की शुरुआत

असम के मुख्यमन्त्री सर्बानन्द सोनोवाल ने 1 फरवरी, 2021 को कॉलेज के छात्रों और राज्य के साहित्यिक निकायों को मौद्रिक सहायता प्रदान करने के लिए दो योजनाओं की शुरुआत की। एक योजना का नाम प्रज्ञान भारती योजना है तथा दूसरे का नाम भाषा गौड़ है। प्रज्ञान भारती योजना के तहत 3,26,046 कॉलेज छात्रों को पाठ्य पुस्तकों की खरीद के लिए प्रत्येक को ₹ 1500 दिए जाएँगें जबकि दूसरी योजना भाषा गौड़ के तहत राज्य सरकार 600 साहित्यकारों को उनकी साहित्यिक गतिविधियों में मदद करने के लिए ₹ 50000 दिए जाएँगें।

कई और परियोजनाओं को नुकसान

आपदा में चमोली के विष्णुगाड-पीपलकोटी जलविद्युत परियोजना और धौलीगंगा बिजली परियोजना को भी नुकसान पहुँचा है। पीपलकोटी परियोजना अलकनन्दा नदी पर है। इसके लिए डायवर्जन डैम बनाए जा रहे थे, जिसकी ऊँचाई 65-70 मीटर तक होती है।

इससे बिजली का उत्पादन दिसम्बर, 2023 तक शुरू होने की उम्मीद थी। यह प्रोजेक्ट 400 मेगावाट का है। वहीं 90 मीटर का झूला पुल समेत सात पुल बह गए। इस आपदा से ₹ 4000 हजार करोड़ से ज्यादा के नुकसान का अनुमान है। तपोवन-विष्णुगाड परियोजना में ₹ 2978 करोड़, जबकि ऋषिगंगा परियोजना में ₹ 40 करोड़ के नुकसान का अनुमान लगाया गया है।

महाराष्ट्र में पम्प पॉवर कनेक्शन नीति का उद्घाटन

महाराष्ट्र के मुख्यमन्त्री उद्धव ठाकरे ने 28 जनवरी, 2021 को पम्प पॉवर कनेक्शन नीति का औपचारिक रूप से उद्घाटन कर किया। राज्य सरकार ने इस योजना के तहत किसानों के जीवन में महत्त्वपूर्ण परिवर्तन लाने का कदम उठाया है। मुख्यमन्त्री ने इस मौके पर कृषि ऊर्जा अभियान पॉलिसी वेब पोर्टल, सोलर एनर्जी लैण्ड बैंक पोर्टल, महाकृषि अभियान एक्ट और ACF ऐप का भी उद्घाटन किया। पम्प पॉवर कनेक्शन नीति का उद्देश्य किसानों की मुख्य माँगों को पूरा करना है जिसमें दिन के समय बिजली उपलब्ध कराना और उनके कृषि उत्पादन के लिए एमएसपी शामिल है।

हरियाणा में कॉलेज छात्रों को मुफ्त में मिलेंगी किताबें

हरियाणा में कॉलिजों में अनुसूचित जातियों के छात्रों को मुफ्त किताब प्रदान करने का फैसला 27 जनवरी, 2021 को हरियाणा राज्य सरकार ने लिया। उच्च शिक्षा विभाग के प्रवक्ता द्वारा विभाग ने महानिदेशक की ओर से आधिकारिक अधिसूचना जारी की गई।

जिसके अनुसार, प्रदेश के सभी सरकारी कॉलिजों से उनके यहाँ पढ़ने वाले अनुसूचित जाति वर्ग के छात्रों का डेटा भेजने को कहा गया है।

जो छात्र इसके पात्र होंगे निदेशालय द्वारा 2020-21 शैक्षणिक वर्ष के लिए पुस्तकों के लिए उनके खातों में पैसे भेज कर किताबें खरीदने के लिए मदद की जाएगी।



केरल में पहले मानव दुग्ध बैंक की शुरुआत

केरल का पहला मानव दुग्ध बैंक (HMB) अत्याधुनिक सुविधा के साथ 6 फरवरी, 2021 को स्वास्थ्य मन्त्री के के शैलजा द्वारा यहाँ एर्नाकुलम के सामान्य अस्पताल में शुरू किया गया। रोटरी क्लब ऑफ कोचीन वैश्विक के सहयोग से स्थापित किए गए दुग्ध बैंक को नवजात बच्चों के लिए स्तन का दूध सुनिश्चित करना है। अस्पताल में स्तन का दूध उन शिशुओं को उपलब्ध कराया जाएगा, जिनको उनकी माताएँ बीमारी, मृत या अपर्याप्त होने के कारण स्तनपान नहीं करा सकती हैं। लगभग 3600 बच्चे सामान्य अस्पताल में एक वर्ष में जन्म लेते हैं और 600 से 1000 बीमार बच्चों को NICU में भर्ती किया जाता है।

ओडिशा में नेताजी के नाम पर बस टर्मिनस परियोजना की शुरुआत

ओडिशा के मुख्यमन्त्री नवीन पटनायक ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जन्मस्थल कटक में उनके नाम पर एक अत्याधुनिक बस टर्मिनस परियोजना 24 जनवरी, 2021 को शुरू की। पटनायक ने महान स्वतन्त्रता सेनानी की 125वीं जयन्ती के अवसर पर खाननगर में ₹ 65 करोड़ की लागत वाले कटक नेताजी बस टर्मिनस की आधारशिला रखी। यह बस टर्मिनल अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का होगा। इसे 12 एकड़ भूमि पर विकसित किया जाएगा।

नेताजी का जन्म 23 जनवरी, 1987 को कटक शहर के उड़ीया बाजार इलाके स्थित उनके पैतृक घर जानकी नाथ भवन में हुआ था। इस भवन का नाम उनके पिता जानकी नाथ बोस के नाम पर रखा गया था। ओडिशा सरकार ने उनके पैतृक घर को 'नेताजी जन्मस्थान संग्रहालय' बना दिया है।

मध्य प्रदेश में पंख अभियान की शुरुआत

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर मुख्यमन्त्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्य प्रदेश में किशोरियों में सुरक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के लिए 24 जनवरी, 2021 को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत पंख अभियान (PANKH) की शुरुआत की। इस योजना का मुख्य उद्देश्य बेटियों के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक एवं मनोवैज्ञानिक विकास से है जिससे प्रदेश की बेटियों का समग्र विकास होगा।

पंख अंग्रेजी अक्षरों P, A, N, K, H का हिन्दी नाम हैं जिसमें P से संरक्षण (Protection), A से जागरूकता, N से पोषण (Nutrition), K से ज्ञान (Knowledge) और H से स्वास्थ्य और स्वच्छता (Health and Higness) होता है। योजना के अन्तर्गत पुलिस विभाग के साथ मिलकर किशोरियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण और पंचायत स्तर पर वोकेशनल ट्रेनिंग भी दी जाएगी। भारत सरकार ने वर्ष 2008 में हर वर्ष 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत की थी।



विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

भारत का पहला CNG से चलने वाला ट्रैक्टर लॉन्च

सड़क परिवहन व राजमार्ग मन्त्री नितिन गडकरी ने 12 फरवरी, 2021 को देश का पहला CNG से चलने वाला ट्रैक्टर लॉन्च किया। इस ट्रैक्टर से ईंधन की लागत पर सलाना तकरीबन ₹ 1 लाख तक की बचत की जा सकती है। CNG ट्रैक्टर से 80% वायु प्रदूषण कम होगा।

रावमैट टेक्नो सॉल्यूशन्स और टॉमासेटो ऐशिल इण्डिया की ओर से संयुक्त रूप से विकसित इस ट्रैक्टर से किसानों की लागत कम करने और ग्रामीण भारत में रोजगार के अवसर पैदा करने में मदद मिलेगी।

नए उत्सर्जन मानक के तहत उनको चलाने पर प्रतिबन्ध नहीं लगेगा और 15 वर्ष तक किसान ऐसे ट्रेक्टरों को चला सकेंगे। ट्रायल रिपोर्ट के अनुसार, डीजल से चलने वाले इंजन के मुकाबले रेट्रोफिटेड ट्रैक्टर उससे अधिक क्षमता के होते हैं।

CNG ट्रैक्टर से किसान पैसे बचा सकेंगे, इसके साथ ही गाँव-कस्बों में डीजल से CNG में बदलने की तकनीक सम्बन्धी केन्द्र खुलेंगे। इससे रोजगार का अवसर बढ़ेगा। खेतीबाड़ी, गेहूँ, धान व कृषि आदि के वेस्ट से बायो-CNG बनाने की योजना है।

शैक्षिक मंच 'रीसेट अर्थ' का उद्घाटन

संयुक्त राष्ट्र (UN) ने 24 जनवरी, 2021 को विश्व शिक्षा दिवस पर 'रीसेट अर्थ' नामक शैक्षिक मंच का उद्घाटन किया। इसमें किशोरों को ग्रहों की रक्षा में ओजोन परत की मौलिक भूमिका के बारे में बताया गया है। इसे एक खेल और एनीमेशन फिल्म के साथ तैयार किया गया है।

इस मंच की शुरुआत संयुक्त राष्ट्र ओजोन सचिवालय द्वारा की गई है। यह एनीमेशन फिल्म और गेम को एण्ड्रॉयड मोबाइल या IOS मोबाइल पर देखा जा सकता है। रीसेट पृथ्वी एनीमेशन फिल्म में 2084 में एक डायस्टोपियन पोस्ट एपोकैलिन दुनिया में स्थापित की गई है, जहाँ ओजोन परत पूरी तरह से बर्बाद हो गई है और मानव जीवन 'द ग्रो' नामक एक अजेय वायरस से खतरे में है।

यह तीन किशोरों की कहानी है, जो ग्रह को बचाने के लिए एक साहसिक कार्य करते हैं। उनका मिशन होता है कि 'द ग्रो' के बारे में पता लगाना, वहीं रीसेट अर्थ मोबाइल गेम एक एकल प्लेटफॉर्म गेम है। इसमें खिलाड़ी, चाहे किशोर हो या उनके माता-पिता, अपना पात्र बदल सकते हैं। यह खेल चार स्तरों का है जहाँ खिलाड़ी अपनी अनूठी क्षमताओं का उपयोग करते हैं। अनलॉकिंग पजल्स के माध्यम से खिलाड़ी पर्यावरण इतिहास और ग्रह की रक्षा के विज्ञान के बारे में सीखते हैं। संयुक्त राष्ट्र ओजोन सचिवालय, संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के नौरोबी, केन्या के कार्यालय में स्थित है।

लद्दाख में देश का पहला भू-तापीय बिजली संयन्त्र

भारत की पहली भू-तापीय क्षेत्र विकास परियोजना की स्थापना के लिए 7 फरवरी, 2021 को एक ऐतिहासिक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन (ONGC) लद्दाख में देश की पहली भू-तापीय क्षेत्र विकास परियोजना को क्रियान्वित करेगी। लद्दाख के उप-राज्यपाल आरके माथुर ने इसे कार्बन-तटस्थ लद्दाख के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक कदम करार दिया।

इस समझौते पर केन्द्रशासित प्रदेश प्रशासन लद्दाख, लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद लेह और ONGC ऊर्जा केन्द्र ने उप-राज्यपाल तथा स्थानीय सांसद जाम्यांग शेरिंग नामग्याल की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। इस परियोजना के पहले चरण में एक मेगावॉट बिजली उत्पादन क्षमता लगाई जाएगी और 100% मुफ्त बिजली आम जनता को आपूर्ति की जाएगी।

IIT रुड़की में स्थापित किया गया ड्रोन रिसर्च सेण्टर

रुड़की स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) में 18 फरवरी, 2021को ड्रोन रिसर्च सेण्टर स्थापित किया गया। इस सेण्टर में ड्रोन की क्षमता को बेहतर बनाने के लिए शोध किए जाएँगे। यह केन्द्र युवाओं को स्टार्टअप शुरू करने में भी मदद करेगा। एक सौ पूर्व छात्रों की पहल पर यह केन्द्र स्थापित किया गया है।

इस सेण्टर को खोलने का उद्देश्य केवल शोध को प्रोत्साहित करने के साथ ही समाज के लिए उपयोगी बनाना भी है। सेण्टर में ड्रोन को लेकर नए-नए शोध किए जाएँगे।

आर्टिफिशियल इण्टेलिजेन्स को और बेहतर किया जाएगा। सेण्टर में ऐसे ड्रोन बनाए जाएँगे जो रडार की पकड़ में न आएँ। रिसर्च के साथ सेण्टर कम्पनियों संग समन्वय कर इनका निर्माण कराने की दिशा में भी कार्य करेगा।

IIT खड़गपुर में 'एग्री-फूड टेकाथॉन' का आयोजन

केन्द्रीय शिक्षा मन्त्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने 25 जनवरी, 2021 को IIT, खड़गपुर में आभासी माध्यम से एग्री फूड टेकाथॉन 2021 का उद्घाटन किया।

उन्होंने एग्री-बिजनेस इनक्यूबेशन सेण्टर (ABIC) की नींव भी रखी, जो कृषि और खाद्य प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एग्री-प्रेन्योर्स (कृषि उद्यमियों) को बढ़ावा देने के लिए नवीन प्रौद्योगिकी और विचारों को प्रेरित करेगा। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) ने NABARD के सहयोग से एग्री-फूड टेकाथॉन 2021 का आयोजन किया।


यह अपने आप में एक अनोखा और पहला कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य एग्री-फूड के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े नवाचार और उद्यमिता में भारत के युवाओं की भागीदारी को बढ़ाना है। यह एग्री-फूड टेकथॉन इस क्षेत्र में स्टार्टअप इन्क्यूबेशन के लिए नए विचारों की पहचान करके, उनको सफल बिजनेस बनाने में सहायता करेगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रसिद्ध शिक्षाविदों द्वारा तकनीकी वार्ता के माध्यम से और युवा किसानों को प्रोत्साहित करके कृषि सम्बन्धी समस्याओं का नए-नए समाधान खोजना है। इसके अतिरिक्त जागरुकता फैलाना भी इस कार्यक्रम का एक प्रमुख और महत्वपूर्ण उद्देश्य है।

रक्षा मन्त्री ने ई-छावनी पोर्टल एवं मोबाइल ऐप लॉन्च किया

रक्षा मन्त्री राजनाथ सिंह ने 16 फरवरी, 2021 को ई-छावनी पोर्टल एवं मोबाइल ऐप लॉन्च किया। देश भर में 62 छावनी बोर्डों के 20 लाख से अधिक निवासियों की ऑनलाइन नागरिक सेवाएँ प्रदान करने के लिए रक्षा मन्त्रालय ने पोर्टल (echhawani.gov.in) बनाया है।

इस पोर्टल के माध्यम से छावनी क्षेत्रों के निवासी केवल एक क्लिक से पट्टों के नवीकरण, जन्म और मृत्यु प्रमाण-पत्र के लिए आवेदन, पानी और सीवरेज कनेक्शन, ट्रेड लाइसेन्स, मोबाइल टॉयलेट लोकेटर और विभिन्न प्रकार के करों और शुल्कों के भुगतान जैसी बुनियादी सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे।

इस पोर्टल को ई-गॉव फाउण्डेशन, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL), डायरेक्टरेट जनरल डिफेन्स एस्टेट्स (DGDE) तथा नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेण्टर (NIC) ने संयुक्त रूप से विकसित किया है। इस पोर्टल के माध्यम से छावनी बोर्डों के निवासी घर बैठे इन सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे।



गूगल द्वारा रिमोट लर्निंग के लिए 50 नए सॉफ्टवेयर जारी

विश्व का सबसे बड़ा सर्च इंजन गूगल ने कोरोना काल के बीच 18 फरवरी, 2021 को 50 ऐसे सॉफ्टवेयर लॉन्च किए है जिनसे अध्यापकों और छात्रों दोनों को ही रिमोट लर्निंग के माध्यम से वर्चुअल क्लासरूम को चलाने में और आसानी होने वाली है। गूगल के अनुसार, 1 करोड़ 70 लाख से ज्यादा छात्र और शिक्षक गूगल का उपयोग सीखने, संवाद करने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं।

नई तकनीक का कोई भी व्यक्ति इस्तेमाल कर सकता है। कम्पनी का मानना है कि कहीं से भी सीखने की जरूरत और पढ़ाने का काम महामारी के बाद भी समाप्त नहीं होगा। कम्पनी का उद्देश्य है कि पूरे विश्व की जानकारी को नियोजित किया जाए और यह हर जगह और हर एक व्यक्ति के लिए उपयोगी हो। एक डाटा के अनुसार, जून, 2020 में एक करोड़ चालीस लाख लोगों ने शिक्षा के लिए 'जी सूट' का इस्तेमाल किया था।

भू-स्थानिक आँकड़े को नियन्त्रित करने वाली नीतियों का उदारीकरण

सरकार ने 15 फरवरी, 2021 को भू-स्थानिक आँकड़ों (डाटा) के अधिग्रहण और उत्पादन को नियन्त्रित करने वाली नीतियों के उदारीकरण की घोषणा की। इस कदम से क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने और सार्वजनिक तथा निजी संस्थाओं के लिए समान अवसर पैदा करने में मदद मिलेगी। नए दिशा-निर्देशों के तहत क्षेत्र को नियन्त्रण मुक्त कर दिया जाएगा और अनुमोदन जैसे पहलुओं को दूर किया गया है।

भारतीय संस्थाओं के लिए इसे पूरी तरह से नियन्त्रण मुक्त किया जाएगा और भू-स्थानिक आँकड़े के अधिग्रहण और उत्पादन के लिए पहले से मंजूरी लेना, सुरक्षा मंजूरी, लाइसेन्स की जरूरत नहीं होगी। भू-स्थानिक डाटा के अधिग्रहण और उत्पादन को नियन्त्रित करने वाली नीतियों को आसान बनाया जाएगा और यह सरकार के आत्मनिर्भर भारत के अभियान के लिए एक बड़ा कदम हैं।

डीप-सी फिशिंग वेसल्स हेतु नोडल प्राधिकरण स्थापित

भारत सरकार ने एप्रूव्ड स्टैण्डर्डाइज्ड डीप-सी फिशिंग वेसल्स (DSFV) डिजाइन एण्ड स्पेसिफिकेशन्स (ASDDS) को तैयार करने के लिए एक नोडल प्राधिकरण की स्थापना की है। यह राज्यों के मत्स्य विभाग को प्रधानमन्त्री मत्स्य सम्पदा योजना (PMMSY) को लागू करने में मदद करेगा।

ASDDS न्यूनतम बुनियादी डिजाइन मापदण्डों का एक ढाँचा प्रदान करेगा। जहाजों का निर्माण इस निर्धारित ढाँचे के तहत किया जाएगा।

केन्द्रीय तकनीकी प्रौद्योगिकी संस्थान (CIFT) के निदेशक द्वारा इस नोडल प्राधिकरण की अध्यक्षता की जाएगी। इसमें IIT, खड़गपुर या IIT-मद्रास के नौसेना वस्तुकला विभाग, कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड और इण्डियन शिपिंग रजिस्टर के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

यह नोडल प्राधिकरण मूल रूपरेखा पहलुओं को कवर करेगा, जिसमें आउटलाइन स्पेसिफिकेशन, बेसिक कैलकुलेशन, जनरल अरेंजमेण्ट और बेसिक स्ट्रक्चरल डिजाइन शामिल हैं। ASDDS कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा तैयार किया जाएगा।

इसकी सैद्धान्तिक मंजूरी इण्डियन रजिस्टर ऑफ शिपिंग (IRS) द्वारा दी जाएगी। ASDDS के अनुपालन में डीप-सी फिशिंग वेसल्स का निर्माण किया गया था। डीप-सी फिशिंग वेसल्स भी PMMSY योजना के तहत सब्सिडी के लिए पात्र होगा।

एयरटेल द्वारा भारत में 5G रेडी नेटवर्क की घोषणा

टेलिकॉम कम्पनी एयरटेल देश की पहली कम्पनी बन गई है, जिसने 31 जनवरी, 2021 को हैदराबाद शहर में 5G सर्विस का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया। एयरटेल ने 1800 मेगाहर्ट्ज बैण्ड में NSA (नॉन स्टैण्ड अलोन) नेटवर्क तकनीक के माध्यम से अपने मौजूदा उदारीकृत स्पेक्ट्रम के साथ ऐसा किया। एयरटेल ने भारत 5G नेटवर्क के लिए इरिक्शन कम्पनी के साथ साझेदारी की है।

एयरटेल के 5G सर्विस के प्रदर्शन के दौरान हैदराबाद के उपभोक्ता ने महज कुछ ही सेकेण्ड्स में एक फिल्म को डाउनलोड कर लिया। इस डेमो के जरिए कम्पनी की तकनीकी क्षमताओं को रेखांकित किया गया है।

मौजूदा टेक्नोलॉजी से तुलना की जाए तो एयरटेल 5G 10 गुना गति, 10 गुना विलम्बता और 100 गुना सान्द्रता, (10 × स्पीड, 10 × लेटेन्सी और 100 × कंकरेन्सी) देने में पूरी तरह सक्षम है।

उम्मीद लगाई जा रही है कि 5G नेटवर्क के आने से इण्टरनेट की स्पीड 1000 MBPS तक हो जाएगी। यह 4G के अनुसार, 10 से 20 गुना ज्यादा तेज डाटा डाउनलोड करने में सक्षम होगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 5G से 2026 तक $ 27 अरब से अधिक का रेवन्यू पैदा होने की सम्भावना है।

5G नेटवर्क के लिए शर्त

टेलिकॉम कम्पनियों द्वारा 5G नेटवर्क का इस्तेमाल तभी किया जा सकेगा जब उपयोगकर्ता कम्पनी के 5G प्लॉन्स को सब्सक्राइब करते हैं। 5G डिवाइस के बिना 5G नेटवर्क की अल्ट्राहैग स्पीड का लाभ नहीं उठा पाएँगे। 5G प्लान और 5G सिम टेलिकॉम कम्पनियों में अलग-अलग होंगे।

वर्चुअल इण्टेलिजेन्स टूल 'तेजस' लॉन्च

IT एवं संचार मन्त्री रविशंकर प्रसाद ने 28 जनवरी, 2021 को एक कार्यक्रम में वर्चुअल इण्टेलिजेन्स टूल 'तेजस' और 'वर्क फ्रॉम एनीवेटर' पोर्टल लॉन्च किया। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र सेवाएँ इन कॉर्पोरेटेड (NICSI) ने अपनी स्थापना के 25 वर्ष के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम को आयोजित किया।

तेजस टूल नागरिकों को नितिगत निर्णयों और सरकारी सेवाओं एवं उनके वितरण से जुड़ी दक्षता में सुधार के उद्देश्य से सार्थक जानकारी जुटाने के लिए उपलब्ध डाटा के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करने में मदद करेगा।

इसके अलावा केन्द्रीय मन्त्री द्वारा 'ई नीलामी भारत' और वर्क फ्रॉम एनीवेटर भी लॉन्च किया। ई नीलामी भारत सरकारी संस्थानों की इलेक्ट्रॉनिक फॉरवर्ड और रिवर्स नीलामी आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से 24 × 7 ऑनलाइन सेवा उपलब्ध कराएगा।

वर्क फ्रॉम एनीवेटर पोर्टल महामारी के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग और काम की सुगमता सुनिश्चित करने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से संचार की सुविधा उपलब्ध कराएगा। NICSI का प्राथमिक कार्य केन्द्र एवं राज्य सरकारों और देश भर के अन्य सार्वजनिक उपक्रमों को ई-गवर्नेन्स से जुड़ी परियोजनाओं के लिए एण्ड-टू-एण्ड IT समाधान प्रदान करना है।



सोलर-बायोडीजल मिनीग्रिड सिस्टम राष्ट्र को समर्पित

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR)-केन्द्रीय यान्त्रिक अभियान्त्रिकी अनुसंधान संस्थान (CMERI) के सेण्टर फॉर एक्सीलेन्स फॉर फार्म मशीनरी ने लुधियाना (पंजाब) के गिल रोड स्थित सेण्टर फॉर एक्सीलेन्स इन फार्म मशीनरी (COEFM) आवासीय कॉलोनी को 24 × 7 घण्टे बिजली देने के लिए अधिकतम 50 किलो वॉट की क्षमता वाली ऑफ ग्रिड सोलर बायोडीजल हाइब्रिड मिनीग्रिड सिस्टम को 1 फरवरी, 2021 को विकसित किया। CSIR-CMERI के निदेशक डॉ. हरीश हिरानी ने इस सिस्टम का उद्घाटन किया।

उच्च शक्ति वाली केन्द्रीकृत उत्पादन प्रणालियाँ खर्चीले ट्रांसमिशन और विद्युत वितरण ढाँचे पर निवेश की जरूरत पैदा करते हैं, जो बिजली के ट्रांसमिशन में होने वाले नुकसान को बढ़ाता है।

इस परिदृश्य में, छोटे पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के साथ स्थानीयकृत क्षेत्र विशेष के लिए वितरण वाली मिनीग्रिड जैसे उत्पादन प्रणालियाँ बिजली की खपत वाले केन्द्रों के पास सम्भावित बिजली उत्पादक बन सकते हैं और स्थानीय समुदाय की ऊर्जा जरूरतें पूरी करने में मददगार हो सकते हैं। इस तरह की प्रणालियाँ सुदूर क्षेत्रों, गाँवों और पहाड़ी क्षेत्र इत्यादि में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए अनूठे समाधान हो सकते हैं।

IIT दिल्ली के शोधकर्ताओं ने बनाया पानी से हाइड्रो ईंधन

IIT दिल्ली के शोधकर्ताओं (रिसर्चर्स) ने कम लागत में पानी से स्वच्छ हाइड्रोजन ईंधन बना लिया है। यह तकनीक दुनिया भर में क्लीनर और ग्रीनर ऊर्जा स्रोतों की तलाश के लिए किए जा रहे प्रयासों के क्रम में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके लिए ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन एनर्जी सेण्टर द्वारा फण्ड उपलब्ध कराया गया था।

इस परियोजना पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) के डिपार्टमेण्ट ऑफ केमिकल इन्जीनियरिंग से प्रो. श्रीदेवी उपाध्यायुला, प्रो. अशोक एन. भास्करवार, प्रो. अनुपम शुक्ला तथा फिजिक्स डिपार्टमेण्ट से प्रो. सास्वता भट्टाचार्य सहित अन्य शोधार्थी जुड़े हैं। यह टीम भविष्य के ईंधन तैयार करने की तकनीकी पर काम कर रही है। यह पेट्रोलियम ईंधन का बेहतर विकल्प होगा। इसमें ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन कम होगा।

परियोजना की प्रक्रिया

आमतौर पर पानी से 2000 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान पर आक्सीजन और हाइड्रोजन

अलग होता है, लेकिन इस परियोजना में इसे सल्फर आयोडीन थर्मोकेमिकल हाइड्रोजन प्रोसेस के जरिए सुगम बनाया गया है।

इस प्रक्रिया में आयोडीन और सल्फर का प्रयोग कर पानी को हाइड्रोजन और आक्सीजन में लगभग 150 डिग्री सेल्सियस पर अलग करते हैं। यही नहीं आयोडीन और सल्फर को रिसाइकिल भी किया जा सकेगा।

IIT वर्ष 2007 से ही इस प्रोजेक्ट पर कार्य कर रहा है। नौ चरणों वाले इस प्रोजेक्ट के 6 चरणों को पूरा कर लिया गया है। इस प्रक्रिया से औद्योगिक खपत के लिए स्वच्छ हाइड्रोजन ईंधन के रूप में विभाजित करने में कामयाबी हासिल हुई।

हुबली के विद्यार्थियों ने बनाया 'माया' रोबोट

कर्नाटक के हुबली में इन्जीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने रोबोट 'माया' को 3 फरवरी, 2021 को लॉन्च किया। केएलई टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी के ऑटोमेशन और रोबोटिक्स विभाग के विद्यार्थियों ने ₹ 5 लाख के खर्च और 8 माह में रोबोट विकसित किया। बैंकिंग क्षेत्रों को ध्यान में रखकर यह रोबोट विकसित किया गया है।

यह रोबोट बैंकों के ग्राहकों को खाता खोलने की सलाह के साथ तमाम तरीके का क्वेरी (प्रश्न) के लिए नामित काउण्टरों पर भेजना जैसी बैंकिंग गतिविधियों के लिए प्रोग्राम किया गया है। इसे कई क्षेत्रीय भाषाओं में बात करने के लिए प्रोग्राम किया गया है।

इस रोबोट में ग्राहकों के चेहरे को पहचानने और चैट बॉट का उपयोग करके उन्हें प्रतिक्रिया देने की भी क्षमता है। किसी भी इंसान की मदद के बिना बैटरी चार्ज स्वयं करने की भी क्षमता इस रोबोट में है।

अल्फाबेट द्वारा 'प्रोजेक्ट लून' को बन्द करने की घोषणा

गूगल की पेरेण्ट कम्पनी अल्फाबेट ने अपने इण्टरनेट बैलून कारोबार 'प्रोजेक्ट लून' को बन्द करने की घोषणा 22 जनवरी, 2021 को की। कम्पनी ने लून को टेलीकॉम टॉवर के सस्ते विकल्प के तौर पर शुरू किया था, लेकिन उसका यह बिजनेस घाटे वाला साबित हुआ। अल्फाबेट ने लून को वर्ष 2011 में शुरू किया था।

इसका उद्देश्य दुनिया के ऐसे इलाकों में मोबाइल नेटवर्क स्थापित करना था, जहाँ टेलीकॉम टॉवर लगाना बहुत महँगा या जोखिम भरा होता है। कम्पनी ने इसके लिए टेनिस कोर्ट के आकार के हीलियम बैलून का प्रयोग किया, जो सौर ऊर्जा से चलता है।

टॉवर की तुलना में एक बैलून 200 गुना ज्यादा बड़े क्षेत्र को कवर कर सकता है। प्रोजेक्ट लून को बन्द करने के पीछे का कारण यह है कि यह मॉडल ऑपरेशन को जारी रखने के लिए लागत को नीचे लाने में सक्षम नहीं है।

कृषि, पर्यावरण एवं जैव-विविधता

वाणिज्यिक जूट बीज वितरण योजना लॉन्च

केन्द्रीय कपड़ा मन्त्री स्मृति ईरानी ने 14 फरवरी, 2021 को वाणिज्यिक जूट बीज वितरण योजना शुरू की। श्रीमती ईरानी ने वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के जरिए पश्चिम बंगाल के बैरकपुर में ICAR-CRIJAF संस्थान में पटसन के प्रमाणित बीज वितरण योजना शुरू की।

कपड़ा मन्त्रालय ने अपने राष्ट्रीय पटसन बोर्ड आयुक्त तथा भारतीय पटसन निगम के क्षेत्रीय कार्यालयों और कृषि और किसान कल्याण मन्त्रालय के तहत ICAR-CRIJAF के सहयोग से पटसन बीज वितरण कार्यक्रम और पटसन किसान जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया था।

इस कदम से लगभग 5 लाख पटसन उत्पादक किसानों को फायदा होगा। वाणिज्यिक जूट बीज वितरण योजना को भारतीय जूट निगम और राष्ट्रीय बीज निगम के बीच एक समझौता ज्ञापन (MoU) के बाद लॉन्च किया गया था। वर्ष 2021-22 में 1000 मीट्रिक टन प्रमाणित जूट के बीज के व्यावसायिक वितरण के लिए वर्ष 2020 में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे।

'अटल पर्यावरण भवन' का उद्घाटन

केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मन्त्री प्रकाश जावड़ेकर ने 19 फरवरी, 2021 को लक्षद्वीप में अटल पर्यावरण भवन का उद्घाटन किया। यह लक्षद्वीप का सबसे बड़ा कार्यालय परिसर है।

इस हरित भवन का निर्माण 3 वर्ष के रिकॉर्ड समय में 22150 वर्ग फीट में किया गया। इस इमारत में समुद्री जैव-विविधता अनुसंधान के लिए अत्याधुनिक सुविधाएँ हैं। जावड़ेकर 19 फरवरी, 2021 से चार दिनों के लिए लक्षद्वीप की यात्रा पर थे।

उन्होंने सुहेली, कदमत और बांगरम द्वीपों के कार्यालयों में भी भाग लिया और केन्द्रशासित प्रदेश के वन और पर्यावरण विभाग की प्रमुख अभिनव पहलों का मूल्यांकन किया।

हैदराबाद शहर '2020 ट्री सिटी ऑफ द वर्ल्ड' घोषित

संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (FAO) और आर्बर डे फाउण्डेशन ने 19 फरवरी, 2021 को हैदराबाद को '2020 ट्री सिटी ऑफ द वर्ल्ड' के रूप में मान्यता दी है। हैदराबाद को शहरी जंगलों को विकसित करने और बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता के बाद चुना गया। यह मान्यता शहर के वृक्षारोपण, पेड़-पौधों के विकास के लिए निरन्तर और संस्थागत प्रयासों के लिए एक साक्ष्य है।

हैदराबाद ने इस कार्यक्रम के दूसरे वर्ष में दुनिया के 51 अन्य शहरों के साथ यह पहचान अर्जित की है, जबकि अब तक मान्यता प्राप्त करने वाला भारत का एकमात्र शहर है। अधिकांश शहर अमेरिका, युनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा के हैं।

इस मान्यता के बाद हैदराबाद समान विचारधारा वाले शहरों में शामिल हो जाएगा जो पेड़ों के महत्व को पहचानते हैं। संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन, संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेन्सी है। FAO भुखमरी को हराने और पोषण सुरक्षा में सुधार के साथ-साथ खाद्य सुरक्षा के अन्तर्राष्ट्रीय प्रयासों का नेतृत्व करता है।

ऑर्बर डे फाउण्डेशन एक गैर-लाभकारी संरक्षण और शिक्षा संगठन है। इसकी स्थापना वर्ष 1972 में की गई थी। यह संगठन सबसे बड़ा गैर लाभकारी सदस्यता संगठन है जो वृक्षारोपण के लिए समर्पित है।

केरल में खोजी गई नई प्रजाति की चींटी

भारत में दुर्लभ चींटी वंश की दो नई प्रजातियों की खोज 23 जनवरी, 2021 को की गई। ये दोनों प्रजातियाँ तमिलनाडु और केरल में खोजी

गई हैं। यह खोज जर्नल ज़ूकीज में प्रकाशित हुई। इसमें से एक चींटी को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के स्वायत्त संस्थान जवाहर लाल नेहरू उन्नत वैज्ञानिक अनुसन्धान केन्द्र (JNCASR) के जीव विज्ञानी प्रोफेसर ओसेरिया जोशी का नाम दिया गया है।

केरल के पेरियार बाघ अभ्यारण्य में एक प्रजति पाई गई है। इसका नाम प्रख्यात जीव विज्ञानी प्रोफेसर ओसेरिया जोशी पर रखा गया। ये चींटी एण्टेनल के आधार पर समान वंश से विभिन्न हैं। नई प्रजातियों में पहली इस दुर्लभ वंश के बीच दस-सखण्डित एण्टिना के साथ देखी गई थी और इनकी खोज पटियाला के पंजाबी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर हिमेन्दर भारती की टीम द्वारा की गई थी।

दुर्लभ वंश की चींटी का वर्तमान में प्रतिनिधित्व 14 प्रजातियों द्वारा किया जाता है, जिनमें से 8 के पास 9 सखण्डित एण्टिना होते हैं, जबकि 5 के पास 11 सखण्डित एण्टिना, लेकिन एक प्रजाति में 8 सखण्डित एण्टिना भी हैं।

भारत में चींटी का 9 और 11 सखण्डित एण्टिना के साथ 2 प्रजातियों द्वारा प्रतिनिधित्व किया गया है, लेकिन इस नई खोज से अब भारत में तीसरा प्रतिनिधित्व 10 सखण्डित एण्टिना के साथ चींटी का एकमात्र मॉडल जीव के रूप में उभर कर आया है।

नागपुर में बालासाहेब ठाकरे गोरेवाड़ा अन्तर्राष्ट्रीय प्राणी उद्यान का उद्घाटन

महाराष्ट्र के मुख्यमन्त्री उद्धव ठाकरे ने 26 जनवरी, 2021 को भारत के सबसे बड़े कहे जाने वाले नागपुर के बालासाहेब ठाकरे गोरेवाड़ा अन्तर्राष्ट्रीय प्राणी उद्यान का उद्घाटन किया। यह उद्यान 564 हेक्टेयर में फैला हुआ है। यदि गोरेवाड़ा रेस्क्यू सेण्टर और गोरेवाड़ा रिजर्व को शामिल कर लिया जाए तो पार्क का क्षेत्रफल 1914 हेक्टेयर है।

इस उद्यान में घूमने के लिए ऑफलाइन के साथ ही ऑनलाइन टिकट बुकिंग की सुविधा भी की गई है। यहाँ की टिकट दर क्रमश: ₹ 100, ₹ 200 और ₹ 300 है। सफारी का भ्रमण कराने के लिए भी विशेष सुविधा रहेगी। वातानुकूलित बसों की व्यवस्था भी रहेगी। मुख्यमन्त्री उद्धव ठाकरे ने गोरेवाड़ा परियोजना के तहत गोण्ड जनजाति की संस्कृति और इतिहास को चित्रित करते हुए गोण्डवाना थीम पार्क की स्थापना की भी घोषणा की।

बायो एशिया 2021 आयोजित

बायो एशिया का 18वाँ संस्करण 22-23 फरवरी, 2021 के बीच आयोजित किया गया। इसका आयोजन 'मूव द नीडल' थीम के तहत किया गया। इस वर्ष, बायो एशिया इवेण्ट COVID-19, फार्मा, मेडटेक और वैश्विक स्वास्थ्य पर केन्द्रित था। इस आयोजन में कई प्रकार के पैनल शामिल हुए। पैनल ने इस बात पर ध्यान केन्द्रित किया कि कैसे COVID-19 महामारी के कारण जीव-विज्ञान उद्योग में किस प्रकार के बदलाव आए हैं।

इस आयोजन में जीव-विज्ञान उद्योग के लिए महत्व के विषयों पर चर्चा की गई। इस आयोजन का एक सत्र मेडिकल टेक्नोलॉजी की सम्भावनाओं पर केन्द्रित था, जो भारत के लिए अगला बड़ा अवसर बन रहा है।

मेडिकल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भारत आयातक की बजाय निर्यातक बनने जा रहा है। इस आयोजन में आपूर्ति शृंखला लचीलापन, नवीन दवाओं तक पहुँच, नवाचार और अनुसंधान पर विश्लेषण भी किया गया।



कर्नाटक में मिला 1600 टन लीथियम का भण्डार

कर्नाटक के मण्ड्या जिले के मरलागल्ला-अल्लपटना क्षेत्र में 11 फरवरी, 2021 को 1600 टन लीथियम भण्डार पाए जाने की पुष्टि हुई है। मरलागल्ला-अल्लपटना क्षेत्र के पेगमाईट में सर्वेक्षण किया गया था। यह सर्वेक्षण अन्वेषण और अनुसंधान के लिए परमाणु खनिज निदेशालय द्वारा किया गया था।

केन्द्र सरकार ने 12 मार्च, 2020 को राज्यसभा में लिथियम के भण्डार होने के बारे में सूचित किया था, लेकिन भण्डार इतना बड़ा होगा यह पता नहीं था। अन्तरिक्ष प्रौद्योगिकी में लिथियम-आयन बैटरी का बहुत उपयोग किया जाता है। इस लागत को कम करने के लिए भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के अन्वेषण और अनुसंधान के लिए परमाणु खनिज निदेशालय ने देश भर के लीथियम के स्रोतों की खोज शुरू की। भारत में पाया जाने वाला लीथियम अयस्क लेपिडोलाइट, स्पोड्यूमिन और एंब्लीगोनाइट है।

लीथियम का उपयोग

लीथियम एक दुर्लभ पृथ्वी तत्व है। भारत हर वर्ष लिथियम बैटरी आयात करता है। वर्ष 2019-20 में ₹ 6820 करोड़ कीमत की 45.03 करोड़ बैटरी भारत में आई।

लीथियम आयन बैटरी का उपयोग इलेक्ट्रोनिक वाहनों, अन्तरिक्षयान अर्थात् उपग्रहों, लैवर-रोवर, मोबाइल बैटरी, घड़ी कोशिकाओं, वर्तमान समय में सभी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं में किया जाता है जिसमें बैटरी का उपयोग किया जाता है।

इसके अलावा इसका उपयोग विभिन्न प्रकार के चिकित्सा उपकरणों और दवाओं में किया जाता है। ये दवाएँ आम तौर पर द्विध्रुवी विकार, मैनिक-डिप्रेसिव विकार, अवसाद, असन्तुलित मस्तिष्क के लिए बनाई जाती हैं।

विश्व में लीथियम

भारत लीथियम आयन पर अन्य देशों पर निर्भर हैं। ये देश इस दुर्लभ खनिज के सबसे बड़े स्रोत हैं। बोलीविया में 21 मिलियन टन, अर्जेण्टिना में 17 मिलियन टन, चिली में 9 मिलियन टन, अमेरिका में 6.8 मिलियन टन, ऑस्ट्रेलिया में 6.3 मिलियन टन और चीन में 4.5 मिलियन टन लीथियम है।

लीथियम निर्यात करने के लिए इन देशों के बीच एक प्रतियोगिता है। भारत अब तक चीन और अन्य लीथियम निर्यातक देशों के माध्यम से अपनी लीथियम जरूरतों का 100% पूरा कर चुका है।

मिरिस्टिका दलदल जैव-विविधता विरासत स्थल घोषित

महाराष्ट्र सरकार ने 31 जनवरी, 2021 को डोडरमर्ग तालुका के बम्बार्दे गाँव के मिरिस्टिका दलदली वनस्पति क्षेत्र को जैव-विविधता विरासत स्थल घोषित किया।

यह गोवा की सीमा से कुछ किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह महाराष्ट्र में 8वें और सिन्धु दुर्ग जिले में पहला है, जिसे यह विरासत टैग दिया गया है।

यह 2.6 हेक्टेयर में फैला हुआ क्षेत्र है, जिसे सदियों से हेबले के ग्रामीणों द्वारा संरक्षित किया गया है।

महाराष्ट्र वन विभाग ने 10 वर्ष की प्रबन्धन योजना के साथ इस दलदल के संरक्षण के लिए एक स्थानीय प्रबन्धन समिति का गठन करने का निर्णय लिया है।

चेन्नई में खुलेगा देश का पहला वेटलैण्ड संरक्षण प्रबन्धन केन्द्र

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्यमन्त्री बाबुल सुप्रीयो ने चेन्नई में वेटलैण्ड कन्जर्वेशन एण्ड मैनेजमेण्ट केन्द्र की स्थापना की घोषणा 2 फरवरी, 2021 को की। यह देश का पहला वेटलैण्ड संरक्षण प्रबन्धन केन्द्र होगा। संस्थान देश के 42 वेटलैण्ड में शोध और उनके संरक्षण को बढ़ावा देगा।

यह संरक्षण केन्द्र सतत तटीय प्रबन्धन के लिए राष्ट्रीय केन्द्र का एक हिस्सा होगा। यह राष्ट्रीय केन्द्र पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मन्त्रालय के तहत एक संस्था है। यह संरक्षण केन्द्र एक ज्ञान केन्द्र के रूप में भी कार्य करेगा।

यह राज्यों या केन्द्रशासित प्रदेशों के प्रबन्धकों, आर्द्रभूमि शोधकर्ताओं, चिकित्सकों, नीति-निर्माताओं के बीच विनिमय को सक्षम करेगा। वेटलैण्ड (आर्द्रभूमि) एक विशिष्ट पारिस्थितिकी तन्त्र है, जो पानी से भर जाता है। वे या तो स्थायी रूप से या मौसमी रूप से पानी से भर जाते हैं। वेटलैण्ड के संरक्षण के लिए 2 फरवरी को विश्व वेटलैण्ड दिवस के रूप में मनाया जाता है।

बालासोर में किया जाएगा देश का पहला वज्रपात परीक्षण

ओडिशा के बालासोर में देश के पहले वज्रपात का परीक्षण करने की घोषणा भारत के मौसम विभाग ने 5 फरवरी, 2021 को की। वज्रपात के परीक्षण करने का उद्देश्य बिजली के प्रहारों के कारण मानव मृत्यु और सम्पत्ति नुकसान को कम करना है। वज्रपात का परीक्षण पृथ्वी विकास मन्त्रालय, IMD, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) और भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के बीच सहयोग से किया जाएगा।

इन सभी की पहले से ही बालासोर में अपनी इकाइयाँ हैं। आस-पास के क्षेत्रों को पूरा करने के लिए वेधशालाएँ स्थापित की जाएँगी और गरज के साथ अध्ययन किए जाएँगे। भारत के मौसम विभाग के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्रा की देख-रेख में परीक्षण किया जाना है। महापात्रा को भारतीय उपमहाद्वीप में चक्रवातों की सटीक भविष्यवाणी के लिए 'साइक्लोन मैन ऑफ इण्डिया' के रूप में जाना जाता है।

स्वास्थ्य एवं पोषण

टीकाकरण अभियान इन्द्रधनुष 3.0 लॉन्च

केन्द्रीय स्वास्थ्य मन्त्री हर्षवर्धन ने 19 फरवरी, 2021 को पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष टीकाकरण अभियान, सघन (इण्टेंसिफाइड) मिशन इन्द्रधनुष 3.0 (IMI 3.0) लॉन्च किया है। IMI 3.0 दो चरणों में आयोजित किया जाएगा।



यह अभियान 22 फरवरी, 2021 से 22 मार्च, 2021 तक 15-15 दिनों के लिए दो चरणों में चलाया जाएगा। 28 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में 250 जिलों या शहरी क्षेत्रों में टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान करीब डेढ़ करोड़ बच्चों और गर्भवती महिलाओं को टीके लगाए जाएँगे।

केन्द्रीय मन्त्री ने IMI 3.0 पोर्टल भी लॉन्च किया और इसके लिए ऑपरेशन दिशा-निर्देश जारी किए। सभी बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए तीव्र गति से पूर्ण टीकाकरण कवरेज प्राप्त करने के लिए भारत सरकार ने दिसम्बर, 2014 से मिशन इन्द्रधनुष शुरू किया था।

ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका को दुनिया में आपात इस्तेमाल को मंजूरी

विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने 15 फरवरी, 2021 को ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका की ओर से विकसित की गई वैक्सीन के इमरजेन्सी इस्तेमाल की मंजूरी दे दी। इससे दुनिया भर में कोवैक्स के तहत टीकाकरण को आगे बढ़ाया जा सकेगा। इनमें से एक का उत्पादन भारत की सीरम इंस्टीट्यूट करती है जबकि दूसरे वर्जन का उत्पादन दक्षिण कोरिया की एसके बायो कम्पनी करती है।

WHO ने दोनों कम्पनियों द्वारा बनाई गई कोरोना वैक्सीन को मंजूरी दे दी है। संगठन ने वैक्सीन के उत्पादन में तेजी लाए जाने की भी बात की। ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका की कोरोना वैक्सीन फाइजर जैसी अन्य वैक्सीन के मुकाबले में सस्ती और इस्तेमाल में आसान है।

WHO का मानना है कि ऑक्सफोर्ड एस्ट्राजेनेका की कोरोना वैक्सीन को मंजूरी दिए जाने के बाद कोवैक्स प्रोग्राम के तहत दुनिया के कई देशों को वैक्सीन दिए जाने का काम तेज हो जाएगा।

चण्डीगढ़ PGI में खुला देश का पहला एम्प्यूटी क्लीनिक

चण्डीगढ़ PGI में देश के पहले एम्प्यूटी क्लीनिक का शुभारम्भ 2 फरवरी, 2021 को किया गया। क्लीनिक में दुर्घटना में अपने अंग गवां चुके मरीजों के इलाज के साथ पुनर्वास की भी व्यवस्था की गई है ताकि मरीज को दुर्घटना के बाद सामान्य जीवन में कोई परेशानी न हो।

इस क्लीनिक में सबसे पहले मरीज के क्षतिग्रस्त अंग का इलाज किया जाएगा। इसके बाद उसे डॉक्टर की देखरेख में रखने के साथ फिजियोथैरेपी, काउन्सिलिंग और पुनर्वास से जुड़ी अन्य सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी।

इस क्लीनिक के संचालन का जिम्मा PGI हड्डी रोग विभाग के पास होगा। अपना इलाज कराने या फिर क्लीनिक में रहने का खर्च नहीं उठा पाने वाले मरीजों को आर्थिक सहायता देना भी इस क्लीनिक का उद्देश्य है।

IEC अभियान की शुरुआत

केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मन्त्री डॉ. हर्षवर्धन ने 21 जनवरी, 2021 को देश की जनसंख्या के कुछ वर्गों में वैक्सीन के बारे में हिचकिचाहट के उभरते मुद्दों के समाधान के लिए सूचना, शिक्षा और संचार पोस्टरों (IEC पोस्टरों) का अनावरण किया।

डॉ. हर्षवर्धन ने सभी लोगों से निहित स्वार्थ के लिए असत्य और गलत सूचनाओं को फैलाने के अभियानों का मुकाबले करने का आग्रह किया।

COVID-19 के खिलाफ दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान भारत में 16 जनवरी, 2021 को प्रधानमन्त्री मोदी द्वारा शुरू किया गया था। देश में कुछ वर्गों द्वारा लगातार वैक्सीन के बारे में सन्देह और गलत सूचना फैलाई जा रही है। इसी के जवाब में IEC पोस्टर लॉन्च किया गया है।

भारत भूटान, मालदीव, बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार और सेशल्स के लिए भी टीकों की आपूर्ति 18 जनवरी, 2021 से कर रहा है। भारत में देशव्यापी टीकाकरण अभियान दिल्ली के स्वच्छ कार्यकर्ता मनीष कुमार को वैक्सीन लगाकर शुरू किया गया था।

FICCI द्वारा आयोजित मासकरेड 2021 का आयोजन

केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मन्त्री डॉ. हर्षवर्धन ने 21 जनवरी, 2021 को फिक्की कास्कोड द्वारा तस्करी किए और फर्जी व्यापार के खिलाफ आन्दोलन विषय पर आयोजित मासकरेड 2021 के 7वें संस्करण का उद्घाटन किया।

मासकरेड का उद्देश्य विशेष रूप से जाली व्यापार और तस्करी के लेन-देन की चुनौतियों में कमी लाने के लिए नई और व्यावहारिक रणनीतियों पर स्वस्थ चर्चा करना है।

केन्द्रीय मन्त्री हर्षवर्धन ने इस मौके पर भारत सरकार के अवैध दवाओं पर काबू पाने के लिए विभिन्न कदमों पर चर्चा की। द ड्रग्स एण्ड कॉस्मेटिक्स ऐक्ट 1940 का ड्रग्स एण्ड कॉस्मेटिक्स अमेण्डमेण्ट ऐक्ट 2008 के तहत संशोधन किया गया था।

इस अधिनियम के अन्तर्गत यदि कोई दवा मिलावटी या अवैध पाई जाती है, तब उल्लंघनकर्ता को कैद की सजा दी जा सकती है, जो 10 वर्ष से कम नहीं होगी, लेकिन इसे आजीवन कारावास में बदला जा सकता है। 7वाँ मासकरेड में नवाचार नीति समाधानों पर विचार और चर्चा भी हुई जिनसे नकली, तस्करी वाले और अवैध उत्पादों की वृद्धि में कमी आएगी।

फाइजर द्वारा भारत में इमरजेन्सी इस्तेमाल का आवेदन वापस

अमेरिकी दवा निर्माता कम्पनी फाइजर ने भारत में अपने COVID-19 वैक्सीन के इमरजेन्सी इस्तेमाल की मंजूरी के लिए दिए गए आवेदन को वापस लेने का फैसला 4 फरवरी, 2021 को किया। कम्पनी ने अपनी COVID-19 वैक्सीन के इमरजेन्सी इस्तेमाल की मंजूरी की माँग करते हुए ड्रग नियामक प्राधिकरण की विषय विशेषज्ञ समिति की बैठक में भाग लिया। बैठक में ही विचार-विमर्श और अतिरिक्त जानकारी जुटाने के बाद कम्पनी ने इस समय अपना आवेदन वापस लेने का फैसला किया है।

फाइजर के प्रवक्ता के अनुसार, फाइजर भारत में सरकार द्वारा उपयोग के लिए अपनी वैक्सीन को उपलब्ध कराने और आपातकालीन उपयोग प्राधिकरण के लिए अपेक्षित मार्ग का अनुसरण करने के लिए प्रतिबद्ध है। फाइजर ने जर्मनी की BioNTech कम्पनी के साथ मिलकर कोविड वैक्सीन तैयार की है।

फाइजर ने ड्रग कण्ट्रोलर जनरल ऑफ इण्डिया से आपातकालीन इस्तेमाल की मंजूरी माँगी थी। भारत में स्वदेशी वैक्सीन कोविशील्ड और कोवैक्सीन को आपातकालीन इस्तेमाल की मंजूरी मिलने के बाद 16 जनवरी, 2021 को दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान शुरू किया गया।

अन्तरिक्ष

ISRO ने दो निजी कम्पनियों के सैटेलाइट टेस्ट कर रचा इतिहास

भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने अपने 50 वर्ष के इतिहास में पहली बार अपने सैटेलाइट सेण्टर को निजी कम्पनियों के लिए खोला है।

इसरो isro

भारतीय स्टार्ट अप्स के दो सैटेलाइट स्पेसकिड्ज इण्डिया और पिक्सल का ISRO के UR राव सैटेलाइट केन्द्र में 12 फरवरी, 2021 को परीक्षण हुआ। इसमें एक सैटेलाइट निजी कम्पनी की है और दूसरी सैटेलाइट छात्रों की डेवलप की हुई है। इसमें स्पेसकिड्ज इण्डिया को छात्रों ने डिजाइन किया है।

ISRO PSLV मिशन के तहत वाणिज्यिक सैटेलाइट्स को लॉन्च करने के लिए तैयार है। यह पहला मिशन होगा जिसमें भारतीय उद्योग के सैटेलाइट्स को व्यावसायिक रूप से ISRO द्वारा लॉन्च किया जाएगा। PSLV C-51 मिशन एक ब्राजीलियाई उपग्रह अमोनिया-1 न्यूस्पेस इण्डिया (ISRO की वाणिज्यिक शाखा) की वाणिज्यिक व्यवस्था के तहत लेकर जाएगा। इसके अलावा, लॉन्च व्हीकल 20 पैसेंजर सैटेलाइट्स को लेकर जाएगा।

निजी कम्पनियों के लिए निकाय

भारत ने पिछले वर्ष जून में अपने अन्तरिक्ष क्षेत्र को निजी कम्पनियों को खोलने का ऐलान किया था। इसके लिए एक स्वतन्त्र निकाय, भारतीय राष्ट्रीय अन्तरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केन्द्र (इन-स्पेस) की स्थापना की गई थी।

यह संस्था न केवल निजी क्षेत्र की अन्तरिक्ष गतिविधि की देख-रेख करेगी बल्कि ISRO की सुविधाओं को सम्भालने और साझा करने का भी काम करेगी। निकाय के निर्णय को मानना ISRO के लिए भी बाध्यकारी होगा।

मंगल पर उतरा NASA का रोवर

अमेरिकी अन्तरिक्ष एजेन्सी NASA के यान ने (पर्सिवेरेन्स) 19 फरवरी, 2021 को मंगल ग्रह की सतह पर सफल लैण्डिंग कर इतिहास रच दिया। 203 दिनों की यात्रा के बाद लाल ग्रह (मंगल) पर NASA का यान सतह पर उतर गया। सबसे जोखिम भरे और ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण इस अभियान का उद्देश्य यह पता लगाना है कि मंगल ग्रह पर क्या कभी जीवन था। अभियान के तहत ग्रह से चट्टानों के टुकड़े भी लाने का प्रयास होगा।

NASA के अनुसार पृथ्वी से 472 मिलियन (47.2 करोड़) किमी की दूरी तय करने के बाद रोवर ने मंगल ग्रह के वायुमण्डल में प्रवेश किया और वहाँ मौजूद विशाल जेजीरो क्रेटर (गड्ढा) के अन्दर सुरक्षित तरीके से उतर गया। इसकी के साथ अमेरिका मंगल ग्रह पर सबसे ज्यादा रोवर भेजने वाला दुनिया का पहला देश भी बन गया है। 45 किमी चौड़ा जेजेरो क्रेटर मंगल ग्रह का अत्यन्त दुर्लभ इलाका है। यहाँ गहरी घाटियाँ, नुकीले पहाड़ और रेत के टीले हैं।

ऐसा माना जाता है कि जेजीरो क्रेटर पर पहले नदी बहती थी, जो कि एक झील में जाकर मिलती थी। इसके बाद यहाँ पर पंखे के आकार का डेल्टा बन गया। पर्सिवेरेन्स NASA द्वारा भेजा गया अब तक का सबसे बड़ा रोवर है। NASA का ये मिशन 30 जुलाई, 2020 को फ्लोरिडा के कैप कानावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से लॉन्च किया गया था।

स्वाति मोहन की अहम भूमिका

अमेरिकी मंगल मिशन में भारतीय मूल के वैज्ञानिकों का भी दबदबा रहा है। पर्सिवेरेन्स को मंगल की सतह पर उतारने में भारतीय मूल की अमेरिकी वैज्ञानिक स्वाति मोहन ने रोवर के नेविगेशन और कण्ट्रोल ऑपरेशन में अहम भूमिका निभाई है। नेविगेशन और कण्ट्रोल किसी भी मिशन या ऑपरेशन के लिए आँख और कान होते हैं। इसमें किसी भी तरह की चूक पूरे मिशन की दिशा बदल सकती है। बेंगलुरु में जन्मी डॉ. स्वाति केवल एक वर्ष की आयु में ही भारत से अमेरिका चली गई थी।

रोवर की गुणवत्ता

रोवर कार के बराबर आकार का है, जिसका वजन 1025 किग्रा है। ये अत्याधुनिक कैमरे, लैजर और रोबोटिक ऑर्म से लैस हैं, जिसकी मदद से इस ग्रह पर जीवन की सम्भावना की तलाश होगी। लेजर से कण व रसायनों की जाँच कर पता लगेगा कि सतह पर जब पानी भरपूर था, तब वहाँ जीवाश्म जीवन का स्तर क्या था। रोवर में रखकर एक छोटा ड्रोन हेलिकॉप्टर 'इजेन्युइटी' भी भेजा गया है जो हवाई सर्वे करेगा।

उपग्रह के जरिए अन्तरिक्ष में भेजी जाएगी भगवद्गीता

भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संस्थान (ISRO) के नाम फरवरी के आखिरी सप्ताह में एक और उपलब्धि जुड़ने वाली है। दरअसल ISRO निजी क्षेत्र का पहला उपग्रह सतीश धवन सैटेलाइट लॉन्च करने जा रहा है।

इस दौरान बड़ी बात यह है कि इस सैटेलाइट में श्रीमद भगवद्गीता और प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की एक तस्वीर होगी। इसके अलावा यह सैटेलाइट 25 हजार भारतीय लोगों के नाम (खासकर छात्रों के) लेकर अन्तरिक्ष में जाएगा।

इस नैनो सैटेलाइट को स्पेसकिड्स इण्डिया की ओर से विकसित किया गया है, जो कि छात्रों के बीच अन्तरिक्ष विज्ञान को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक संगठन है। यह सैटेलाइट तीन पेलोड ले जाएगा, जिसमें एक स्पेस रेडिएशन पर स्टडी करने के लिए, दूसरा मैग्नेटोस्फीयर की स्टडी और तीसरा कम्युनिकेसन नेटवर्क के लिए होगा।

मंगल की कक्षा में पहुँचा चीन का मानवरहित यान


चीन ने अपने मानवरहित अन्तरिक्षयान वियानवेन-1 के 17 फरवरी, 2021 को मंगल ग्रह की कक्षा में प्रवेश कर लेने का दावा किया।

करीब साढ़े 6 माह का सफर कर चुका 240 किग्रा वजन का यह यान चीन का पहला स्वतन्त्र मंगल मिशन है। इसे मंगल पर रोवर लैण्ड कराने और वहाँ के भू-जल व पुरातन समय में जीवन के सम्भावित चिह्नों का डाटा एकत्र करने के अभियान पर भेजा गया है।

वियानवेन-1 यान मई या जून में मंगल ग्रह पर रोवर का कैप्सूल उतारने का प्रयास करेगा। इसके बाद यह रोवर 90 दिनों तक लाल ग्रह मंगल की सतह का अध्ययन करेगा। इससे पहले UAE के अन्तरिक्ष यान ने मंगल की कक्षा में प्रवेश किया।

अमेरिका का रोवर परसेवेरेंस भी मंगल की सतह पर 18 फरवरी, 2021 को उतर गया। ये तीनों गत जुलाई में प्रक्षेपित किए गए थे। चीन और UAE के यान को छोड़कर अभी मंगल की कक्षा में 6 यान चक्कर लगा रहे हैं।

इनमें से अमेरिका के तीन, यूरोपीय संघ के दो और भारत का एक यान है। चीन के यान का मंगल पर पहुँचने का लक्ष्य 90 दिन का था, लेकिन तकनीकी कारणों से देर से पहुँचा है। यह मंगल के पानी, मिट्टी, चट्टानों और पर्यावरण का अध्ययन करेगा। तस्वीरें लेगा तथा चार्ट-मैप भी बनाएगा।



UAE का अन्तरिक्ष यान होप मंगल ग्रह की कक्षा में पहुँचा

संयुक्त अरब अमीरात (UAE) का पहला मानवरहित मंगल मिशन 'होप प्रोब' 12 फरवरी, 2021 को 7 महीने बाद 49.4 करोड़ किमी की यात्रा कर मंगल की कक्षा में पहुँच गया। मिशन के सफल होते ही UAE ने कई रिकॉर्ड भी बनाए। UAE ने पहली कोशिश में अपना अन्तरिक्षयान मंगल की कक्षा तक पहुँचा दिया।

UAE पहला मुस्लिम देश बना जिसका मार्स मिशन सफल रहा। मंगल की कक्षा तक पहुँचने वाला दुनिया का 5वाँ देश भी बन गया। इससे पहले अमेरिका, सोवियत संघ, यूरोप और भारत ही मंगल की कक्षा तक पहुँच सके हैं।

UAE के मिशन का उद्देश्य मंगल पर जीवन की खोज करना है। वह वहाँ के मौसम की जानकारियाँ जुटाकर भेजेगा। इसे 20 जुलाई, 2020 को जापान से लॉन्च किया गया था। यह अब 687 दिनों तक मंगल के चारों ओर घूमेगा। यह 55 घण्टे में मंगल ग्रह का एक चक्कर पूरा करता है।

सबसे ज्यादा मिशन अमेरिका ने भेजे

मंगल पर पिछले 61 वर्ष में 58 मिशन भेजे जा चुके हैं। शुरुआत सोवियत संघ ने 10 अक्टूबर, 1960 को की थी, पर सफलता अमेरिका को मिली। मंगल पर अब तक सबसे ज्यादा मिशन अमेरिका ने 29, दूसरे नम्बर पर सोवियत संघ/रूस ने 22 और तीसरे नम्बर पर EU ने 4 मिशन भेजे हैं। भारत, जापान, चीन और UAE ने एक-एक मिशन भेजा है।

ISRO के लिए कोयम्बटूर कॉलेज के छात्रों ने बनाया सैटेलाइट

कोयम्बटूर के श्रीशक्ति इंस्टीट्यूट ऑफ इन्जीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी के छात्रों ने ₹ 5.2 करोड़ की लागत से भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के लिए एक सैटेलाइट का डिजाइन 28 जनवरी, 2021 को विकसित किया। ISRO के चेयरमैन डॉ. के. सिवन इसका उद्घाटन करेंगे। इसे फरवरी, 2021 में ISRO को उसके इस्तेमाल के लिए सौंप दिया जाएगा।

इण्डियन नेशनल स्पेस प्रमोशन एण्ड अथॉराइजेशन सेण्टर के गठन ने इंस्टीट्यूट के 12 छात्रों को ISRO के साथ मिलकर काम करने और श्रीशक्ति सैट विकसित करने के लिए प्रेरित किया। सर्बिया स्थित कम्युनिटी फॉर स्पेस प्रोग्राम डेवलपमेण्ट के साथ मिलकर श्रीशक्ति सैट ग्राउण्ड स्टेशन स्थापित करने के बाद इंस्टीट्यूट नेटवर्क ओपन ग्राउण्ड स्टेशन (SATNOGS) परियोजना का सदस्य बन गया।

इसका मकसद पृथ्वी की निचली कक्षा के सैटेलाइट ग्राउण्ड स्टेशनों के नेटवर्क को तकनीक उपलब्ध कराना है। श्रीशक्ति सैट का वजन केवल 460 ग्राम होगा, लेकिन यह 10 किग्रा तक वजन के किसी अन्य नैनो सैटेलाइट की तरह कार्य कर सकेगा। इसका इस्तेमाल इण्टरनेट ऑफ थिंग्स के लिए प्रौद्योगिकी प्रदर्शन के तौर पर किया जाएगा।

स्पेसएक्स ने कक्षा में भेजे 143 उपग्रह

एलन मस्क द्वारा संचालित निजी अन्तरिक्ष कम्पनी स्पेसएक्स ने 143 छोटे उपग्रहों के साथ अपने नए राइडशेयरिंग मिशन को 23 जनवरी, 2021 को लॉन्च कर दिया। किसी अकेले मिशन में लॉन्च किया गया यह सबसे बड़ा प्रक्षेपण है, जो स्पेसएक्स के पहले स्मॉल सैट राइडशेयर प्रोग्राम मिशन को समर्पित रहा।

फ्लोरिडा के पूर्वी तट पर स्थित कैप कैनवरल स्पेस फोर्स स्टेशन के स्पेस लॉन्च कॉम्प्लेक्स 40 से कम्पनी का दो स्तरीय फॉल्कन-9 रॉकेट से इन उपग्रहों को छोड़ा गया। इसमें 133 कमर्शियल और 10 स्टारलिंक सैटेलाइट थे।

इन उपग्रहों को भेजा गया अन्तरिक्ष में

स्पेसएक्स के फॉल्कन-9 रॉकेट से जूते के डिब्बे के आकार के उपग्रह क्यूबसैट और अत्यधिक वजनी माइक्रो सैटेलाइट को 326 मील की ऊँचाई पर ध्रुवीय कक्षा में भेजा गया। जिन 143 उपग्रहों को भेजा गया है, उनमें 48 अर्थ इमेजिंग सैटेलाइट, 17 छोटे संचार उपग्रहों सहित अमेरिका और यूरोप के उपयोग के लिए 30 छोटे उपग्रह शामिल हैं। ये सभी अमेरिका व जर्मनी के उपग्रह हैं।

विश्व का सबसे बड़ा प्रक्षेपण

अमेरिकी अन्तरिक्ष एजेन्सी नासा के अनुसार एक मिशन के तहत न तो इससे पहले इतनी अधिक संख्या में उपग्रहों को प्रक्षेपित किया गया है और न ही इतने वजन का पेलोड ले जाया गया है। इससे पहले नवम्बर, 2018 में NG-10 सिग्नस मिशन के तहत नार्थरॉप ग्रुम्मन ने 108 उपग्रहों (सैटेलाइट्स) को अन्तरिक्ष में भेजा था।

स्पेसएक्स ने इससे पहले दिसम्बर, 2018 में SSO मिशन के तहत 64 सैटेलाइट्स को अन्तरिक्ष में भेजा था। इससे पहले भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संस्थान (ISRO) ने वर्ष 2017 में श्रीहरिकोटा अन्तरिक्ष केन्द्र से सिंगल (अकेला) मिशन में 104 सैटेलाइट लॉन्च किए थे। इनमें ज्यादातर अमेरिका के सैटेलाइट थे। पहले यह रिकॉर्ड रूस के नाम था।

तुर्की द्वारा नए अन्तरिक्ष कार्यक्रम की घोषणा

तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोगन ने 10 फरवरी, 2021 को देश के अगले 10 वर्ष के अन्तरिक्ष कार्यक्रम की घोषणा की। इसमें चन्द्र मिशन, तुर्की के अन्तरिक्ष यात्रियों को अन्तरिक्ष में भेजने एवं अन्तर्राष्ट्रीय उपग्रह प्रणाली विकसित करने की महत्वकांक्षी योजना शामिल है। राष्ट्रपति ने अन्तरिक्ष कार्यक्रम की घोषणा टेलीविजन पर अपने सम्बोधन में की।

एर्दोगन की इस घोषणा को तुर्की की क्षेत्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भूमिका बढ़ाने के उनके विचार के रूप में देखा जा रहा है। तुर्की सरकार की योजना वर्ष 2023 में देश के गणराज्य बनने के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर चन्द्रमा पर पहुँचने की है। पहले चरण में चन्द्र मिशन अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग से होगा, जबकि दूसरे चरण में तुर्की के रॉकेट का प्रयोग किया जाएगा।

तुर्की अन्तरिक्ष एजेन्सी एक सरकारी एजेन्सी है, जो तुर्की में एयरोस्पेस अनुसंधान सम्बन्धी कार्य करती है। इस एजेन्सी को 12 दिसम्बर, 2018 को राष्ट्रपति डिक्री के माध्यम से स्थापित किया गया था।



विश्व का पहला वाणिज्यिक बूस्टर लॉन्च

अमेरिका की स्टार्टअप कम्पनी 'ब्लूशिफ्ट एयरोस्पेस' ने जैव ईंधन द्वारा संचालित विश्व का पहला वाणिज्यिक बूस्टर 2 फरवरी, 2021 को लॉन्च किया। इसका नाम 'स्टारडस्ट 1.0' रखा गया है। यह बूस्टर (रॉकेट) लगभग 20 फीट लम्बा है।

इस बूस्टर का द्रव्यमान लगभग 250 किग्रा है। यह बूस्टर अधिकतम 8 किग्रा पेलोड ले जा सकता है। इस रॉकेट के संचालन में प्रयोग किया गया जैव-ईंधन गैर-विषैला और पूरी तरह से कार्बन-तटस्थ है, जिससे यह प्रकृति को प्रतिकूल रूप से प्रभावित नहीं करेगा।

ये रॉकेट अन्तरिक्ष में क्यूबेट्स नामक छोटे उपग्रहों को लॉन्च करने में मदद करेंगे, जो कि पारम्परिक रॉकेट की तुलना में अपेक्षाकृत सस्ता है और पर्यावरण के प्रति कम विषाक्त है।

रक्षा एवं प्रतिरक्षा

INS करंज भारतीय नौसेना में शामिल

स्कॉर्पीन श्रेणी की तीसरी पनडुब्बी भारतीय नौसेना में 16 फरवरी, 2021 को शामिल हो गई। इस पनडुब्बी का नाम INS करंज रखा गया है। यह जल और इलेक्ट्रिक दोनों की तरह की ताकत से लैस है। इसमें 50 दिनों तक समुद्र में रहकर 350 मी तक गोता लगाने की शक्ति है। इसमें सतह और पानी के अन्दर से टॉरपीडो और ट्यूब लॉन्चड एण्टी शिप मिसाइल को दागने की क्षमता है।

INS करंज में एण्टी-सरफेस वॉरफेयर, एण्टी-सबमरीन वॉरफेयर, खुफिया जानकारी जुटाने, माइन लेयिंग और एरिया सर्विलॉन्स जैसे मिशनों को अंजाम देने की क्षमता है। यह पनडुब्बी नौसेना की परियोजना-75 के तहत बनाया गया है। नौसेना को इसमें 6 पनडुब्बियाँ मिलने वाली हैं जिसमें अब तक तीन नौसेना में शामिल हो गई हैं। अभी चौथी 'वेला' और पाँचवीं पनडुब्बी 'वजीर' का भी समुद्री ट्रायल किया जा रहा है।

स्वदेशी अर्जुन मेन बैटल टैंक (MK-1A) सेना को सौंपा गया

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 14 फरवरी, 2021 को चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में स्वदेशी अर्जुन मेन बैटल टैंक (MK-1A) सेना को सौंपा। मौके पर थल सेना के प्रमुख जनरल एमएम नरवणे भी थे। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) के यहाँ स्थित युद्धक वाहन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान द्वारा निर्मित इस अत्याधुनिक टैंक का डिजाइन देश में ही तैयार और विकसित किया गया है। इस परियोजना में 15 शैक्षणिक संस्थान, आठ प्रयोगशालाएँ और कई सूक्ष्म एवं लघु उद्योग प्रतिष्ठान भी शामिल थे।

अर्जुन MK-1A अल्फा युद्ध जीतने की क्षमता वाला विश्व का एक आधुनिक टैंक है। इसमें 71 नई विशेषताओं को शामिल किया गया है और यह किसी भी इलाके में दिन और रात के समय लक्ष्य को सटीकता से भेद सकता है।

भारतीय नौसेना व IIT दिल्ली के बीच समझौता

भारतीय नौसेना और IIT दिल्ली के बीच नौसेना इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम के अण्डरवाटर डोमेन में रीसर्च के लिए 10 फरवरी, 2021 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। समझौता ज्ञापन कोलैबोरेटिव और को-ऑपरेटिव रिसर्च को बढ़ावा देगा और विचारों के आदान-प्रदान, नए ज्ञान और टेक्नोलॉजी के विकास तथा उच्च गुणवत्ता वाले रिसर्च को बढ़ावा देगा। यह विशेष क्षेत्रों में अनुसंधान के लिए वैज्ञानिकों, शिक्षकों और छात्रों को प्रोत्साहित करेगा।

दोनों के मध्य (IIT और नौसेना) सम्बन्ध वर्ष 1970 के दशक से बने थे और तभी से IIT दिल्ली में सेण्टर फॉर एप्लाइड रिसर्च इन इलेक्ट्रॉनिक्स (CARE) द्वारा पानी की सतह के भीतर इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में नौसेना के लिए प्रमुख प्रौद्योगिकियों का विकास किया गया है।

IIT दिल्ली में किए गए इस शोध ने भारतीय नौसेना द्वारा की गई तकनीकी प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। केयर, IIT दिल्ली लगभग 50 वर्षों से अण्डरवाटर इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में शिक्षण और अनुसंधान में शामिल है।

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा INS विराट के विघटन पर रोक

नौसेना से हटाए गए ऐतिहासिक युद्धपोत INS विराट को तोड़ने पर सर्वोच्च न्यायलय ने 10 फरवरी, 2021 को रोक लगा दी। एक फर्म ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। इस फर्म ने INS विराट को एक समुद्री म्यूजियम में परिवर्तित करने के लिए आज्ञा माँगी है। इसके लिए फर्म ने ₹ 100 करोड़ अदा करने का प्रस्ताव रखा है।

विमान वाहक पोत विराट को वर्ष 1987 में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था। 226 मी लम्बा और 49 मी चौड़ा INS विराट एक प्रकार से चलता-फिरता शहर था। इसने दुनिया के 27 चक्कर लगाने में 1094215 किमी का सफर पूरा किया। INS विराट का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया है। ये दुनिया का इकलौता ऐस जहाज था, जो बूढ़ा होने के बाद भी इस्तेमाल किया गया।

वर्ष 2017 में INS विराट को नौसेना से सेवानिवृत्त कर दिया गया था। इसके बाद श्रीराम ग्रुप की शिप ब्रेकर कम्पनी ने नीलामी में ₹ 38.54 करोड़ में इसे खरीद लिया। भारतीय समुद्री विरासत के प्रतीक इस युद्धपोत को जनवरी, 2021 में गुजरात के अलंग यार्ड में पहुँचाया गया, जहाँ इसे तोड़कर कबाड़ में उपयोग किया जाना था।

राजस्थान बॉर्डर पर ऑपरेशन 'सर्द हवा'

भारत की पश्चिमी सीमा पर शीतलहर और धुन्ध के चलते सीमा पार से घुसपैठ की आशंका को देखते हुए समूची पश्चिमी सीमा पर सीमा सुरक्षा बल द्वारा विशेष वार्षिक 'सर्द हवा' अभियान 22 से 29 जनवरी, 2021 तक के लिए शुरू किया गया। इस अभियान के तहत, क्षेत्र में घने कोहरे के कारण वर्ष के इस समय के दौरान सीमा पार से घुसपैठ की सम्भावना बढ़ने पर गश्त और बल की शक्ति बढ़ा दी गई थी।

BSF अपने रूटीन एक्सरसाइज के दौरान ही गर्मी के मौसम में ऑपरेशन 'गर्म हवा' और सर्दी के मौसम में ऑपरेशन अलर्ट 'सर्द हवा' चलाती है। प्रत्येक वर्ष ये अभियान चलते हैं और इस दौरान सीमा पर कड़ी निगरानी रखी जाती है।

इस दौरान सीमा पर BSF की इण्टेलीजेन्सी विंग भी सक्रिय रहती है। इसके अलावा अन्य खुफिया एजेन्सियों से भी BSF का तालमेल रहता है और हर एक संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी जाती है।



पाकिस्तान द्वारा बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण

पाकिस्तान ने 3 फरवरी, 2021 को परमाणु क्षमता से लैस सतह-से-सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया। इस मिसाइल की मारक क्षमता 290 किमी है। इस गजनवी बैलिस्टिक मिसाइल के प्रक्षेपण के साथ ही सेना के सामरिक बल कमान के वार्षिक फील्ड प्रशिक्षण अभ्यास का समापन हो गया।

पाकिस्तान ने इस मिसाइल को वर्ष 1987 में बनाना शुरू किया था। इसके करीब 20 वर्ष बाद वर्ष 2007 में इसे सेना में शामिल किया गया। ये मिसाइल चीन के सहयोग से बनाई गई है। इसकी लम्बाई 8.5 मी है। गजनवी मिसाइल छोटी दूरी तक मार करने की क्षमता रखती है, जिसे रेल या सड़क मार्ग कहीं से भी लॉन्च किया जा सकता है।

बाबर क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण

पाकिस्तान ने 450 किमी तक लक्ष्य को भेदने में सक्षम सतह-से-सतह पर मार करने वाली बाबर क्रूज मिसाइल का 11 फरवरी, 2021 को सफल परीक्षण किया। पिछले तीन सप्ताह में पाकिस्तान देश ने तीसरी बार मिसाइल का परीक्षण किया। यह मिसाइल पूरी सटीकता के साथ जमीन और समुद्र में लक्ष्य को भेदने में सक्षम है। अत्याधुनिक मल्टी ट्यूब परीक्षण वाहन से मिसाइल दागी गई।

बाबर क्रूज मिसाइल 450 किमी तक निशाना भेदने में सक्षम है। इससे पहले पाकिस्तान ने 3 फरवरी, 2021 को परमाणु क्षमता से सम्पन्न 290 किमी तक सतह-से-सतह पर मार करने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया था। पाकिस्तान ने 20 जनवरी, 2021 को परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल शाहीन-3 का परीक्षण किया था। यह मिसाइल 2750 किमी तक निशाने को भेद सकती है।

अण्डमान सागर में संयुक्त सैनिक अभ्यास आयोजित

संयुक्त परिचालन तत्परता को बढ़ाने के लिए, भारतीय सशस्त्र बलों ने अण्डमान के समुद्र और बंगाल की खाड़ी में बड़े पैमाने पर 'एमफैक्स-21' के साथ 'कवच' संयुक्त सैन्य अभ्यास 25 जनवरी, 2021 को किया। यह अभ्यास अण्डमान और निकोबार कमान (ANC) के तत्वावधान में सेना, नौसेना, वायु सेना और तटरक्षक बल की पूर्वी नौसेना कमान

(ENC) और सेना की दक्षिणी कमान (SC) की भागीदारी से आयोजित किया गया था।

अभ्यास में ANC के सभी बलों की भागीदारी और तैनाती, सेना की दक्षिणी कमान की जल, थल-नभ ब्रिगेड के साथ-साथ नौसेना के पूर्वी बेड़े और मरीन कमाण्डो के लड़ाकू जलपोत, पनडुब्बी और जल, थल व नभ के अवतरण जहाज शामिल हैं।

संयुक्त अभ्यास में जगुआर मैरीटाइम स्ट्राइक और भारतीय वायु सेना के परिवहन विमान और तटरक्षक बल की सम्पत्ति ने भी भाग लिया। प्रशिक्षण अभ्यास का समापन टैंकों पर 600 सैनिकों, ट्रूप कैरियर व्हीकल और अन्य भारी हथियारों के साथ INS जलश्वा, ऐरावत, गुलदार और NCU MK-4 श्रेणी के जहाजों की दक्षिणी कमान की जल थल नभ ब्रिगेड द्वारा समुद्र तट पर लैण्डिंग के साथ किया गया।

हॉक आई विमान द्वारा SAAW का सफल परीक्षण

भारत के स्वदेशी हॉक आई विमान से 21 जनरवरी, 2021 को स्मार्ट एण्टी एयरफील्ड वेपन (SAAW) का हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) द्वारा देश के इस पहले स्मार्ट हथियार का सफल परीक्षण ओडिशा के तट से किया गया। अब तक किए गए परीक्षण में ये 9वाँ परीक्षण था। इस हथियार का पहला सफल परीक्षण मई, 2016 में किया गया था।

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) के रिसर्च सेण्टर इमरत (RCI) द्वारा विकसित इस हथियार का वजन 125 किग्रा है। सौ 100 किमी दूर स्थित दुश्मन के रडार, बंकर, टैक्सी ट्रेक, रनवे सहित किसी भी ठिकाने को तबाह कर सकता है। इस परीक्षण ने सभी मिशन उद्देश्यों को पूरा किया।

नौसेना और वायु सेना के लिए इस स्मार्ट हथियार को खरीदने के लिए सरकार सितम्बर, 2020 में मंजूरी दे चुकी है। यह एक तरह का निर्देशित बम है, जो मिसाइल या रॉकेट की तुलना में बहुत सस्ता होगा। भारतीय वायु सेना में शामिल होने पर इस हथियार को राफेल के साथ एकीकृत करने की योजना है। इस परियोजना को वर्ष 2013 में केन्द्र सरकार ने मंजूरी दी थी।

एकीकृत हथियार प्रणाली डिजाइन केन्द्र का उद्घाटन

उप-राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने 25 जनवरी, 2021 को हैदराबाद के DRDO के APG अब्दुल कलाम मिसाइल कॉम्प्लेक्स में एकीकृत हथियार प्रणाली डिजाइन केन्द्र का उद्घाटन किया। यह केन्द्र सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (SAM) प्रणाली और बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा (BMD) प्रणालियों के विकास के लिए एक नया मंच स्थापित करेगा।

उप-राष्ट्रपति ने उसी परिसर में एक नई मिसाइल प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी और संगोष्ठी हॉल का भी उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में मिसाइल प्रौद्योगिकी और हथियार प्रणाली प्रदर्शित होगी और केन्द्र आउटरीच (आगे बढ़ने की) गतिविधियों हेतु रीढ़ साबित होगी।

यह हॉल मिसाइल परिसर द्वारा निरन्तर सीखने और तकनीकी उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए एक संवाद मंच प्रदान करने के लिए मिसाइल कॉम्प्लेक्स द्वारा उठाए गए ज्ञान प्रबन्धन पहलों का एक हिस्सा है।

यह DRDO समुदाय के लाभ के लिए वैज्ञानिक अभियानों, आभासी प्लेटफॉर्मों पर संरचित प्रशिक्षण कार्यक्रमों और तकनीकी व्याख्यानों के आयोजन का केन्द्र होगा।



आकाश NG मिसाइल का सफल परीक्षण

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने 25 जनवरी, 2021 को ओडिशा के तट से दूर एकीकृत परीक्षण रेंज से आकाश-NG (नई पीढ़ी) मिसाइल का पहला सफल परीक्षण किया।

आकाश NG एक नई पीढ़ी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल है, जिसका उद्देश्य भारतीय वायु सेना द्वारा उपयोग के लिए ऊँचाई से हमला करने वाले कम क्षेत्रीय सम्पर्क योजना (RCS) हवाई खतरों को रोकना है। इसे भारतीय वायु सेना के लिए बनाया गया है।

मिसाइल के बारे में

इसकी रेंज 40 से 80 किमी है। इस मिसाइल में डुअल पल्स सॉलिड रॉकेट मोटर है, जो इसकी गति को बढ़ाता है। साथ ही इसमें एक्टिव इलेक्ट्रॉनिकली स्कैण्ड ऐरे मल्टी फंक्शन रडार (MFR) लगा है, जो एक साथ कई दुश्मन मिसाइलों या विमानों को स्कैन कर सकता है।

आकाश NG मिसाइल का कुल वजन 720 किग्रा है। इसकी लम्बाई 19 फीट और व्यास 1.16 फीट है। ये अपने साथ 60 किग्रा वजन के हथियार ले जा सकता है।

परीक्षण के सम्बन्ध में

मिसाइल ने टेक्स्ट बुक सटीकता के साथ लक्ष्य पर निशाना साधा। मिसाइल ने प्रक्षेपण के दौरान उच्च स्तरीय क्षमता का प्रदर्शन करके सभी परीक्षण उद्देश्यों को पूरा किया। परीक्षण के दौरान कमाण्ड एण्ड कण्ट्रोल सिस्टम, ऑनबोर्ड एवियोनिक्स और मिसाइल के एयरोडायनामिक विन्यास का प्रदर्शन सफलतापूर्वक सत्यापित हुआ।

परीक्षण प्रक्षेपण के दौरान मिसाइल के पूरे उड़ान पथ पर नजर रखी गई और उड़ान के आँकड़ों को ITR, चाँदीपुर द्वारा तैनात रडार, EOTO और टेलीमेट्री सिस्टम जैसे विभिन्न रेंज उपकरणों द्वारा हासिल किया गया।

मिसाइल की तैनाती और निर्यात

आकाश NG मिसाइल के पुराने संस्करण को वर्ष 2020 में लद्दाख स्थित लाइन ऑफ एक्चुअल कण्ट्रोल पर तैनात किया गया था। इसके अलावा भारतीय वायु सेना ने आकाश मिसाइलों को ग्वालियर, जलपाईगुड़ी, तेजपुर, जोरहाट और पुणे बेस पर भी तैनात किया है।

फिलिपीन्स, बेलारूस, मलेशिया, थाईलैण्ड, UAE और वियतनाम जैसे देश आकाश मिसाइलों को भारत से खरीदना चाहते हैं। 30 दिसम्बर, 2020 को प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने कैबिनेट की बैठक में इन मिसाइलों के निर्यात का फैसला लिया था अर्थात् अब इस मिसाइल को दुनिया के बाकी देश भी खरीद सकते हैं।

युद्धाभ्यास डेजर्ट नाइट 2021 का आयोजन

राजस्थान में जोधपुर के एयरफोर्स स्टेशन पर भारतीय वायु सेना और फ्रांस एयरफोर्स (फ्रेंच एयरफोर्स एण्ड स्पेस फोर्स) का संयुक्त युद्धाभ्यास डेजर्ट नाइट 2021 का समापन 23

जनवरी, 2021 को हो गया। चार दिनों तक चलने वाले इस युद्धाभ्यास में भारतीय वायु सेना और फ्रांस की वायु सेना ने साझा युद्धाभ्यास किया।

अपनी तरह का पहले द्विपक्षीय अभ्यास (युद्धाभ्यास DK-21) में भारतीय वायु सेना के सुखोई-30 MKI और मिराज 2000 विमानों के साथ-साथ दोनों देशों की वायु सेना की ओर से राफेल लड़ाकू विमानों की भागीदारी ने लॉर्ज फोर्स इंगेजमेण्ट सहित जटिल अभियानों को अन्जाम दिया।

भारतीय वायु सेना के AWACS, AEW और C विमान के साथ-साथ फ्रांस एयरफोर्स के राफेल जेट, A 400 M और A 330 आधारित मध्यम दूरी के टैंकर और परिवहन (MRTT) विमान युद्धाभ्यास में शामिल थे। दोनों वायु सेनाओं ने परिचालन क्षमताओं और अन्तरसंचालनीयता को बढ़ाने के उद्देश्य से यथार्थवादी तौर-तरीकों का प्रयोग किया।

13वें एयरो इण्डिया 2021 का आयोजन

13वें एयरो इण्डिया का आयोजन 3-5 फरवरी, 2021 को येलहंका एयर फोर्स बेस, बेंगलुरु में किया गया था। एशिया के सबसे बड़े इस हवाई शो का उद्घाटन रक्षा मन्त्री राजनाथ सिंह ने किया। एयरो इण्डिया 2021 के उद्घाटन समारोह में भारतीय रक्षा में हुई उपलब्धि की झाँकी प्रस्तुत की गई।

इसमें भारत में तैयार लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस, एडवान्स्ड लाइट हेलिकॉप्टर ध्रुव, लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर और यूटिलिटी हेलिकॉप्टर द्वारा फ्लाईपास्ट आयोजित हुआ था। साथ ही फ्रांस से खरीदे गए विमान राफेल और अमेरिका का B 1 B बॉम्बर ने भी फ्लाइपास्ट में भाग लिया था।

एयरो इण्डिया 2021 के समापन समारोह में राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने हिस्सा लिया था। इस अवसर पर एक बन्धन समारोह भी हुआ जहाँ देश में रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 200 से अधिक समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए।

एयरो इण्डिया हवाई शो का आयोजन प्रत्येक 2 वर्ष में किया जाता है। इस शो के दौरान हवाई रक्षा क्षेत्र की टेक्नोलॉजी का प्रदर्शन किया जाता है। यह एशिया का सबसे बड़ा हवाई शो है। वर्ष 2021 के एयरो इण्डिया शो में 43 देशों ने भाग लिया और 530 कम्पनियों ने अपनी प्रदर्शनी लगाई।

83 हल्के लड़ाकू विमान हेतु समझौता

भारतीय वायु सेना ने 83 हल्के लड़ाकू विमान की आपूर्ति के लिए सरकार द्वारा हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) को ₹ 48000 करोड़ का अनुबन्ध दिया गया। HAL और मिश्र धातु निगम लिमिटेड ने मिश्रित कच्चे माल के विकास और उत्पादन के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

मिश्रित कच्चे माल के लिए यह पहला समझौता है। HAL को एयरो इण्डिया 2021 में अपनी बेसिक ट्रेनर एयरक्राफ्ट का भी प्रस्ताव वायु सेना से प्राप्त हुआ है।

भारतीय नौसेना युद्धाभ्यास 'ट्रोपेक्स-21'

भारतीय नौसेना का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास-द्विवार्षिक थिएटर स्तरीय सामरिक तैयारी युद्धाभ्यास (ट्रोपेक्स-21) जो जनवरी के शुरू में आरम्भ हुआ था, फरवरी, 2021 के तीसरे सप्ताह में सम्पन्न हो गया।

यह अभ्यास हिन्द महासागर क्षेत्र में आसन्न जल क्षेत्र सहित एक विशाल भौगोलिक क्षेत्र में आयोजत किया गया।

इस अभ्यास का उद्देश्य नौसेना की आक्रामक रक्षा क्षमताओं का परीक्षण करना, समुद्री क्षेत्र में राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना और हिन्द महासागर क्षेत्र में स्थिरता और शान्ति को बढ़ावा देना था। इस अभ्यास में नौसेना की सामरिक इकाइयों, जिसमें जहाज, पनडुब्बियाँ एवं विमान के साथ-साथ भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना और तटरक्षक बल की भागीदारी रही।

क्या है ट्रोपेक्स में?

ट्रोपेक्स के पहले चरण में भारतीय नौसेना ने 12-13 जनवरी, 2021 को भारत के पूरे समुद्र तट और द्वीपीय क्षेत्रों के साथ तटीय रक्षा अभ्यास 'सी विजिल' का आयोजन किया था।

अभ्यास सी विजिल के बाद बड़े पैमाने पर सेना के तीनों अंगों की भागीदारी से त्रि-सेवा संयुक्त जल-थल-नभ युद्धाभ्यास एम्फेक्स 21 सम्पन्न हुआ जो 21-25 जनवरी, 2021 को अण्डमान निकोबार द्वीप समूह में आयोजित किया गया था।

CRPF में 34 महिला कमाण्डो की पहली टुकड़ी शामिल

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) में 34 महिला कर्मियों की पहली टुकड़ी को 5 फरवरी, 2021 को जंगल युद्ध के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित कमाण्डो यूनिट 'कोबरा' में शामिल किया गया, इन्हें जल्द ही देश के एण्टी नक्सल अभियानों में तैनात किया जाएगा। कोबरा बटालियन के लिए ये महिला कर्मी बल की वर्तमान सभी महिला बटालियनों से चुनी गई हैं।

ये महिलाएँ पहले तीन माह के प्रशिक्षण से गुजरेंगी और फिर उन्हें सुकमा, दन्तेवाड़ा तथा बीजापुर जैसे नक्सल प्रभावित जिलों में तैनात कोबरा इकाइयों में शामिल किया जाएगा। खुफिया सूचना आधारित जंगल युद्ध अभियानों के लिए वर्ष 2009 में CRPF में कमाण्डो बटालियन 'कोबरा' का गठन किया गया था।

इसमें अब तक पुरुषकर्मी ही सेवा देते रहे हैं। कोबरा बटालियन के अधिकतर कमाण्डो माओवादी हिंसा से प्रभावित विभिन्न राज्यों में तैनात हैं, जबकि इसके कुछ कमाण्डो उग्रवाद रोधी अभियानों के लिए पूर्वोत्तर राज्यें में तैनात हैं।

भारतीय नौसेना को मिले तीन MK 111 हेलिकॉप्टर

सरकारी उपक्रम हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) की ओर से तीन MK-111 एडवान्स लाइट हेलिकॉप्टर (ALH) का 5 फरवरी, 2021 को नौसेना को सौंप दिए गए। ये तीनों हेलिकॉप्टर स्वदेशी हैं। ये हेलिकॉप्टर तटीय सुरक्षा के लिए अनुकूल हैं। एयरो इण्डिया के दौरान ही 16 MK-111 हेलिकॉप्टरों में तीन को भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह को सौंप दिया गया।

ALH के नौसैनिक संस्करण में उन्नत सेंसर की सुविधा है, जो भारतीय जल क्षेत्र में मुम्बई आतंकवादी हमलों जैसी घुसपैठ का पता लगा सकता है। इन हेलिकॉप्टरों में नवीनतम पीढ़ी के एविओनिक्स, स्वदेशी कम आवृत्ति वाले डंकित सोनार, एकीकृत वास्तुकला प्रणाली और शक्तिशाली इंजन के साथ पूर्ण ग्लास कॉकपिट है।



खेल-खिलाड़ी

टेनिस

ऑस्ट्रेलियन ओपन 2021

विश्व के नम्बर 1 टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच (सर्बिया) ने मेलबर्न में 21 फरवरी, 2021 को ऑस्ट्रेलियन ओपन ग्रैण्ड स्लैम के एकल फाइनल में डेनील मेदवेदेव को हराकर खिताब जीता। जोकोविच ने रिकॉर्ड नौवीं बार ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीता। जोकोविच ने इसके साथ ही 18वाँ ग्रैण्डस्लैम खिताब जीतकर रोजर फेडरर और राफेल नाडाल के पुरुष सिंगल्स में रिकॉर्ड 20 ग्रैण्डस्लैम खिताब की बराबरी करने की ओर कदम बढ़ाया। जोकोविच के नाम सबसे ज्यादा बार यह खिताब जीतने का रिकॉर्ड है।

जोकोविच के ग्रैण्ड स्लैम सिंगल्स (एकल) खिताब

टूर्नामेण्ट	वर्ष
ऑस्ट्रेलियन ओपन	2008, 2011, 2012, 2013, 2015, 2016, 2019, 2020, 2021
फ्रेंच ओपन	2016
विम्बलडन	2011, 2014, 2015, 2018, 2019
US ओपन	2011, 2015, 2018

महिला एकल का खिताब जापानी खिलाड़ी नाओमी ओसाका ने अमेरिकी खिलाड़ी जेनिफर ब्राडी को शिकस्त देकर अपने नाम कर लिया। ओसाका ने ग्रैण्डस्लैम में आठवीं बार खेलते हुए चौथा खिताब जीता। 23 वर्षीय ओसाका ने सेमीफाइनल में अमेरिकी दिग्गज सेरेना विलियम्स को हराया। ऑस्ट्रेलियन ओपन मेलबर्न में 8-21 फरवरी, 2021 के मध्य खेला गया। इस प्रतियोगिता का 109वाँ संस्करण था।

ऑस्ट्रेलियन ओपन 2021 : एक नजर में

श्रेणी	विजेता	उप-विजेता
पुरुष एकल	नोवाक जोकोविच (सर्बिया)	डेनियल मेदवेदेव (रूस)
महिला एकल	नाओमी ओसाका (जापान)	जेनिफर ब्राडी (अमेरिका)
पुरुष युगल	इवान डोडिग (क्रोएशिया)/फिलिप पोलासेक (स्लोवाकिया)	राजीव राम अमेरिका/जोए सालिसबुरी (ब्रिटेन)
महिला युगल	एलिस मर्टन्स (बेल्जियम)/आर्यना सबालेन्का (बेलारूस)	बारबोरा क्रैजिसिकोवा, कैटरीना सिनियाकोवा (चेक गणराज्य)
मिश्रित युगल	राजीव राम (अमेरिका)/बारबोरा क्रैजिसिकोवा (चेक गणराज्य)	मैथ्यू एबडेन/ सामन्था स्टोसुर (ऑस्ट्रेलिया)

WTA यार्रा वैली क्लासिक 2021

WTA टूर सत्र 2021 की महिला टेनिस प्रतियोगिता यार्रा वैली क्लासिक 31 जनवरी से 6 फरवरी, 2021 के मध्य मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया) में आयोजित की हो गई। इस प्रतियोगिता को आउटडोर हार्ड कोर्ट पर करवाया जाता है। यह मेलबर्न समर सीरीज 2021 की 6 में से एक प्रतियोगिता है।

इस प्रतियोगिता की महिला एकल विजेता ऑस्ट्रेलिया की एश्ले बार्टी रहीं तथा उप-विजेता स्पेन की गार्बिने मुगुरूजा रहीं। महिला युगल में जापान की शुको ओयामा और एना शिबाहारा ने रूस की अन्ना कलिंस्काया और स्लोवाकिया की विक्टोरिया कुजमोवा को हराकर खिताब जीत लिया।

ATP कप 2021

पुरुष टेनिस प्रतियोगिता ATP कप 2021 का आयोजन 2 से 7 फरवरी, 2021 के मध्य ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में किया गया। 5 दिनों तक चले इस टूर्नामेण्ट में कुल 12 टीमों ने हिस्सा लिया। इस वर्ष कप के फाइनल में दो एकल मुकाबले हुए और युगल मुकाबला नहीं खेला गया।

एकल के पहले मुकाबले में रूस के आन्द्रे रूबलेव ने इटली के फैबियो फोगनिनी को पराजित किया।

एकल के दूसरे मुकाबले में डेनिल मेदवेदेव (रूस) ने इटली के मोटओ बोरेटि्टनी को पराजित कर खिताब अपने नाम किया। यह कप प्रतियोगिता का दूसरा संस्करण था।

मार्च, 2019 में ऑस्ट्रेलिया ने मिश्रित प्रारूप वाले हॉपमैन कप के स्थान पर एक नए पुरुष टूर्नामेण्ट ATP कप के आयोजन की घोषणा की थी। वर्ष 2020 में पहले संस्करण का खिताब सर्बिया ने स्पेन को 2-1 से पराजित कर जीता था।

क्रिकेट

पाकिस्तान-दक्षिण अफ्रीका T20 सीरीज

पाकिस्तान ने 15 फरवरी, 2021 को तीसरे व निर्णायक मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को चार विकेट से हराकर तीन मैचों की T20 सीरीज 2-1 से अपने नाम की। इसके साथ ही वह 100 T20 अन्तर्राष्ट्रीय मैच जीतने वाली दुनिया की पहली टीम बन गई। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए इस निर्णायक मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने डेविड मिलर (85) की शानदार अर्धशतकीय पारी के दम पर आठ विकेट खोकर 164 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान ने आठ गेंदें शेष रहते ही यह मुकाबला अपने नाम कर लिया।

मैच में ऑलराउण्ड प्रदर्शन के लिए मोहम्मद नवाज को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं मोहम्मद रिजवान को मैन ऑफ द सीरीज का खिताब दिया गया। तीन मैचों की T20 सीरीज का पहला मुकाबला पाकिस्तान ने 3 रन से जीता था, जबकि दूसरे T20 में मेजबान टीम को 6 विकेट से हार झेलनी पड़ी थी। पाकिस्तान ने अभी तक 164 T20 अन्तर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं। इनमें पाकिस्तान को 100 मैचों में जीत मिली है, जबकि 59 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है।

सैयद मुश्ताक अली T20 ट्रॉफी 2021

दिनेश कार्तिक की अगुवाई में 31 जनवरी, 2021 को तमिलनाडु की टीम ने दूसरी बार सैयद मुश्ताक अली T20 ट्रॉफी को जीत लिया। अहमदाबाद के मोटेरा स्टेडियम में खेले गए फाइनल में पिछले बार की उप-विजेता रही तमिलनाडु ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। उसने फाइनल बड़ौदा को 12 गेंद शेष रहते हुए 7 विकेट से हराया। तमिलनाडु की टीम इस बार पूरे सीजन में एक भी मैच नहीं हारी और सात बार लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया। तमिलनाडु की टीम स्टेज में अपने ग्रुप में 5 के 5 मैच जीतकर शीर्ष पर रही। बड़ौदा के 121 रन के छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए तमिलनाडु ने 12 गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 123 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

तमिलनाडु की टीम ने अपना पहला खिताब 2007 में दिनेश कार्तिक की अगुवाई में ही जीता था और 14 वर्ष बाद एक बार फिर से उसने दिनेश कार्तिक की कप्तानी में ही जीत हासिल की। इस बार का खिताब जीतने के साथ ही अब तमिलनाडु सर्वाधिक 2 खिताब जीतने वाली चौथी टीम बन गई है। उससे पहले बड़ौदा, गुजरात और कर्नाटक ने दो-दो खिताब अपने नाम किए हैं।

बिग बैश लीग 2020-21

ऑस्ट्रेलिया द्वारा 10 दिसम्बर, 2020 से 6 फरवरी, 2021 के मध्य पेशेवर पुरुषों की T20 घरेलू क्रिकेट प्रतियोगिता बिग बैश लीग 2020-21 का आयोजन किया गया। यह बिग बैश लीग का 10वाँ संस्करण था। सिडनी में सम्पन्न फाइनल में सिडनी सिक्सर्स ने पर्थ स्कॉर्चर्स को 27 रन से पराजित कर खिताब जीत लिया।

फाइनल में 95 रन बनाने वाले सिडनी सिक्सर्स के ओपनर जेम्स विंस को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। सिडनी सिक्सर्स के जोश फिलिप को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेण्ट चुना गया। इस प्रतियोगिता में कुल 61 मैच खेले गए।



बांग्लादेश-वेस्ट इण्डीज एकदिवसीय शृंखला

बांग्लादेश ने जहूर अहमद चौधरी स्टेडियम, चटगाँव में 24 जनवरी, 2021 को खेले गए तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में वेस्ट इण्डीज को 120 रनों से हरा दिया। बांग्लादेश ने पहले खेलते हुए 50 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 297 रन बनाए। इसके जवाब में वेस्ट इण्डीज की पूरी टीम 44.2 ओवर में 177 रनों पर सिमट गई।

इसके साथ मेजबान टीम ने तीन मैचों की सीरीज 3-0 से अपने नाम की। बांग्लादेश के मुस्ताफिजुर रहमान को तीसरे मैच में मैन ऑफ द मैच चुना गया जबकि शाकिब उल हसन को मैन ऑफ द सीरीज पुरस्कार से नवाजा गया। बांग्लादेश ने शृंखला के पहले दो मैच क्रमश: 6 और 7 विकेट से जीते थे।

हॉकी

13वीं CEC कप आइस हॉकी चैम्पियनशिप

डास रेड ने 7 फरवरी, 2021 को कारगिल लद्दाख में फाइनल मैच में हॉकी क्लब चिकटन टीम को हराकर 13वीं CEC कप आइस हॉकी चैम्पियनशिप जीती है। 13वीं CEC कप में कुल 32 पुरुष टीमों और 5 महिला टीमों ने भाग लिया था।

शकर चिकटन टीम ने अपना पहला महिला CEC आइस हॉकी कप जीता। शकर चिकटन टीम ने फाइनल मैच में वाखा मुल्बेख टीम को हराया। प्रत्येक टीम में कुल 6 खिलाड़ी होते हैं। यह खेल बर्फ पर ही खेला जाता है।

नेशनल आइस हॉकी चैम्पियनशिप

भारत तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP) ने 22 जनवरी, 2021 को लद्दाख को 5-1 से हराकर आइस हॉकी एसोसिएशन ऑफ इण्डिया (IHAI) की ओर से आयोजित 10वीं राष्ट्रीय आइस हॉकी प्रतियोगिता जीत ली। यह प्रतियोगिता गुलमर्ग में आयोजित की गई थी। ITBP की ओर से ऊर्ग्यान और ताशी ने 2-2 गोल किए जबकि फुन्चुक ने 1 गोल किया।

इस प्रतियोगिता में देश की आठ बड़ी आइस हॉकी टीमों ने हिस्सा लिया था। समुद्र तल से 8694 फीट की ऊँचाई पर स्थित गुलमर्ग के माइनस एक डिग्री तापमान वाले वातावरण में आइस हॉकी का मुकाबला हुआ।

ITBP की सशक्त आइस हॉकी टीम है, जिसके कई खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम में देश का प्रतिनिधित्व करते हैं। वर्ष 2019 में भी राष्ट्रीय आइस हॉकी प्रतियोगिता ITBP ने जीती थी।

शूटिंग

एशियाई ऑनलाइन शूटिंग चैम्पियनशिप

भारत पहली एशियाई ऑनलाइन निशानेबाजी चैम्पियनशिप की पदक तालिका में 11 पदकों के साथ शीर्ष पर रहा। 29 जनवरी, 2021 को सम्पन्न इस चैम्पियनशिप में भारत की 24 सदस्यीय निशानेबाजों ने हिस्सा लिया था। भारतीय टीम के इस दल ने दांव पर लगे 8 गोल्ड मेडल में से 4 अपने नाम किए जबकि 2 सिल्वर और 5 ब्रॉन्ज मेडल भी अपने नाम किए।

दो-दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन कुवैत निशानेबाज महासंघ ने किया। इसमें 22 एशियाई देशों के 274 निशानेबाजों ने हिस्सा लिया। भारत की ओर से सौरभ चौधरी ने पुरुष 10 मी एयर पिस्टल, दिव्यांश सिंह पंवार ने पुरुष 10 मी एयर राइफल, काइनन चेनाई ने पुरुष ट्रैप और राजेश्वरी कुमारी ने महिला ट्रैप में गोल्ड मेडल जीतें।

फुटबॉल

FIFA क्लब वर्ल्ड कप 2020

FIFA क्लब वर्ल्ड कप 2020 का आयोजन 1 से 11 फरवरी, 2021 के मध्य कतर में किया गया। इसके फाइनल में जर्मन फुटबॉल क्लब बायर्न म्यूनिख ने मैक्सिकन फुटबॉल क्लब टाइग्रेस UANL को 1-0 से पराजित का खिताब जीत लिया। यह बायर्न म्यूनिख का कैलेण्डर वर्ष में 6वाँ खिताब था। यह उपलब्धि हासिल करने वाला वह दूसरा फुटबॉल क्लब बन गया है। इससे पूर्व यह उपलब्धि स्पेनिश क्लब बार्सिलोना ने वर्ष 2009 में पाई थी। इस वर्ष 2021 की प्रतियोगिता में 6 टीमों ने भाग लिया था। बायर्न म्यूनिख ने दूसरी बार यह खिताब जीता है। प्रतियोगिता के अन्त में निम्न प्रकार के पुरस्कार दिए गए

- एडीडास गोल्डन बॉल अवार्ड (सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी) व अलीबाबा क्लाउड प्लेयर ऑफ द टूर्नामेण्ट- रॉबर्ट लेवानडॉस्की (बायर्न म्यूनिख)
- एडीडास सिल्वर बॉल अवार्ड-आन्द्रे पियरे गिग्नैक (UANL)
- एडीडास ब्रॉन्ज बॉल अवार्ड-जोशुआ किमिच (बायर्न म्यूनिख)
- अलीबाबा क्लाउड मैच अवार्ड-रॉबर्ट लेबानडॉस्की (बायर्न म्यूनिख)
- FIFA फेयर प्ले अवॉर्ड-अल दुहैल स्पोर्ट्स क्लब

इटैलियन सुपर कप 2020-21

क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल की मदद से युवेण्टस ने नेपोली को 2-0 से हराकर 24 जनवरी, 2021 को रिकॉर्ड नौवीं बार इटैलियन सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेण्ट का खिताब जीता। एण्ड्रिया पिरलो ने कोच के रूप में अपनी पहली ट्रॉफी जीती। सुपर कप एक वार्षिक फुटबॉल प्रतियोगिता है। वर्तमान 2020-21 सत्र में येवेण्टस का यह पहला खिताब है। रोम के नेपी स्टेडियम में सुपर कप के फाइनल मैच का आयोजन हुआ था।



खेल व्यक्तित्व

जिया राय

उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ की 12 वर्ष की जिया राय ने 18 फरवरी, 2021 को महज 8 घण्टे 40 मिनट में 36 किमी तैरकर नया कीर्तिमान बनाया। इस 36 किमी में जिया ने वरली सी लिंक से गेटवे ऑफ इण्डिया तक की दूरी तय की। प्रतियोगिता महाराष्ट्र तैराकी संघ द्वारा आयोजित की गई थी।

इस उपलब्धि के लिए ग्रेटर मुम्बई एक्वेटिन एसोसिएशन की अध्यक्ष जरीर एन. बालीवाला ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। जिया राय इससे पहले 15 फरवरी, 2020 को एलिफैण्टा द्वीप से गेटवे ऑफ इण्डिया के बीच 14 किमी (3 घण्टे 27 मिनट में) तक तैरकर कर विश्व रिकॉर्ड बना चुकी है।

गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में जिया राय का नाम दर्ज है। जिया वर्तमान में स्पेक्ट्रम डिस ऑर्डर (ASD) नामक दिमागी बीमारी से पीड़ित हैं।

सीको हाशिमोतो

शीतकालीन और ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक में सर्वाधिक 7 बार भाग लेने का रिकॉर्ड बनाने वाली सीको होशिमोतो को 18 फरवरी, 2021 को टोक्यो ओलम्पिक आयोजन समिति का प्रमुख चुना गया।

हाशिमोतो अब 83 वर्षीय योशिरो मोरी की जगह लेंगी। सीको ने स्पीड स्केटर और ट्रेक साइक्लिस्ट में कुल 12 अन्तर्राष्ट्रीय पदक जीते हैं।

सीको प्रधानमन्त्री योशिहिदे सुगा की कैबिनेट में ओलम्पिक मन्त्री पद पर हैं। उनके पास लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण से जुड़ा विभाग भी है। वे वर्ष 1992 शीतकालीन ओलम्पिक की स्पीड स्केटिंग स्पर्द्धा में कांस्य पदक जीत चुकी है साथ ही एशियन विण्टर खेलों में 7 स्वर्ण जीते हैं।

फाफ डू प्लेसिस

दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज फाफ डू प्लेसिस ने 17 फरवरी, 2021 को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया। डू प्लेसिस ने दक्षिण अफ्रीका के लिए अपने पहले ही टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन किया था। डू प्लेसिस ने दक्षिण अफ्रीका के लिए 69 टेस्ट मैच खेले। डू प्लेसिस ने वर्ष 2016 में डी विलियर्स से कप्तानी सम्भाली थी।

फाफ ने 36 टेस्ट मैचों में दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी की। अपने टेस्ट करियर में फाफ ने 4163 रन बनाएँ। उन्होंने 10 शतक और 21 अर्धशतक बनाएँ। इस दौरान उनका बल्लेबाजी औसत 40.63 का रहा।

अंकिता रैना

भारतीय टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना ने 19 फरवरी, 2021 को अपने करियर का पहला WTA खिताब जीता। अंकिता ने रूस की अपनी जोड़ीदार कैमिला रखिमोवा के साथ मिलकर फिलिप आइसलैण्ड ट्रॉफी टूर्नामेण्ट में महिला युगल का खिताब जीता।

अंकिता-कैमिला युगल ने फाइनल में रूस की अन्ना बलिंकोवा व अनास्वासिया पोटपोवा को 2-6, 6-4, 10-7 से हराया।

अंकिता ने इससे पहले ITF युगल खिताब और WTA 125 की सीरीज जीती थी। सानिया के बाद अंकिता WTA ट्रॉफी जीतने वाली दूसरी भारतीय महिला हैं।

इस जीत से अंकिता मार्च, 2021 में जारी होने वाले WTA की युगल रैंकिंग में शीर्ष 100 में शामिल हो जाएँगी। वह 21 पायदान की छलाँग लगाकर 94वें स्थान पर पहुँच जाएँगी। सानिया मिर्जा के बाद शीर्ष 100 में शुमार होने वाली अंकिता दूसरी भारतीय महिला हैं।

आर. अश्विन

भारतीय टीम के ऑफ स्पिनर रविचन्द्रन अश्विन टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में बाएँ हाथ के बल्लेबाजों को 200 बार आउट करने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं। अश्विन ने यह उपलब्धि इंग्लैण्ड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन 14 फरवरी, 2021 को हासिल की। अश्विन ने बाएँ हाथ के बल्लेबाज स्टुअर्ट ब्रॉड को आउट कर इस उपलब्धि को हासिल किया।

अश्विन से पहले श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन ने 191 बार बाएँ हाथ के बल्लेबाजों को आउट किया है। इंग्लैण्ड के तेज गेंदबाज जेम्स एण्डरसन ने 190 और ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा ने अपने करियर में 172 बार बाएँ हाथ के बल्लेबाजों को आउट किया है। अश्विन इसके साथ ही घरेलू मैदान में भारत के लिए सर्वाधिक विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए।

उन्होंने हरभजन सिंह को पीछे छोड़ यह उपलब्धि हासिल की। हरभजन ने भारत के लिए घरेलू मैदान पर 265 विकेट लिए हैं जबकि अश्विन अब तक 268 विकेट ले चुके हैं।

अशोक डिण्डा

भारत और बंगाल के अनुभवी तेज गेंदबाज अशोक डिण्डा ने 3 फरवरी, 2021 को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की। भारत की लिए 13 वनडे और 9 T20 अन्तर्राष्ट्रीय मुकाबले खेलने वाले 36 वर्ष के डिण्डा 2019-20 सत्र में केवल एक रणजी ट्रॉफी खेलने के लिए अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करने के बाद इस सत्र की शुरुआत में गोवा से जुड़ गए थे।

इस तेज गेंदबाज ने 78 IPL मैचों में 22.20 के स्ट्राइक रेट से 68 विकेट लिए। जिम्बाब्वे के खिलाफ मई, 2010 में अपना वनडे डेब्यू करने वाले डिण्डा ने 13 मैचों में 12 विकेट अपने नाम किए हैं। वहीं T20 में उनके नाम 17 विकेट दर्ज हैं। डिण्डा ने अपना आखिरी अन्तर्राष्ट्रीय एकदिवसीय मैच वर्ष 2013 में खेला था। वहीं, उन्होंने 2009 में T20 अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था और अपना आखिरी T20 मैच वर्ष 2012 में खेला था। डिण्डा ने वर्ष 2005 में फर्स्ट क्लास क्रिकेट में डेब्यू किया था। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनके नाम 116 मैचों में 420 विकेट दर्ज हैं।

नमन ओझा

भारतीय क्रिकेटर नमन ओझा ने अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। नमन ओझा ने इन्दौर के होल्कर स्टेडियम में 15 फरवरी, 2021 को अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट के सभी फॉर्मेट को अलविदा कह दिया। नमन ओझा ने भारत के लिए एक टेस्ट, एक वनडे और 2 अन्तर्राष्ट्रीय T20 मैच खेले हैं जबकि घरेलू क्रिकेट और IPL में भी उनका करियर शानदार रहा है।

नमन ओझा के नाम रणजी ट्रॉफी में विकेट कीपर के रूप में सबसे ज्यादा 351 शिकार करने का रिकॉर्ड है। उन्होंने वर्ष 2010 में अपने अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट की शुरुआत की थी। नमन ओझा ने जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे और T20 फॉर्मेट में डेब्यू किया था।

उन्होंने वर्ष 2015 में अपना आखिरी अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच श्रीलंका के खिलाफ खेला था जिसके बाद से ही वह भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे थे। विकेट कीपर बल्लेबाज नमन ने 113 IPL मैच खेलें, जिनमें 94 इनिंग्स में 118.35 की स्ट्राइक रेट से 1554 रन बनाए।



जय शाह

भारतीय क्रिकेट कण्ट्रोल बोर्ड (BCCI) के सचिव जय शाह को 30 जनवरी, 2021 को एशियाई क्रिकेट परिषद (ACC) का अध्यक्ष चुना गया। जय शाह बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) के प्रमुख नजमुल हसन की जगह लेंगे। वह सबसे कम आयु में इस शीर्ष पद पर पहुँचने वाले खेल प्रशासक भी हैं साथ-ही-साथ ACC के अध्यक्ष के तौर पर चुने जाने वाले 32 वर्षीय शाह सबसे युवा प्रशासक हैं।

केन्द्रीय गृह मन्त्री अमित शाह के बेटे जय शाह को सलाना आम बैठक में वर्चुअल तौर पर नया अध्यक्ष चुना गया। ACC की स्थापना 19 सितम्बर, 1983 को हुई थी। इस संगठन का उद्देश्य एशिया में क्रिकेट के खेल को विकसित करना है। ACC को इण्टरनेशनल क्रिकेट काउन्सिल से मान्यता प्राप्त है। भारत और पाकिस्तान सहित 25 देश ACC के सदस्य हैं। ACC के पास एशिया कप टूर्नामेण्ट के आयोजन की जिम्मेदारी होती है।

अजय सिंह

अजय सिंह 3 फरवरी, 2021 को हुए भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (BFI) के चुनावों में फिर अध्यक्ष चुने गए। उन्होंने आशीष शेलार को आसानी से 37-27 मतों के अन्तर से हरा दिया। गुरुग्राम के एक होटल में चुनावों का आयोजन अन्तर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (AIBA) के पर्यवेक्षक की मौजूदगी में किया गया।

सिंह को पहली बार वर्ष 2016 में हुए चुनाव में अध्यक्ष चुना गया था। इसमें भी AIBA के पर्यवेक्षक मौजूद थे। स्पाइसजेट एयरलायन्स के चेयरमैन अजय सिंह के साथ अब नए महासचिव असम के हेमन्त कुमार कलीता होंगे।

कलीता महाराष्ट्र के जे. कोहली की जगह लेंगे। चुनावों को पिछले वर्ष सितम्बर में कराया जाना था, लेकिन कोरोना महामारी के कारण दो बार स्थगित कर दिया गया था।

इशान्त शर्मा

इशान्त शर्मा 8 फरवरी, 2021 को इंग्लैण्ड के खिलाफ चेन्नई में खेले गए पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में डैन लॉरेन्स को पगबाधा कर खेल के सबसे लम्बे प्रारूप में 300 विकेट पूरे करने वाले तीसरे भारतीय तेज गेंदबाज बने। इशान्त से पहले इस मुकाम को दिग्गज हरफनमौला कपिल देव (434) और जहीर खान (311) ने हासिल किया है।

इशान्त ने अपने 98वें टेस्ट में 300वाँ विकेट लिया जबकि कपिल ने अपने करियर में 131 और जहीर ने 92 टेस्ट खेले हैं। इशान्त इस मुकाम तक पहुँचने वाले कुल 6वें भारतीय गेंदबाज हैं। भारतीय गेंदबाजों में सबसे अधिक विकेट महान स्पिनर अनिल कुम्बले (132 मैच में 619 विकेट) ने लिए हैं। कपिल दूसरे स्थान पर हैं जबकि हरभजन सिंह (103 टेस्ट में 417) इस सूची में तीसरे स्थान पर है। इशान्त के टीम साथी स्पिनर रविचन्द्रन अश्विन चौथे और जहीर पाँचवें स्थान पर हैं।

निहाल सरीन

विश्व शतरंज संघ (FIDE) ने 21 जनवरी, 2021 को वर्ष 2020 के सबसे बेहतरीन युवा खिलाड़ियों में भारतीय युवा ग्रैण्डमास्टर निहाल सरीन को चुना। निहाल ने पिछले वर्ष (2020 में) विश्व यूथ चैम्पियनशिप में इटली के सोनिस फ्रांसिस्को के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की थी। इस मैच को 2020 का सबसे बेहतरीन मैच माना गया। फीडे की निर्णायक समिति में 9 में से 5 निर्णायकों ने निहाल को चुना। इंग्लैण्ड के डेनियल किंग, अमेरिका के लेवी रोजमन और भारत के सागर शाह, लक्जमबर्ग की फियोना अण्टोनी और ग्रीस के सोलीडिस गेओर्जियस ने उन्हें अपना वोट दिया और इसके साथ ही निहाल यह ईनाम जीतने वाले भारत के पहले खिलाड़ी बन गए।

ऑनलाइन फीडे विश्व चैम्पियनशिप का खिताब निहाल सरीन ने जीता था। इसी वर्ष भारत को शतरंज ओलम्पियाड के स्वर्ण पदक दिलाने में वह भी टीम का हिस्सा थे।

क्रिस्टियानो रोनाल्डो

दुनिया के सबसे महान फुटबॉल खिलाड़ियों में शुमार क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने 21 जनवरी, 2021 को सबसे ज्यादा गोल दागने का विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया। युवेण्टस और नेपोली के बीच खेले गए सुपर कप के फाइनल में रोनाल्डो ने एक गोल दागा, जो उनके करियर का 760वाँ गोल था।

रोनाल्डो ने जोसेफ बिकान को पीछे छोड़ते हुए फुटबॉल इतिहास में सबसे ज्यादा गोल करने का विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। बिकान के नाम 759 गोल हैं। इस सूची में तीसरे नम्बर पर ब्राजील के महान फुटबॉलर रहे पेले हैं, जिनके नाम में 757 गोल हैं। रोमारियो 743 गोल के साथ चौथे और लियोनेल मेसी 719 गोल के साथ पाँचवें नम्बर पर हैं। *सूची इस प्रकार है*

फुटबॉलर	देश	कुल गोल
क्रिस्टियानो रोनाल्डो	पुर्तगाल	760
जोसेफ बिकान	ऑस्ट्रेलिया	759
पेले	ब्राजील	757
रोमारियो	ब्राजील	743
लियोनेल मेसी	अर्जेण्टीना	719

जो रूट

भारत-इंग्लैण्ड टेस्ट सीरीज के दौरान, इंग्लैण्ड के कप्तान जो रूट 6 फरवरी, 2021 को अपने 100वें टेस्ट में दोहरा शतक बनाने वाले पहले क्रिकेटर बने।

जो रूट ने भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन अपने 100वें टेस्ट मैच में दोहरा शतक जड़ा। यह टेस्ट मैच चेन्नई के एमए चिदम्बरम स्टेडियम में खेला गया।

इस मैच के पहले दिन उन्होंने 128 रन बनाए थे और दूसरे दिन रूट ने अपनी इस नाबाद पारी को आगे बढ़ाते हुए लन्च के बाद 341 गेंदों में अपना दोहरा शतक पूरा किया।

रूट ने पारी के 143वें ओवर की तीसरी गेंद पर भारतीय गेंदबाज आर. अश्विन की गेंद पर छक्का लगाकर यह उपलब्धि हासिल की।

यह जो रूट के करियर का 5वाँ दोहरा शतक था। रूट ने यह उपलब्धि हासिल कर करीब 16 वर्ष पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया जो पाकिस्तान के पूर्व स्किपर इंजमाम उल हक के नाम पर था।

खेल समाचार

चेन्नई में IPL नीलामी 2021 आयोजित

इण्डियन प्रीमियर लीग (IPL) नीलामी 2021 का आयोजन चेन्नई में 18 फरवरी, 2021 को हुआ। इसका आयोजन IPL के 14वें संस्करण के लिए किया गया।

क्रिस मॉरिस IPL 2021 नीलामी में सबसे महँगे खिलाड़ी बने। उन्हें राजस्थान रॉयल्स ने चुना है। कृष्णप्पा गौथम IPL नीलामी 2021 में सबसे महँगे अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ी बने। उन्हें चेन्नई सुपर किंग्स ने चुना है।

सभी 8 टीमों ने IPL नीलामी 2021 में भाग लिया है। कुल 292 खिलाड़ी नीलामी के लिए सूचीबद्ध थे। इस नीलामी से पहले IPL फ्रेंचाइजी ने किंग्स इलेवन पंजाब का नाम बदलकर पंजाब किंग्स कर दिया है। पंजाब किंग्स IPL फ्रेंचाइजी के मालिक मोहित बर्मन नेस, वाडिया, प्रीति जिण्टा और करण पॉल हैं।

वीवो होगा IPL 2021 का मुख्य प्रायोजक

इण्डियन प्रीमियर लीग (IPL) के चेयरमैन बृजेश पटेल ने 18 फरवरी, 2021 को घोषणा की कि इस वर्ष अर्थात् 2021 के संस्करण में वीवो मुख्य प्रायोजक होगा।

IPL 2021 के संस्करण को वीवो IPL 2021 के रूप में जाना जाएगा। IPL चेयरमैन ने यह भी पुष्टि की कि IPL 2021 में प्रशंसकों के स्टेडियम में लौटने की काफी सम्भावना है।

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट पुरस्कार 2021 की घोषणा

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 6 फरवरी, 2021 को ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट पुरस्कार 2021 की घोषणा कर दी। कोरोनाकाल में क्रिकेट के प्रभावित रहने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया ने अपने खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर अलग-अलग पुरस्कारों से नवाजा।

दुनिया के दिग्गज बल्लेबाजों में शुमार ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ ने देश के शीर्ष क्रिकेट पुरस्कारों में तीसरी बार 'एलेन बॉर्डर' मेडल जीता। बेथ मूनी ने पहली बार 'बेलिण्डा क्लार्क' पुरस्कार अपने नाम किया।

स्मिथ को खेल के तीनों फॉर्मेट में प्रदर्शन के लिए यह पदक मिला जबकि मूनी ने पहली बार महिला क्रिकेट में यह पुरस्कार जीता। पुरस्कार का चयन 2020-21 में मतदान प्रक्रिया के आधार पर हुआ।

पुरस्कार सूची

- **वुमेन्स टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर** पैट कमिंस
- **विमेन्स वनडे इण्टरनेशनल प्लेयर ऑफ द ईयर** राहेल हेन्स
- **मेन्स वन डे इण्टरनेशनल प्लेयर ऑफ द ईयर** स्टीव स्मिथ
- **फीमेल इण्टरनेशनल T20 प्लेयर ऑफ द ईयर** बेथ मूनी
- **मेल इण्टरनेशनल T20 प्लेयर ऑफ द ईयर** एश्टन एगर
- **फीमेल डोमेस्टिक प्लेयर ऑफ द ईयर** एलिसे विलानी
- **मेल डोमेस्टिक प्लेयर ऑफ द ईयर** शॉन मार्श
- **बेट्टी विल्सन यंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर** हन्ना डार्लिंगटन
- **ब्रैडमैन यंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर** विल सदरलैण्ड
- **कम्युनिटी इम्पैक्ट अवार्ड** जोशुआ लालोर
- **हॉल ऑफ फेम** जॉनी मुलघ, मर्व ह्यूजेस, लिसा स्थालेकर

ICC ने शुरू किया महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार

अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने 27 जनवरी, 2021 से ICC प्लेयर ऑफ द मन्थ अवार्ड (महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी) के विजेताओं की घोषणा की है। पहली बार इन अवाइर्स की घोषणा हुई।

ऐसा ICC प्रत्येक महीने करने वाली है जिसके तहत् खिलाड़ी जो महीने में अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों में अच्छा प्रदर्शन करेंगे, उनको पुरस्कार मिलेगा।

भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पन्त पहले खिलाड़ी बने हैं जिन्हें यह अवार्ड मिला। उन्हें इस महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अवार्ड मिला। 23 वर्ष के पन्त ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में 97 रन की पारी खेली जिससे भारत मैच ड्रॉ कराने में सफल रहा जबकि ब्रिसबेन में उनकी नाबाद 89 रन की पारी की बदौलत भारत ने जीत दर्ज करते हुए ऐतिहासिक सीरीज जीती।

महिला क्रिकेटरों में दक्षिण अफ्रीका की शबनिम इस्माइल ने इस मासिक पुरस्कार को अपने नाम किया।

उन्होंने इस दौरान 3 एकदिवसीय और दो T20 अन्तर्राष्ट्रीय मैचों में पाकिस्तान के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था।

ICC के अनुसार कैलेण्डर महीने में मैदान पर प्रदर्शन के आधार पर पुरुष और महिला वर्ग में तीन-तीन खिलाड़ियों को इस पुरस्कार के लिए नामांकित किया जाएगा। दोनों वर्गों में एक-एक ICC प्लेयर ऑफ द मन्थ अवार्ड दिया जाएगा।



87 वर्ष में पहली बार रणजी ट्रॉफी नहीं

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (BCCI) ने 30 जनवरी, 2021 को एक बड़ा फैसला करते हुए इस वर्ष रणजी ट्रॉफी नहीं कराने का फैसला किया है। 87 वर्ष के इतिहास में पहली बार ऐसा होगा जब फर्स्ट क्लास घरेलू टूर्नामेण्ट रणजी ट्रॉफी का आयोजन नहीं हो सकेगा, जबकि विजय हजारे ट्रॉफी खेली जाएगी, क्योंकि प्रदेश इकाइयाँ इसका आयोजन चाहती हैं।

BCCI साथ ही अण्डर-19 राष्ट्रीय वनडे टूर्नामेण्ट वीनू मांकड़ ट्राफी और महिला राष्ट्रीय वनडे टूर्नामेण्ट का भी आयोजन करेगा। BCCI ने सलाना बैठक में रणजी ट्रॉफी 2020-21 सत्र को रद्द करने का फैसला लिया। रणजी ट्रॉफी का आयोजन आमतौर पर प्रत्येक वर्ष अक्टूबर और फरवरी के बीच होता है।

रणजी ट्रॉफी में 38 टीमें शिरकत करती हैं। वर्ष 1934 के बाद से लगातार इस घरेलू टूर्नामेण्ट का आयोजन होता रहा है। कोरोना महामारी के कारण मार्च, 2020 से घरेलू क्रिकेट पूरी तरह से बन्द था।

लद्दाख में पहला खेलो इण्डिया जास्कर विण्टर स्पोर्ट्स फेस्टिवल

केन्द्रीय युवा मामले और खेल मन्त्री किरेन रिजिजू ने 21 जनवरी, 2021 को लद्दाख में प्रथम खेलो इण्डिया जास्कर शीतकालीन खेल महोत्सव का उद्घाटन किया जो 30 जनवरी, 2021 को समाप्त हुआ। इस शीतकालीन खेल महोत्सव का उद्घाटन लद्दाख के कारगिल जिले में पदुक नामक स्थान पर किया गया।

एडवेंचर स्पोर्ट्स और टूरिज्म की अपनी क्षमता को प्रदर्शित करने के लिए इस फेस्टिवल को जांस्कर में वार्षिक कार्यक्रम के रूप में पेश किया गया। इस फेस्टिवल की मुख्य विशेषताओं में आइस हॉकी, आइस क्लाइम्बिंग, स्नो स्कल्पचर, जमी हुई जास्कर, नदी पर ट्रेकिंग और एथेनिक फूड फेस्टिवल शामिल था।

खेलो इण्डिया कार्यक्रम 2018 में शुरू किया गया था। राजीव गाँधी खेल अभियान, शहरी खेल अवसंरचना योजना और राष्ट्रीय खेल प्रतिभा खोज प्रणाली कार्यक्रम को समेकित करने के बाद इस कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया था।



खबरों में ...

नियुक्ति

उषा राव मोनारी

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एन्टोनियो गुटेरेस ने वित्त एवं निवेश के क्षेत्र की जानी-मानी भारतीय विशेषज्ञ उषा राव मोनारी को 18 फरवरी, 2021 को संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) की अवर महासचिव और एसोसिएट एडमिनिस्ट्रेटर नियुक्त किया। उषा राव ने दिल्ली विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में बीए ऑनर्स की डिग्री प्राप्त की है।

ब्लेकस्टोन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर ग्रुप की वरिष्ठ सलाहकार उषा राव निवेश के क्षेत्र की एक पेशेवर हैं, जिन्हें खासकर बुनियादी ढाँचे के क्षेत्र में तीन दशक का अनुभव है। उषा राव ने विश्व बैंक समूह के अन्तर्राष्ट्रीय वित्त निगम में व्यापार सलाहकार समूह की निदेशक सहित कई वरिष्ठ पदों पर भी भूमिका निभाई है।

मल्लिकार्जुन खड़गे

कॉंग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे राज्यसभा में विपक्ष के नेता बन गए हैं। राज्यसभा के सभापति एम. वेंकैया नायडू ने मल्लिकार्जुन खड़गे को राज्यसभा में विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता दे दी है। राज्यसभा की ओर से इस सम्बन्ध में नोटिफिकेशन जारी हो गया है। राज्यसभा की ओर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार मल्लिकार्जुन खड़गे 16 फरवरी, 2021 से राज्यसभा में विपक्ष के नेता होंगे।

पूर्व केन्द्रीय मन्त्री और कॉंग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद अब तक उच्च सदन में विपक्ष के नेता थे, लेकिन उनका कार्यकाल 15 फरवरी, 2021 को खत्म हो गया था। पूर्व रेल, श्रम और रोजगार मन्त्री मल्लिकार्जुन खड़गे वर्ष 2014 से 2019 के बीच लोकसभा में कॉंग्रेस के संसदीय दल के नेता की जिम्मेदारी सम्भाल चुके है। वह लगातार दो बार वर्ष 2009 और 2014 में सांसद बने।

अजय मल्होत्रा

पूर्व भारतीय राजनयिक अजय मल्होत्रा 16 फरवरी, 2021 को संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार परिषद् (UNHRC) की सलाहकार समिति के अध्यक्ष के रूप में चुने जाने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। वह जैविक विविधता, जलवायु परिवर्तन, मरुस्थलीकरण, शिक्षा, ऊर्जा, वानिकी, स्वास्थ्य, मानव अधिकार, मानव बस्तियों, बौद्धिक सम्पदा, अन्तर्राष्ट्रीय कानून, श्रम, ओजोन रिक्तीकरण, सतत् विकास और व्यापार जैसे मुद्दों पर बातचीत कर रही भारतीय टीम में शामिल हैं। मल्होत्रा पहली बार वर्ष 1977 में भारतीय विदेश सेवाओं में शामिल हुए थे।

अजय मल्होत्रा रूसी संघ में भारत के राजदूत के रूप में काम कर चुके हैं। वर्ष 1979-82 तक उन्होंने केन्या और सेशेल्स जैसे देशों के साथ भारत के सम्बन्धों को और मजबूत बनाने के लिए नैरोबी में उच्चायोग में भी सेवा दी। वर्ष 1985 से उन्होंने जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में प्रथम सचिव के रूप में भी कार्य किया, जहाँ उन्होंने WHO और ILO जैसी संस्था में भारत की आवाज बुलन्द की।

एनगोजी ओकोंजो-इविएला

विश्व व्यापार संगठन (WTO) के सदस्यों ने 15 फरवरी, 2021 को आम राय से नाइजीरिया की डॉ. एनगोजी ओकोंजो इविएला को 164 सदस्यीय निकाय का अगला महानिदेशक चुने जाने पर सहमति जताई। वह पहली महिला और पहली अफ्रीकी होंगी, जो जिनेवा स्थित इस प्रमुख संगठन की कमान सम्भालेंगी।

वह निवर्तमान महानिदेशक रोबर्तो एजेवेदो की जगह वर्ष 1 मार्च, 2021 से कार्यभार सम्भालेंगी। एजोवेदो ने एक वर्ष पहले ही त्याग-पत्र दे दिया और 31 अगस्त, 2020 को पदभार छोड़ दिया था।

एनगोजी का जन्म वर्ष 1954 में नाइजीरिया में हुआ था। वह वर्ष 1973 में अमेरिका आई। उन्होंने वर्ष 1973-76 में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की और मैसाच्युसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलाजी से वर्ष 1981 में PHD की डिग्री हासिल की। एनगोजी ओकोंजो दो बार नाइजीरिया की वित्त मन्त्री रह चुकी हैं। उन्होंने वर्ल्ड बैंक के साथ डेवलपमेण्ट इकोनॉमिस्ट के तौर पर 25 वर्ष काम किया और वर्ष 2007-11 के दौरान प्रबन्ध निदेशक बनीं।

वह वर्ष 2011-2015 के दौरान अपने देश की पहली महिला वित्त मन्त्री थीं। इसके अतिरिक्त उन्हें नाइजीरिया की पहली महिला विदेश मन्त्री होने का भी गौरव प्राप्त है।

उन्हें अर्थशास्त्र और अन्तर्राष्ट्रीय कूटनीति का धुरन्धर माना जाता है। एनगोजी को वर्ष 2015 में Fortune मैगजीन ने 50 ग्रेटेस्ट वर्ल्ड लीडर्स में शामिल किया था। इसके अलावा, फॉर्ब्स ने भी उन्हें लगातार 5 वर्ष तक दुनिया की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं की लिस्ट में जगह दी थी। वर्ष 2014 में एनगोजी को टाइम मैगजीन ने दुनिया की 100 सबसे प्रभावी व्यक्तित्वों में जगह दी थी।

जैनेट येलेन

जैनेट येलेन 26 जनवरी, 2021 को अमेरिका का वित्त मन्त्री नियुक्त किया गया है। वह अमेरिका के इतिहास की पहली महिला वित्त मन्त्री हैं। सीनेट द्वारा नामांकन की पुष्टि के बाद उन्होंने ट्रेजरी सेक्रेटरी (वित्त मन्त्री) के रूप में शपथ ग्रहण की।

जैनेट येलेन इसके पहले अमेरिका के केन्द्रीय बैंक फेडबल रिजर्व की प्रमुख रह चुकी हैं। वर्ष 2014 वह वे फेडरल रिजर्व की प्रमुख बनने वाली पहली महिला थीं। उनके ऊपर राष्ट्रपति जो बाइडेन के $ 1.9 ट्रिलियन डॉलर के अमेरिकी राहत प्लान को लागू करवाने की जिम्मेदारी होगी। इसके तहत लोगों को $ 1400 का स्टिमुलेस चेक दिया जाना है।

एवरिल हैंस

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने 21 जनवरी, 2021 को एवरिल हैंस को अमेरिका की पहली महिला खुफिया प्रमुख के रूप में नियुक्त किया। अमेरिका के उप-राष्ट्रपति पद पर पहुँचने वाली पहली अश्वेत अमेरिकी महिला कमला हैरिस ने एवरिल हैंस को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस पद से पहले वह अमेरिकी खुफिया एजेन्सी सेण्ट्रल इण्टेलिजेन्स एजेन्सी (CIA) की उप-निदेशक पर भी रह चुकी हैं। इस पद तक भी पहुँचने वाली भी वह पहली महिला हैं।

राष्ट्रीय खुफिया का ऑफिस अमेरिका के पूरे खुफिया समुदाय का नेतृत्व करता है। इसके तहत करीब 17 एजेन्सियाँ और संगठन आते हैं। बाइडेन कैबिनेट में सबसे पहला नियुक्ति का फैसला खुफिया प्रमुख का ही लिया है। इसी के साथ एवरिल हैंस बाइडेन कैबिनेट में मंजूरी पाने वाली पहली मन्त्री बनी हैं। हैंस खुफिया एजेन्सी CIA की सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। CIA संयुक्त राज्य अमेरिका के संघीय सरकार के अन्दर कार्य करने वाली असैनिक गुप्तचर संस्था है। इसका मुख्य कार्य सार्वजनिक नीति निर्माताओं के मार्गदर्शन हेतु विश्व की सरकारों, औद्योगिक संगठनों एवं व्यक्तियों के बारे में गुप्त सूचना एकत्रित करना एवं उसका विश्लेषण करना है।

प्रवीण सिन्हा

गुजरात कैडर के IPS ऑफिसर और CBI के एडिशनल डायरेक्टर प्रवीण सिन्हा को 3 फरवरी, 2021 को केन्द्रीय जाँच एजेन्सी CBI का अन्तरिम निदेशक नियुक्त किया गया। प्रवीण सिन्हा नए CBI डायरेक्टर की नियुक्ति या फिर अगले आदेश तक CBI के कार्यवाहक निदेशक के तौर पर कार्य सम्भालेंगे।

गुजरात कैडर के 1998 बैच के IPS अधिकारी सिन्हा को यह जिम्मेदारी ऋषि कुमार शुक्ला के सेवानिवृत्त होने के बाद दी गई है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की बैठक में सिन्हा को यह जिम्मेदारी देने का फैसला किया गया। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, सिन्हा तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक एजेन्सी के निदेशक पद की जिम्मेदारी देखेंगे। वर्ष 2014 से ऐसा चौथी बार हुआ है कि CBI प्रमुख का कामकाज देखने के लिए कार्यवाहक निदेशक की नियुक्ति की गई है।



सीपी मोहन्ती

लेफ्टिनेण्ट जनरल चण्डी प्रसाद मोहन्ती ने 1 फरवरी, 2021 को सेना उप-प्रमुख का कार्यभार सम्भाला। लेफ्टिनेण्ट जनरल सीपी मोहन्ती ने लेफ्टिनेण्ट जनरल एसके सैनी के सेवानिवृत्त होने पर यह जिम्मेदारी सम्भाली है। मोहन्ती ने सेना में अपना करियर राजपूत रेजिमेण्ट से शुरू किया था।

लेफ्टिनेण्ट जनरल मोहन्ती के पास ब्रिगेडों की कमान के दो अलग-अलग अनोखे अनुभव हैं—पहला वास्तविक नियन्त्रण रेखा पर और बाद में डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में बहुराष्ट्रीय UN ब्रिगेड में शामिल होकर। इन्हें दो प्रशासनिक संरचनाओं के साथ-साथ जोधपुर उप-क्षेत्र के एक मेजर जनरल के रूप में और उत्तर-भारत क्षेत्र के एक लेफ्टिनेण्ट जनरल के रूप में कमाण्ड करने का अनूठा गौरव प्राप्त है।

राममोहन राव

SBI कार्ड एवं पेमेण्ट सर्विसेज (SBI कार्ड) ने राममोहन राव अमारा को कम्पनी का नया प्रबन्ध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) का पदभार 30 जनवरी, 2021 को ग्रहण कर लिया है। उनकी नियुक्ति दो वर्ष की अवधि के लिए प्रभावी होगी, जिसके लिए शेयर धारकों सहित सभी अपेक्षित अनुमोदन लिया जाना है।

अभारा ने अश्विनी कुमार तिवारी के स्थान पर यह कार्यभार सम्भाला है। भारतीय स्टेट बैंक (SBI) में 29 वर्ष के सफल करियर के साथ अमारा एक अनुभवी बैंकर हैं। SBI कार्ड एवं पेमेण्ट सर्विसेज (SBI कार्ड) SBI की सहायक कम्पनी है। यह भारत की एक पेमेण्ट सुविधा प्रदान करने वाली कम्पनी है। इसकी शुरुआत अक्टूबर, 1998 में भारतीय स्टेट बैंक और GE कैपिटल ने की थी। इसका मुख्यालय गुरुग्राम (हरियाणा) में है।

हेनरी मोनिज

फेसबुक इंक ने हेनरी मोनिज को अपने पहले मुख्य अनुपालन अधिकारी (Coo) के रूप में 8 फरवरी, 2021 को नियुक्त किया। वे कम्पनी की वैश्विक अनुपालन टीम का नेतृत्व करने, अपने वैश्विक अनुपालन और जोखिम प्रबन्धन को बढ़ाने और कम्पनी में कानूनी और नैतिक आचरण के उच्चतम मानकों को बढ़ावा देने के लिए फेसबुक से जुड़ेंगे। इससे पहले वे हेनरी मीडिया कम्पनी भीयाकोम में मुख्य अनुपालन अधिकारी और मुख्य लेखा परीक्षा कार्यकारी थे।

माइकल ब्लूमबर्ग

संयुक्त राष्ट्र ने ग्लोबल वार्मिंग से निपटने में सरकारों और कारोबारों को शामिल करने के लिए 5 फरवरी, 2021 को अमेरिकी अरबपति माइकल ब्लूमबर्ग को फिर से विशेष दूत नियुक्त किया है। जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर लम्बे समय तक अभियान चलाने वाले ब्लूमबर्ग को इस पद पर पहली बार 2018 में नियुक्त किया गया था।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एन्तोनियो गुतारेस चाहते हैं कि ब्लूमबर्ग (न्यूयार्क के पूर्व मेयर) नवम्बर, 2021 में होने वाले वैश्विक जलवायु सम्मेलन में जलवायु कार्रवाई के प्रति मजबूत समर्थन जुटाएँ।

विक्रम सिंह बेदी

गूगल क्लाउड ने 4 फरवरी, 2021 को विक्रम सिंह बेदी को अपने भारतीय कारोबार का प्रबन्ध निदेशक नियुक्त करने की घोषणा की है। उन्होंने करण बाजवा का स्थान लिया है। बाजवा को कम्पनी ने एशिया प्रशान्त क्षेत्र का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। बेदी के पास 26 वर्ष का नेतृत्व का अनुभव है। बेदी गूगल क्लाउड के गतिशील बाजार में बिक्री एवं परिचालन टीमों की अगुवाई करेंगे।

जेके शिवन

धनलक्ष्मी बैंक के निदेशक मण्डल ने जेके शिवन को धनलक्ष्मी बैंक के प्रबन्ध निदेशक और CEO के रूप में 28 जनवरी, 2021 को नियुक्त करने की मंजूरी दे दी। दिसम्बर, 2020 को शिवन को नए MD और CEO के रूप में नियुक्त किया गया था, परन्तु मंजूरी अब मिली है। उन्हें सुनील गुरबक्सनी के स्थान पर नियुक्त किया गया। धनलक्ष्मी बैंक भारत में कार्यरत निजी क्षेत्र का एक बैंक है। इसकी स्थापना वर्ष 1972 में हुई थी। इसका मुख्यालय केरल के त्रिशुर में है।

त्याग-पत्र

रश्मि सामन्त

ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय छात्र संघ की पहली भारतीय महिला अध्यक्ष चुनी गई रश्मि सामन्त ने 18 फरवरी, 2021 को अपने पद से त्याग-पत्र दे दिया। अपनी पुरानी सोशल मीडिया पोस्ट्स के वायरल होने और खुद पर नस्लीय आधार पर भेदभाव करने के आरोपों के बाद रश्मि सामन्त ने पद से त्याग-पत्र दिया।

वे 14 फरवरी, 2021 को छात्र संघ की अध्यक्ष चुनी गई थी। इस पद को पाने वाली वह पहली भारतीय महिला थीं। वे इस ऑक्सफोर्ड युनिवर्सिटी के लिनाक्रे कॉलेज से ऊर्जा प्रणाली विषय पर MSc कर रही हैं। रश्मि सामन्त ने कर्नाटक में मणिपाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से पढ़ाई की है।

जियोर्गी गखरिया

जॉर्जिया के प्रधानमन्त्री जियोर्गी गखरिया ने 18 फरवरी, 2021 को अपने पद से त्याग-पत्र देने की घोषणा की। उन्होंने यह कदम अदालत के उस आदेश के बाद उठाया जिसमें सोवियत संघ टूटने के बाद स्वतन्त्र हुए जॉर्जिया के शीर्ष विपक्षी पार्टी के नेता को गिरफ्तार करने को कहा गया।

गखरिया ने एक बयान में बताया कि उनकी टीम (पार्टी) में ही विपक्षी पार्टी यूनाइटेड नेशनल मूवमेण्ट के अध्यक्ष निका मेलिया पर हुए फैसले पर मतभेद है इसलिए वे पद छोड़ रहे हैं। अदालत ने 17 फरवरी, 2021 को वर्ष 2019 में सरकार विरोधी प्रदर्शन के दौरान 'बड़े पैमाने पर हिंसा' प्रायोजित करने के आरोप में सुनवाई से पहले मेलिया को हिरासत में लेने का आदेश दिया था। अदालत ने यह कदम मेलिया द्वारा $ 12 हजार की जमानत राशि जमा करने से इनकार करने के बाद उठाया।



किरण बेदी

राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द के निर्देश के बाद पुदुचेरी की उप-राज्यपाल किरण बेदी को 14 फरवरी, 2019 को हटाया गया। उनके स्थान पर तेलंगाना के राज्यपाल डॉक्टर तमिलिसाई सुन्दरराजन को उप राज्यपाल का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। पुदुचेरी में इसी वर्ष (2021) चुनाव होने हैं।

किरण बेदी को 29 मई, 2016 को पुदुचेरी के उप-राज्यपाल पद पर नियुक्त किया गया था। किरण बेदी भारतीय पुलिस सेवा की सेवानिवृत्त अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, भूतपूर्व टेनिस खिलाड़ी एवं राजनेता हैं। वर्ष 1972 में IPS में सम्मिलित होने वाली वे प्रथम महिला अधिकारी हैं।

ग्यूसेप कॉण्टे

इटली के प्रधानमन्त्री ग्यूसेप कॉण्टे ने 26 जनवरी, 2021 को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। प्रधानमन्त्री कोन्ते ने सीनेट में अपना बहुमत खो दिया था।

इटली में कोरोना संकट के समय हुए खर्च को लेकर दलों में मतभेद उत्पन्न हो गया था। जनवरी, 2021 के तीसरे सप्ताह में कोन्ते सीनेट में विश्वासमत हासिल कर अपनी सरकार बचाने में कामयाब हुए थे।

इसमें उन्हें गठबन्धन का भरपूर सहयोग मिला था। उस दौरान कोन्ते के पक्ष में 140 वोट पड़े थे और 16 सांसद हाजिर रहे थे। उसके बाद भी कोंते सरकार को नहीं चला पाए। अब इटली में एक गठबन्धन सरकार बनने का विकल्प खुल गया है।

खुरेलसुख उखना

मंगोलिया के प्रधानमन्त्री खुरेलसुख उखना ने कोविड-19 महामारी से निपटने को लेकर सरकार के हो रहे विरोध के फलस्वरूप 21 जनवरी, 2021 को अपनी पूरी सरकार के साथ त्याग-पत्र दे दिया। 52 वर्षीय उखना ने 4 अक्टूबर, 2017 से 21 जनवरी, 2021 तक मंगोलिया के प्रधानमन्त्री के रूप में कार्य किया।

प्रधानमन्त्री उखना से पहले मंगोलियाई उप-प्रधानमन्त्री और राज्य आपातकालीन आयोग के प्रमुख यंगु सोदबातार और स्वास्थ्य मन्त्री तोग्तमोल मुंखासिरवान ने त्याग-पत्र देने की घोषणा की थी। खुरेलसुख उखना की मंगोलियाई पीपुल्स पार्टी द्वारा नियन्त्रित संसद ने उनका त्याग-पत्र स्वीकार करने के लिए मतदान किया।

सरकार के कोविड-19 प्रबन्धन के विरोध में प्रदर्शन हो रहा था तथा सार्वजनिक नाराजगी देखने को मिल रही थी। इसलिए पूरी सरकार ने ही इस्तीफा दे दिया।

जेफ बेजोस

अमेजन के फाउण्डर जेफ बेजोस ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पद से हटने का 3 फरवरी, 2021 को एलान कर दिया। ई-कॉमर्स इण्डस्ट्री में अपना परचम लहराने वाली अमेजन के CEO के तौर पर कार्यरत जेफ बेजोस इस वर्ष के आखिरी तक अपना पद छोड़ देंगे। जेफ बेजोस की जगह पर अमेजन वेब सर्विसेज के चीफ एण्डी जेसी को इस पद की जिम्मेदारी दी जाएगी।

जेफ बेजोस की आयु 57 वर्ष है और अपने गैराज से उन्होंने अमेजन की शुरुआत की थी। इसके बाद इसे एक उद्यम का रूप दिया, जो बाद में ऑनलाइन रिटेल बन गया।

जेफ बेजोस अमेजन में हिस्सेदारी के आधार पर दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति हैं। जेफ बेजोस की जगह CEO बनने वाली एण्डी जेसी ने 1997 में अमेजन बतौर मार्केटिंग मैनेजर ज्वाइन किया और वर्ष 2003 में कम्पनी के क्लाउड सर्विसेज डिवीजन AWH की स्थापना की।

निधन

एम. रामा जोइस

बिहार और झारखण्ड के पूर्व राज्यपाल एम. रामा जोइस का 16 फरवरी, 2021 को निधन हो गया। राज्यसभा के पूर्व सदस्य 88 वर्षीय जोइस आयु सम्बन्धी बीमारियों से पीड़ित थे। उनका बेंगलुरु में निधन हो गया।

लेखक और इतिहासकार के साथ-साथ जोइस एक बुद्धिजीवी और न्यायविद थे। वह पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रह चुके थे। जोइस का जन्म शिवमोगा (कर्नाटक) में हुआ था। शुरू से वे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के हिस्सा रहे थे।

बसन्त कुमार महापात्रा

गोवा मुक्ति और 1962 के भारत-चीन युद्ध सहित चार प्रमुख युद्ध लड़ने वाले सेवानिवृत्त सेनापति बसन्त कुमार महापात्रा का 16 फरवरी, 2021 को निधन हो गया। वे 88 वर्ष के थे। जिन चार युद्धों में उन्होंने भाग लिया था, उनमें 1961 का गोवा मुक्ति संग्राम, 1962 के भारत-चीन युद्ध, 1965 का भारत-पाकिस्तान युद्ध और 1971 का बांग्लादेश मुक्ति युद्ध शामिल थे।

बांग्लादेश मुक्ति युद्ध वह युद्ध है जिसमें भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तानी सैनिकों को बांग्लादेश छोड़ने के लिए मजबूर किया। इस युद्ध में महापात्रा ने अपने सैनिकों का नेतृत्व किया था। महापात्रा को सबसे प्रतिष्ठित अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया था। वे लखनऊ विश्वविद्यालय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय और बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में प्रोफेसर भी रहे थे।

पॉल क्रुटजन

नोबेल पुरस्कार जीतने वाले वायुमण्डलीय रसायन विशेषज्ञ पॉल जोजफ क्रुटजन का 1 फरवरी, 2021 को 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

उन्होंने वर्ष 1995 में मारियो जे. मोलिना और एफ. शेरवुड रोलैण्ड के साथ संयुक्त रूप से रसायन विज्ञान में, अनुमण्डलीय रसायन विज्ञान में उनके काम के लिए, विशेष रूप से ओजोन के गठन और अपघटन से सम्बन्धित शोध के लिए नोबेल पुरस्कार जीता था।

उन्होंने वर्तमान भू-वैज्ञानिक युग को परिभाषित करने के लिए वर्ष 2000 में एन्थ्रोपोसीन शब्द को लोकप्रिय बनाया, जिसमें मानव गतिविधि ग्रह को प्रभावित कर रही है। पॉल ओजोन परत और जलवायु परिवर्तन पर अपने काम के लिए जाने जाते थे।

उन्होंने नोबेल पुरस्कार के अतिरिक्त वर्ष 1989 में पर्यावरणीय उपलब्धि के लिए 'टाइलर' पर्यावरण पुरस्कार जीता। उन्होंने वर्ष 1991 में वोल्वो पर्यावरण पुरस्कार, वर्ष 1994 में जर्मनी पर्यावरण पुरस्कार तथा वर्ष 2019 में लोमोनोसोव स्वर्ण पदक जीता था।

सतीश शर्मा

पूर्व पेट्रोलियम मन्त्री कैप्टन सतीश शर्मा का 17 फरवरी, 2021 को आयु सम्बन्धी बीमारियों के कारण निधन हो गया। वे 73 वर्ष के थे। कैप्टन शर्मा संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य रहे।

नरसिम्हा राव सरकार में वे पेट्रोलियम मन्त्री रहे थे। राजीव गाँधी की हत्या के बाद वे वर्ष 1991 में उनके संसदीय क्षेत्र अमेठी से लोकसभा के लिए चुने गए थे। जनवरी, 1993 से दिसम्बर, 1996 तक वे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मन्त्री रहे थे। वर्ष 1947 में सिकन्दराबाद में जन्मे सतीश शर्मा राजीव गाँधी की ही तरह प्रशिक्षित पायलट थे।



राजीव कपूर

बॉलीवुड अभिनेता और प्रोड्यूसर राजीव कपूर का 9 फरवरी, 2021 को निधन हो गया। 58 वर्षीय अभिनेता का निधन हार्ट अटैक से हुआ। राजीव कपूर दिग्गज अभिनेता राज कपूर के बेटे थे।

राजीव कपूर तीनों भाई-रणधीर कपूर, ऋषि कपूर के बाद सबसे छोटे थे। राजीव कपूर ने 'राम तेरी गंगा मैली', 'हम तो चले परदेस', 'आसमान' जैसी कई फिल्मों में काम किया। राजीव कपूर बतौर अभिनेता नाकाम रहे। उन्होंने अपने डायरेक्शन में 'प्रेमग्रन्थ', आ अब लौट चलें जैसी अच्छी फिल्में बनाईं।

बंसी कौल

देश के प्रख्यात रंगकर्मी और भोपाल की नाट्य संस्था 'रंग विदूषक' के संस्थापक बंसी कौल का 6 फरवरी, 2021 को निधन हो गया। 71 वर्षीय बंसी कौल लम्बे वक्त से बीमार थे। उनका निधन द्वारका, दिल्ली में हुआ।

बंसी कौल को वर्ष 2014 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। कला के क्षेत्र में योगदान के लिए, बंसी कौल को वर्ष 2016 में 'कालीदास सम्मान' से सम्मानित किया गया था। इसके अलावा उन्हें 'संगीत नाटक अकादमी' से भी नवाजा गया। मध्य प्रदेश सरकार ने इन्हें 'शिखर सम्मान' तथा उत्तर प्रदेश सरकार ने इन्हें 'सफदर हाशमी' पुरस्कार से सम्मानित किया। बंसी कौल की संस्था रंग विदूषक ड्रामा थिएटर ने विभिन्न शैलियों में करीब 80 से ज्यादा नाटक तैयार किए हैं।

नरेन्द्र चंचल

महशूर भजन गायक नरेन्द्र चंचल का निधन 22 जनवरी, 2021 को हो गया। नरेन्द्र चंचल लम्बे समय से बीमार चल रहे थे। नरेन्द्र चंचल जागरण में माता के भजन गाते थे। वह बॉलीवुड में भी अपनी गायकी के लिए प्रसिद्ध थे। उनकी गायकी का सफर राज कपूर के समय से शुरू हुया था।

फिल्म बॉबी में उनके द्वारा गाया गाना 'बेशक मन्दिर, मस्जिद तोड़ो' काफी महशूर हुआ था, लेकिन उन्हें पहचान मिली फिल्म 'आशा' में गाए भजन 'चलो बुलावा आया है' से उन्होंने भजन गायन की दुनिया में अपनी ओजपूर्ण आवाज से विशिष्ट पहचान बनाई।

चर्चित व्यक्तित्व

सलेहा जबीन

भारत में जन्मी मुस्लिम महिला सलेहा जबीन को अमेरिका की सेना में 18 फरवरी, 2021 को चैपलिन बनाया गया। सेना में चैपलिन का कार्य धार्मिक मामलों में सलाह देना होता है। किसी भारतवंशी को यह पहली बार जिम्मेदारी दी गई है।

सलेहा एयर फोर्स चैपलिन कोर्स में स्नातक हैं। सलेहा को दिसम्बर, 2020 में सेकण्ड लेफ्टिनेण्ट के रूप में कैथोलिक थियोलॉजिकल यूनियन, शिकागो में कमीशन मिला। वह एक छात्र के रूप में 14 वर्ष पहले भारत से आई थीं।

केके मेनन

केके मेनन को दादा साहब फाल्के इण्टरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवार्ड्स के अन्तर्गत 18 फरवरी, 2021 को मोस्ट वर्सटाइल एक्टर के अवार्ड से नवाजा गया है। अभिनेता केके मेनन पिछले तीन दशकों से फिल्म उद्योग का हिस्सा हैं। उन्हें भारतीय सिनेमा में उनके असाधारण काम और योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। अपने 30 वर्षों के करियर में उन्हें कई पुरस्कार मिले हैं। उन्हें पिछली बार एक नकारात्मक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ रोल के लिए आइफा (IIFA) अवार्ड और हैदर में उनके प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ फिल्मफेयर पुरस्कार मिला था।

टाइम पत्रिका के 100 उभरते लोगों में 5 भारतवंशी

विश्वप्रसिद्ध टाइम मैगजीन ने 100 उभरते हुए नेतृत्वकर्ताओं (इमर्जिंग लीडर्स) की वार्षिक सूची में 5 भारतीय मूल की हस्तियों को शामिल किया है। 17 फरवरी, 2021 को जारी 2021 टाइम 100 नेक्स्ट की सूची, दुनिया के 100 सर्वाधिक प्रभावशाली लोगों की 'टाइम-100' शृंखला का विस्तार है।

भारतीय मूल के सूची में ट्विटर के शीर्ष वकील विजया गड्डे और ब्रिटेन के वित्त मन्त्री ऋषि सुनद भी शामिल हैं। इसमें 'इंस्टाकार्ट' की संस्थापक और CEO अपूर्व मेहता और गैर-लाभकारी 'गेट अस पीपीआई' की कार्यकारी निदेशक शिखा गुप्ता और गैर-लाभकारी अपसोल्व के रोहन पवुलुरी शामिल हैं। इस सूची में भीम आर्मी के प्रमुख चन्द्रशेखर आजाद भी शामिल हैं। ब्रिटेन के वित्त मन्त्री ऋषि सुनद भारतीय उद्योगपति नारायण मूर्ति के दामाद हैं।

भव्या लाल

भारतीय मूल की भव्या लाल को अमेरिकी अन्तरिक्ष एजेन्सी (नासा) का कार्यकारी प्रमुख 2 फरवरी, 2021 को नियुक्त किया गया। भव्या वर्तमान में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन प्रशासन के अन्तर्गत एजेन्सी में परिवर्तन सम्बन्धी समीक्षा दल की सदस्य हैं, जिसके अन्तर्गत वह एजेन्सी में परिवर्तन सम्बन्धी कार्यों को देख रही हैं। भव्या लाल के पास अभियान्त्रिकी और अन्तरिक्ष प्रौद्योगिकी का अच्छा अनुभव है। वह वर्ष 2005 से 2020 तक इंस्टीट्यूट फॉर डिफेन्स एनालिसिस साइन्स एण्ड टेक्नोलॉजी पॉलिसी इंस्टीट्यूट में अनुसंधान की सक्रिय सदस्य भी रही हैं।

अन्तरिक्ष क्षेत्र में उनके योगदानों को देखते हुए उन्हें इस पद पर नामित किया गया है। भव्या लाल पहले से ही अमेरिकी अन्तरिक्ष एजेन्सी (नासा) के साथ कई प्रोग्राम के माध्यम से जुड़ी हुई हैं। भाव्या पहले नासा के प्रसिद्ध प्रोग्राम इनोवेटिव एडवान्स्ड कॉन्सेप्ट्स प्रोग्राम और नासा एडवाइजरी कॉउन्सिल की टेक्नोलॉजी, इनोवेशन एण्ड इन्जीनियरिंग एडवाइजरी कमेटी की एक्सटर्नल कॉउन्सिल मेम्बर भी रह चुकी हैं।

एसएन सुब्रह्मण्यन

श्रम और रोजगार मन्त्रालय ने 4 फरवरी, 2021 को L&T लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबन्ध निदेशक एसएन सुब्रह्मण्यन को 3 वर्ष के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया। सुब्रह्मण्यन एक प्रख्यात इन्जीनियर हैं, जिन्होंने कई वर्षों तक L&T के अवसंरचना विकास से जुड़े कारोबार को बढ़ाने में काफी योगदान दिया है।

इन्होंने L&T को देश की सबसे बड़ी तथा दुनिया की 14 वीं सबसे बड़ी निर्माण कम्पनी बनाने का काम किया है। L&T देश की सबसे बड़ी इन्जीनियरिंग कम्पनियों में से एक है, जो भारी इंजीनियरिंग तथा रक्षा क्षेत्र से जुड़े बड़े उत्पाद बनाने के साथ ही जहाज निर्माण का काम भी करती है।



राम सेवक शर्मा

राम सेवक शर्मा को 1 फरवरी, 2021 को राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) की स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत या प्रधानमन्त्री जन आरोग्य योजना का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया। शर्मा को इस पद पर इन्दु भूषण के स्थान पर नियुक्त किया गया। इन्दु भूषण का कार्यकाल तीन वर्ष था, जो अब समाप्त हो गया है। आरएस शर्मा COVID-19 का मुकाबला करने के लिए प्रौद्योगिकी और डाटा प्रबन्धन पर अधिकार प्राप्त समूह के प्रमुख हैं।

वह COVID-19 के वैक्सीन प्रशासन पर राष्ट्रीय विशेषज्ञ समूह के सदस्य भी हैं। आरएस शर्मा भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के पूर्व अध्यक्ष हैं। आयुष्मान भारत या प्रधानमन्त्री जन आरोग्य योजना देश के 40% लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए भारत सरकार की एक योजना है।

आयशा अजीज

कश्मीर की रहने वाली आयशा अजीज 6 फरवरी, 2021 को देश की सबसे कम आयु की महिला पायलट बनी हैं, जिसके बाद वह कश्मीर के साथ-साथ देश की लड़कियों के लिए प्रेरणा की स्रोत भी बनी हैं। आयशा 25 वर्ष की आयु में पायलट बन गई हैं।

आयशा अजीज वर्ष 2011 में सबसे कम आयु में स्टूडेण्ट पायलट का लाइसेन्स प्राप्त करने वाली छात्रा बनी थीं, उस वक्त आयशा 15 वर्ष की थी। इसके बाद उन्होंने रूस के सोकोल एयरबेस में मिग-29 उड़ाने के लिए ट्रेनिंग ली। फिर आयशा ने बॉम्बे फ्लाइंग क्लब से विमानन में ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की और 2017 में उन्हें कमर्शियल पायलट का लाइसेन्स मिल गया।

सृष्टि गोस्वामी

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर हरिद्वार जनपद के ग्राम दौलतपुर की निवासी सृष्टि गोस्वामी को 24 जनवरी, 2021 को एक दिन के लिए उत्तराखण्ड की मुख्यमन्त्री बनाया गया। देहरादून पहुँचकर बाल विधानसभा में सृष्टि ने एक दिन का मुख्यमन्त्री का पदभार ग्रहण किया और विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक की।

मुख्यमन्त्री का कार्यभार सम्भालने के बाद बाल विधानसभा में विभागीय अधिकारियों ने अपने विभाग की समीक्षा रिपोर्ट पेश की। मुख्यमन्त्री सृष्टि गोस्वामी ने नेता प्रतिपक्ष से निवेदन किया कि अगर उनके पास कोई सवाल है, तो वे सरकार के समक्ष रखें, ताकि उन पर विचार किया जा सके। सृष्टि गोस्वामी ने विधानसभा भवन के कमरे में विभागीय समीक्षा बैठक की।

मुख्यमन्त्री ने जरूरी निर्देश भी दिए। सृष्टि के महत्वपूर्ण सुझावों में डेम्स का सेफ्टी ऑडिट, पुलों की जर्जर व्यवस्था को दुरुस्त करना, बालिका और महिला सशक्तीकरण, नशे के विरुद्ध अभियान चलाना, सार्वजनिक परिवहन में महिलाओं की सुरक्षा आदि पर अपने महत्वपूर्ण विचार दिए। सृष्टि BSM PG कॉलेज रुड़की में BSC एग्रीकल्चर की पढ़ाई कर रही हैं। मई, 2018 में वह उत्तराखण्ड बाल विधानसभा की मुख्यमन्त्री बनीं थीं।

एआर रहमान

संगीतकार एआर रहमान को उनके अच्छे काम के लिए 3 फरवरी, 2021 को अलर्ट बीइंग आइकन अवॉर्ड दिया गया। उनके साथ सामाजिक कार्यकर्ता के. हरि कृष्णन तथा 12 अन्य लोगों को NGO अलर्ट द्वारा यह सम्मान दिया गया।

इस वर्ष इस अवार्ड का चौथा संस्करण था। इस मौके पर 30 कोविड वारियर का भी सम्मान किया गया। अपने वीडियो सम्बोधन में एआर रहमान ने पुरस्कार स्वीकार करते हुए धन्यवाद दिया। अल्लाह रक्खा रहमान (एआर रहमान) हिन्दी फिल्मों के एक प्रसिद्ध संगीतकार हैं। रहमान गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड से भी सम्मानित होने वाले पहले भारतीय हैं।

चर्चित पुस्तकें

राष्ट्र प्रथम-82 वर्षों की स्वर्णिम गाथा (डॉ. भुवन कुमार झ)

गृह मन्त्री अमित शाह ने 19 फरवरी, 2021 को नई दिल्ली में 'राष्ट्र प्रथम-82 वर्षों की स्वर्णिम गाथा' पुस्तक का विमोचन किया। इस पुस्तक को दिल्ली विश्वविद्यालय के इतिहासकार डॉ. भुवन कुमार झा द्वारा लिखा गया है। इस पुस्तक में CRPF के गरिमामय इतिहास, उनकी सम्पूर्ण यात्रा, चुनौतियों, सफलताओं और समर्पण को दर्शाया गया है। इस पुस्तक में वर्ष 1939 से लेकर 2021 तक के (82 वर्षों) के केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) के इतिहास, विकास और उपलब्धियों का उल्लेख किया गया है।

यस मैन : द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ राणा कपूर (पवन सी. लल्व)

'यस मैन : द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ राणा कपूर' नामक पुस्तक को हार्पर कॉलिन्स द्वारा 1 फरवरी, 2021 को प्रकाशित की गई। पवन सी. लल्व की इस नई पुस्तक में भारत के होनहार बैंकर राणा कपूर के उत्थान और पतन के बारे में विस्तृत विवरण है। यह पुस्तक भारतीय बैंकिंग प्रणाली, इसके नियामकों और कारोबारी माहौल पर भी सवाल उठाती है, जिसके कारण यस बैंक का पतन हुआ है। इस पुस्तक में लापरवाह, उधार, रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के आरोप भी बताए गए हैं, जिसके कारण बैंक की साख गिर गई।

दिस लाइफ एट प्ले : ए मेमॉयर बाई गिरीश कर्नाड (अनुवादक-श्रीनाथ पेरूर)

कन्नड़ से अंग्रेजी में अनूदित किए जा रहे 'दिस लाइफ एट प्ले : ए मेमॉयर बाई गिरीश कर्नाड' के पुस्तक का विमोचन मई, 2021 में होगा। इसे मशहूर अनुवादक श्रीनाथ पेरूर अन्तिम रूप दे रहे हैं। इस संस्करण को अभिनेता-नाटककार कर्नाड स्वयं अनूदित कर रहे थे, लेकिन अनुवाद पूरा होने से पहले ही वर्ष 2019 में उनका निधन हो गया। हार्पर कॉलिन्स प्रकाशक से सम्बद्ध फोर्थ स्टेट द्वारा यह पुस्तक जारी की जाएगी।

द लिटिल बुक ऑफ एन्करेजमेण्ट (रेणुका सिंह)

तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा ने 1 फरवरी, 2021 को अपनी नई पुस्तक 'द लिटिल बुक ऑफ एन्करेजमेण्ट' लॉन्च की। पुस्तक को रेणुका सिंह द्वारा सम्पादित किया गया है और पेंगुइन रैण्डम हाउस द्वारा प्रकाशित किया गया है।

इस पुस्तक में 130 उद्धरण शामिल हैं, जो बढ़ती चरमपंथ, मतभेद और जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने और तिब्बत पर उनके विचारों के साथ-साथ महामारी काल की दुनिया की नई वास्तविकताओं से निपटने के लिए महत्वपूर्ण ज्ञान देती है। दलाई लामा की उपाधि तिब्बती लोगों द्वारा 'गेलुग' या तिब्बती बौद्ध धर्म के 'येलो हैट' स्कूल के आध्यात्मिक नेता को दी जाती है। तेनजिन ग्यात्सो वर्तमान में 14 वें दलाई लामा हैं।

बाय मैनी ए हैप्पी एक्सीडेण्ट : रिकलेक्शन ऑफ ए लाइफ (एम. हामिद अंसारी)

भारत के पूर्व उप-राष्ट्रपति मोहम्मद हामिद अंसारी ने 'बाय मैनी ए हैप्पी एक्सीडेण्ट : रिकलेक्शन ऑफ ए लाइफ' नामक पुस्तक लिखी है। इसे रूपा प्रकाशन द्वारा 10 फरवरी, 2021 को लॉन्च किया गया है। इस पुस्तक में हामिद अंसारी ने अपने जीवन में हुई अनियोजित घटनाओं, अपने जन्म से लेकर लगातार दो बार देश के उप-राष्ट्रपति रहने और इस दौरान हासिल अनुभवों को बड़ी बेबाकी से वर्णन किया है।

प्लेटफॉर्म स्केल : फॉर ए पोस्ट-पैण्डेमिक वर्ल्ड (संगीत पॉल चौधरी)

'प्लेटफार्म स्केल : फॉर ए पोस्ट-पाण्डेमिक वर्ल्ड' नामक पुस्तक के लेखक संगीत पॉल चौधरी हैं। यह पुस्तक पेंगुइन रैण्डम हाउस इण्डिया द्वारा प्रकाशित की गई है। यह पुस्तक उद्यमियों, नवोन्मेषकों और प्रशिक्षकों के लिए एक मार्गदर्शन के रूप में काम करती है। यह पुस्तक व्यापार मॉडल के आन्तरिक कामकाज के महत्व और तेजी से पैमाने पर उनकी क्षमता के बारे में बताती है। संगीत पॉल लेखक होने के साथ-साथ एक व्यवसायीत विद्वान, उद्यमी तथा सलाहकार भी हैं।

इण्डिया 2030 : द राइज ऑफ ए राजसिक नेशन (गौतम चिकरमैन)

गौतम चिकरमैन द्वारा लिखी गई पुस्तक 'इण्डिया 2030 : द राइज ऑफ ए राजसिक नेशन' को 14 फरवरी, 2030 को लॉन्च किया गया। गौतम, ऑब्जर्वर रिसर्च फाउण्डेशन के उपाध्यक्ष और एक प्रसिद्ध मीडिया पेशेवर हैं।

यह पुस्तक वर्ष 2030 में भारत की कल्पना करने का प्रयास करती है। पुस्तक में विचारशील नेताओं द्वारा विभिन्न विषयों पर दिए गए भाषणों को संकलन करके निबन्ध तैयार किया गया है।

द ब्रेवहर्ट ऑफ मदरलैण्ड (त्रिलोकी नाथ शर्मा और श्रेया अरोड़ा)

शहीद कैप्टन सौरभ कालिया पर लिखी पुस्तक का विमोचन 24 जनवरी, 2021 को किया गया। यह पुस्तक पटना के त्रिलोकी नाथ शर्मा और दिल्ली की श्रेया अरोड़ा ने लिखी है। इस पुस्तक में कारगिल युद्ध में हुए शहीद कैप्टन सौरभ के साथ हुई अमानवीय घटनाओं का वर्णन है। यह पुस्तक दुश्मनों के ठिकानों का पता लगाने तथा शहीद कैप्टन के जीवन से मिली प्रेरणा को लेकर इस पुस्तक को लिखी गई है। यह पुस्तक को दोनों लेखकों ने कविताओं का संग्रह करके लिखा है।

राजस्थान में संसदीय दूत (केएन भण्डारी)

उप-राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने 5 फरवरी, 2021 को वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से राजस्थान में 'संसदीय दूत' नामक पुस्तक को लॉन्च किया। इस पुस्तक के लेखक केएन भण्डारी हैं। डॉ. केएन भण्डारी द्वारा लिखित यह पुस्तक वर्ष 2006 से 2018 तक अर्थात् 12 वर्षों में राजस्थान में डॉ अभिषेक सिंधवी की अनुशंसा पर सांसद निधि योजना के माध्यम से शुरू की गई स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में की गई पहलों पर केन्द्रित है।

कमलास वे : अन अमेरिकन लाइफ (डैन मोरेन)

कैलिफोर्निया के पत्रकार और लेखक डैन मोरेन ने संयुक्त राज्य अमेरिका की पहली उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस की जीवनी पर शीर्षक 'कमलास वे : अन अमेरिकन लाइफ' नामक नई पुस्तक 6 फरवरी, 2021 को लॉन्च की। पुस्तक साइमन एण्ड शूस्टर द्वारा प्रकाशित की गई है। यह किताब कमला हैरिस की अब तक की अपडेट किताबों में से एक है।



पुरस्कार एवं सम्मान

फेमिना मिस इण्डिया 2020

तेलंगाना की मानसा वाराणसी ने 10 फरवरी, 2021 को VLCC फेमिना मिस इण्डिया वर्ल्ड 2020 का खिताब जीत लिया। कोरोना के कारण 57वाँ मिस इण्डिया कॉण्टेट को डिजिटल तरीके से आयोजित किया गया था। मिस इण्डिया 2020 चुनी गई मानसा 23 वर्ष की है तथा वह फाइनेन्शियल एक्सचेन्ज इन्फॉर्मेशन एनालिस्ट हैं। इससे पहले भी मानसा मिस तेलंगाना का खिताब अपने नाम कर चुकी हैं।

हरियाणा की मनिका शोकन्द VLCC फेमिना मिस ग्रैण्ड इण्डिया 2020 बनीं, वहीं उत्तर प्रदेश की मान्या सिंह VLCC फेमिना मिस इण्डिया 2020 की रनरअप रहीं। मिस इण्डिया 2020 के ग्राण्ड फिनाले का आयोजन मुम्बई के प्लश होटल में किया गया।

इस कार्यक्रम में वाणी कपूर, चित्रांगदा सिंह, नेहा धूपिया, अपारशक्ति खुराना और पुलकित सम्राट शामिल थे। मानसा वाराणसी दिसम्बर, 2021 में 70वें मिस वर्ल्ड में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। फेमिना मिस इण्डिया वर्ल्ड 2020 के विजेता को ताज राजस्थान के सुमन रतन सिंह राव ने पहनाया। राव इस खिताब की पूर्व विजेता थीं। इस कार्यक्रम में मान्या सिंह आकर्षक का केन्द्र बनीं। इस कार्यक्रम में प्रथम रनर अप रहीं मान्या का सफर काफी मुश्किल भरा रहा। उनके पिता ऑटो रिक्शा चालक हैं। मान्या ने इस शिखर तक पहुँचने के लिए कड़ी मेहनत की।

51वें भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव पुरस्कार

गोवा के पणजी के निकट श्यामा प्रसाद स्टेडियम में 51वें भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का समापन 24 जनवरी, 2021 को हो गया। इस समारोह के दौरान 16 से 24 जनवरी, 2021 तक विश्वभर की सर्वश्रेष्ठ फिल्में दिखाई गईं। कोरोना से जुड़े प्रतिबन्धों के बावजूद, 9 दिन से चल रहा यह महोत्सव काफी सफल रहा। अभिनेत्री सुश्री जीनत अमान और सांसद तथा अभिनेता रवि किशन गोवा के तालेगाँव में स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी इनडोर स्टेडियम में आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक समापन कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि थे।

इस महोत्सव में विश्व सिनेमा की उत्कृष्ट फिल्में सम्मानित

- डेनमार्क के 'इन टू द डार्कनेस' को 51वें भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI) में गोल्डन पीकॉक अवार्ड मिला।
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का सिल्वर पीकॉक अवार्ड 17 वर्षीय झू चुआन लियू (ताइवान) को दिया गया।
- ताइवानी निर्देशक, लेखक और निर्माता चेननियेन को उनकी 2020 की मंदारिन फिल्म 'द साइलेण्ट फॉरेस्ट' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक के 'सिल्वर पीकॉक' से सम्मानित किया गया।
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए सिल्वर पीकॉक अवार्ड पोलिश अभिनेत्री जोफिया स्टेफिन को पिपोत्र दोमालेदस्की की पोलिश फिल्म 'आई नेवर क्राय' के लिए प्रदान किया गया।
- विशेष ज्यूरी अवार्ड बुल्गारिया के निर्देशक कामिन कालेव को 2020 की उनकी फिल्म 'फरवरी' के लिए दिया गया।
- प्रतिष्ठित ICFT युनेस्को गाँधी अवार्ड अमीन नायके (फिलिस्तीन) की वर्ष 2020 की अरबी फिल्म '200 मीटर्स' को दिया गया।
- विशेष उल्लेख पुरस्कार भारतीय निर्देशक कृपाल कलिता को उनकी असमिया फिल्म ब्रिज के लिए दिया गया।
- निर्देशक की पहली फिल्म का पुरस्कार ब्राजील के निर्देशक कैसियो परेरा दोस सान्तोस को 2020 की उनकी पुर्तगाली फिल्म 'वेलेण्टीना' के लिए प्रदान किया गया।
- इस वर्ष इण्डियन पर्सनालिटी ऑफ द ईयर पुरस्कार बिस्वजीत चटर्जी को दिया गया।

गणतन्त्र दिवस परेड पुरस्कार 2021

गणतन्त्र दिवस 2021 परेड में हिस्सा लेने वाली उत्तर प्रदेश की झाँकी ने 27 जनवरी, 2021 को सर्वश्रेष्ठ झाँकी का पुरस्कार जीता।

केन्द्रीय मन्त्री किरेन रिजिजू ने झाँकी के लिए पुरस्कार दिया। रक्षा मन्त्रालय के अनुसार, इस वर्ष की परेड में कुल 32 झाँकियों ने हिस्सा लिया, जिनमें 17 झाँकियाँ राज्यों व केन्द्रशासित प्रदेशों की थीं।

उत्तर प्रदेश की झाँकी का विषय 'अयोध्या : उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत' पर था। इसमें प्राचीन पवित्र नगर अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत, राम मन्दिर का प्रतिचित्र और रामायण की विभिन्न कहानियों का प्रदर्शन किया गया।

त्रिपुरा की झाँकी दूसरी सर्वश्रेष्ठ झाँकी रही। इको फ्रेण्डली आत्मनिर्भर त्रिपुरा थीम पर आधारित बाँस शिल्प कला का इस झाँकी मे प्रदर्शन किया गया। उत्तराखण्ड की झाँकी तीसरे स्थान पर रही। इसका विषय 'देव भूमि-देवताओं की भूमि' था।

अन्य पुरस्कार

केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग (CPWD) की झाँकी को विशेष पुरस्कार दिया गया। यह झाँकी 'अमर जवान' की थीम पर थी और इसमें सशस्त्र बलों के शहीद नायकों को श्रद्धांजलि दी गई थी।

रिजिजू ने सर्वश्रेष्ठ सांस्कृतिक प्रस्तुति का पुरस्कार माउण्ट आबू पब्लिक स्कूल और दिल्ली के रोहिणी के विद्या भारती स्कूल को दिया।

स्कॉच चीफ मिनिस्टर ऑफ द ईयर अवार्ड

आन्ध्र प्रदेश के मुख्यमन्त्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी को 17 फरवरी, 2021 को स्कॉच चीफ मिनिस्टर ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

यह पुरस्कार स्कॉच ग्रुप के चेयरमैन, समीर कोचर द्वारा मुख्यमन्त्री कैम्प कार्यालय में ताडे पल्ली में प्रदान किया गया। यह चयन भारत के विभिन्न राज्यों में परियोजना-स्तरीय परिणामों के अध्ययन के आधार पर किया गया।

रेड्डी को यह पुरस्कार आन्ध्र प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में 123 परियोजनाओं के एक वर्ष के लम्बे अध्ययन के आधार पर दिया गया।

मिसेज इण्डिया 2020

राउरकेला, ओडिशा की 31 वर्षीय नवदीप कौर ने गोवा के दमन में आयोजित सौन्दर्य प्रतियोगिता में मिसेज इण्डिया का ताज 23 जनवरी, 2021 को अपने नाम किया।

नवदीप B.Tech और MBA कर चुकी हैं। दूसरे स्थान पर डॉ. अनुप्रीत कौर रहीं, जबकि तीसरा पुरस्कार गुवाहाटी की विंग कमाण्डर श्रुति चौहान को मिला।

इसमें जज के रूप में सोहा अली खान, विवेक ओबरॉय, डिजाइनर मौसमी, डेल्टिन के निदेशक मोहनी शर्मा, मिसेज वर्ल्ड श्रीलंका की कारोलीना जूरी शामिल थीं। मिसेज इण्डिया का खिताब जीतने के बाद नवदीप का लक्ष्य मिसेज वर्ल्ड का खिताब जीतना है।



एशिया पर्यावरण प्रवर्तन पुरस्कार 2020

वन्यजीव अपराध नियन्त्रण ब्यूरो को 18 फरवरी, 2021 को एशिया पर्यावरण प्रवर्तन पुरस्कार 2020 दिया गया। यह संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) द्वारा दिया गया है।

इसे इनोवेशन श्रेणी में यह पुरस्कार दिया गया है। इसे पिछले तीन वर्षों में दो बार यह पुरस्कार मिला है।

वन्यजीव अपराध नियन्त्रण ब्यूरो पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मन्त्रालय के अन्तर्गत एक सांविधिक निकाय है। यह वर्ष 2006 में स्थापित किया गया था।

इसे वन्यजीव (संरक्षण) संशोधन अधिनियम 2006 के अन्तर्गत स्थापित किया गया था। इसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है। एशिया पर्यावरण प्रवर्तन पुरस्कार सरकारी अधिकारियों और संस्थानों या टीमों को पर्यावरण अपराध के विरुद्ध लड़ाई के उनके प्रयासों के लिए दिया जाता है।

अभ्यारण्य लाइफटाइम सर्विस अवार्ड 2020

थियोडोर बास्करन जो एक लेखक इतिहासकार, प्रकृतिवादी और एक कार्यकर्ता हैं, ने 15 फरवरी, 2021 को सैंक्चुअरी लाइफटाइम सर्विस अवार्ड 2020 जीता है। थियोडोर बास्करन को वन्यजीव संरक्षण के प्रति समर्पण के मद्देनजर इस पुरस्कार के लिए चुना गया है।

उन्होंने अंग्रेजी और तमिल में पर्यावरण संरक्षण के बारे में लिखने के लिए चुना गया है। इस पुरस्कार की स्थापना अभ्यारण्य नेचर फाउण्डेशन के सैंक्चुअरी वाइल्डलाइफ सर्विस अवार्ड्स द्वारा की गई थी।

थियोडोर तमिल में प्रचलित है और उनके कुछ तमिल कार्यों में वानिल परक्कम पुल्लेलाम (द विंग्स दैट द स्काईज, उयिरमई पडिपगम, 2012) तथा काल मेल नन्दनन्धा कालम (जब मैं चट्टानों के साथ चला गया, न्यू सेंचुरी बुक हाउस 2017) शामिल हैं।

ACI वर्ल्डस वॉयस ऑफ द कस्टमर अवार्ड

बेंगलुरु हवाई अड्डे (एयरपोर्ट) को ACI की ओर से 9 फरवरी, 2021 को पहली 'वायस ऑफ द कस्टमर' अवार्ड प्राप्त हुआ। बेंगलुरु इण्टरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (BIAL) ने COVID-19 महामारी के दौरान यात्रियों की जरूरतों को समझने के लिए निरन्तर प्रयास किए हैं।

इसके लिए केम्पेगौड़ा अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को एयरपोर्ट काउन्सिल इण्टरनेशनल वर्ल्ड की ओर से वॉयस ऑफ द कस्टमर की वैश्विक मान्यता प्राप्त हुई है।

वर्ष 2020 में COVID-19 के प्रकोप के बाद #we are here for you के सन्देश को फैलाने और यात्रियों के विश्वास के पुनर्निर्माण के लिए विभिन्न अभियान इस एयरपोर्ट पर चलाए गए।

इस हवाई अड्डे ने ACI के एयरपोर्ट सर्विस क्वालिटी (ASQ) कार्यक्रम के माध्यम से यात्री प्रतिक्रिया एकत्र करने में महत्वपूर्ण प्रयास किए। इससे ग्राहकों को बेहतर तरीके से समझने में मदद मिली और महामारी के परिस्थितियों में एक बेहतर ग्राहक अनुभव देने के लिए प्रतिबद्धता प्रदर्शित हुई।

वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर ऑफ द ईयर 2021

ऑस्ट्रेलियन वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर रॉबर्ट इरविन ने 10 फरवरी, 2021 वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर ऑफ द ईयर पीपुल्स च्वॉइस अवार्ड प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार को जीता। इरविन की फोटो को 25 फाइनलिस्ट की शॉर्टलिस्ट से चुना गया था, जिसे कुल 55486 वोट मिले थे।

रॉबर्ट ने बुशफायर नामक फोटो के लिए यह पुरस्कार जीता, जो कि वर्ष 2020 में विनाशकारी ऑस्ट्रेलियाई बुशफायर की तस्वीर है, जिसे उन्होंने केप यॉर्क, क्वीन्सलैण्ड में स्टीव इरविन वाइल्डलाइफ रिजर्व के पास ड्रोन का प्रयोग करके ली थी। फोटो में झाड़ियों के बीच, इसे अलग-अलग भागों में विभाजित करती हुई आग की एक पंक्ति दिखती है। द वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर ऑफ द ईयर, विश्व की सबसे बड़ी वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी प्रतियोगिता है, जो प्राकृतिक इतिहास संग्रहालय द्वारा आयोजित की जाती है।

बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस 2020 पुरस्कार

मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय, मेघालय को राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ चुनावी आचरण पुरस्कार 2020 में भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा 28 जनवरी, 2021 को चुनाव में सूचना प्रौद्योगिकी अनुप्रयोगों के लिए एक विशेष पुरस्कार हेतु चुना गया। राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द ने नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस पुरस्कार समारोह में मेघालय के CEO एफआर खारकोंगर को वर्चुअली पुरस्कार प्रदान किया।

यह पुरस्कार CEO के कार्यान्वयन द्वारा सम्पूर्ण चुनावी नामांकन प्रक्रिया में निर्वाचन गतिविधियों में निरन्तर और सुसंगत IT अनुप्रयोग प्रयासों और सभी श्रेणियों के मतदाताओं के लिए, दोनों सामान्य और विकलांग व्यक्तियों के लाभ के लिए तथा प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के लिए दिया जाता है। भारतीय निर्वाचन आयोग लगातार गैर-चुनावी अवधि जैसे कि मतदाता पोर्टल, मतदाता हेल्पलाइन ऐप्प, SMS, 1950 हेल्पलाइन, राजनीतिक पार्टी पंजीकरण और ऑनलाइन ट्रेकिंग को कवर करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रहा है।

लाइफटाइम अचीवमेण्ट अवार्ड

भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा पंजीकृत भारत गौरव अवार्ड फाउण्डेशन द्वारा ऑल इण्डिया रेलवे मेन्स फेडरेशन (AIRF) के महामन्त्री शिव गोपाला मिश्र को 21 जनवरी, 2021 को समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए नई दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान लाइफटाइम अचीवमेण्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

इसके अलावा सरकारी सेवा में तमाम चुनौतीपूर्ण कार्यों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करने वाले AIRF के OSD बीपी चौधरी को भारत गौरव सम्मान से नवाजा गया। भारत गौरव अवार्ड फाउण्डेशन द्वारा प्रति वर्ष भारत गौरव पुरस्कार समारोह का आयोजन किया जाता है, जिसमें समाज सेवा, शिक्षा, खेल, सामाजिक न्याय, चिकित्सा, पुलिस सेवा, सरकारी सेवा, औद्योगिक क्षेत्र, पर्यटन विभाग और तकनीक, पत्रकारिता, महिला सशक्तिकरण, कला एवं संस्कृति समेत कई अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाता है।



महिला उत्कृष्टता पुरस्कार 2021

राष्ट्रीय विज्ञान अकादमियों की चार युवा महिलाओं को विज्ञान और अभियान्त्रिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 13 फरवरी, 2021 को महिलाओं और लड़कियों के अन्तर्राष्ट्रीय दिवस-2021 पर सम्मानित किया गया। विज्ञान और अभियान्त्रिकी अनुसंधान परिषद (SERB), महिला उत्कृष्टता पुरस्कार प्राप्त करने वाली पुरस्कार विजेताओं को अपने शोध विचारों को आगे बढ़ाने के लिए तीन वर्ष की अवधि के लिए ₹ 15 लाख का अनुदान प्रदान करता है।

पुरस्कारों के लिए चुनी गई गई महिला वैज्ञानिक

- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बम्बई की सहायक प्रोफेसर, डॉ. शोभना कपूर ने 'होस्ट पैथोजन इण्टरैक्शन एण्ड मेम्ब्रेन बायोलॉजी, केमिकल बायोलॉजी एण्ड बायोलॉजी' में विशेषज्ञता के साथ केमिकल बायोलॉजी के क्षेत्र में काम किया है।
- साइण्टिस्ट बी नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर रिसर्च इन रिप्रोडक्टिव हेल्थ, मुम्बई की डॉ. अन्तरा बैनर्जी ने महाराष्ट्र हेल्थ साइन्सेज क्षेत्र से सिग्नल ट्रांसडक्शन, बायोलॉजी ऑफ रिप्रोडक्शन एण्ड एण्डोक्रिनोलॉजी में विशेषज्ञता हासिल की है।
- डॉ. सोनू गाँधी साइण्टिस्ट डी नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एनिमल बायोटेक्नोलॉजी, हैदराबाद से बायोटेक्नोलॉजी क्षेत्र से हैं और उन्होंने नैनो — सेन्सर, फोकस-फेब्रेशन ऑफ लेबल-फ्री बायोसेन्सर में काम किया है।
- डॉ. रितु गुप्ता भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जोधपुर, राजस्थान में असिस्टेण्ट प्रोफेसर इन मैटिरियल्स साइन्स, नैनोडेविसेस एण्ड सेन्सर्स, हेल्थ एण्ड एनर्जी में विशेषज्ञता के साथ काम कर रही हैं।

जीवन रक्षा पदक

राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द ने 40 लोगों को जीवन रक्षा पदक से सम्मानित करने की मंजूरी 25 जनवरी, 2021 को प्रदान की। पुरस्कारों में एक सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक, आठ उत्तम जीवन रक्षा पदक और 31 जीवन रक्षा पदक दिए जाने की घोषणा की गई। इनमें एक पुरस्कार मरणोपरान्त प्रदान किया जा रहा है।

जीवन रक्षा पदक श्रृंखला के पुरस्कार तीन श्रेणियों-सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक, उत्तम जीवन रक्षा पदक और जीवन रक्षा पदक के तौर पर दिए जाते हैं। केरल के मुहम्मद मोहसिन को सर्वोत्तम जीवन रक्षा पदक 2020 (मरणोपरान्त) के लिए नामित किया गया है। ये पुरस्कार किसी व्यक्ति के संकट में पड़े जीवन को बचाने और उसकी मदद करने के लिए दिए जाते हैं।

इस पुरस्कार के तहत पदक, गृह मन्त्रालय द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण-पत्र और कुछ निश्चित राशि प्रदान की जाती है। गुजरात के रामशीभाई रतनभाई समद, महाराष्ट्र के परमेश्वर बालसजी नागरगोजे, पंजाब की अमनदीप कौर, तेलंगाना के कोरिपेल्ली स्त्रुजन रेड्डी तथा अन्य लोगों को उत्तम जीवन रक्षा पदक प्रदान किया जाना है।

वीरता और अन्य रक्षा अलंकरण

राष्ट्रपति ने 72वें गणतन्त्र दिवस समारोह के अवसर पर सशस्त्र बलों के कर्मियों और अन्य के लिए 455 वीरता पुरस्कारों और अन्य रक्षा अलंकरणों का अनुमोदन 25 जनवरी, 2021 को किया है।

इनमें एक महावीर चक्र, पाँच कीर्ति चक्र, पाँच वीर चक्र, सात शौर्य चक्र, चार बार टू सेना मेडल (वीरता), 130 सेना पदक (वीरता), एक नौ सेना पदक (वीरता), चार वायु सेना पदक (वीरता), 30 परम विशिष्ट सेवा पदक (PVSM), चार उत्तम युद्ध सेवा पदक (UYSM), 51 अति विशिष्ट सेवा पदक (AVSM), 11 युद्ध सेवा पदक (YSM), तीन बार टू सेना मेडल (कर्तव्य के प्रति समर्पण), 43 सेना पदक (कर्तव्य के प्रति समर्पण, दो कोविड योद्धा भी शामिल), 8 नौसेना पदक (कर्तव्य के प्रति समर्पण) 14 वायु सेना पदक (कर्तव्य के प्रति समर्पण), तीन बार टू विशिष्ट सेवा मेडल (VSM) एक कोविड योद्धा शामिल और 12 कोविड योद्धा सहित 131 विशिष्ट सेवा पदक (VSM) शामिल हैं।

सरकार ने 15 जून, 2020 को गलवान घाटी में चीनी सैनिकों के साथ हुए संघर्ष में सर्वोच्च बलिदान देने वाले कर्नल सन्तोष बाबू को मरणोपरान्त महावीर चक्र की घोषणा की है। महावीर चक्र युद्धकाल में दिया जाने वाला दूसरा सर्वोच्च वीरता पुरस्कार है।

सुबेदार संजीव कुमार (मरणोपरान्त), के साथ केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के पिण्टू कुमार सिंह (मरणोपरान्त), श्याम नारायण सिंह यादव (मरणोपरान्त), विनोद कुमार (मरणोपरान्त) और राहुल माथुर को कीर्ति चक्र प्रदान किया गया।

वरीयता में कीर्ति चक्र, 'महावीर चक्र' के बाद आता है। मई, 2020 में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में अपनी जान गँवाने वाले मेजर अनुज सूद को मरणोपरान्त शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया है।

उनके साथ कुल 6 और लोगों को यह सम्मान दिया गया। वरीयता में शौर्य चक्र, 'क्रीर्ति चक्र' के बाद आता है। पूर्वी लद्दाख एवं अन्य क्षेत्रों में चीन के खिलाफ बहादुरी से लड़ने वाले 37 भारतीय जवानों को भी वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

नायब सुबेदार मुडुराम सोरेन (मरणोपरान्त), हवलदार के. पलानी (मरणोपरान्त), नायब दीपक सिंह (मरणोपरान्त), सिपाही गुरतेज सिंह (मरणोपरान्त) और हवलदार तेजेन्द्र सिंह को वीर चक्र प्रदान किया गया है।

14वाँ अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव पुरस्कार

बंग्लादेश के ढाका में 9 फरवरी, 2021 को 14वाँ अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव समाप्त हो गया है। समापन समारोह में विजेताओं को कुल 12 पुरस्कार प्रदान किए गए।

बांग्लादेश के चिल्ड्रन्स फिल्म सोसायटी द्वारा आयोजित सात-दिवसीय समारोह के दौरान 37 देशों की 179 फिल्मों को विभिन्न स्थानों पर दिखाया गया।

कार्यक्रम के दौरान बांग्लादेश के अलावा, भारत, आर्मेनिया, अमेरिका, ब्रिटेन, आयरलैण्ड, जापान और चीन की फिल्में दिखाई गईं। डच फिल्म जैकी और उपजेन को सर्वश्रेष्ठ अन्तर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

बांग्लादेशी फिल्म 'माटी' को द यंग टैलेण्ट अवार्ड मिला, जबकि 'लॉटरी' ने यंग टैलेण्ट अवार्ड के तहत विशेष उल्लेख हासिल किया।

वर्ष 2008 में शुरू किया गया यह महोत्सव, बांग्लादेश के सबसे बड़े फिल्म समारोहों में से एक है। यह देश के बच्चों और युवा वयस्कों के लिए एक मात्र अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह भी है।

14th INTERNATIONAL CHILDREN'S

पुलिस सेवा के लिए वीरता पुरस्कार 2021

CRPF के असिस्टेण्ट सब इंस्पेक्टर मोहनलाल को वीरता के लिए सर्वोच्च राष्ट्रपति पदक दिए जाने की घोषणा 26 जनवरी, 2021 को की गई। मोहनलाल 2019 में पुलवामा की CRPA पिकेट में तैनात थे। यहाँ 200 किलो विस्फोटक के साथ एक कार सेना की बस से जाकर टकराई और मोहनलाल के साथ 39 जवान शहीद हो गए थे।

इससे पहले मोहनलाल ने कार रुकवाने की कोशिश की थी। मोहनलाल के साथ झारखण्ड पुलिस के ASI बनुआ उरांव को भी राष्ट्रपति वीरता पुलिस पदक से नवाजा गया।

गृहमन्त्रालय ने 207 पुलिस वीरता पदकों की घोषणा की। विशिष्ट सेवाओं के लिए 89 राष्ट्रपति पुलिस पदक, उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 650 पदकों की भी घोषणा की।

CRPF जवानों को 69, जम्मू-कश्मीर पुलिस को 52, BSF को 20, दिल्ली पुलिस के 17 और महाराष्ट्र पुलिस व अन्य 13 को वीरता पदक दिए गए। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP) के डिप्टी कमाण्डेण्ट राजेक कुमार लूथरा, असिस्टेण्ट कमाण्डेण्ट अनुराग कुमार सिंह को भी पुलिस वीरता पदक दिया गया।

देश के 739 पुलिस कर्मियों को सेवा पदक दिया गया। इसमें 89 को विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक एवं 650 को प्रतिष्ठित सेवाओं के लिए पुलिस पदक दिया गया। प्रतिष्ठित और विशिष्ट सेवाओं के लिए सबसे अधिक पुलिस पदक उत्तर प्रदेश के कर्मियों को दिए गए।

माइकल एण्ड शीला हेल्ड प्राइज 2021

युवा भारतीय गणितज्ञ निखिल श्रीवास्तव को गणित का प्रतिष्ठित 'माइकल एवं शीला हेल्ड पुरस्कार 2021' का विजेता 21 जनवरी, 2021 को घोषित किया गया। निखिल लम्बे समय से कैडिसन-सिंगर समस्या और रामानुज ग्राफ पर अनुत्तरित सवालों को हल करने के लिए काम कर रहे हैं। निखिल को दो अन्य लोगों के साथ यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

नेशनल एकेडमी ऑफ साइन्सेज के अनुसार, कुल तीन लोगों को यह पुरस्कार दिया गया है। इसमें कैलिफॉर्निया विश्वविद्यालय बर्कले के निखिल श्रीवास्तव, इकोल पॉलिटेक्निक फेडरल डी लॉसाने (EPFL) के एडम मार्कस और येल विश्वविद्यालय के डैनियल एलन स्पीलमैन शामिल हैं। पुरस्कार में पदक और $ 1 लाख शामिल हैं। तीनों ने कैडिसन-सिंगर समस्या और रामानुजम ग्राफ से जुड़े लम्बे समय के अनुत्तरित सवालों का हल किया है। इस प्रक्रिया में रैखिक बीजगणित,

बहुपदीय ज्यामिति और ग्राफ सिद्धान्त के बीच एक गहरे नए सम्बन्ध का पता लगाया गया है।

पद्म पुरस्कार 2021

भारत सरकार ने पद्म पुरस्कारों की घोषणा 25 जनवरी, 2021 को कर दी। जापान के पूर्व प्रधानमन्त्री शिंजो आबे और दिवंगत गायक एसपी बालासुब्रमण्यम समेत 7 लोगों को पद्म विभूषण से सम्मानित किया जाएगा। दस लोगों को पद्म भूषण अवार्ड दिया जाएगा।

इनमें रामविलास पासवान भी शामिल हैं। केन्द्रीय मन्त्री पासवान का अक्टूबर, 2020 में निधन हो गया था। कुल 102 हस्तियों को पद्मश्री पुरस्कार देने की घोषणा की गई है।

पद्म विभूषण 2021

- शिंजो आबे (लोक सेवा, जापान)-जापान के पूर्व प्रधानमन्त्री शिंजो आबे को लोक सेवा के लिए पद्म विभूषण सम्मान दिया गया है। उनके कार्यकाल में भारत-जापान के सम्बन्धों में काफी प्रगति हुई थी। पिछले वर्ष स्वास्थ्य खराब रहने पर उन्होंने अपने पद से त्याग-पत्र दे दिया था।
- एसपी बालासुब्रमण्यम (मरणोपरान्त) (कला, तमिलनाडु) - बॉलीवुड के प्रसिद्ध गायक ने 50 वर्ष के सिंगिंग करियर में तेलुगू, तमिल, कन्नड़, हिन्दी और मलयालम में 40 हजार से ज्यादा गाने गाए थे। उन्हें वर्ष 2001 में पद्मश्री और वर्ष 2011 में पद्म भूषण से सम्मानित किया चुका है।
- डॉ. बेल्ले मोनप्पा हेगड़े (चिकित्सा, तमिलनाडु)-कर्नाटक के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ हैं। वे शिक्षाविद, इंस्पिरेशनल स्पीकर और लेखक भी हैं। उन्हें वर्ष 2010 में पद्म भूषण अवार्ड दिया गया था।
- नरिन्दर सिंह कपानी (विज्ञानी और प्रौद्योगिकी, USA)-भारतीय मूल के अमेरिकी भौतिक विज्ञानी हैं। उन्होंने ही फाइबर ऑप्टिक्स शब्द ईजाद किया था।
- मौलाना वहीदुद्दीन खान (आध्यात्मिकता, दिल्ली)- वे प्रसिद्ध इस्लामिक विद्वान और शान्ति कार्यकर्ता हैं। उन्हें वर्ष 2000 में पद्म भूषण से सम्मानित किया जा चुका है। उन्हें सोवियत संघ के राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाचेव ने डेमिर्गुस पीस इण्टरनेशनल अवार्ड से सम्मानित किया था।
- बीबी लाल (पुरातत्व, दिल्ली) दिल्ली के प्रसिद्ध पुरातत्वविद बीबी लाल भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) के महानिदेशक रह चुके हैं। उन्हें पहले पद्म भूषण दिया जा चुका है।
- सुदर्शन साहू (कला, ओडिशा) ओडिशा के सुदर्शन साहू प्रसिद्ध मूर्तिकार हैं। उन्हें पहले पद्मश्री से सम्मानित किया जा चुका है।

पद्म भूषण 2021

केरल की कलाकार कृष्णन नैयर शान्ताकुमारी चित्रा, असम के पूर्व सीएम तरुण गोगोई (मरणोपरान्त), कर्नाटक के साहित्यकार चन्द्रशेखर कांबारा, पूर्व स्पीकर सुमित्रा महाजन, अयोध्या मन्दिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेन्द्र मिश्रा, पूर्व मन्त्री रामविलास पासवान (मरणोपरान्त), गुजरात के पूर्व सीएम केशुभाई पटेल (मरणोपरान्त), उत्तर प्रदेश के शिया नेता कल्बे सादिक (मरणोपरान्त), महाराष्ट्र के उद्योगपति रजनीकान्त देवीदास श्रॉफ और हरियाणा के नेता तरलोचन सिंह

पद्मश्री 2021

गुलफाम अहमद (कला), सुश्री लखीमी बरुआ (सामाजिक कार्य), जगदीश चौधरी (मरणोपरान्त) (सामाजिक कार्य), जय भगवान गोयल (साहित्य और शिक्षा), महेशभाई और नरेशभाई कनोडिया (जोड़ी) (मरणोपरान्त) (कला), पी. सुब्रमण्यन (मरणोपरान्त) (व्यापार और उद्योग), पी. अनीता (खेल), रामा स्वामी अन्नावारापू (कला), सुब्बु अरुमुगम (कला), प्रकाशराव असावदी (साहित्य एवं शिक्षा), भूरी बाई (कला), राधे श्याम बारले (कला), धर्म नारायण बर्मा (साहित्य एवं शिक्षा), बीरेन कुमार बासक (कला), रजनी बेक्टर (व्यापार एवं उद्योग), पीटर ब्रूक (कला), संगमुखी बुआलचुआक (सामाजिक कार्य), गोपीराम बारगेन बुरामाकत (कला), बिजोय चक्रवर्ती (सार्वजनिक कार्य), सुजीत चट्टोपाध्याय (साहित्य एवं शिक्षा), त्सुलत्रिम चोजोर (सामाजिक कार्य), मौमा दास (खेल), श्रीकान्त दातर (साहित्य एवं शिक्षा), नारायण देबनाथ (कला), चटनी देवी (सामाजिक कार्य), दुलारी देवी (कला), राधे देवी (कला), शान्ति देवी (सामाजिक कार्य), वायान दिबिया (कला), दादूरान गढ़वी (साहित्य एवं शिक्षा), परशुराम आत्माराम गंगावने (कला), जगदीश चन्द्र हल्दर (साहित्य एवं शिक्षा), मंगल सिंह हाजोवारी (साहित्य एवं शिक्षा), अंशू जामसेम्पा (खेल), पूर्णमासी जानी (कला), माथा बी. मंजम्मा जोगाती (कला), दामोदरन कैथाप्राम (कला), नामदेव सी. काम्बले (साहित्य एवं शिक्षा), रजन कुमार कार (साहित्य एवं शिक्षा), रंगासामी लक्ष्मीनारायण कश्यप (साहित्य एवं शिक्षा), प्रकाश कौर (सामाजिक कार्य), निकोलस कजानास (साहित्य एवं शिक्षा; ग्रीस), के. केशवसामी (कला), गुलाम रसूल खान (कला), लाखा खान (कला), संजीदा

खातून (कला), विनायक विष्णु खेड़ेकर (कला), नीरू कुमार (सामाजिक कार्य), लाजवन्ती (कला), रतन लाल (विज्ञान एवं अभियान्त्रिकी), अली मानिकफान (अन्य-आधारभूत नवोन्मेष), राचचन्द्र माँझी (कला), दुलाल मनकी (कला), नानाद्रो बी. मारक (अन्य-कृषि), रेवबेन माशांग्वा (कला), चन्द्रकान्त मेहता (साहित्य एवं शिक्षा) रतन लाल मित्तल (चिकित्सा), माधवन नाम्बियार (खेल), श्याम सुन्दर पालिवाल (सामाजिक कार्य), डॉ. चन्द्रकान्त सम्भाजी (चिकित्सा), डॉ. जेएन पाण्डे (चिकित्सा-मरणोपरान्त), सोलोमन पप्पैया (पत्रकारिता), पप्पामल (कृषि), कृष्ण मोहन पाथी (चिकित्सा), जसवन्तबेन जमनादास पोपट (व्यापार एवं उद्योग), गिरीश प्रभुने (सामाजिक कार्य), नन्दा प्रुस्ती (साहित्य एवं शिक्षा), केके रामचन्द्र पुलावार (कला), बालान पुथेरी (साहित्य एवं शिक्षा), बीरूबाला राभा (सामाजिक कार्य), कनक राजू (कला), बॉम्बे जयश्री रामनाथ (कला), सत्यराम रियांग (कला), धनंजय दिवाकर (चिकित्सा), अशोक कुमार साहू (चिकित्सा), डॉ. भूपेन्द्र कुमार सिंह संजय (चिकित्सा), सिन्धुताई सपकल (सामाजिक कार्य), चमन लाल सप्रू (साहित्य एवं शिक्षा-मरणोपरान्त), रोमन समराह (पत्रकारिता), इमरान शाह (साहित्य एवं शिक्षा), प्रेम चन्द्र शर्मा (कृषि), अर्जुन सिंह शेखावत (साहित्य एवं शिक्षा), राम यत्न शुक्ला (साहित्य एवं शिक्षा), जितेन्द्र सिंह शण्टी (सामाजिक कार्य), करतार पारस राम सिंह (कला), करतार सिंह (कला), दिलीप कुमार सिंह (चिकित्सा), चन्द्रशेखर सिंह (कृषि), सुधा हरिनारायण सिंह (खेल), विरेन्दर सिंह (खेल), मृदुला सिन्हा (साहित्य एवं शिक्षा-मरणोपरान्त), केसी शिवशंकर (कला-मरणोपरान्त), गुरु मा कमली सोरेन (सामाजिक कार्य), माराची सुब्बारमन (सामाजिक कार्य), निदूमोली सुमती (कला), कपिल तिवारी (साहित्य एवं शिक्षा), फादर वालेस (साहित्य एवं शिक्षा-मरणोपरान्त; स्पेन), डॉ. थिरुवेंगदम वीराराघवन (चिकित्सा-मरणोपरान्त), श्रीधर वेम्बू (व्यापार एवं शिक्षा), केवाई वेंकटेश (खेल), उषा यादव (साहित्य एवं शिक्षा) और कर्नल काजी सज्जाद अली जहीर (सार्वजनिक कार्य) बांग्लादेश।

प्रधानमन्त्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

प्रधानमन्त्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए इस वर्ष 32 बच्चों के चयन की सूची 24 जनवरी, 2021 को जारी की गई। यह पुरस्कार नवाचार, खेल, कला, संस्कृति, बहादुरी और समाज सेवा जैसे क्षेत्रों में असाधारण योगदान के लिए दिया जाता है। 21 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के 32 जिलों से इन विजेताओं को चुना गया।

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने इन बच्चों से वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग से बात की। पुरस्कार पाने वालों में कोरोना काल में बीमार पिता को साइकिल से 1200 किमी बिहार लेकर जाने वाली ज्योति कुमारी और जान पर खेलकर बहन को बैल से बचाने वाले उत्तर प्रदेश के कुँवर दिव्यांश सिंह सहित 30 बच्चों के नाम हैं।

राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द के अनुसार, पुरस्कार न केवल विजेताओं को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि लाखों युवाओं को सपने देखने, अकांक्षा व उनकी सीमाओं को विस्तार देगा।

विजेताओं की सूची निम्न प्रकार है

कला संस्कृति उत्तर प्रदेश के व्योम अहूजा, उत्तराखण्ड की अनुराग रमोला, आन्ध्र प्रदेश के अमेया लागुडू, केरल के आर. कृष्णन, असम की तनुज समद्दार बेनीश कीशम और पश्चिम बंगाल के सौहर्ण डी इस पुरस्कार में शामिल हैं।

वीरता इस पुरस्कार में महाराष्ट्र के कामेश्वर जगन्नाथ वाघमारे शामिल हैं।

नवाचार उत्तर प्रदेश के चिराग भंसाली, कर्नाटक के राकेश कृष्ण और वीर कश्यप, महाराष्ट्र के श्रीनभ मौजेश, अर्चित राहुल पाटिल और पंजाब की नाम्या जोशी, आयुष रंजन (सिक्किम), हेमेश चेयरमैन (तेलंगाना), हरमनजोत सिंह (जम्मू-कश्मीर) शामिल हैं।

शिक्षा इस श्रेणी में उत्तर प्रदेश के मोहम्मद शादाब, राजस्थान के आनन्द, अनवेश सुलभ प्रधान (ओडिशा), अनुज जैन (मध्य प्रदेश) और महाराष्ट्र के सोनित सिसोदिया शामिल हैं।

समाज सेवा इस श्रेणी में तमिलनाडु के प्रसन्निधि सिंह को सम्मानित किया जाएगा।

खेल इस श्रेणी में उत्तर-प्रदेश के मोहम्मद रफी, सविता कुमारी (झारखण्ड), अर्शिया दास (त्रिपुरा), पलक शर्मा मध्य प्रदेश, काम्या कार्तिकेयन (महाराष्ट्र), चिराग पटेल (गुजरात) और मन्त्रा जितेन्द्र हरखानी को शामिल किया गया है।

सुभाषचन्द्र बोस आपदा प्रबन्धन पुरस्कार 2021

आपदाओं पर वैज्ञानिक अध्ययन की शुरुआत करने वाले राजेन्द्र कुमार भण्डारी को आपदा प्रबन्धन के क्षेत्र में उनके काम के लिए 23 जनवरी, 2021 को सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबन्धन पुरस्कार 2021 के लिए चुना गया है।

भण्डारी को पुरस्कार की व्यक्तिगत श्रेणी में चुना गया है, जबकि सतत पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी विकास सोसायटी (सीड्स) को इस वर्ष की संस्थागत श्रेणी में पुरस्कार के लिए चुना गया । इस वार्षिक पुरस्कार में एक संस्थान के मामले में ₹ 51 लाख नकद और एक प्रमाण-पत्र व एक व्यक्ति के मामले में ₹ 5 लाख और एक प्रमाण-पत्र दिया जाता है।

सीड्स के सराहनीय कार्य

सस्टेनेबल एन्वायर्नमेण्ट एण्ड इकोलॉजिकल डेवलपमेण्ट सोसायटी (सीड्स) ने आपदाओं के प्रति लचीले समुदाय तैयार करने की दिशा में सराहनीय कार्य किया है। सीड्स ने कई राज्यों में स्थानीय समुदायों में जोखिम की पहचान, आकलन और प्रबन्धन में सामुदायिक नेतृत्व और शिक्षकों को सक्षम बनाकर स्कूलों की सुरक्षा पर काम किया है।

भारत में भूकम्पों (वर्ष 2001, 2005, 2015) के परिणामस्वरूप सीड्स ने राजमिस्त्रियों का एक समूह तैयार किया है, जो आपदा प्रतिरोधी निर्माण के कार्य में कुशल हैं। ये राजमिस्त्री कई राज्यों में विभिन्न आपात स्थितियों में स्थानीय समुदायों में अग्रदूत बन गए हैं।

डॉ. राजेन्द्र कुमार भण्डारी के सराहनीय कार्य

उन्होंने वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) केन्द्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (CBRI) में भूस्खलन पर भारत की पहली प्रयोगशाला और तीन अन्य केन्द्रों की स्थापना की है। इन्होंने भारत में सामान्य भू-खतरों और विशेष रूप से भूस्खलन पर वैज्ञानिक अध्ययनों की नींव रखी थी तथा भारत में आपदाओं पर भी अध्ययन कराए, ग्राउण्ड पेनेट्रेटिंग रडार, जियोटेक्निकल डिजिटल सिस्टम, वाइब्रेटिंग वायर पीजोमीटर्स, लेजर पार्टिकल एनालाइजर, गहराई में जाँच के लिए पाइल ड्राइव एनालाइजर और अकॉस्टिक इमिशन तकनीक, भूस्खलन के खिलाफ पूर्व चेतावनी के लिए उपकरण, निगरानी और जोखिम विश्लेषण की व्यवस्था कराई।